चैत्र कृष्ण पक्ष अष्टमी
विक्रम संवत 2080

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

मंगलवार, 2 अप्रैल 2024
वर्ष -2, अंक -235, पृष्ठ -18
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य - 6 रुपये

# अमृत विचार

अयोध्या

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



इमरान और पत्नी बुशरा की सजा निलंबित 18
अफवाहों से तंग परिणीति ने पहने टाइट कपड़े 17

## मुख्तार की मौत के 3 घंटे बाद बांदा जेल अधीक्षक को जान से मारने की धमकी

कार्यालय संवाददाता, बांदा।

- फोन करने वाले ने कहा- अब तुझे ठोंकना है, बच सके तो बच
- धमकी देने वाले ने इस्तेमाल किया लैंडलाइन फोन, रिपोर्ट दर्ज

**अमृत विचार :** माफिया मुख्तार अंसारी की मौत के तीन घंटे बाद बांदा जेल के वरिष्ठ जेल अधीक्षक को उनके सीयूजी नंबर पर जान से मारने की धमकी दी गई।

धमकी देने वाले ने लैंडलाइन फोन से कॉल की थी। करीब 14 सेकेंड की बातचीत में धमकाने वाले शख्स ने कहा कि अब तुझे ठोंकना है, बच सके तो बच। जेल अधीक्षक की तहरीर पर शहर कोतवाली में फोन नंबर के आधार पर अज्ञात के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है।

28 मार्च की रात 10.30 बजे मुख्तार अंसारी की बांदा मेडिकल कॉलेज में इलाज के दौरान मौत हो गई थी। इसके कुछ घंटों बाद रात 1.37 बजे बांदा जेल के वरिष्ठ जेल अधीक्षक वीरेश राज शर्मा के सीयूजी नंबर पर लैंडलाइन फोन से किसी अज्ञात व्यक्ति का फोन आया। फोन करने वाले ने अभद्र शब्दों का इस्तेमाल करते हुए उन्हें जान से मारने की धमकी दी। वरिष्ठ जेल अधीक्षक वीरेश राज शर्मा ने तुरंत पुलिस प्रशासन के आलाधिकारियों को इससे अवगत कराया। इसके बाद शहर कोतवाली में अधीक्षक की ओर से तहरीर दी गई।

इस संबंध में अपर एसपी लक्ष्मी निवास मिश्र ने बताया कि धमकी दिए जाने वाले फोन नंबर की जांच कराई जा रही है। अभी नंबर ट्रेस नहीं हो सका है। वहीं कोतवाली प्रभारी अनूप दुबे का कहना है कि जेल अधीक्षक की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। सर्विलांस और साइबर सेल की मदद से जांच हो रही है।

## सेंसेक्स ने लगाई छलांग पहुंचा 74000 के पार

**मुंबई।** अमेरिकी फेड रिजर्व के जून में ब्याज दरों में कटौती शुरू करने की उम्मीद में विश्व बाजार में आई तेजी से उत्साहित निवेशकों की



स्थानीय स्तर पर रियल्टी, धातु, दूरसंचार, कमोडिटीज और यूटिलिटीज समेत अठारह समूहों में हुई जबरदस्त लिवाली की बदौलत आज सेंसेक्स लगातार तीसरे दिन चढ़ता हुआ 74 हजार अंक के पार पहुंच गया। बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 363 .20 अंक की छलांग लगाकर तीन सप्ताह बाद 74 हजार के पार 74,014 .55 अंक पर पहुंच गया। साथ ही नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ़्टी 135 .10 अंक की तेज़ी के साथ 22,462 .00 अंक पर बंद हुआ। इस दौरान बीएसई की मझौली और छोटी कंपनियों के शेयरों में लिवाली की रफ़्तार अधिक तेज रही, जिससे मिडकैप 1.64 प्रतिशत उछलकर 39,968 .43 और स्मॉलकैप 2 .98 प्रतिशत मजबूत होकर 44,454 .63 अंक पर रहा। इस दौरान बीएसई में कुल 4058 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 3235 में लिवाली जबकि 665 में बिकवाली हुई वहीं 158 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह निफ़्टी की 31 कंपनियों में तेजी जबकि 18 में गिरावट रही वहीं एक के भाव स्थिर रहे।

## मार्च में जीएसटी संग्रह 1.78 लाख करोड़ रुपये

**नयी दिल्ली।** वित्त वर्ष 2023-24 के मार्च महीने में जीएसटी संग्रह सालाना आधार पर 11 .5 प्रतिशत बढ़कर 1.78 लाख करोड़ रुपये हो गया। वित्त मंत्रालय ने सोमवार को कहा कि घरेलू लेनदेन बढ़ने से मार्च में जीएसटी संग्रह बढ़ा है। यह अबतक का दूसरा उच्चतम मासिक जीएसटी संग्रह है। अबतक का सर्वाधिक जीएसटी संग्रह अप्रैल, 2023 में 1.87 लाख करोड़ रुपये दर्ज किया गया था। मार्च में संग्रह बढ़ने के साथ समूचे वित्त वर्ष 2023-24 में कुल जीएसटी संग्रह 20 .14 लाख करोड़ रुपये हो गया जो वित्त वर्ष 2022-23 की तुलना में 11 .7 प्रतिशत अधिक है। इस वित्त वर्ष में औसत मासिक जीएसटी संग्रह 1.68 लाख करोड़ रुपये रहा, जो एक साल पहले 1.5 लाख करोड़ रुपये से अधिक था। वित्त मंत्रालय ने बयान में कहा, ''मार्च, 2024 के लिए सकल जीएसटी राजस्व में सालाना आधार पर 11 .5 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 1.78 लाख करोड़ रुपये का दूसरा सबसे बड़ा संग्रह देखा गया। घरेलू लेनदेन में 17 .6 प्रतिशत की बढ़ोतरी होने से कर संग्रह में यह उछाल दर्ज किया गया।'' मार्च महीने में रिफंड के बाद शुद्ध जीएसटी राजस्व 1.65 लाख करोड़ रुपये रहा, जो एक साल पहले की समान अवधि की तुलना में 18 .4 प्रतिशत अधिक है।




## 1,070 रुपये चढ़कर सोना 68,420 के रिकॉर्ड स्तर पर

**नयी दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय बाजारों में सोने की कीमतों में मजबूती के रुख के बीच राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में सोमवार को सोने का भाव 1,070 रुपये के उछाल के साथ 68,420 रुपये प्रति 10 ग्राम के सर्वकालिक उच्चस्तर पर पहुंच गया। एचडीएफसी सिक्योरिटीज ने यह जानकारी दी। पिछले कारोबारी सत्र में सोना 67,350 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। चांदी की कीमत भी 1,120 रुपये की तेजी के साथ 78,570 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के शोध विश्लेषक दिलीप परमार के अनुसार अमेरिकी फेडरल रिजर्व ब्याज दरों में कटौती के करीब पहुंच रहा है जिससे सर्राफा कीमतों में बढ़ोतरी को रफ्तार मिल रही है। इसके अतिरिक्त चीन की मजबूत मांग भी सोने की कीमतों में वृद्धि का कारण बन रही है। इस बीच, एमसीएक्स के वायदा कारोबार में सोने के जून अनुबंध का भाव 978 रुपये चढ़कर 68,679 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया। चांदी के मई अनुबंध का भाव 763 रुपये की तेजी के साथ 75,811 रुपये प्रति किलोग्राम हो गया। विदेशी बाजार कॉमेक्स में हाजिर सोने की कीमतें 2,265 .73 अमेरिकी डॉलर प्रति औंस तक चढ़ गईं और अंतिम बार इसका भाव 2,257 .10 डॉलर प्रति औंस बोला गया।







# केजरीवाल को तिहाड़ भेजा

### आबकारी नीति से जुड़ा मामला, कोर्ट ने 15 अप्रैल तक न्यायिक हिरासत के आदेश दिए

नई दिल्ली, एजेंसी

- तिहाड़ में जेल नंबर दो में रहेंगे दिल्ली के मुख्यमंत्री

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को आबकारी नीति से जुड़े धनशोधन मामले में अदालत ने सोमवार को 15 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया। ईडी की हिरासत अवधि पूरी होने के बाद केजरीवाल को विशेष न्यायाधीश कावेरी बावेजा की कोर्ट में पेश किया गया था। ईडी ने अदालत से केजरीवाल को 15 दिन के लिए न्यायिक हिरासत में भेजने की मांग करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री ने पूछताछ के दौरान सहयोग नहीं किया। न्यायाधीश ने उन्हें 15 अप्रैल तक न्यायिक हिरासत में भेजने का आदेश दिया, जिसके बाद केजरीवाल को तिहाड़ जेल लाया गया। जेल अधिकारियों के अनुसार उन्हें जेल नंबर 2 में रखा जाएगा।

अदालत में जाने से पहले केजरीवाल ने पत्रकारों से कहा कि प्रधानमंत्री जो भी कर रहे हैं, वह देश के लिए अच्छा नहीं है। अदालत में केजरीवाल की पत्नी सुनीता के अलावा दिल्ली सरकार में मंत्री आतिशी और सौरभ भारद्वाज मौजूद



आबकारी नीति से जुड़े मामले में विशेष अदालत में पहुंचे अरविंद केजरीवाल।

थे। एजेंसी ने मामले में 21 मार्च को केजरीवाल को गिरफ्तार किया था।

ईडी ने अदालत में दावा किया कि केजरीवाल ने मामलों से संबंधित मुद्दों पर बयान को लेकर अपनी पार्टी के राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष को भ्रमित बताया। ईडी ने आरोप लगाया कि पूछताछ के दौरान केजरीवाल ने कहा कि आप के संचार प्रभारी विजय नायर उन्हें नहीं, बल्कि उनके कैबिनेट सहयोगियों आतिशी और सौरभ भारद्वाज को रिपोर्ट करते थे। नायर के साथ उनकी बातचीत सीमित थी। इस मामले में नायर को ईडी ने गिरफ्तार किया था।

#### हिरासत में आदेश का मामला: अदालत ने ब्योरा मांगा

दिल्ली हाईकोर्ट ने ईडी से कहा है कि वह धनशोधन मामले में हिरासत में रहने के दौरान मुख्यमंत्री केजरीवाल द्वारा आदेश पारित करने के मुद्दे पर विशेष न्यायाधीश को ब्योरा सौंपे। कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश मनमोहन और न्यायमूर्ति मनप्रीत पीएस अरोड़ा की पीठ ने कहा कि धनशोधन मामले को देख रहे विशेष न्यायाधीश को निर्देश दिया जाता है कि अगर जरूरी है तो मामले पर कानून के तहत आदेश जारी करें। अदालत ने हालांकि स्पष्ट किया कि उसने याचिकाकर्ता के अधिकार क्षेत्र पर कोई टिप्पणी नहीं की है। अदालत ने उस जनहित याचिका का निपटारा कर दिया, जिसमें केजरीवाल को ईडी की हिरासत में रहते हुए मुख्यमंत्री के तौर पर आदेश जारी करने से रोकने का निर्देश देने की मांग की गई थी। याचिका में कहा गया था कि यह (हिरासत में रहते हुए आदेश जारी करना) कानूनी कार्यढांचे के खिलाफ है।

ईडी ने न्यायिक हिरासत के अनुरोध वाली याचिका में कहा कि 21 मार्च को गिरफ्तारी के बाद हिरासत में पूछताछ के दौरान केजरीवाल सवालों के गोलमोल जवाब देते रहे और जानकारी छिपाई। आप के राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष एनडी गुप्ता ने बयान में खुलासा किया है कि अरविंद केजरीवाल ही राज्य चुनाव प्रभारी की नियुक्ति करते हैं। ईडी ने कहा कि केजरीवाल से पूछा कि विजय नायर कैबिनेट मंत्री (कैलाश गहलोत) के बंगले में क्यों रह रहा था और मुख्यमंत्री के शिविर कार्यालय में काम क्यों करता था, तो उन्होंने कार्यालय में काम करने वाले व्यक्तियों के बारे में अनभिज्ञता का दावा किया। केजरीवाल को शराब कारोबारियों के साथ नायर की 10 से अधिक बैठकों के सबूत दिखाए। ईडी ने कहा कि केजरीवाल को गोवा के लिए 45 करोड़ रुपये के हवाला हस्तांतरण के सबूत दिखाए गए। एजेंसी का आरोप है कि यह राशि गोवा में प्रचार अभियान के लिए थी। केजरीवाल को रिहा न किया जाए क्योंकि वह प्रभावशाली हैं, गवाहों को प्रभावित और सबूतों से छेड़छाड़ करेंगे।

### एएसआई के सर्वेक्षण नतीजे पर अनुमति के बिना कार्रवाई न हो : कोर्ट

## भोजशाला परिसर के वैज्ञानिक सर्वे पर कोर्ट का रोक से इनकार

नई दिल्ली, एजेंसी



- हिंदू और मुस्लिम 11वीं सदी के परिसर पर जता रहे हैं अपना-अपना दावा
- 2003 में समझौते पर हिंदू मंगलवार को पूजा तो मुस्लिम शुक्रवार को पढ़ते हैं नमाज

उच्चतम न्यायालय ने मध्य प्रदेश के धार जिले में मध्ययुगीन संरचना भोजशाला परिसर के 'वैज्ञानिक सर्वेक्षण' पर रोक लगाने से सोमवार को इनकार कर दिया लेकिन कहा कि भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) के सर्वेक्षण के नतीजे के आधार पर उसकी अनुमति के बिना कोई कार्रवाई न की जाए।

हिंदू और मुस्लिम दोनों एएसआई की ओर से संरक्षित 11वीं सदी के भोजशाला परिसर पर अपना-अपना दावा जता रहे हैं। हिंदू भोजशाला को वाग्देवी को समर्पित एक मंदिर मानते हैं जबकि मुस्लिम उसे कमाल मौला मस्जिद बताते हैं। एएसआई की ओर से सात अप्रैल 2003 को किए एक समझौते के तहत हिंदू मंगलवार को भोजशाला परिसर में पूजा-अर्चना करते हैं जबकि मुस्लिम शुक्रवार को इसमें नमाज पढ़ते हैं। न्यायमूर्ति ऋषिकेश रॉय और न्यायमूर्ति पी के मिश्रा की पीठ ने वैज्ञानिक सर्वेक्षण पर मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय के 11 मार्च के आदेश को चुनौती देने वाली 'मौलाना कमालुद्दीन वेलफेयर सोसायटी' की याचिका पर केंद्र, मध्य प्रदेश सरकार, एएसआई और अन्य को नोटिस जारी किए। पीठ ने कहा कि चार सप्ताह में नोटिस का जवाब दें। तब तक सर्वेक्षण के नतीजे पर इस अदालत की अनुमति के बगैर कोई कार्रवाई न की जाए। साथ ही पीट ने कहा कि यह स्पष्ट किया जाता है कि ऐसी कोई खुदाई न की जाए, जिससे कि परिसर का चरित्र ही बदल जाए।

#### ज्ञानवापी मामला : हिंदू पक्ष के पूजा करने पर रोक नहीं



**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को ज्ञानवापी मस्जिद के दक्षिणी तहखाने में हिंदू पक्ष के पूजा करने पर रोक लगाने से इनकार कर दिया और मसाजिद इंतजामिया कमेटी की याचिका पर काशी विश्वनाथ मंदिर न्यास को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। शीर्ष अदालत ने वाराणसी स्थित ज्ञानवापी परिसर में नमाज अदा करने को लेकर यथास्थिति बनाए रखने का आदेश दिया। न्यायालय ज्ञानवापी पर इंतजामिया कमेटी की नई याचिका पर सुनवाई कर रहा है, जिसमें हाईकोर्ट के उस आदेश को चुनौती दी गई है, जिसमें मस्जिद के दक्षिणी तहखाने में हिंदू पक्ष को पूजा की अनुमति देने संबंधी अधीनस्थ अदालत के फैसले को बरकरार रखा था। प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ ने पुजारी शैलेंद्र पाठक व्यास से भी कमेटी की याचिका पर 30 अप्रैल तक जवाब दाखिल करने को कहा है।

### एक नजर

#### नई टोल दरें लोकसभा चुनाव के बाद होंगी प्रभावी

**नई दिल्ली।** भारत के चुनाव आयोग (ईसीआई) ने एनएचएआई ने कहा है कि वह राजमार्गों पर नई टोल दरों को लोकसभा चुनाव के बाद लागू करे। आमतौर पर देश के ज्यादातर टोल राजमार्गों पर दरों को एक अप्रैल से बढ़ाया जाता है, लेकिन चुनाव आयोग ने कहा कि नई दरें लोकसभा चुनाव के बाद ही लागू होनी चाहिए।

#### आयकर व्यवस्था में कोई बदलाव नहीं : वित्त मंत्रालय

**नई दिल्ली।** वित्त मंत्रालय ने सोमवार को कहा कि चालू वित्त वर्ष 2024-25 में लोगों के लिए नई आयकर व्यवस्था में कोई बदलाव नहीं है। करदाता आईटीआर दाखिल करते समय इस व्यवस्था से बाहर निकलने का विकल्प चुन सकते हैं। मंत्रालय ने स्पष्टीकरण सोशल मीडिया पर जारी उन सूचनाओं के बाद दिया, जिसमें एक अप्रैल से प्रभावी नई कर व्यवस्था में बदलावों का दावा किया गया है। मंत्रालय ने कहा कि एक अप्रैल 2024 से कोई नया बदलाव नहीं किया गया है। एक अप्रैल 2023 से शुरू हुए वित्त वर्ष में लोगों के लिए संशोधित नई आयकर व्यवस्था लागू की गई थी, जिसके तहत कर दरें काफी कम हैं।

#### 'एक वाहन, एक फास्टैग' मानदंड देशभर में लागू

**नई दिल्ली।** एनएचएआई का 'एक वाहन, एक फास्टैग' मानदंड सोमवार से लागू हो गया है। इसका उद्देश्य वाहनों के लिए एक फास्टैग के इस्तेमाल या एक वाहन से कई फास्टैग संबद्ध करने को हतोत्साहित करना है। वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि अब एक वाहन पर एक से अधिक फास्टैग नहीं लगाए जा सकेंगे। जिनके पास एक वाहन के लिए कई फास्टैग हैं, वे एक अप्रैल से उनका उपयोग नहीं कर पाएंगे।

## शताब्दी एक्सप्रेस में महिला अधिकारी से लूटपाट

नई दिल्ली, एजेंसी

- नई दिल्ली के शिवाजी ब्रिज रेलवे स्टेशन से 100 मीटर दूर महिला सहायक अभियोजन अधिकारी के साथ हुई घटना

राष्ट्रीय राजधानी की यात्रा के दौरान उत्तर प्रदेश की एक सहायक अभियोजन अधिकारी पर शताब्दी एक्सप्रेस में कथित तौर पर हमला किया गया और उनसे लूटपाट की गई। मामले में प्राथमिकी दर्ज हो चुकी है। अधिकारियों ने सोमवार को घटना की जानकारी दी।

प्राथमिकी के मुताबिक, यह घटना 28 मार्च को रात करीब 10 बजे हुई, जब लखनऊ जंक्शन स्वर्ण शताब्दी एक्सप्रेस नई दिल्ली के शिवाजी ब्रिज रेलवे स्टेशन से महज 50 से 100 मीटर की दूरी पर थी। स्वाति मौर्य ने पुलिस को दी गई अपनी शिकायत में बताया कि मैं ट्रेन के सी-4 डिब्बे में दो नंबर सीट बैठी हुई थी, तभी एक व्यक्ति वहां आया और उसने मेरा बैग छीनने की कोशिश की। उन्होंने बताया कि जब मैंने उसे ऐसा करने से रोका तो उसने मुझपर हमला कर दिया, जिससे मेरे बांय हाथ पर चोट आई। उसने मेरा बैग छीन लिया और वह चलती ट्रेन से कूद गया। मैं उस व्यक्ति को पहचान सकती हूं। प्राथमिकी के अनुसार, मौर्य ने 15,000 रुपये, विभिन्न आईडी कार्ड - पैन, आधार, ड्राइविंग लाइसेंस और उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा जारी अभियोजक पहचान पत्र और दो एटीएम कार्ड, एक मोबाइल फोन, हीरे की चार अंगूठी, सोने के दो कंगन और कलाई घड़ी भी गवां दी।

## नीट की तैयारी कर रही छात्रा ने की आत्महत्या

संवाददाता, एटा



- छुट्टियों में कोटा से आई थी घर, पढ़ाई को लेकर थी चिंतित

**अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र में सोमवार को नीट की तैयारी कर रही छात्रा ने पढ़ाई के दबाव में फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। वह कोटा में तैयारी कर रही थी और होली की छुट्टियों में वह घर आई थी।

शहर क्षेत्र के सिविल लाइंस कालोनी की रहने वाले अनिल यादव की कंप्यूटर की दुकान है। उनकी पुत्री खुशी (19) राजस्थान के कोटा में पिछले साल से नीट की तैयारी कर रही थी। होली की छुट्टियों में वह घर आई थी और ऑनलाइन ही पढ़ाई कर रही थी। पिता ने बताया कि पढ़ाई को लेकर वह बहुत चिंता में थी और 14-15 घंटे पढ़ाई करती रहती थी। उसे घर वाले किसी भी तरह तनाव न लेने की सलाह देते थे। सोमवार सुबह छह बजे खुशी का शव चौथी मंजिल पर कमरे में फंदे से लटका मिला। परिजनों ने दरवाजा तोड़ने के बाद जानकारी पुलिस को दी। पुलिस ने मौके का निरीक्षण करने के बाद शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## राज्य कर्मियों को नहीं करना पड़ेगा मार्च के वेतन का इंतजार

राज्य ब्यूरो,लखनऊ

- वित्तीय वर्ष 2024 –25 के आहरण वितरण का आदेश पारित, अप्रैल में ही मिलेगा वेतन

**अमृत विचार :** राज्य कर्मियों को मार्च माह के वेतन के लिए इस बार इंतजार नहीं करना पड़ेगा। इसके लिए राज्य सरकार ने सभी विभागाध्यक्षों को पत्र जारी कर निर्देश दिए हैं कि शासन की वेबसाइट पर उपलब्ध वित्तीय वर्ष 2024-25 के आय-व्यय अनुदान की स्वीकृति पर वेतन जारी किया जाए।

विशेष सचिव आलोक दीक्षित द्वारा शनिवार को जारी पत्र में अवगत कराया गया कि वित्तीय वर्ष 2024-25 के आय-व्यय अनुदान की मांगों को विधान मंडल द्वारा पारित किया जा चुका है और 4 मार्च 2024 को ही शासनादेश की वेबसाइट पर उपलब्ध भी है। वेबसाइट पर आगामी वित्तीय वर्ष की स्वीकृतियां जारी करने के निर्देश भी हैं। उक्त आधार पर सभी विभाग, कर्मचारियों का वेतन निर्गत करना सुनिश्चित करें। राज्य सरकार के उक्त पत्र के बाद, राज्य कर्मचारियों के साथ बेसिक शिक्षा परिषद के स्कूल, सहायता प्राप्त शिक्षण संस्थानों, विश्वविद्यालयों, चिकित्सा आयुर्विज्ञान संस्थानों व चिकित्सा विश्वविद्यालयों में सेवारत कर्मचारियों के मार्च का वेतन समय पर मिलने का रास्ता साफ हो गया है। मार्च का वेतन अप्रैल में नए वित्तीय वर्ष के बजट से दिया जाता है, सरकार से स्वीकृति में देर से कर्मचारियों को वेतन के लिए लंबा इंतजार करना पड़ता था।

## सामान्य आदेश पारित कर नहीं जमा करा सकते लाइसेंसी शस्त्र : हाईकोर्ट

विधि संवाददाता, लखनऊ

- पूर्व में दिए गए आदेशों का अनुपालन न होने पर जताई नाराजगी

**अमृत विचार :** हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने वर्ष 2022 के अपने एक आदेश को दोहराते हुए कहा है कि सामान्य आदेश पारित कर के लाइसेंसी शस्त्र धारकों के शस्त्र नहीं जमा करवाए जा सकते।

न्यायालय ने कहा कि यदि शस्त्र जमा करवाने का कोई औचित्यपूर्ण कारण है तो सम्बंधित शस्त्रधारक के लिए आदेश पारित करते हुए, इसे जमा कराया जा सकता है। न्यायालय ने चेतावनी दी कि यदि आगे से उक्त आधार पर शस्त्र जमा कराने का कोई मामला उसके समक्ष आया तो सम्बंधित अधिकारियों पर हर्जाना लगाया जाएगा।

यह आदेश न्यायमूर्ति अब्दुल मोईन की एकल पीठ ने अमेठी जनपद निवासी रवि शंकर तिवारी व चार अन्य की ओर से दाखिल रिट याचिका पर पारित किया। याचियों का कहना था कि बिना किसी ठोस वजह के उन पर उनके लाइसेंसी शस्त्र जमा कराने का दबाव स्थानीय प्रशासन द्वारा डाला जा रहा है। मामले पर सुनवाई के उपरांत पारित अपने आदेश में न्यायालय ने कहा कि 25 फरवरी 2022 को राम रंग जायसवाल मामले में स्पष्ट आदेश दिया गया था कि अधिकारी सामान्य आदेश निकाल के लाइसेंसी शस्त्र जमा करने को नहीं कह सकते। न्यायालय ने कहा कि इसके पूर्व वर्ष 2002 में सुप्रीम कोर्ट भी यही आदेश दे चुका है और यही नहीं वर्ष 2000 में शहाबुद्दीन मामले में और वर्ष 2021 में अरुण कुमार सिंह मामले में हाईकोर्ट इस प्रकार के आदेश जारी कर चुका है। न्यायालय ने नाराजगी जताते हुए कहा कि प्रदेश की सबसे बड़ी अदालत के आदेश को अनदेखा किया जा रहा है व उसका पालन नहेने हो रहा। इन टिप्पणियों के साथ न्यायालय ने चेतावनी दी कि यदि ऐसा मामला दोबारा उसके समक्ष आया तो सम्बंधित अधिकारी पर हर्जाना लगाया जाएगा।

### सतर्कता — मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना में फर्जीवाड़ा रोकने के लिए व्यवस्था में बदलाव की तैयारी

## बिना गवाह अब नहीं मिल सकेगा विवाह योजना का लाभ

राजीव शुक्ला, लखनऊ

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना में अब गोलमाल नहीं हो सकेगा। पड़ोसियों की गवाही के बाद ही आवेदन स्वीकार होगा। गवाही इस बात की होगी कि आवेदनकर्ता का कोई विवाह तो नहीं हुआ है। योजना के तहत गृहस्थी के लिए दिए जाने वाले 10 हजार रुपये भी अब सीधे खाते में भेजने की योजना है।

मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत कई जिलों में गड़बड़ी सामने आई थी। शिकायतें के बाद तय हुआ है कि वर और वधू पक्ष के पास पड़ोस के पांच-पांच लोगों से गवाही कराई जाएगी। जो ये प्रमाणित करेंगे कि वर या वधू का विवाह हुआ है या नहीं। गवाहों का नाम, पता और मोबाइल नंबर भी दर्ज होगा। गवाही के बाद ही आवेदन पर आगे की प्रक्रिया होगी।

बता दें कि एक जोड़े के विवाह पर 51 हजार खर्च होते हैं। इसमें 35 हजार रुपये वधू के खाते में जमा होते हैं जबकि 10 हजार रुपये में गृहस्थी का सामान दिया जाता है। 6 हजार रुपये आयोजन मद में खर्च होते हैं। अब गृहस्थी के सामान की जगह 10 हजार रुपये वधू के खाते में भेजने के लिए प्रस्ताव शासन को भेजा गया है। आचार संहिता लागू होने से इस पर अभी निर्णय नहीं हो सका है।

प्रदेशभर में 2023-24 में एक लाख चौदह हजार जोड़ों का विवाह कराने का लक्ष्य था। साथ ही 500 करोड़ से अधिक के बजट का प्रावधान था। पिछले वर्ष एक लाख पांच हजार से अधिक जोड़ों का विवाह हुआ। साथ ही सभी का भुगतान भी कर दिया गया।



- आस-पड़ोस वालों से पुष्टि होगी कि आवेदनकर्ता का विवाह हुआ है या नहीं

> मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत आवेदनकर्ताओं की जांच कराई जाएगी। आस-पड़ोस की गवाही के बाद अगर पुष्टि हो जाती है कि आवेदनकर्ता का विवाह नहीं हुआ है तभी योजना का लाभ दिया जाएगा। गृहस्थी के 10 हजार रुपये खाते में भेजने के प्रस्ताव को शासन से स्वीकृति मिलने के बाद लागू किया जाएगा। –**कुमार प्रशांत**, निदेशक समाज कल्याण

#### झांसी, बलिया, महाराजगंज में मिली थीं गड़बड़ियां

पिछले वित्तीय वर्ष में झांसी, बलिया और महाराजगंज में गड़बड़ियां मिली थीं। बुंदेलखंड महाविद्यालय में समारोह में 96 जोड़े शामिल हुए थे। इसमें एक दुल्हन ने खुद मांग भर ली। कई जोड़ों ने सात फेरे नहीं लिए। झांसी के पॉलीटेक्निक कॉलेज में दूल्हे के न आने पर दुल्हन की शादी जीजा से कराई गई थी। बलिया के मनियर ब्लॉक के सुल्तानपुर, ककरघट्टा खास व मानिकपुर में आठ अपात्रों को योजना का लाभ लेने के मामले में पकड़ा गया। इसमें एक अधिकारी निलंबित हुआ था। नौ पर प्राथमिकी दर्ज हुई थी। महाराजगंज के लक्ष्मीपुर ब्लॉक में दूल्हे के स्थान पर भाई ने बहन से शादी कर ली। इस पर प्रशासन ने सारा सामान वापस कराया।

## एक नजर

### होली मिलन समारोह आज

**अयोध्या, अमृत विचार :** अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद के तत्वावधान में दो अप्रैल को होली मिलन समारोह का आयोजन होगा। परिषद के अध्यक्ष श्री प्रकाश पाठक ने बताया कि आयोजन अयोध्या बाईपास पर एक पैलेस के नजदीक शाम चार बजे शुरू होकर छह बजे तक चलेगा।

### प्लास्टिक रीसाइकल कर बनाई बेंच

**अयोध्या, अमृत विचार :** शहर को प्लास्टिक मुक्त बनाए जाने की दिशा में बिसलेरी ने पहल की है। मैनेजर केशव सिकदर द्वारा प्लास्टिक की बोतल को रीसाइकल कर बेंचेज बनाई गई हैं। जिसे नगर आयुक्त को भेंट की गई। नगर आयुक्त संतोष कुमार शर्मा ने बताया कि प्लास्टिक हमारे स्वास्थ्य के लिए बहुत ही हानिकारक है। हमारे आसपास प्लास्टिक से निर्मित ऐसी अनेक चीज हैं, जिन्हें रीसायकल कर प्रयोग में लाया जा सकता है।



# 21 मवेशियों की जलकर हुई मौत

## बचाने के प्रयास में महिला झुलसी, गृहस्थी सामान जलकर राख

मिल्कीपुर (अयोध्या)



अग्निकांड के बाद मौके पर जुटे ग्रामीण। अमृत विचार

**अमृत विचार :** तहसील क्षेत्र स्थित खंडासा थाना क्षेत्र के बिसाही गांव में सोमवार दोपहर लगी आग में 20 बकरियां व एक बछिया की जलकर मौत हो गई है। बकरियों को बचाने के चक्कर में देवमती गंभीर रूप से झुलस गई।

बिसाही गांव निवासी तिलकराम महाराज के घर के पीछे के छप्पर में दक्षिणी कोने से सोमवार दोपहर करीब 12 बजे तेज हवा के बीच अचानक आग की लपटें उठने लगीं। यह देख ग्रामीण मौके की ओर दौड़े, लेकिन देखते ही देखते लपटों ने विकराल रूप धारण घर के इर्द-गिर्द स्थित आधा दर्जन छप्परों को अपने आगोश में ले लिया। ग्रामीणों ने अग्निकांड की जानकारी फायर स्टेशन मिल्कीपुर सहित स्थानीय पुलिस को दी। खंडासा व इनायत नगर थानों की पुलिस फोर्स भी मौके पर पहुंच गई। अग्निशमन कर्मी भी फायर ब्रिगेड के बड़े वाहन के साथ मौके पर पहुंचे, लेकिन आग बुझाने में असफल रहे। इसके बाद अग्निशमन कर्मियों ने फायर स्टेशन से दूसरी गाड़ी बुलाई। इसके बाद आग को बुझाने में सफलता प्राप्त की, लेकिन तब तक तिलक राम महरा की 20 बकरियां व एक गाय की बछिया झुलसकर मर चुकी थी। इसके अलावा उसका टिन सेड का मकान और उसमें रखा गृहस्थी का सामान भी जलकर राख हो गया।

### 30 बीघा जंगल में भी लगी आग

**कुमारगंज (अयोध्या)।** तेज हवा के बीच कुमारगंज थाना क्षेत्र के घोड़वाल बाबा श्याम दास कुटी के पास स्थित जंगल में सोमवार को अचानक आग लग गई। आसपास मौजूद ग्रामीणों ने घटना की जानकारी स्थानीय पुलिस सहित फायर ब्रिगेड को दी। सूचना पाकर मौके पर पहुंचे अग्नि कर्मियों ने कड़ी मेहनत के बाद आग को बुझा दिया, लेकिन तब तक लगभग 30 बीघा जंगल जलकर पूरी तरह नष्ट हो गया है। खबर लिखे जाने तक आग लगने के कारणों की जांच की जा रही थी।

# चार घरों में आग, सामान जला



आग लगने के बाद सब जलकर राख हो गया।

मिल्कीपुर, अयोध्या

**अमृत विचार:** तहसील के हैरिंग्टनगंज ब्लॉक के मलेथू बुजुर्ग पूरे टूड़ी का पुरवा में भी आग लगने से चार घरों में आग लग गई। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि सोमवार को काफी तेज पछुवा हवा चल रही थी। इसी बीच ग्राम मलेथू बुजुर्ग पूरे टूड़ी का पुरवा में रामसुख यादव के छप्पर से आज की लपटें उठने लगीं। देखते ही देखते आग ने चार घरों को अपने आगोश में ले लिया।

ग्रामीणों की सूचना पर फायर ब्रिगेड की गाड़ी मौके पर पहुंची, लेकिन तब तक सब कुछ राख हो चुका था। रामसुख यादव और राम यज्ञ यादव का आवासीय छप्पर का जल गया। जिसमें साइकिल, सीमेंट 15 बोरी, चारपाई, बर्तन व अनाज, वस्त्र जल गया। इसी तरह से रामसुख के घर का सामान जलकर राख हो गया। गांव के हौंसिला प्रसाद का भी घर व सामान जलकर राख गया। फायर ब्रिगेड इंचार्ज रमाशंकर सिंह ने बताया कि सूचना मिलते ही टीम के साथ मौके पर पहुंचकर आग बुझाई गई। चार परिवारों का काफी नुकसान हुआ है।

# परिवहन निगम में रखे जाएंगे सेवानिवृत तकनीकि कर्मी

**अयोध्या, अमृत विचार :** परिवहन निगम में सेवानिवृत्त कर्मियों को संविदा पर रखा जाएगा। ऐसा निगम में तकनीकि शाखा में सुपरवाइजर संवर्ग के कार्मिकों की कमी को लेकर किया जा रहा है। इसको लेकर निगम मुख्यालय से पत्र जारी किया गया है। बताया गया है कि जूनियर फोरमैन, सीनियर फोरमैन ग्रेड-टू और सीनियर फोरमैन ग्रेड प्रथम से सेवानिवृत कार्मिक इसके लिए पात्र होंगे। प्रक्रिया पूरी होने पर इनसे एक वर्ष के लिए अनुबंध किया जाएगा। उनके कार्यो का आंकलन करते हुए अधिकतम पांच वर्ष के लिए या 65 साल तक ही उनकी सेवाएं ली जा सकेंगी। क्षेत्रीय प्रबंधक कार्यालय ने भी सेवानिवृत कर्मियों को संविदा पर रखे जाने की व्यवस्था की बात कही है।



# अभिभावकों ने विद्यालय पहुंच किया प्रदर्शन

अयोध्या, कार्यालय



विद्यालय के सामने प्रदर्शन करते अभिभावक।



विद्यालय की प्रधानाचार्या से वार्ता करते अभिभावक। अमृत विचार

**अमृत विचार :** नगर कोतवाली के रीडगंज स्थित इंडो अमेरिकन चिल्ड्रन एकेडमी पहुंचे कई अभिभावकों ने सोमवार को प्रदर्शन किया। प्रदर्शन की सूचना पर अलीगढ़ चौकी पुलिस और बेसिक शिक्षा विभाग के अधिकारी मौके पर पहुंच गए। अभिभावकों ने बीएसए को संबोधित ज्ञापन सौंप कार्रवाई की मांग है। बीएसए ने प्रवेश सुनिश्चित कराने का जिम्मा नगर क्षेत्र के खंड शिक्षा अधिकारी को सौंपा है।

अभिभावकों ने आरोप लगाया कि सरकार की राइट टू एजुकेशन योजना के तहत गरीब तबके के विद्यार्थियों को अपने स्कूल में पढ़ाना न पड़े, इसलिए स्कूल प्रबंधन ने नए शिक्षा सत्र के पहले दिन बैठक कर दाखिला देने से इंकार कर दिया। अभिभावकों का यह भी आरोप रहा कि योजना के तहत प्रवेश होने के बावजूद मरम्मत और वार्षिक परीक्षा शुल्क आदि के नाम पर उनसे मोटी फीस वसूल की गई और अब हिंदी मीडियम की मान्यता खत्म होने के हवाला देकर अपने बच्चों को किसी अन्य विद्यालय में प्रवेश दिलाने को कहा जा रहा है। प्रदर्शन की जानकारी पर इलाके की अलीगढ़ चौकी पुलिस तथा नगर के खंड शिक्षा अधिकारी और अन्य मौके पर पहुंच गए और दोनों पक्षों से वार्ता कर पूरे प्रकरण की जानकारी ली

**▶▶ आरटीई के तहत दाखिला न लेने का आरोप, बीएसए ने कहा दिलाया जाएगा प्रवेश**

तथा अभिभावकों का बीएसए के नाम संबोधित ज्ञापन लिया। साथ ही सम्यक कार्रवाई आश्वासन देकर लोगों को शांत कराया। प्रदर्शन में अभिभावक अनांश सोनकर, रेनू, अस्मत, विनोद यादव, सानिया जौहरा, अमरीन, शिब्ली बेगम, संगीता जायसवाल, पार्षद सलमान हैदर समेत लगभग 24 अभिभावक शामिल रहे। विद्यालय की प्रधानाचार्या किरन सक्सेना का कहना है कि संस्थान ने योजना के तहत 25 फीसदी से ज्यादा बच्चों को प्रवेश दे रखा था। बढ़ते खर्च को लेकर संस्थान ने हिंदी मीडियम की मान्यता सरेंडर कर दी है, जिसको लेकर अभिभावकों को अन्य स्कूल में प्रवेश कराने तथा किताबें व ड्रेस आदि वापस कराने की बात कही गई थी। ज्यादा फीस वसूली से इंकार करते हुए उन्होंने बताया कि सभी से शिक्षण शुल्क के अतिरिक्त परीक्षा, आयोजन शुल्क ही लिया गया।

बेसिक शिक्षा अधिकारी संतोष राय ने बताया कि राइट टू एजुकेशन योजना के तहत सभी बच्चों का प्रवेश सुनिश्चित कराया जाएगा। इसका जिम्मा नगर क्षेत्र के खंड शिक्षा अधिकारी तारकेश्वर पांडेय को सौंपा गया है।

# फंदे से लटका मिला युवती का शव

**अयोध्या, अमृत विचार।** इनायतनगर थाना क्षेत्र स्थित मवई कला गांव में एक विवाहिता का शव घर में पंखे से साड़ी के फंदे के लटका मिला है। मवई कला गांव निवासी वीर प्रताप की शादी वर्ष 2019 में परसौली गांव निवासी उमा तिवारी के साथ हुई थी। रविवार शाम उमा तिवारी (26) अपने ससुराल स्थित कमरे में लगे पंखे से साड़ी के फंदे के सहारे लटकी मिली। मामले की जानकारी के बाद परिजनों ने आनन-फानन उसको फंदे से नीचे उतारकर अस्पताल ले जाने के लिए एंबुलेंस बुलाई। मौके पर पहुंचे एंबुलेंस स्टाफ ने परीक्षण के बाद महिला को मृत घोषित कर दिया। विवाहिता के चार वर्ष की बेटी लवी व दो वर्ष का बेटा कन्हैया है। स्थानीय लोगों का कहना है कि सुबह किसी बात को लेकर पति-पत्नी में कहा सुनी हुई थी। आशंका है कि इसी से नाराज विवाहिता ने आत्महत्या कर ली है। प्रभारी निरीक्षक संदीप कुमार सिंह ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजवाया गया है। मामले की जानकारी उसके मायके वालों को दी गई है। प्रथम दृष्टया आत्महत्या की बात सामने है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट और शिकायत के आधार पर आगे की विधिक कार्यवाही की जाएगी।

## सार-संक्षेप



कैंट रेलवे स्टेशन के होल्डिंग एरिया का निरीक्षण करते सीओ रेलवे।

### सीओ रेलवे ने देखी रामनवमी मेले की तैयारियां

**अयोध्या, अमृत विचार।** रामनगरी के ऐतिहासिक चैत्र रामनवमी मेले को लेकर चल रही तैयारियों का जायजा लेने सोमवार को सीओ रेलवे विकास कुमार पांडेय अयोध्या पहुंचे। उन्होंने कैंट रेलवे स्टेशन और वंदे भारत ट्रेन का निरीक्षण किया। मातहतों को अतिरिक्त सतर्कता तथा मेले को लेकर पुख्ता सुरक्षा इंतजाम की हिदायत दी है। अयोध्या कैंट रेलवे स्टेशन पहुंचे लखनऊ राजकीय रेलवे पुलिस के क्षेत्राधिकारी विकास कुमार पांडेय ने अयोध्या कैंट से दिल्ली के आनंद विहार जाने के लिए प्लेटफार्म नंबर एक पर खड़ी वंदे भारत ट्रेन में सवार यात्रियों से संवाद कर व्यवस्थाओं की जानकारी ली। इसके बाद उन्होंने प्लेटफार्म के साथ, होल्डिंग एरिया, टिकट काउंटर, विश्रामालय, पार्किंग आदि का जायजा लिया और यात्री सुविधाओं व सुरक्षा व्यवस्था को जांचा-परखा। सीओ ने बताया कि अयोध्या की संवेदनशीलता तथा यात्रियों की बढ़ी भीड़ के मद्देनजर जुड़वाँ स्टेशनों पर मौजूदा पुलिस बल के अलावा 30 अतिरिक्त पुलिस कर्मियों की ड्यूटी लगाई गई है। मेले को लेकर सुरक्षा की कार्ययोजना की समीक्षा कराई जा रही है।

### डकैती की योजना बनाते चार गिरफ्तार, एक फरार

**अयोध्या, अमृत विचार :** अयोध्या कोतवाली पुलिस ने डकैती की योजना बना रहे चार आरोपियों को सोमवार को गिरफ्तार किया है। इनका एक साथी मौके से फरार हो गया। सीओ अयोध्या आशुतोष मिश्र ने बताया कि प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार शर्मा की पुलिस टीम ने फटिकशिला श्मशानघाट रेलवेब्रिज के नीचे पिलर के पास से संदिग्ध हाल में चार लोगों को गिरफ्तार किया है। जामा तलाशी में इनके पास से दो तमंचे-कारतूस और चोरी की वारदात में इस्तेमाल होने वाला दो प्लास, दो पेंचकस, एक बेल्चा (सब्बल) बरामद किया है। पूछताछ में इन्होने अपना नाम-पता तुलसीराम लोध निवासी जालिम का पुरवा थाना जामो अमेठी, राकेश निवासी सरमे थाना जामो अमेठी, मेहीलाल निवासी मनकापुर थाना मनकापुर गोंडा व दीनदयाल निवासी मतवरिया थाना मोतीगंज गोंडा बताया है। इनका एक साथी शिवम बाजपेई निवासी थाना रामजन्मभूमि अंधेरे का फायदा उठाकर मौके से भाग निकला। उन्होंने बताया कि नयाघाट चौकी प्रभारी उपनिरीक्षक विजयंत मिश्र ने सभी के खिलाफ नामजद रिपोर्ट दर्ज कराई है। सभी ने डकैती की योजना बनाने की बात कुबूली है।

### मतदाताओं को जागरूक करने के लिए निकाली रैली



जागरूकता रैली में शामिल आंगनबाड़ी कार्यकत्रियां। अमृत विचार

**तारुन, अयोध्या। अमृत विचार :** लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 के प्रचार प्रसार व शत प्रतिशत मतदान कराने के लिए उप जिलाधिकारी बीकापुर ध्रुव खाड़िया के नेतृत्व में तारुन बाजार व नंसा बाजार में जागरुकता रैली निकाली गई। आंगनबाड़ी कार्यकत्रियां हाथ में 'सबका यह अरमान है करना सब मतदान है' 'सत्य और ईमानदारी से सरकार बने मतदान से' स्लोगन लिखी पट्टियां लेकर मतदान करने की अपील कर रहीं थीं। सभी ने आंगनबाड़ी सुपरवाइजर शीला के साथ बाजार में भ्रमण किया। तहसीलदार बीकापुर धर्मेंद्र सिंह ने कहा कि मतदाता पैसे, शराब व अन्य किसी बहकावें में ना आएं। खंड विकास अधिकारी तारुन सुरेंद्र कुमार मौर्य ने कहा कि सभी मतदाता निर्भीक होकर अपने मत का प्रयोग करें। इसके अलावा विकासखंड तारुन के राज्य सफाई कर्मचारियों ने मोटरसाइकिल रैली निकालकर मतदाता जागरुकता का संदेश दिया।

### लोकतंत्र बचाने को इंडिया गठबंधन की सरकार बनाएं

**तारुन, अयोध्या। अमृत विचार :** देश का लोकतंत्र व संविधान बचाने के लिए सभी लोग मिलकर केंद्र में इंडिया गठबंधन की सरकार बनाएं। उक्त विचार अम्बेडकरनगर लोकसभा क्षेत्र से इंडिया गठबंधन प्रत्याशी विधायक लालजी वर्मा ने मंगलवार को तारुन ब्लॉक क्षेत्र के लालगंज बाजार स्थित एक मैरिज लॉन में आयोजित होली मिलन समारोह में व्यक्त किए। कार्यक्रम की अध्यक्षता सियाराम निषाद तथा संचालन अजीत पटेल व अयोजन सुधीर वर्मा ने किया। समारोह को सपा जिलाध्यक्ष पारसनाथ यादव, पूर्व जिला पंचायत सदस्य राजेन्द्र प्रसाद वर्मा, राम नेवल वर्मा, कमला प्रसाद बागी आदि ने भी सम्बोधित किया।

### उत्तीर्ण छात्राओं को दी गई विदाई

**रुदौली, अयोध्या। अमृत विचार :** कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय में कक्षा आठ उत्तीर्ण करने वाली छात्राओं को सोमवार को विदाई दी गयी। विद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि राज्य अध्यापक पुरस्कृत शिक्षक प्रकाश पाठक ने मां सरस्वती के चित्र पर पुष्पार्पण अर्पित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। बच्चियों को स्वयं के निर्माण का रास्ता बताया व बच्चों का मार्ग दर्शन किया। रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत करने वाली बच्चियों को भी सम्मानित किया गया। इस दौरान कक्षा आठ की छात्रा निशा गौतम, कक्षा सात की छात्रा खुशी, कक्षा छह की भावना को प्रथम, महिमा, रियाशी व प्रतीक्षा को द्वितीय और सुधा, महक श्रीवास्तव, दुर्गा को तृतीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया। वार्डन सुनीता त्रिपाठी, राम जानकी सिंह, बिंदु पांडेय, इंदुलेश यादव, रेशमा रावत, सोनिया निषाद, अंजना गौड़, अम्बालिका पाठक, अनिता देवी रही।



छात्राओं को सम्मानित करते अध्यापक।

# विभागों में नई कार्य योजना पर मंथन

अयोध्या कार्यालय

**▶▶ वित्तीय साल समाप्त, नए साल की लेखा बही शुरू**

**अमृत विचार:** वित्तीय साल 2024-25 सोमवार को शुरू हो गया। नए साल की लेखाबही खोल दी गई। विभागों में नए साल में नई कार्य योजना पर मंथन की कवायद है। अधूरे कार्यो को पूरा कराने की रणनीति है। अयोध्या की परियोजनाओं पर खास फोकस है।

वित्तीय साल 2023-24 समाप्त हो गया। कोषागार और सरकारी बैंकों में तो वित्तीय साल के पहले दिन अवकाश रहा लेकिन कई वित्तीय संस्थान खुले रहे। विभागों में नए साल की कार्रवाई शुरू कर दी गई। बताया गया है कि नए साल से पत्राचार के लिए नया पत्रांक होगा। पुरानी लेखाबही का आय-व्यय दुरुस्त करके बंद की गई। नई लेखाबही का श्रीगणेश कर दिया गया। अब नए साल में पैसे के लेन-देन के लिए नए लेजर और बहियां पर आंकड़ों का खेल होगा। विभागों में नई कार्ययोजना पर मंथन शुरू हो गया। मनरेगा में नया साल शुरू होने के साथ नए लक्ष्य पर काम शुरू करा दिया गया। लोक निर्माण विभाग, सेतु निगम, अयोध्या विकास प्राधिकरण, नगर निगम सहित अन्य विभागों में अधूरे कार्यों को पूरा कराने के लिए परियोजनाओं पर रिव्यू किए जाने की रणनीति है। खासतौर से अयोध्या में चल रही परियोजनाओं पर अफसरों की नजर है। सूत्रों के मुताबिक उन कार्यों पर भी फोकस है जिनको 31 मार्च तक पूरा किया जाना था। पैसा भी आवंटित था लेकिन काम पूरा नहीं हुआ। ऐसे कार्यों के समीक्षा की तैयारी है। बाल विकास विभाग में आंगनबाड़ी केंद्रों के निर्माण को लेकर फाइल फिर से निकाले जाने की तैयारी है। एक वरिष्ठ अफसर ने कहा कि नए साल में नए लेखाबही ही नहीं, नए काम भी होंगे।

# पर्चे पर नहीं मिला मोबाइल नंबर व पता, सीएमओ नाराज

**सोहावल, अयोध्या। अमृत विचार :** सोहावल सीएचसी में सोमवार को ओपीडी का निरीक्षण करने पहुंचे सीएमओ ने साफ-सफाई सहित कई दुर्व्यवस्थाओं पर नाराजगी व्यक्त की। संचारी रोग नियंत्रण और स्वास्थ्य केंद्र में आयोजित एएनएम प्रशिक्षण के बाद दोपहर सीएचसी पहुंचे मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. संजय जैन ने उपस्थिति पंजिका देखी तो हैरान रह गए। कुछ कर्मचारी गैर हाजिर मिले। ओपीडी में मौजूद मरीजों की संख्या ज्यादा देख भड़क उठे। मरीजों के पर्चे पर मोबाइल नंबर नहीं लिखे जाने से नाराजगी जताई और पूरे पता के साथ नंबर लिखे जाने का निर्देश दिया। सीएमओ को देख लोगों को आशंका हुई की बीते दिनों विभाग के कुछ कर्मचारियों के बीच भ्रष्टाचार को लेकर हुई नोकझोंक और वायरल हुए वीडियो को लेकर कुछ जांच पड़ताल होगी, लेकिन इस ओर सीएमओ का ध्यान आकृष्ट नहीं कराया गया। सीएचसी प्रभारी डॉ. प्रेम चंद ने कहा कि मुझे लेकर कुल चार चिकित्सकों से सीएचसी चलाई जा रही है। इनमें एक चिकित्सक की लगभग रोज वीआईपी ड्यूटी रहती है। एक संविदा चिकित्सक है। एक महिला चिकित्सक हैं। शेष नियुक्त चिकित्सकों की फील्ड ड्यूटी है। इससे समस्या खड़ी हो रही है।

**▶▶ सोहावल सीएचसी पहुंचे थे, सिर्फ चार चिकित्सकों के सहारे चल रही सीएचसी**

# रामनवमी : अलग-अलग तिथियों पर अयोध्या आएं श्रद्धालु

अयोध्या कार्यालय

**▶▶ जिलाधिकारी ने की अपील, 17 को मनाया जाएगा राम जन्मोत्सव**

**अमृत विचार:** चैत्रराम नवमी मेले में भारी भीड़ आने की उम्मीद है। अयोध्या में भीड़ के ठहराव की एक क्षमता है। जिलाधिकारी नितीश कुमार ने देश भर से आने वाले श्रद्धालुओं से अपील की है कि अलग-अलग तिथियों में अयोध्या आएं। जिससे उन्हें बेहतर सुविधाएं दी जा सकें। सुलभदर्शन हो सके। कुछ ऐसी ही अपील राम लला की प्राण प्रतिष्ठा के पहले भी की गई थी।

डीएम नितीश कुमार ने सोमवार को बातचीत में बताया कि चैत्र राम नवमी मेला नौ अप्रैल से शुरू होगा। 17 अप्रैल को राम जन्मोत्सव मनाया जाएगा। इसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के आने की उम्मीद है। मेले में बेहतर सुविधा की व्यवस्था की गई है। मेले को लेकर श्री राम जन्म भूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट से भी बातचीत की गई। रामनवमी के पर्व पर ज्यादा से ज्यादा समय राम मंदिर खोलने के लिए अनुरोध किया गया है, लेकिन दर्शन कराने की भी एक क्षमता है। भोग आरती के अलावा बचे समय में दर्शन कराने का प्रयास है। इसलिए श्रद्धालु अपने गांव व घर में राम नवमी मनाएं। कहा कि दर्शन पूजन के लिए श्रद्धालु अलग-अलग तिथियों पर अयोध्या आएं। बताया कि ट्रस्ट ने भी श्रद्धालुओं से ऐसी अपील की है। उन्होंने मेले की व्यवस्था के बारे में भी जानकारी देते हुए कहा कि मजिस्ट्रेट और पुलिस अफसरों के साथ सुरक्षा पुख्ता की गई है। गर्मी के मौसम में श्रद्धालुओं को छाया मिले इसके लिए रामनवमी पर नगर निगम से जगह-जगह शेड लगवाने के लिए कहा गया है। स्वास्थ्य सेवाओं के लिए मेला क्षेत्र में अस्थाई मेडिकल कैंप लगाए जाएंगे। प्रशासन ने संभावित भीड़ के मद्देनजर लगातार पार्किंग स्थलों की संख्या बढ़ा रहा है। अब तक 35 स्थान चिह्नित किए गए हैं। इनमें स्फटिक शिला, उदया चौराहे, प्रहलाद घाट जैसे बड़े पार्किंग स्थल हैं।इसके अलाला पूरी अयोध्या में यातायात व्यवस्था बेहतर रहे और श्रद्धालुओं को दिक्कत न हो इसके लिए व्यापक व्यवस्था की जा रही है। रेल, रोडवेज आदि विभागों के साथ बैठक की गई है।

**हालात** मनरेगा के 800 कर्मचारियों के भविष्य से खिलवाड़

# पटरी से उतर गई ईपीएफ भुगतान की व्यवस्था

राजेंद्र कुमार पांडेय, अयोध्या



**▶▶ कई महीने से खाते में नहीं भेजा जा पाया पैसा**

**▶▶ संगठन ने प्रशासन के अफसरों को मांग पत्र भी सौंपा था**

**अमृत विचार :** जिले में मनरेगा कर्मियों के लिए ईपीएफ व्यवस्था पटरी से उतर गई है, करीब 800 कर्मचारियों के भविष्य के साथ खिलवाड़ हो रहा है। वित्तीय वर्ष का अंतिम दिन 31 मार्च भी बीत गया लेकिन इनके भविष्य निधि खाते में कई महीने से रुकी किस्त नहीं पहुंच पाई। अब इन्हें अपने भविष्य को लेकर चिंता है।

मनरेगा में गांव में जॉब कार्डधारकों से काम कराने के लिए रोजगार सेवकों की तैनाती की गई है। साथ ही मनरेगा से जुड़े अन्य कर्मचारी भी है। इनकी कुल संख्या लगभग 800 है। दिसंबर में कुछ कर्मचारियों का एक माह का पैसा खाते में भेजा गया था। इसके पहले और बाद में पैसा नहीं भेजा गया। प्रतिमाह मिलने वाले इनके मानदेय से ही ईपीएफ की किस्त भेजी जाती है। ईपीएफ में 12 फीसदी कर्मचारी का हिस्सा तो 13 फीसदी नियोक्ता का हिस्सा होता है, लेकिन जिले में कई ब्लॉकों में तैनात मनरेगा कर्मियों को पांच महीने तो कई में नौ माह से मानदेय नहीं मिला। इसके कारण इनके ईपीएफ का पैसा भी इनके खाते में नहीं भेजा गया। मनरेगा कर्मियों के संगठन ने इसको लेकर प्रशासन के अफसरों को मांग पत्र भी पहले सौंपा था, लेकिन वो भी बेअसर रहा। उम्मीद थी कि मार्च क्लोजिंग पर मानदेय का पैसा मिल जाएगा और ईपीएफ का भी खाते में भुगतान हो जाएगा, लेकिन ऐसा नहीं हुआ।

कर्मचारी इसे भविष्य के साथ खिलवाड़ कहते हैं। रोजगार सेवक संघ के जिलाध्यक्ष अमरदीप गौड़ कहते हैं कि एक तो मानदेय नहीं मिला, ऊपर से ईपीएफ का पैसा खाते में नहीं गया। यह कर्मचारियों के भविष्य के साथ खिलवाड़ नहीं तो क्या है?

### कर्मचारियों का ब्लॉकवार बकाया ईपीएफ

ब्लॉक मयाबाजार-नौ माह, सोहावल सात माह, मसौधा छह माह, तारून, अमानीगंज, रुदौली, मवई, मिल्कीपुर में पांच माह, पूराबाजार, बीकापुर में तीन माह और हैरिंग्टनगंज में तीन से पांच माह।

### खिलवाड़ के पीछे मानव दिवस सृजन

ब्लॉक प्रशासन अपनी खामियों को छिपाने की कोशिश करता है। लेबर बजट और नियम उनके लिए बहुत मायने नहीं रखता। पर्याप्त मानव दिवस सृजन नहीं होता। भुगतान के लिए बनी साढ़े चार फीसदी कंटीजेंसी में पर्याप्त पैसा नही आता। जो आता है उसमें डीजल सहित अन्य मद के लिए भुगतान हो जाता है। कर्मचारियों को पूरा मानदेय नहीं मिल पाता। अपेक्षित मानव दिवस सृजन न होने से ईपीएफ का पैसा जमा नहीं हो पाता।

> मनरेगा कर्मियों का ईपीएफ का पूरा पैसा जमा नहीं हो पाया। 31 मार्च को कुछ भुगतान हुआ है, लेकिन मानदेय बकाया होने से ईपीएफ का पैसा खाते में पूरा नहीं जा पाया है। आगे कोशिश होगी।
> –सविता सिंह, उपायुक्त मनरेगा

# सरकार की कार्रवाई से भ्रष्टाचारियों में भय : सांसद



मिल्कीपुर में चौपाल के दौरान बैठक को सम्बोधित करते संसाद लल्लू सिंह।

**अयोध्या।** सांसद लल्लू सिंह ने कहा कि सरकार की कार्रवाई से भ्रष्टाचारियों के मन में भय है। पहले योजनाओं का ज्यादा हिस्सा बीच के दलाल खा जाते थे। अब योजनाओं का पैसा सीधे लाभार्थी के खाते में आता है। इन्ही कारणों से पीएम मोदी तमाम राजनैतिक पार्टियों के लिए एक बेचैनी बन गए हैं। वो सोमवार को मिल्कीपुर विधान सभा क्षेत्र के कई गांव में चौपाल को संबोधित कर रहे थे। हैरिंग्टनगंज के पाराताजपुर, रामपुर सोहना, हरदोइया, मिल्कीपुर के महुलारा, हिसामुद्दीनपुर, कुचेरा क्षेत्र के पारा, अलीपुर खजुरी, तरौली, रानीबाजार के भाईपुर सहित अन्य गांवों में आम लोगों से संवाद किया। चौपाल में सांसद लल्लू सिंह ने कहा पिछली सरकारें जितना विकास 55 साल में नहीं कर पाई। पीएम मोदी ने दो कार्यकाल में कर दिया। सेवक वहीं होता है जो घर की रखवाली कर सके और ईमानदार हो।चार जून को फिर से अयोध्या में भगवा ध्वज फहराने का संकल्प लें। चौपालों के दौरान बड़ी संख्या में स्थानीय लोगों के साथ भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

फैजाबाद जीनियस इण्टर कॉलेज
14 कोसी परिक्रमा मार्ग, फत्तेपुर, कुशमाहा अयोध्या-224001
नर्सरी से इण्टरमीडिएट तक
प्रवेश प्रारम्भ-2024-25
उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त
(हिन्दी एवं अंग्रेजी माध्यम एन0सी0ई0आर0टी0 पद्धति पर शिक्षा की उत्तम व्यवस्था) (छात्रावास की व्यवस्था)
डॉ.जी.सी. यादव
प्रधानाचार्य
कॉलेज, कोड-621440
Email-id: gicfaizabad@gmail.com | सम्पर्क सूत्र- 8953649647, 6388304284, 9450018646





रोजा

शिया
सहरी : 04.29 बजे
इफ्तार : 06.33 बजे

सुन्नी
सहरी : 04.37 बजे
इफ्तार : 06.19 बजे

नोट : रोजेदारों की सुविधा के लिए सहरी का समय एक दिन आगे का दिया जा रहा है।

## एक नजर

### कमरे में लटका मिला महिला का शव

रुदौली, अयोध्या : कोतवाली के ग्राम धौरहरा रहीमगंज निवासी अजय लोधी की पत्नी सुमन (26) का शव सोमवार दोपहर कमरे में हुक के सहारे लटकता पाया गया। परिजनों के मुताबिक सुमन ने आत्महत्या की है। ग्रामीणों के अनुसार किसी बात को लेकर पति&पत्नी में विवाद हुआ था। घर के सभी लोग गन्ने की छिलाई करने खेत गए थे। शुजागंज चौकी प्रभारी शंकरलाल ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

# पूरे विश्व में हो रही है अयोध्या की चर्चा

## हिमाचल के राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ला बोले- राम मंदिर के चढ़ावे का प्रभाव यूपी की जीडीपी पर

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** पूरे विश्व में आज अयोध्या की चर्चा हो रही है। अयोध्या के भाग्य अब जागने वाले हैं। रामलला भव्य मंदिर में विराजमान हो गए हैं। अयोध्या या अन्य स्थान जो उत्तर प्रदेश में हैं वह यहां की जीडीपी को बढ़ाने का काम कर रहे हैं, जिस प्रकार से लोगों का भाव है। राम मंदिर से इकोनॉमी पर भी फर्क पड़ रहा है, लेकिन अभी यह चर्चा नहीं की जा सकती क्योंकि चुनाव चल रहा है।

ये बातें सोमवार को हिमाचल प्रदेश के राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ला ने कहीं। वो रामलला के दर्शन के बाद पत्रकारों से वार्ता कर रहे थे। अपने जन्मदिन के मौके पर अयोध्या पहुंचे राज्यपाल ने सबसे पहले हनुमानगढ़ी पर हनुमान जी का आशीर्वाद लिया।इसके बाद रामलला का दर्शन-पूजन किया।

हिमाचल प्रदेश के राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ला ने कहा कि यह जरूर कहा जा सकता है कि जो सबको देता है वह उत्तर प्रदेश को भी देगा। रामलला के भव्य मंदिर में विराजमान होने के बाद प्रथम दिन चढ़ावे को लेकर हिमाचल प्रदेश के राज्यपाल ने कहा कि रामलला के भव्य मंदिर में विराज होने के बाद जो चढ़ावा चढ़ा उसका प्रभाव प्रदेश के जीडीपी पर नजर आएगा। वार्ता के बाद वो गोरखपुर के लिए रवाना हो गए।



हनुमानगढ़ी में दर्शन पूजन करते हिमाचल के राज्यपाल। अमृत विचार

▸▸ जन्मदिन पर पहुंचे थे दर्शन करने, गोरखपुर हुए रवाना

प्रसिद्ध भजन गायक बोले- दूसरी पसंद काशी विश्वनाथ और ताजमहल अब तीसरी पसंद हो गया

अलग-अलग देशों से आये 45 पर्यटकों के साथ किये रामलला के दर्शन



विदेशी पर्यटकों के साथ अयोध्या पहुंचे अनूप जलोटा। अमृत विचार

# पर्यटकों की पहली पसंद बनी राम नगरी : अनूप जलोटा

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** विश्व भर के पर्यटकों की पहली पसंद अब अयोध्या और दूसरी पसंद काशी विश्वनाथ हो गई है। जबकि कभी पहली पसंद रहने वाला ताजमहल अब तीसरी पसंद हो गया है। यह दावा सोमवार को प्रसिद्ध भजन गायक अनूप जलोटा ने किया।

वो साउथ अफ्रीका, इंग्लैंड और थाईलैंड सहित कई देशों के 45 पर्यटकों के साथ अयोध्या पहुंचे थे। सभी के साथ रामलला के दर्शन करने के बाद पत्रकारों से वार्ता करते हुए उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश और देश में रचनात्मक परिवर्तन लाने वाले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की जोड़ी राम और लक्ष्मण की जोडी है। जहां तक अयोध्या के विकास की बात है तो अयोध्या का विकास प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से ही संभव हुआ। उन्होंने कहा मैं 55 वर्ष से अयोध्या आ रहा हूं। अयोध्या की दशा देखकर दुखी हो जाता था, न सड़कें और न ही ठहरने का कोई स्थान मिल पाता था। अब अयोध्या वास्तविक राम की नगरी लगती है। इसी कारण दुनिया भर से लोग हमसे कहते हैं कि अयोध्या दर्शन करने आप जब भी जाएं तो हमें भी लेकर जाएं। उन्होंने एक प्रश्न के उत्तर में कहा कि क्या यह संभव था कि देश के 70 से 80 करोड़ लोग मुफ्त राशन पा सकें? यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व में ही संभव हो सका है। उन्होंने कहा कि जब देश के मुस्लिम विकास और अपनी सुरक्षा से प्रभावित होकर भाजपा को वोट दे रहे हैं तो आखिर फिर बचा क्या ? जलोटा ने दावा किया कि इस बार भाजपा 400 के पार पहुंच जाएगी।



चांदी का छत्र और मुकुट अर्पित करते बालाजी मंदिर के पीठाधीश्वर डॉक्टर नरेशपुरी।

## बालाजी मंदिर के महंत नरेशपुरी ने रामलला को अर्पित किया चांदी का छत्र और मुकुट

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** राजस्थान मेहंदी बालाजी मंदिर के पीठाधीश्वर डॉ. नरेशपुरी सोमवार को रामलला का दर्शन कर चांदी छत्र और मुकुट अर्पित किया। कारसेवपुरम में श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चम्पतराय से मुलाकात की। उसके बाद राम मंदिर में पहुंचकर रामलला की दोपहर की आरती में शामिल हुए। जहां रामलला को पंचमेवे की माला, पुष्पमाला, पंचमेवा, फल और मिठाई अर्पित किया। इस दौरान पुजारी प्रदीप दास, विश्व हिंदू परिषद केंद्रीय मंत्री राजेंद्र सिंह पंकज, गोपालजी राव, अनुज कुमार सहित अन्य भक्त भी मौजूद रहे। महंत डॉ. नरेश पुरी ने कहा कि अयोध्या नगरी में आकर हम प्रफुल्लित है। हनुमान जी की कृपा से ही भगवान श्री राम के दर्शन होते हैं। आज उन्हीं की कृपा से दर्शन मिला है।

# बहुचर्चित दोहरे हत्याकांड में छह दोषी करार

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** बहुचर्चित दोहरे हत्याकांड में कोर्ट ने छह आरोपियों को दोषी पाते हुए न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया। सजा के प्रश्न पर सुनवाई चार अप्रैल को होगी। फैसला विशेष न्यायाधीश गैंगस्टर प्रेम प्रकाश की अदालत से सोमवार को हुआ।

सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता प्रवीण कुमार सिंह व विकास शुक्ला ने बताया कि घटना एक जून 2003 की है। शहर के पहाड़गंज स्थित एक मकान के कब्जेदारी के विवाद को लेकर रामसुंदर पांडेय व उसके भतीजे विवेक की लाइसेंसी बंदूक व तमंचे से गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। रिपोर्ट रामसुंदर की पत्नी गायत्री देवी ने लिखाई। रिपोर्ट में कहा था कि उसके पति रामसुंदर व हरिपाल वर्मा और मेरे पति रामसुंदर पांडेय से मकान के कब्जेदारी व स्वामित्व को लेकर काफी दिनों से विवाद चल रहा है। घटना वाले दिन हरिपाल वर्मा व उनके भाई पहाड़ी, श्रीपाल निवासी छतिरवा थाना पूरा कलंदर अपने साथी गिरीश पांडेय शकील निवासी हैदरगंज थाना कोतवाली नगर अन्य साथियों के साथ असलहों से लैस होकर आए। उनका भतीजा पिंकू उर्फ विवेक पति राम सुंदर पांडेय को बुलाकर ला रहा था। हरिपाल वर्मा और उसके भाइयों ने दोनों को ललकारा। उसके पति के ऊपर हरिपाल ने अपनी बंदूक से फायर कर दिया। विवेक के ऊपर हरिपाल के भाई पहाड़ी व श्रीपाल ने तमंचे से फायर किया। गोली लगने से दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। इसके बाद सभी आरोपी असलहा लहराते हुए चले गए। लोगों ने दोनों घायलों को जिला चिकित्सालय पहुंचाया। जहां उनकी मौत हो गई। इसकी रिपोर्ट हरिपाल वर्मा, शिव शंकर उर्फ पहाड़ी, श्रीपाल गिरीश पांडेय, शकील, दुर्गा प्रसाद, रमेश यादव, सुकई वर्मा, लाल जी वर्मा, जगन्नाथ, राम शंकर वर्मा, रामनाथ केवट, गोरखनाथ वर्मा, राम विशाल वर्मा, हरिश्चंद्र वर्मा व लाल जी चौधरी उर्फ राघवेंद्र के खिलाफ हत्या व हत्या के प्रयास की धारा में लिखाई गई थी। सुनवाई के बाद कोर्ट ने दुर्गा प्रसाद, रमेश यादव सुकई वर्मा ,राम शंकर ,हरिश्चंद्र वर्मा, शकील, व लालजी चौधरी को अधिवक्ता सईद खान व राजेंद्र सिंह को दोष मुक्त कर दिया। हरपाल वर्मा, श्रीपाल, वर्मा, शिव शंकर उर्फ पहाड़ी, लाल जी वर्मा, गिरीश पांडे, व जगन्नाथ उर्फ लालू को हत्या व जानलेवा हमले की धारा में दोषी पाते हुए जेल भेज दिया। अन्य तीन की दौरान मुकदमा मौत हो गई थी इसलिए उनके खिलाफ मुकदमा समाप्त कर दिया गया था।



▸▸ मकान के कब्जेदारी के विवाद को लेकर हुई थी चाचा भतीजे की दिनदहाड़े हत्या, चार को होगी सजा पर सुनवाई

## सार-संक्षेप



निरीक्षण के दौरान नगर आयुक्त संतोष शर्मा व अन्य।

### निरीक्षण के दौरान मिली गंदगी, दो कर्मियों का रोका वेतन

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** रामनवमी को लेकर नगर आयुक्त सन्तोष कुमार शर्मा ने सोमवार को अयोध्या धाम का निरीक्षण किया। रामकोट वार्ड में निरीक्षण के दौरान सफाई व्यवस्था की स्थिति असंतोषजनक मिली। मुख्य सफाई व खाद्य निरीक्षक और सफाई व खाद्य निरीक्षक से स्पष्टीकरण प्राप्त करने के लिए अपर नगर आयुक्त को दिए। कार्य स्थल पर अनुपस्थित पाए गए दो कर्मचारियों का वेतन तत्काल प्रभाव से अवरुद्ध किये जाने का भी आदेश दिया। उपस्थित अधिकारियों को सफाई व्यवस्था अपेक्षित सुधार कराये जाने के निर्देश दिए। नगर आयुक्त ने कहा कि श्रद्धालुओं को उत्कृष्ट व्यवस्थाएं प्रदान करने के लिए जिला प्रशासन व निगम पूर्ण रूपेण प्रतिबद्ध है। निरीक्षण के दौरान श्रद्धालुओं की संभावित भीड़ के दृष्टिगत जनसुविधाओं की व्यवस्था के निर्देश दिए। अपर नगर आयुक्त वागीश कुमार शुक्ला, जोनल अधिकारी अशोक कुमार गुप्ता आदि उपस्थित रहे।

### सरयू में गिरा युवक, जल पुलिस ने बचाया

**अयोध्या, अमृत विचार।** अयोध्या कोतवाली क्षेत्र स्थित पुराने सरयू पुल से गोसाईं का पुरवा निवासी अमित कुमार( 23 ) पुत्र उमाशंकर नदी में गिर गया। जल पुलिस के प्रभारी रुबे प्रताप मौर्य ने बताया कि अमित पुल की रेलिंग पर बैठा सिगरेट पी रहा था कि अचानक लड़खड़ाकर नदी में गिर पड़ा। घाट पर मौजूद जल पुलिस के जवानों और नाविकों ने मशक्कत कर डूब रहे युवक को बाहर निकाला। पूछताछ आदि के लिए घाट पर डयूटी पर तैनात पुलिस के हवाले किया गया है।

### अटेवा ने पुरानी पेंशन के लिए मनाया काला दिवस



विरोध में काली पट्टी बांध कर काला दिवस मनाते शिक्षक।

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** पुरानी पेंशन बहाली के लिए प्रत्येक वर्ष की भांति एक अप्रैल को शिक्षकों और कर्मचारियों ने काला दिवस मनाया। शिक्षक और कर्मचारी अपने-अपने कार्य क्षेत्र में मौजूद रहे, लेकिन शिक्षकों ने बाहों में काली पट्टी बांधकर शैक्षिक और अन्य कर्मचारियों ने भी काली पट्टी पहन कार्यों को पूरा किया। अटेवा के जिला अध्यक्ष विजय प्रताप सिंह ने कहा कि केंद्र/राज्य सरकार द्वारा शिक्षक और कर्मचारियों की पुरानी पेंशन एक अप्रैल 2005 से बंद कर दी गई है और नवीन पेंशन योजना लागू की गई है। जिसका शिक्षक व कर्मचारी निरंतर विरोध कर रहे हैं और पुरानी पेंशन बहाली की मांग कर रहे हैं। उसी क्रम में शिक्षकों और कर्मचारियों ने बांह में काली पट्टी बांध विरोध जताया। सरकार द्वारा जब तक पुरानी पेंशन बहाल नहीं की जाएगी तब तक अटेवा का संघर्ष जारी रहेगा।

### तलाब में डूबकर बालक की मौत

**रुदौली, अयोध्या। अमृत विचार :** कोतवाली के मीरापुर में रविवार शाम तालाब में दोस्तों के साथ नहाने गए 12 वर्षीय बालक की डूबकर मौत हो गई। मोहल्ला मीरापुर में बिहार के पेंटर सोनी किराए के मकान में रहते हैं। फेरी कर कपड़ा बेचने का काम कर अपने परिवार का पालन करने वाले पेंटर का 12 वर्षीय पुत्र आनंद सोनी दोस्तों के साथ पुराना तालाब में नहाने चला गया। नाते समय मिट्टी के दलदल में फंस गया। दोस्तों ने डूबने की जानकारी परिजन को दी। परिवारीजनों ने उसको बाहर निकालकर सीएचसी पहुंचाया। जहां पर चिकित्सक ने आनंद को मृत घोषित कर दिया। कोतवाली प्रभारी देवेंद्र सिंह ने बताया कि मृतक बालक के पिता की सूचना पर शव का पंचनामा भरा गया है।

### सौदंर्यीकरण के बाद कार्यालय देखने पहुंचे कमिश्नर

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** संयुक्त विकास आयुक्त कार्यालय का सौंदर्यीकरण कराया गया। कमिश्नर गौरव दयाल सोमवार को इसे देखने पहुंचे। कमिश्नर ने कहा कि सभी अधिकारियों को अपने कार्यालयों में बेहतर साफ सफाई रखनी चाहिए। जिससे कार्यालयों में सकारात्मकता रहती है और आम नागरिकों में भी कार्यालय के प्रति सकारात्मक भाव उत्पन्न होता है। इस अवसर पर संयुक्त विकास आयुक्त अरविन्द चन्द्र जैन, अपर आयुक्त प्रशासन अजयकान्त सैनी, अपर आयुक्त जितेन्द्र कुशवाहा, वरिष्ठ वैयक्तिक अधिकारी अविनाश चन्द्र पांडेय सहित अन्य मौजूद थे।

# इलाज के दौरान बच्चे की मौत, परिजनों ने किया हंगामा

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** कसाबबाड़ा स्थित श्री चाइल्ड केयर अस्पताल में एक बच्चे की इलाज के दौरान मौत हो जाने का आरोप लगाकर सोमवार को परिजनों ने खूब हंगामा किया। परिजनों का आरोप था कि अस्पताल बिल पर बिल बनाता गया और बच्चे की मौत हो गई।

पहाड़गंज घोशियाना निवासी हिमांशु गौड़ ने मामले की शिकायत नगर कोतवाली में दी थी। हिमांशु ने बताया कि उन्होंने अपनी पत्नी नैना को डिलीवरी के लिए 23 मार्च को देवकाली स्थित देवांश अस्पताल में भर्ती कराया था। पुत्र पैदा हुआ। डॉक्टर ने बताया कि बच्चे को सांस लेने में समस्या हो रही है। इसे श्रीचाइल्ड केयर अस्पताल में भर्ती करा दो। हिमांशु रात में ही बच्चे को अस्पताल लेकर पहुंच गया। उन्होंने बताया कि उस समय उनका बच्चा स्वस्थ दिख रहा था। 31 मार्च को अस्पताल के डॉक्टर ने बच्चे को कहीं और दिखाने की बात कह दी। परिजनों का आरोप है कि भर्ती करते समय 14 हजार रुपये जमा कराए गए थे। इसके बाद जब डॉक्टर ने बच्चे को रेफर करने की बात कही तो 17 हजार रुपये जमा कराए। ननद पूजा ने बताया कि उन्होंने बच्चे को मांगा तो देने से मना कर दिया। इसके बाद बच्चे को एम्बुलेंस में ले जाने को कहा। पूजा का आरोप है कि एम्बुलेंस में एक आदमी को साथ जाने की बात कही गई। इसके बाद पूजा की बहन दीपा बच्चे को लेकर बैठ गई। साथ ही हिदायत दी गई कि बच्चे से छेड़छाड़ न करना। इसके बाद मेडिकल कॉलेज ले जाया गया। पूजा का आरोप है कि वहां चिकित्सकों ने बताया कि बच्चे की मौत हो चुकी है।



अस्पताल के बाहर मौजूद परिजन। अमृत विचार

▸▸ कसाबबड़ा स्थित श्री चाइल्ड केयर का मामला

> मेरे यहां बच्चे की डिलीवरी हुई थी। तबियत गड़बड़ थी। उसे श्री चाइल्ड केयर में भर्ती कराया गया था। मैं अस्पताल गई थी। डॉक्टर से मुलाकात नहीं हो पाई थी। मुझे जानकारी मिली है कि बच्चे की मौत हो गई है। - डॉ. साक्षी, देवांश हॉस्पिटल

> परिजनों के द्वारा लगाए गए सभी आरोप बेबुनियाद हैं। बच्चे की तबियत पहले से ही गड़बड़ थी। इसकी जानकारी परिजनों को दे दी गई थी। - डॉ. सचिन राय, श्री चाइल्ड केयर अस्पताल

> परिजनों ने शिकायत दी थी। विधिक कार्रवाई के लिए मामले को आगे बढ़ाया गया। साथ ही पोस्टमार्टम कराने के लिए कहा गया, ताकि मौत के कारण स्पष्ट हो जाएं, लेकिन परिजन तैयार नहीं हुए। - अश्वनी पांडेय, नगर कोतवाल

## काशी विश्वनाथ, कोणार्क व गंगा सागर, दर्शन के लिए बुक कराइये टिकट

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** कोलकाता के गंगा सागर यात्रा के तहत इंडियन रेलवे केटरिंग एण्ड टूरिज्म कार्पोरेशन (आईआरसीटीसी) ने आगरा कैंट से भारत गौरव विशेष ट्रेन संचालित करने का निर्णय लिया है। जनपद और आसपास के श्रद्धालु वाराणसी,बैद्यनाथ,गया,पुरी, कोणार्क, गंगासागर मंदिर के दर्शन के लिए जाना चाहते हैं तो अपनी सीट आरक्षित करवा सकते हैं। विशेष ट्रेन का संचालन 25 अप्रैल से चार मई के बीच किया जाना है। आईआरसीटीसी लखनऊ के मुख्य क्षेत्रीय प्रबन्धक अजीत कुमार सिन्हा ने बताया कि आगरा कैंट से प्रस्तावित यह विशेष पर्यटक ट्रेन नौ रात्रि एवं 10 दिन के पैकेज में विष्णुपद मंदिर व स्थानीय मंदिर गया, बैद्यनाथ मंदिर, जसडी, जगन्नाथ मंदिर और कोणार्क मंदिर, पुरी स्थानीय मंदिर, गंगा सागर, काली मंदिर कोलकाता, वाराणसी के काशी विश्वनाथ मंदिर और अयोध्या में रामजन्मभूमि, हनुमान गढ़ी व अन्य प्रमुख मंदिर का दर्शन कराएगी। उन्होंने बताया कि विभिन्न श्रेणियों के कुल 767 बर्थ का आरक्षण संस्था की वेबसाइट अथवा पर्यटन कार्यालय लखनऊ से कराया जा सकता है। साथ ही अयोध्या कैंट रेलवे स्टेशन समेत आगरा कैंट, ग्वालियर, वीरांगना लक्ष्मीबाई, उरई, कानपुर, लखनऊ तथा काशी/बनारस से चढ़ने और उतरने की सुविधा उपलब्ध कराई गई है।

# राहत : नहीं लागू हुई टोल टैक्स की नई दरें

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** टोल प्लाजा पर 31 मार्च की रात 12 बजे से बढ़ाई जाने वाली टोल की दरें लागू नहीं की गई। भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण से टोल प्लाजा पर नई दरें एक अप्रैल से लागू किए जाने का निर्देश दिया गया था। टोल की नई दरों के लागू न होने से फिलहाल आम लोगों ने राहत की सांस ली है। उनकी जेब पर बोझ नहीं बढ़ा।

एनएचएआई ने एक अप्रैल से टोल टैक्स की नई दर लागू करने का पत्र जारी किया था। इसमें अलग-अलग प्रकार के वाहनों पर 10 से 60 रुपये तक की बढ़ोत्तरी की गई थी। इसके दायरे में निजी से रोडवेज बसें आती तो यात्रियों पर इसका सीधा बोझ पड़ता, लेकिन अचानक इसे रोक दिया गया। हालांकि इसका कोई कारण नहीं बताया गया लेकिन टोल न लागू होने से आम लोगों से वाहन मालिकों की जेब पर बोझ नहीं बढ़ा। जिले में तीन टोल प्लाजा है। हजारों वाहन निकलते हैं। नई दर लागू होने से करोड़ों रूपये का टैक्स पड़ता। रौनाही टोल प्लाजा के मैनेजर एसबी सिकरवार ने बताया कि टोल की नई दरें लागू नहीं की गई। न ही अभी कोई प्रस्तावित तिथि है।

बीएसएनएल | मोबाइल पर दिखने लगा सिग्नल, चंडीगढ़ सर्वर से कमीशन का इंतजार

# उपभोक्ताओं को जल्द मिलेगा 4जी डेटा का मजा

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** सार्वजनिक क्षेत्र की दूरसंचार सेवा प्रदाता कंपनी भारत संचार निगम लिमिटेड ने जिले के बीटीएस टॉवरों को स्वदेशी तकनीक पर आधारित 4 जी उपकरणों से अपडेट कर लिया है। उपभोक्ताओं के मोबाइल पर 4 जी का सिग्नल भी दिखने लगा है। सेवा के सुचारु रूप से शुरू होने के लिए बीएसएनएल को अपने चंडीगढ़ स्थित मुख्य सर्वर से कमीशन का इंतजार है। जिस पर काम चल रहा है। जिले के उपभोक्ताओं के साथ रामनवमी मेले में आने वाले श्रद्धालुओं को स्वदेशी 4 जी हाई स्पीड का मजा मिल जाएगा।



स्वदेशी तकनीक की 4 जी सेवा प्रदान करने के लिए बीएसएसनल ने टीसीएस समूह से समझौता किया है। जिले में 100 बीटीएस टॉवरों पर टीसीएस की ओर से स्वदेशी तकनीक के 4 जी उपकरण लगाने का काम पूरा कर लिया गया है। इससे बीएसएनएल उपभोक्ताओं के मोबाइल पर 4 जी सिग्नल दिखने लगा है। ट्रायल के दौरान स्पीड भी अच्छी मिल रही है। डाउनलोड स्पीड 38 एमबीपीएस रिकॉर्ड हुई है। बीएसएसल के महाप्रबन्धक ज्ञानेंद्र द्विवेदी ने बताया कि जिले के मुख्य एक्सचेंज समेत सभी 100 टॉवरों पर 4 जी उपकरण लग गए हैं। ट्रायल में अच्छा परिणाम मिल रहा है। बीएसएनएल के 4 जी सिम धारकों को इसका सिग्नल दिखने ही नहीं लगा है बल्कि काम भी कर रहा है। चंडीगढ़ स्थित मुख्य सर्वर से कमीशनिंग के बाद रामनवमी मेले के पूर्व विधिवत रूप से यह सेवा शुरू हो जाएगी।

### नि:शुल्क अपग्रेड किए जा रहे सिम

बीएसएसल के महाप्रबन्धक ज्ञानेंद्र द्विवेदी ने बताया कि पुराने उपभोक्ताओं का 2 जी और 3 जी सिम निशुल्क 4 जी में अपग्रेड किया जा रहा है। प्लान के अतिरिक्त 4 जीबी डाटा दिया जा रहा है। पोर्टेबिल्टी पर एक माह की वैधता और 1.5 जीबी प्रतिदिन डाटा मिलेगा।

### पोर्ट कराने वाले ग्राहकों की संख्या 33 फीसदी घटी

महाप्रबन्धक ज्ञानेंद्र द्विवेदी ने बताया कि विभाग की 4 जी सेवा अभी व्यवसायिक स्तर पर पूरी तरह शुरू नहीं हो पाई है। बावजूद इसके निजी दूरसंचार कंपनियों के नेटवर्क पर अपने नंबर को पोर्ट कराने वालों की संख्या 33 फीसदी घटी है। उम्मीद है कि 4 जी सेवा शुरू होने के बाद निजी दूरसंचार कंपनियों के साथ गए बीएसएनएल उपभोक्ता वापस लौटेंगे।

## एक नजर

### किशोरी लापता, केस दर्ज

**हैदरगंज, अयोध्या :** थाना क्षेत्र की एक किशोरी को बहला फुसलाकर ले जाने का मामला प्रकाश में आया है। घटना हैदरगंज थाना अंतर्गत एक गांव की है। पिता का आरोप है उनकी बेटी नाबलिग है। 30 मार्च की सुबह 8 बजे के करीब टहलने निकली थी। कोई बहला फुसलाकर उसे अपने साथ लेकर चला गया। निरीक्षक मो. अरशद ने बताया कि पिता की तहरीर पर अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कर पड़ताल की जा रही है।

### सफाई के दिए निर्देश

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** अपर नगर आयुक्त अनिल कुमार सिंह की अध्यक्षता में राम कोट और हनुमान कुंड में विशेष सफाई अभियान चलाया गया। इस दौरान मुख्य मार्ग, खुले प्लाट व शौचालयों की सफाई कराई गई। अभियान के दौरान वार्ड में भ्रमण करते हुए पेयजल सुविधा, सफाई और निगम द्वारा प्रदान की जाने वाली समस्त सुविधाओं के लिए संबंधित को आदेशित किया गया। मुख्य सफाई खाद्य निरीक्षक राजेश झा, सफाई खाद्य निरीक्षक विजयेंद्र वर्मा, स्वच्छ भारत मिशन कोऑर्डिनेटर सूर्य प्रताप सिंह उपस्थित रहे।

### पीने के लिए पानी मांगा और चेन लूट हुआ फरार

**अयोध्या, अमृत विचार :** कैंट थाना क्षेत्र में एक महिला को झांसा देकर चेन लूट लिए जाने का मामला प्रकाश में आया है। घटना के 22 दिन बाद शिकायत पर कैंट थाना पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर तहकीकात शुरू कर दी है। थाना क्षेत्र के हांसापुर निवासी राम अवतार यादव का कहना है कि नौ मार्च को उनकी पत्नी घर के सामने खड़ी थी। इसी दौरान दोपहर एक व्यक्ति मोटरसाइकिल से पहुंचा। उसने कहा कि प्यास लगी है, पानी पिला दो। पत्नी ने घर पर किसी पुरुष सदस्य के मौजूद न होने की बात कहकर पानी पिलाने में असमर्थता जाहिर कर दी। इसके बाद वो पत्नी के गले से चेन छीनकर नहर के रास्ते रायबरेली मार्ग की तरफ भाग निकला।

# शैक्षिक सत्र का आगाज, रोली-टीका लगाकर किया स्वागत

**सुस्वागतम बच्चों**

**पहले दिन सवा लाख बच्चे पहुंचे विद्यालय, 15.87 लाख के लिए 9.43 लाख पाठ्य-पुस्तकें पहुंची**

**जिले के 1792 में से 655 स्कूलों में हुआ पुस्तकों का वितरण**

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** जिले के परिषदीय स्कूलों में सोमवार से नए शिक्षण सत्र का शुभारंभ हो गया। पहले दिन स्कूलों में उल्लास के साथ शुरू हुए शैक्षणिक सत्र में स्कूलों में पहुंचे छात्र-छात्राओं को रोली-टीका लगाकर स्वागत किया गया। पहले दिन करीब 60 से 65 प्रतिशत छात्र-छात्राओं को पुस्तकें दी गईं। स्कूलों में जो बच्चे शेष रह गए हैं, उन्हें भी विद्यालय आते ही पुस्तक का वितरित मिल जाएंगी।

जिले में 1792 परिषदीय स्कूल व 10 कस्तूरबा स्कूल हैं। जिनमें करीब एक लाख 99 हजार छात्र-छात्राएं शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं। इनको पाठ्य पुस्तक का वितरण करने के लिए शासन से 15.87 लाख के सापेक्ष 9.43 लाख पुस्तकें जिलें में पहुंच गई थी, जिनको परिषदीय व कस्तूरबा स्कूलों में पहुंचा दिया गया था। स्कूलों में एक अप्रैल से नया शिक्षण सत्र का शुभारंभ किया गया। छात्र-छात्राओं को सोमवार से ही पुस्तक का वितरण करने के आदेश दिए गए थे। पहले दिन परिषदीय स्कूल में पहुंचे छात्र-छात्राओं को 5.30 लाख छात्र-छात्राओं को पुस्तक का वितरण किया गया। पुस्तक मिलते ही छात्रों के चेहरे पर खुशी छा गई। पहले दिन सवा लाख के करीब बच्चे विद्यालय पहुंचे थे।



रोली टीका लगा नवप्रवेशी का स्वागत करते शिक्षक। अमृत विचार

### रोली टीका से हुआ स्वागत, खुशी से उछले नौनिहाल

विकास खंड मसौधा के कंपोजिट विद्यालय मिर्जापुर माफी में कक्षा तीन में 31 बच्चों में से 16, कक्षा चार में 40 में से 22 और कक्षा पांच में 25 में से उपस्थित 11 बच्चों को निशुल्क पाठ्य पुस्तकें वितरित की गईं। एसआरजी के साथ इंचार्ज प्रधानाध्यापिका उमा सिंह, सर्वेश कुमार यादव, कनुप्रिया, संगीता चौधरी आदि मौजूद रहे। मिल्कीपुर के प्राथमिक विद्यालय कर्मडांडा में कक्षा एक में प्रवेश किया नए बच्चों का स्वागत विद्यालय की प्रधानाध्यापिका निवेदिता उपाध्याय तथा कक्षा की अध्यापिका शची पूर्ण सिंह द्वारा टीका लगाकर बच्चों को मीठा खिलाकर फूल और पेंसिल दे किया गया। कक्षा एक में सत्र के प्रारंभ में 10 बच्चों का प्रवेश हुआ। प्राथमिक विद्यालय मैनपुर में नए सत्र पर सभी बच्चों का स्वागत प्रधानाध्यापक धर्मराज द्विवेदी और सहायक अध्यापक अनुज सिंह और स्टाफ द्वारा किया गया।



बच्चों को किताब वितरित करते बीएसए। अमृत विचार

### बीएसए ने मऊ शिवाला में बच्चों को बांटी किताबें

सत्र के पहले दिन प्राथमिक व पूर्व माध्यमिक विद्यालय शिवालामऊ के 220 बच्चों को जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संतोष कुमार राय ने निशुल्क किताबें वितरित कर नए सत्र का आगाज किया। पुस्तक वितरण के अवसर पर उन्होंने शिक्षकों से कहा कि पासआउट सभी बच्चों का नामांकन अगली कक्षा में अवश्य होना चाहिए। जो बच्चे स्कूल नहीं आ रहे हैं उन्हे स्कूल में लाना हमारा दायित्व है। खंड शिक्षा अधिकारी शैलेंद्र कुमार, जिला समन्वयक सामुदायिक सहभागिता नमन कुमार, प्रधानाध्यापक गोपाल कृष्ण श्रीवास्तव ने भी बच्चों को पुस्तक वितरित कीं। बीएसए संतोष कुमार राय ने बताया कि सोमवार से शैक्षणिक सत्र के शुभारंभ के साथ ही स्कूल चलो अभियान भी शुरू हो गया है। शिक्षक अधिक से अधिक प्रवेश के लिए रैलियों और विभिन्न माध्यम से अभिभावकों को जागरूक करेंगे।

> शासन से जो पाठ्य पुस्तक प्राप्त हुई थी उसका वितरण प्राथमिकता के आधार पर कराया जा रहा है। पहले दिन ही 60 प्रतिशत से अधिक पुस्तकें वितरित की गईं। एक-दो दिन में सभी पुस्तकों का वितरण कर दिया जाएगा। **-संतोष कुमार राय, बीएसए।**

# शूटिंग चैम्पियनशिप में जीते 11 मेडल

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार:** राज्य स्तरीय ओपेन शूटिंग चैम्पियनशिप में अयोध्या टीम के शूटिंग खिलाड़ियों ने शानदार खेल प्रदर्शन कर 11 पदक हासिल किए। टीम के वापस लौटने पर नगर मजिस्ट्रेट राजेश कुमार मिश्र ने सोमवार को पदक विजेता खिलाड़ियों को पदक पहनाकर समानित किया। उन्होंने कहा कि खेल हर उम्र व वर्ग के लागों के लिए शारीरिक और मानसिक विकास की दृष्टिकोण से श्रेयकर है। खेल से शरीर तो स्वस्थ रहता ही है साथ ही निर्णय लेने की क्षमता व विश्लेष्णात्मक क्षमता में वृद्धि होती है। टीम कोच शनि कुमार वर्मा ने बताया कि लखनऊ के शूटर्स चैम्प्स



मेडल विजेता अयोध्या शूटिंग टीम नगर मजिस्ट्रेट राजेश मिश्र के साथ।

**नगर मजिस्ट्रेट ने किया सम्मानित**

एकेडमी में रविवार को हुई ओपेन शूटिंग चैम्पियनशिप में अयोध्या टीम के जैनुअल अबादीन खान व एडी बेसिक राम सागरपति त्रिपाठी ने 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में स्वर्ण पदक हासिल किया। इसके अलावा पीटीआई अजय कुमार सिंह, अच्युत गुप्त, विजय राय, शालिनी राय, अशरफ, नन्दिनी मिश्रा ने 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में रजत व कांस्य सहित कुल नौ पदक हासिल किए। टीम में शामिल सभी भवदीय शूटिंग रेंज अयोध्या के खिलाड़ियों की उपलब्धि पर भवदीय ग्रुप के प्रबंधक अवधेश वर्मा, डिप्टी एसपी राजेश तिवारी ने बधाई दी।

### मतदाताओं से संपर्क कर वोट देने की अपील की

**जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर। अमृत विचार।** लोकसभा चुनाव में भाजपा प्रत्याशी रितेश पांडे को जीत दिलाने के लिए भाजपा कार्यकर्ता जोर-शोर से कमर कस लिए हैं। कार्यकर्ता लोगों से मिलकर तीसरी बार नरेंद्र मोदी को प्रधानमंत्री बनाने की अपील कर रहे हैं। भाजपा जिलाध्यक्ष त्रयंबक तिवारी ने हंसवर मंडल के अपने प्रभार वाले शक्ति केंद्र के बूथ संख्या 263 अकबेलपुर में सोमवार को शक्ति केंद्र संयोजक रिंकू गोस्वामी, बूथ अध्यक्ष प्रेमचन्द विश्वकर्मा सहित पार्टी पदाधिकारियों के साथ बूथ समिति और पन्ना प्रमुखों की बैठक कर बूथ के अंतर्गत मतदाताओं से सम्पर्क किया। भाजपा जिलाध्यक्ष ने कहा कि लोकतंत्र की असली पूंजी जनता है, जिसके निर्णय से ही देश की दिशा और दशा तय होता है। उन्होंने लोगों से भाजपा के निर्विवाद छवि के युवा और क्षेत्र की विकास के लिए निरंतर कार्य करने वाले सांसद रितेश पांडे को जीत दिलाने का आवाहन किया।

## सार-संक्षेप

### सांसारिक विषयों का विस्मरण होने पर ही सच्चा आनंद

**पूराबाजार, अयोध्या। अमृत विचार :** ब्लॉक क्षेत्र के विशेशवरपुर में चल रही सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा के दूसरे दिन कथा व्यास पंडित सुकदेव महाराज ने कहा कि सांसारिक विषयों का विस्मरण होने पर ही सच्चा आनंद होता है। सांसारिक संबंध छूटने पर ही ब्रहम संबंध जुड़ता है यदि सांसारिक विषयों में सच्चा आनंद होता तो यह सब कुछ छोड़कर निद्रा की इच्छा ही नहीं होती। कथा ब्यास ने धुंधकारी की कथा व परीक्षित जन्म की कथा सुना कर श्रोताओं को भाव विभोर कर दिया। मुख्य यजमान साधुराम मिश्रा, राम प्रसाद शुक्ला, हर्षित मिश्रा, पंकज शुक्ला, दिलीप मिश्रा सहित ग्रामीणों ने कथा का रसपान किया।



कथा कहते कथा व्यास। अमृत विचार

### पशुओं के खानपान ठीक रखने के निर्देश

**रुदौली, अमृत विचार :** क्षेत्र की गोशाला पारा पहाड़पुर का निरीक्षण सोमवार को विधायक राम चंद्र यादव ने किया। गोवंश के स्वास्थ्य और चारे की जानकारी ली। बढ़ती गर्मी में गोशाला के पशुओं के खानपान में सुधार, गोवंश पशुओं के पीने के पानी की उपलब्धता सुनिश्चित कराने, नियमित स्वस्थ्य परीक्षण के लिए विधायक ने खंड विकास अधिकारी अखिलेश गुप्ता को निर्देश दिए। गोवंशों को हरा चारा भी खिलाया। इस मौके पर मां कामख्या धाम अध्यक्ष शीतला प्रसाद शुक्ल, विकास मिश्र, राम प्रसाद यादव, रणजीत सिंह रहे।

### उत्कृष्ट कार्य के लिए सिपाही सम्मानित

**अयोध्या, अमृत विचार :** संयुक्त निदेशक अभियोजन सत्यव्रत त्रिपाठी ने उत्कृष्ट कार्य के लिए फास्ट ट्रैक कोर्ट में तैनात कोर्ट मोहर्रिर सद्दाम सिद्दीकी को एक हजार नगद पुरस्कार व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। यह सम्मान गवाहों को समय से उपस्थित कराने, पांच मुकदमों में आजीवन कारावास सहित कुल आठ अभियुक्तों को सजा करवाए जाने के लिए दिया गया। संयुक्त निदेशक अभियोजन ने एसएसपी को एक पत्र भेज कर इस पुरस्कार का अंकन कोर्ट मोहर्रिर की चरित्र पंजिका में करवाए जाने की अपेक्षा भी की है।

### विनायक का नवोदय विद्यालय में हुआ चयन

**देवरिया बाजार, अंबेडकरनगर। अमृत विचार।** विकासखंड जहांगीरगंज अंतर्गत स्थित ब्लूमिंग चिल्ड्रेन एकेडमी देवरिया पंडित के छात्र-छात्राओं का लगातार तीसरे वर्ष भी नवोदय विद्यालय में चयनित होने का दबदबा कायम रहा। बता दें कि विकासखंड जहांगीरगंज के ब्लूमिंग चिल्ड्रेन एकेडमी देवरिया पंडित विद्यालय शिक्षा, संस्कार और अनुशासन के लिए अपनी एक अलग पहचान रखता है। वर्ष 21-22 में विद्यालय के छात्र राज साहनी चयनित हुआ। वर्ष 2022-23 में अनुराग मद्धेशिया छात्र चयनित हुआ। जबकि इस वर्ष 23-24 के सत्र में विद्यालय के प्रबंधक रमेशचन्द्र गुप्ता और प्रधानाचार्या सीमा गुप्ता के पुत्र विनायक गुप्ता ने नवोदय विद्यालय की प्रवेश परीक्षा उत्तीर्ण कर लगातार तीसरे वर्ष भी विद्यालय का दबदबा कायम रखा। छात्र विनायक गुप्ता के नवोदय विद्यालय में चयनित होने पर विद्यालय के संरक्षक लालमणि गोंड, अध्यक्ष राम सिंह, व्यवस्थापक डॉक्टर श्रीकांत मिश्र और विद्यालय के शिक्षक, शिक्षिकाओं ने खुशी जाहिर करते हुए छात्र विनायक गुप्ता के उज्जवल भविष्य की कामना किया। उन्होंने ब्लूमिंग चिल्ड्रेन एकेडमी देवरिया पंडित विद्यालय को नित नए कीर्तिमान स्थापित करने की मंगल कामना की है।

### जुआ खेलते चार अभियुक्त गिरफ्तार

**जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर। अमृत विचार।** थाना अलीगंज क्षेत्र में पुलिस ने जुआ अधिनियम में चार अभियुक्तों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। थाना अलीगंज पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर जुआ अधिनियम से संबन्धित अभियुक्तो को थाना अलीगंज के मूसहा नाला के निकट जनता इन्टर कालेज के पास से जुआ खेलते हुए चार अभियुक्तों को तास के 52 पत्ते और 7 हजार 220 रुपए के साथ गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अभियुक्तों ने अपना नाम मईनुद्दीन पुत्र खलीलुर्रहमान राजगीर निवासी मोहल्ला मुसहा थाना अलीगंज, सैफ अख्तर पुत्र बिलाल अहमद अंसारी निवासी सीएचसी के पीछे बाबूगंज अलहदादपुर थाना अलीगंज, सौदागर अली पुत्र स्व. अली अहमद राईन निवासी अलहदादपुर थाना अलीगंज, आलम अन्सारी पुत्र मोहर्रम अली निवासी अलहदादपुर थाना अलीगंज बताया है।

### आग लगने से डेढ़ बीघा गेहूं की फसल जलकर राख

**जलालपुर, अंबेडकरनगर। अमृत विचार।** शार्ट सर्किट से लगी आग के चपेट में आने से तीन लोगों का गेहूं जल कर राख हो गया। फायर ब्रिगेड कर्मियों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। बता दें कि जलालपुर कोतवाली क्षेत्र के मंगुराडिला देवरिया में सोमवार को प्रकाश के खेत में बिजली की शार्ट सर्किट से आग लग गई। जब तक लोग पहुंचते तब तक बगल के खेत सालिकराम का 12 विश्वा, प्रकाश का 12 विश्वा और जवाहरलाल का 10 बिस्वा गेहूं की जलकर राख हो गई। सूचना पर पहुंचे फायर ब्रिगेड कर्मियों ने कड़ी मशक्कत के बाद अन्य खेतों में आग को फैलने से रोकने मे कामयाब हो हुए।

# ट्रेन से कूदकर फरार 15 हजार का इनामी गिरफ्तार

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** वाराणसी-बरेली एक्सप्रेस ट्रेन से कूदकर पुलिस अभिरक्षा से करीब 16 दिन पहले फरार हुए आरोपी को जीआरपी पुलिस ने अयोध्या धाम जंक्शन के पास से गिरफ्तार किया है। उसके खिलाफ अयोध्या कैंट थाने में नामजद रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। आरोपी की गिरफ्तारी के लिए पुलिस अधीक्षक रेलवे ने 15 हजार रूपये का इनाम घोषित किया था। राजकीय रेलवे के अयोध्या कैंट थाने में सोमवार को लखनऊ क्षेत्र के सीओ रेलवे विकास कुमार पांडेय ने बताया कि 16 मार्च की सुबह बाराबंकी के सतरिख थाना की पुलिस मनीष निवासी मनऊपुर थाना जमालपुर जिला मिर्जापुर को गिरफ्तार कर अदालत के समक्ष प्रस्तुत करने के लिए ले जा रही थी। मनीष के खिलाफ अपर सत्र एवं जनपद न्यायधीश फ़ास्ट ट्रैक कोर्ट की अदालत ने दलित किशोरी को अगवा कर दुष्कर्म के मामले में गैर जमानती वारंट जारी किया था। ट्रेन के अयोध्या कैंट रेलवे स्टेशन से रवाना होने के बाद आरोपी लघु शंका के बहाने पुलिस को चकमा देकर गद्दोपुर रेलवे क्रॉसिंग के पास चलती ट्रेन से कूद कर फरार हो गया था। पुलिस अधीक्षक रेलवे ने फरार आरोपी की गिरफ्तारी के लिए विशेष टीम बनाई थी और 15 हजार का इनाम घोषित किया था। उन्होंने बताया कि प्रभारी निरीक्षक राकेश कुमार राय की पुलिस टीम ने सोमवार सुबह आरोपी मनीष कुमार को अयोध्या धाम जंक्शन के पास से गिरफ्तार किया है।

# रखें व्यक्तिगत सफाई, वातावरण को बनाएं स्वच्छ

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार:** विशेष संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान शुरू हो गया। डीएम नितीश कुमार ने जागरुकता के लिए रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। शपथ दिलाई कि व्यक्तिगत सफाई रखें, वातावरण को स्वच्छ बनाएं। संचारी रोगों के प्रति लोगों को जागरुक करें।

उन्होंने कलेक्ट्रेट परिसर से जागरूकता रैली के वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया तो नगर आयुक्त संतोष शर्मा ने नगर निगम से जागरुकता रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। अभियान 30 अप्रैल तक चलेगा। बताया कि यह अभियान अभियान के दौरान दस्तक अभियान भी 10 से 30 अप्रैल तक चलेगा। अभियान



कलेक्ट्रेट परिसर से संचारी अभियान को हरी झंडी दिखाते जिलाधिकारी व सीएमओ। अमृत विचार

**डीएम ने दिलाई शपथ, जागरुकता रैली को दिखाई हरी झंडी**

का मकसद आम लोगों को संचारी रोगों से बचाव, संचारी रोगों के इलाज के बारे में जागरुक करना। जिससे जिले और प्रदेश को दिमागी बुखार और अन्य संचारी रोगों से मुक्त रखना है। अभियान में 11 विभाग शामिल हैं।

सीएमओ डॉ संजय जैन ने बताया कि विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान के दौरान आशा, एएनएम, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता घर-घर जाकर बुखार, इंफ्लुएंजा लाइक इलनेस से ग्रसित लोगों के साथ-साथ संभावित क्षय रोगियों व कुपोषित बच्चों को चिन्हित करेंगी। इस दौरान नोडल अधिकारी डा. डीके शर्मा, अर्बन नोडल डा. वेद प्रकाश, डा. राजेश चौधरी, डिस्ट्रिक्ट एआरओ प्रवीण त्रिपाठी, डी एचईआईओ, डीपीएम, डीसीपीएम, फाइलेरिया नियंत्रण अधिकारी, जिला मलेरिया अधिकारी, यूनिसेफ, नगर निगम के अधिकारी और अन्य विभागों के अधिकारी थे।

# अनुपस्थित आंगनबाड़ी कार्यकत्री का मानदेय रोकने के निर्देश

**सीडीपीओ ने आधा दर्जन आंगनबाड़ी केंद्रों का किया निरीक्षण, अनुपस्थित कर्मियों को भेजा कारण बताओ नोटिस**

जहांगीरगंज, अंबेडकरनगर।

**अमृत विचार।** सत्र के पहले दिन बाल विकास परियोजना अधिकारी रामनगर विनोद कुमार ने लगभग आधा दर्जन आंगनबाड़ी केंद्रों का औचक निरीक्षण किया। जिसमें कई केंद्रों की आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों और सहायिकाएं अनुपस्थित पाई गई। बिना कारण की अनुपस्थित पाई गई आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों और सहायिकाओं का मानदेय रोकते हुए आवश्यक कार्यवाही के लिए उच्च अधिकारियों को अवगत कराया गया है।



रामनगर के भोजपुर आंगनबाड़ी केंद्र का निरिक्षण करते सीडीपीओ विनोद कुमार।

सोमवार को सीडीपीओ ने आंगनबाड़ी केंद्र मसेना मिर्जापुर का निरीक्षण किया। जिसमें बिना किसी सूचना के आंगनवाड़ी सहायिका जिनके पास आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों का भी चार्ज है संगीता पांडे अनुपस्थित पाई गई। यही नहीं हाटकुक्क के पैसे का भी दुरुपयोग होना पाया गया। वहीं पर सहायिका आंचला देवी भी बिना सूचना के गायब रही। इसके बाद सीडीपीओ द्वारा आंगनबाड़ी केंद्र लखमीपुर का आवश्यक निरीक्षण करने पर केंद्र पर पंजीकृत बच्चे 37 के सापेक्ष में 10 बच्चे ही उपस्थित रहे। यहां पर सहायिका गीतावली बिना किसी सूचना के अनुपस्थित पाई है। उसके बाद आंगनबाड़ी केंद्र मकरही के निरिक्षण के दौरान आंगनवाड़ी सहायिका सुनीता देवी, अनीता देवी, कमलावती अनुपस्थित पाई गई। अनीता देवी का अभी हाल ही में आंगनबाड़ी के पद पर प्रमोशन हुआ है। तीनों लोग केंद्र पर कभी-कभी आते हैं। सहिजना हमजापुर आंगनबाड़ी केंद्र की सहायिका राधिका मिश्रा अगस्त 2023 से अब तक अनुपस्थित चल रही है। सुपरवाइजर प्रेमा देवी निरीक्षण के दौरान अनुपस्थिति रही। बाल विकास परियोजना अधिकारी विनोद कुमार ने बताया कि निरीक्षण के दौरान अनुपस्थित पाई गई आंगनबाड़ी कार्यकत्री और सहायिकाओं का मानदेय रोकते हुए कारण बताओं नोटिस जारी की गई है। सही जवाब नहीं मिलने पर सेवा समाप्ति की भी कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने रामनगर केंद्र का भी निरीक्षण किया।



अपने आवास पर बैठक के दौरान मंडलायुक्त। अमृत विचार

### रामपथ के नाले से जुड़वाएं गलियां

**अयोध्या कार्यालय, अमृत विचार :** रामपथ से लगने वाली गलियों के पानी निकासी के लिए इनको राम पथ के नाले से तत्काल जुड़वाने की व्यवस्था करें। ये निर्देश सोमवार को मंडलायुक्त गौरव दयाल ने दिए। वो राम पथ सहित अन्य पथों के कार्यो को लेकर बैठक कर रहे थे। अयोध्या की कई गलियां ऐसी बताई गई कि उनका पानी रामपथ के बने नाले से जुड़ना शेष हैं। मंडलायुक्त ने इनकी प्रगति की समीक्षा की। कहा कि जो भी गलियां शेष बची है उन्हें तत्काल जुड़वाएं। सुनिश्चित करें कि बरसात आदि के कारण कही भी जलभराव की समस्या न हो। भक्तिपथ पर लटके बिजली के तारों को तत्काल भूमिगत करते हुए दुरूस्त कराने के निर्देश दिए। बैठक में जिलाधिकारी नितीश कुमार, नगर आयुक्त संतोष शर्मा, उपाध्यक्ष अयोध्या विकास प्राधिकरण अश्विनी कुमार पांडेय, एडीएम सिटी सलिल कुमार पटेल, अपर नगर आयुक्त शशिभूषण राय, जलनिगम, लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियन्ता व अधीक्षण अभियन्ता लोक निर्माण आदि मौजूद रहे



नुक्कड़ सभा कर ग्रामीणों को जागरूक करते गब्बर गैंग इन्टरटेनमेन्ट के सदस्य।

### नुक्कड़ नाटक कर मतदान के लिए किया गया जागरूक

**जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर। अमृत विचार।** नेहरू युवा केंद्र अंबेडकरनगर के तत्वाधान में विकास खंड अकबरपुर अन्तगर्त ग्राम सभा सिझौलिया अटिका, दुल्लापुर, मधुपुर और डोमनीपुर में नुक्कड़ नाटक का आयोजन गब्बर गैंग इन्टरटेनमेन्ट द्वारा आयोजित किया गया। जिसमें नुक्कड़ नाटक के माध्यम से समस्त युवाओं और जनता को वोट के महत्व के बारे में बताया गया। सभी घर के काम, खेती के काम छोड़ करके अपना-अपना बहुमूल्य वोट देने के लिए प्रेरित किया गया। नाटक के माध्यम से सभी ग्रामीणों को बताया गया कि जिसकी उम्र 18 वर्ष के ऊपर हो गयी है, अपने मतदान केन्द्रों पर निर्धारित तिथि पर पहुंच करके वोटर लिस्ट में अपना नाम दर्ज करा सकते है। यदि किसी का नाम वोटर लिस्ट में छूट गया है तो वह लोग निर्वाचन कार्यालय से सम्पर्क कर जानकारी हासिल कर सकते है। नाटक के माध्यम से सभी लोगों को वोट के महत्व की विस्तृत रूप से जानकारी गब्बर गैंग द्वारा दी गयी। इस अवसर पर नेहरु युवा केन्द्र के स्वयंसेवकों ने अपना सहयोग प्रदान किया।

**आयोजन** इन्टेक की अवध कला उत्सव में हुआ आयोजन

# लोक गायिका सुषमा के गीत ने बांधा समां

**फगुनवा मां रंग रच रच बरसे पर नृत्यांगना आराधना व कलाकारों ने सुषमा का दिया साथ**

अयोध्या कार्यालय।

**अमृत विचार:** अवध कला उत्सव कार्यक्रम की श्रृंखला में गुप्तार घाट के गुप्त हरि मंदिर प्रांगण में लोक गायिका सुषमा गुप्ता व सहयोगी कलाकारो ने राग-रंग युक्त संगीतमयी छटा बिखेरी। कार्यक्रम की शुरुआत अवधपुरी की महिमा बखानते प्रभु श्रीराम के सुमिरन के साथ पारंपरिक होली गीत रघुनंदन आज खेले होली के साथ हुई।

फगुनवा मां रंग रच रच बरसे, होली आई अंगनवा पर नृत्यांगना आराधना व साथी कलाकारों ने साथी सुषमा का खूब साथ दिया। बहुप्रचलित होरी गीत आज विरज मा होरी रे रसिया ने कृष्ण-राधा की होली के माध्यम से दर्शकों को फाग के रंग में सराबोर कर मथुरा की होली को अवध की धरती पर जीवंत कर दिया। प्रांगण में उपस्थित दर्शकों व इंटेक सदस्यों ने फाग पर थिरक होली के गुलाल से आज की संगीतमयी संध्या को राग रंग रस से भर दिया। संचालन जेबीए प्रधानाचार्य वीके जोशी ने किया। इंटेक अयोध्या चैप्टर की संयोजक मंजुला झुनझुनवाला ने अपनी पुरातन धरोहर संरक्षित करने के लिए आह्वान किया। इस मौके पर जेबीए के संगीत विभाग सहित इंटेक सदस्य मौजूद रहे।



इंटेक की अवध कला उत्सव में फगुआ गीत पर नृत्य करती कलाकार।

अमृत विचार

**क्लासीफाइड**

**सूचना**

सूचित हो कि मेरी बेटी का पूर्व में नाम फिलजा खान था अब उसका नाम उमैजा खान हो गया है। भविष्य में उसे इसी नाम से जाना पहचाना जाए। **मतीन अहमद खान, मोहल्ला - नौशहरा, बलरामपुर**

**सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपना नाम मोहम्मद अमीन से बदलकर अमीन अंसारी रख लिया है अब मुझे इसी नाम से जाना एवं समझा जाए। **अमीन अंसारी पुत्र हज़रत अली निवासी ग्राम धुरियाकोट, पोस्ट तमकुहीराज, जिला कुशीनगर**

**सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपना नाम रमेश चन्द्र अग्रहरी से बदलकर रमेश चन्द्र रख लिया है अब मुझे इसी नाम से जाना एवं समझा जाए। **रमेश चन्द्र पुत्र बजरंगी लाल 360क, शेषपुर वार्ड नं 70 जिला गोरखपुर 273005**

**सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपना नाम तजमू से बदलकर ताज मोहम्मद रख लिया है अब मुझे इसी नाम से जाना एवं समझा जाए। **ताज मोहम्मद पुत्र करीमन ग्राम चैनपट्टी गगलहवा, पोस्ट पटहेरवा, जिला कुशीनगर**

**सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपना नाम कन्हैया से बदलकर कन्हैया चौधरी रख लिया है अब मुझे इसी नाम से जाना एवं समझा जाए। **कन्हैया चौधरी पुत्र वासुदेव निवासी ग्राम व पोस्ट ठूठीबारी, जिला महराजगंज 273305**

**सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपना नाम रूही नितेश यादव से बदलकर रूही यादव रख लिया है अब मुझे इसी नाम से जाना एवं समझा जाए। **रूही यादव पुत्री नितेश यादव ग्राम पंडित का नगवा, पोस्ट गगहा, जिला गोरखपुर**


Video Recto Scope

The Ano-Rectal Clinic
अत्याधुनिक विधि द्वारा गुदाद्वार में होने वाली बीमारियों का परीक्षण
Dr. Sanjay Kumar Yadav
M.S. (Ano-Rectal Surgeon)
लेज़र विधि एवं DGHAL विधि द्वारा बवासीर (Piles) भगन्दर (Fistula) एवं गुदाद्वार में होने वाली अन्य बीमारियों का उचित* इलाज
क्लीनिक का पता एस-80, गोल चौराहा, महानगर कोतवाली के सामने, महानगर, लखनऊ | www.anorectalclinic.com | 7388913338, 8005423919





**22वां रोजा**

**शिया**
सहरी : 04.28 बजे
इफ्तार : 06.28 बजे

**सुन्नी**
सहरी : 04. 25 बजे
इफ्तार : 06.21 बजे

नोट : रोजेदारों की सुविधा के लिए सहरी का समय एक दिन आगे का दिया जा रहा है।

# मतदाता सूची में गड़बड़ी पर होगी सख्त कार्रवाई : डीएम

## जिला निर्वाचन अधिकारी ने की मतदान करने की अपील, 19 मई तक घर-घर मतदाता पर्ची पहुंचाने के लिए बीएलओ व सुपरवाइजर को दिए निर्देश

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर।


अधिकारियों को जानकारी देते जिला निर्वाचन अधिकारी अविनाश सिंह।

**अमृत विचार।** जिला निर्वाचन अधिकारी अविनाश सिंह की अध्यक्षता में सोमवार को महामाया राजकीय एलोपैथिक मेडिकल कॉलेज सद्दरपुर टांडा के ऑडिटोरियम हाल में विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र अकबरपुर के बीएलओ, सुपरवाइजर और समस्त सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों के साथ बैठक का आयोजन किया गया।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने बीएलओ, सुपरवाइजर और समस्त सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों से लोकसभा चुनाव की तैयारियों के बारे में जानकारी हासिल किया। जिला निर्वाचन अधिकारी ने 19 मई तक घर-घर मतदाता पर्ची पहुंचाने के लिए बीएलओ और सुपरवाइजर को निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि मतदाता सूची को त्रुटि पूर्ण बनाया जाए। इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। अन्यथा की दशा में सख्त कार्रवाई की जाएगी। बैठक के दौरान समस्त बीएलओ को बताया कि 26 अप्रैल तक फॉर्म 6 प्राप्त किए जा सकते है। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बीएलओ, सुपरवाइजर और समस्त सहायक निर्वाचन रजिस्ट्रीकरण अधिकारी को निर्देशित किया कि भारत निर्वाचन आयोग के दिए गए निर्देशों का अक्षशः पालन सुनिश्चित करें। बैठक के दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी ने निर्देशित किया कि मतदान से पूर्व सेक्टर, जोनल मजिस्ट्रेट बूथों का निरीक्षण कर मूलभूत सुविधाएं हेल्प डेस्क, साइनेज लगवाया जाए। उन्होंने प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में 50 मॉडल बूथ जिसमें पिक बूथ, युवा बूथ और दिव्यांग बूथ बनाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने निर्देश दिया कि जहां पर वोटिंग परसेंटेज कम है वहां पर मीटिंग करके बीएलओ के माध्यम घर-घर लोगों को जागरूक करें। 85 वर्ष से अधिक उम्र और 40 प्रतिशत से अधिक दिव्यांग जो पोलिंग बूथ तक जाने में असमर्थ हैं।

### ऐप पर लगा सकते हैं फोटो और वीडियो

जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि सी विजिल ऐप के माध्यम से केवल मौके की फोटो व वीडियो, आडियो लगाई जा सकती है। इस प्रकार अगर कोई लोकसभा प्रत्याशी आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन करता है तो कोई भी व्यक्ति इस ऐप के माध्यम से शिकायत कर सकता है। शिकायतकर्ता की पहचान गोपनीय रखी जाएगी। वहीं यदि शिकायत सही मिलती है तो 100 मिनट के अंदर कार्रवाई की जाएगी। बैठक के दौरान उप जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. सदानंद गुप्ता, उप जिलाधिकारी, जिला सूचना अधिकारी और संबंधित अधिकारी और कर्मचारी मौके पर उपस्थित रहे।

### पिस्तौल लहराने और धमकी देने के मामले में तीन पर केस

**जलालपुर, अंबेडकरनगर। अमृत विचार।** पिस्तौल लहराने और गाली देने के मामले में पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर तीन लोगों की खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। मामला जैतपुर थाना क्षेत्र के बिछैला गांव का है। पीड़िता रीना सिंह ने पुलिस को तहरीर देते हुए बताया कि संदीप सिंह, राज सिंह और भोले सिंह गांव निवासी मनबढ़ और दबंग किस्म के हैं। जो 31 मार्च को शाम 5 बजे अपनी चार पहिया वाहन से मेरे दरवाजे पर गाड़ी खड़ी कर लाठी डंडा, पिस्तौल लहराते हुए गालियां देते हुए मारने के लिए दौड़ा लिए। किसी तरीके से अपनी जान बचाने के लिए घर में घुस गई। यह सभी घर में घुसकर तोड़फोड़ करने लगे। मौका पाकर मैं पड़ोसी के घर में भाग कर अपनी जान बचाई। विपक्षी पिस्तौल लहराते हुए जान से मारने की धमकी देते हुए चले गए। पुलिस ने पीड़िता रीना सिंह की तहरीर पर तीन लोगों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है।

### विवाद सुलझाकर साथ रहने को राजी हुए जोड़े

**जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर। अमृत विचार।** मिशन शक्ति अभियान के तहत अहिरौली थानाध्यक्ष विवेक कुमार और महिला हेल्प डेस्क पर नियुक्त हेल्प डेस्क कर्मी द्वारा पति-पत्नी के मध्य पारस्परिक परिवारिक विवाद को सुलझाकर उन्हें साथ रहने लिए राजी किया गया। महिला हेल्प डेस्क पर नियुक्त पुलिस कर्मी के प्रयास से पति-पत्नी के एक वैवाहिक जोड़े जिनके बीच चल रहे पारस्परिक परिवारिक विवाद से संबंधित समस्याओं को सुना गया और उनकी समस्याओं को सुलझाते हुए पति-पत्नी को एक साथ रहने के लिए समझाया गया। जिसके बाद जोड़े आपस में एक साथ रहने के लिए राजी हो गए।

## एक नजर

### राजीव बने कांग्रेस के जिला महासचिव



**आलापुर, अंबेडकरनगर।** जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा जिला महासचिव पद पर राजीव कुमार गुप्ता को मनोनीत किया गया है। राजीव हुसैनपुर मुसलमान विकास खंड रामनगर के निवासी हैं। कांग्रेस कमेटी के जिलाध्यक्ष ने राजीव को जिला महासचिव पद पर मनोनीत करते हुए बड़ी जिम्मेवारी सौंपी है। राजीव ने कहा कि पार्टी शीर्ष नेतृत्व ने हम पर भरोसा करते हुए जो भी जिम्मेदारी दी है उस पर खरा उतरने का प्रयास करूंगा।

### वांछित अभियुक्त को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर। अमृत विचार।** थाना अलीगंज पुलिस टीम ने एक वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। मुखबिर की सूचना के आधार पर थाना अलीगंज पुलिस टीम ने सम्हरिया चैराहे से एक युवक को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए युवक से उसका नाम पता पूछते हुए जामा तलाशी ली गई तो उसने अपना नाम संदीप कुमार तिवारी पुत्र दुर्गा प्रसाद तिवारी निवासी पोस्ट लहुरादेवा थाना खलीलाबाद जनपद संतकबीर नगर बताया है। पुलिस ने वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

### दुष्कर्म का आरोपी पुलिस के हत्थे चढ़ा

**जलालपुर, अंबेडकरनगर। अमृत विचार।** दुष्कर्म आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। मामला मालीपुर थाना क्षेत्र के एक गांव का है, जो एक सप्ताह पूर्व घटित हुई थी। थाना क्षेत्र की एक महिला ने आरोपी राम भवन निवासी गुवावा जमालपुर थाना मालीपुर के विरुद्ध तहरीर देते हुए लिखा था कि आरोपी राम भवन पिछले सप्ताह शाम को जब घर में कोई नहीं था घर में घुस गया और मेरे साथ जबरिया दुष्कर्म किया। तहरीर पर स्थानीय थाना में राम भवन के खिलाफ दुष्कर्म की धारा में मुकदमा दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी गई थी। जिसमें आरोपी वांछित चल रहा था। पुलिस ने सोमवार को थाना क्षेत्र के लहुरीनगर तिराहे के पास से उसे गिरफ्तार करते हुए जेल भेज दिया है। क्षेत्राधिकार देवेंद्र कुमार मौर्या ने बताया कि वांछित आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

# जिम्मेदारियों का गंभीरता पूर्वक से पालन करें विभाग : जिलाधिकारी

## जिलाधिकारी ने की दस्तक अभियान की शुरूआत, वितरित की जाएंगी निशुल्क दवाएं


डीएम ने संचारी दस्तक अभियान के तहत अधिकारियों, कर्मचारियों को दिलाई शपथ।


अभियान को हरी झंडी दिखाते डीएम अविनाश सिंह व साथ में सीएमओ डॉ. राजकुमार।

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर।

**अमृत विचार।** जनपद के कलेक्ट्रेट परिसर से सोमवार को संचारी दस्तक अभियान का जिला अधिकारी अविनाश सिंह ने शुभारंभ किया। जिलाधिकारी ने उपस्थित अधिकारियों, कर्मचारियों, आशा, एएनएम, आगनवाड़ी कार्य कत्रियों को शपथ दिलाई और हरी झंडी दिखाते हुए रैली व संबंधित विभाग की गाड़ियों को फ्लैग ऑफ कर रवाना किया। रैली रवाना करने से पूर्व जिलाधिकारी ने सभी उपस्थित अधिकारियों, कर्मचारियों को अपने कार्यक्रम के प्रति अपने उत्तरदायित्वों का सफलता पूर्वक निर्वहन करने के लिए निर्देशित किया।

उन्होंने कहा कि सभी विभाग अपनी-अपनी जिम्मेदारियों का गम्भीरता पूर्वक पालन करें। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. राज कुमार ने बताया कि 10 से 30 अप्रैल तक दस्तक अभियान में आशा और आंगनबाड़ी घर-घर जाकर बुखार के रोगियों, इन्फ्लूएन्जा लाइक इलनेस, टीबी, फाइलेरिया के रोगियों और कुपोषित बच्चों की सूचना एकत्रित करेंगी। जिसे वह संबंधित मुख्यालय पर सीएचओ और एएनएम के माध्यम से उपलब्ध कराएंगी। रोगियों के उपचार की जिम्मेदारी संबन्धित मुख्यालय की होगी। अभियान के दौरान आशाएं मच्छर के प्रजनन स्थल स्रोतों विनष्टीकरण कराते हुए मच्छर जनित रोगों से बचने के उपाय, साफ-सफाई और क्लोरीनेशन डेमो का कार्य करेगी। जिला मलेरिया अधिकारी डॉ. नवनिधि मिश्रा ने बताया कि मंगलवार को मेडिकल कॉलेज में भी संचारी व दस्तक अभियान की जागरूकता रैली प्राचार्य, डाक्टर्स, स्टाफ और छात्रों के साथ मिलकर निकाली जाएगी। फ्लैग ऑफ के समय अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. मंसूर हसन सिद्दिकी, उपमुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. संजय वर्मा, डॉ. गौतम कुमार मिश्रा, जिला मलेरिया अधिकारी डॉ. नवनिधि मिश्रा, डीएमसी यूनीसेफ आरती यादव, नगरपालिका, महिला बाल विकास विभाग, मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय और जिला मलेरिया अधिकारी कार्यालय के अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित थे।

### दीमागी बुखार के रोगियों में आयी कमी

अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी वीबीडी डॉ. मंसूर हसन सिद्दिकी ने बताया कि शासन के निर्देशों के अनुसार सभी विभाग अपने विभाग द्वारा की जा रही कार्यवाही का निरीक्षण और पर्यवेक्षण स्वयं भी करेंगें। जिससे कि गतिविधियों की गुणवत्ता बढ़े और कार्यक्रम का उद्देश्य पूर्ण हो सके। स्वास्थ्य विभाग इस कार्यक्रम का नोडल है। सभी सूचनाएं एकत्रित करते हुए ई-कवच पोर्टल पर राज्य मुख्यालय को प्रेषित की जाएंगी। पिछले वर्षों में मष्तिस्क ज्वर के रोगियों मे जनपद स्तर पर काफी कमी आयी है और लोगों मे जागरूकता भी बढ़ी है।

# सड़क हादसे में बाइक सवार शिक्षक की मौत

जलालपुर, अंबेडकरनगर।


हादसे के बाद मौके पर मौजूद लोग।

**अमृत विचार।** विद्यालय से बाइक से अपने घर जा रहे शिक्षक को तीव्र गति से जा रही चार पहिया वाहन ने जोरदार टक्कर मार दिया। जिससे शिक्षक गंभीर रुप से घायल हो गया। जिसे इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया जहां पर डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। हादसे में हुए शिक्षक के निधन पर क्षेत्र मे शोक की लहर व्याप्त है।

अकबरपुर कोतवाली क्षेत्र के बढ़ईपुर जाफरगंज निवासी अशोक यादव 36 वर्ष मालीपुर थाना क्षेत्र के कंपोजिट विद्यालय सैरपुर उमरन में सहायक अध्यापक के पद पर तैनात थे। वह सोमवार को स्कूल बंद होने के बाद अपने बाइक से घर जा रहे थे तभी तीव्र गति से आ रही चार पहिया वाहन मालीपुर थानाक्षेत्र के सैदपुर भीतरी गांव के निकट जोरदार टक्कर मारते हुए पलट गई। मौका पाकर चालक गाड़ी छोड़कर फरार हो गया। मौके पर पहुंचे लोगों ने घायल शिक्षक को जिला अस्पताल भेजवाया। जहां पर डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। शिक्षक के निधन पर शिक्षक संघ जिला अध्यक्ष राघवेंद्र शुक्ला, सुरेंद्र देव पांडे, अनिल कुमार, मोहम्मद हसन आदि ने गहरा दुख व्यक्त किया है। क्षेत्राधिकार देवेंद्र कुमार मौर्य ने बताया कि चार पहिया वाहन पर महाराष्ट्र का नंबर अंकित है। गाड़ी को थाने लाया गया है। अन्य कार्रवाई की जा रही है।

अब घर बैठे आपके ज़ीवन की जटिल समस्याओं का 100% पक्का समाधान
फ्री सलाह
अभी फोन करें :
GURU AADIL JI
9717810465
1% विश्वास आप करें
99% विश्वास हम बनाएंगे
स्पेशलिस्ट – प्रेम विवाह, पति–पत्नी में अनबन, दुश्मनों से छुटकारा, कारोबार में रुकावट, मनचाहा प्यार, रूठे प्रेमी को मनाना, वशीकरण आदि।


अभियान को हरी झंडी दिखाते उपजिलाधिकारी सुभाष सिंह।

### जनपद में 1 से 30 अप्रैल तक चलेगा दस्तक अभियान

**जलालपुर, अंबेडकरनगर। अमृत विचार।** नगर स्थित महिला अस्पताल के प्रांगण में उप जिलाधिकारी द्वारा संचारी और दस्तक अभियान का शुभारंभ किया गया। उक्त अवसर पर उप जिलाधिकारी सुभाष सिंह ने कहा कि यह संचारी व दस्तक अभियान 1 अप्रैल से प्रारंभ होकर 30 अप्रैल तक चलेगा। अभियान में जो भी लोग लगाए गए हैं वह अपना उत्तरदायित्व बखूबी निभाएं, अन्यथा उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। मौजूदा समय मच्छरों का सीजन है। उक्त अवसर पर अधीक्षक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जलालपुर डॉ. जयप्रकाश ने कहा कि लोग स्वच्छ जल का प्रयोग करें। अपने अगल-बगल जो भी झाड़ियां हो उसको साफ करवा दें। उक्त अवसर पर स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी अनिल त्रिपाठी ने कहा कि जो भी नालियां खुली हुई हो उसको ढक दिया जाए। इस मौके पर रविशंकर पटेल, मनोज यादव, आंगनबाड़ी, आशाबहू समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

# सीडीओ ने कम मतदान वाले बूथ को लिया गोद

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर।


मतदाताओं का माल्यार्पण कर उन्हें सम्मानित करते सीडीओ अनुराज जैन।

**अमृत विचार।** मुख्य विकास अधिकारी अनुराज जैन ने सुपर 100 मतदेय स्थल जहां पर लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2019 में मतदान प्रतिशत न्यूनतम था के माध्यम से विधानसभा अकबरपुर में लोकसभा चुनाव में सबसे कम मतदान प्रतिशत वाले कम्पोजिट विद्यालय सिझौलिया के बूथ संख्या 63/59 जिसका मतदान प्रतिशत 44.67 रहा है, मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए गोद लिया गया है।

सोमवार को मुख्य विकास अधिकारी ने उक्त ग्राम पंचायत में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए ग्राम वासियों के साथ बैठक किया। उपस्थित ग्राम वासियों से मतदान प्रतिशत कम होने की जानकारी ली गई। ग्राम वासियों ने बैठक में बताया कि इस ग्राम पंचायत के लगभग 50 प्रतिशत निवासी बाहर रहते हैं। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी ने अपील किया कि जिस भी परिवार के लोग बाहर रहते हैं, उन्हें मतदान दिवस 25 मई को मतदान के लिए अवश्य बुलाएं। जिससे कि मतदान प्रतिशत बढ़ाया जा सके। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी ने बुजुर्ग महिला और पुरुष मतदाताओं को माल्यार्पण करते हुए उन्हें सम्मानित किया। इब्तिशा मरियम जो प्रथम बार की दिव्यांग मतदाता हैं उन्हें बुकें देकर मुख्य विकास अधिकारी ने सम्मानित किया।

बच्चों का चश्मा हटाए
GLYTERVEX- M EYE DROP उपयोग करें
जन कल्याण आँख का अस्पताल
ए- 1040, इन्दिरा नगर लखनऊ
मायोपिया विभाग के रिसर्च यूनिट के सहयोग व मार्गदर्शन में
स्टॉकिस्ट - जे० वी० फार्मा, मो0: 9452245400, के० एस० फार्मा, मो0: 9453028384, अमीनाबाद लखनऊ
इस विज्ञापन की पाँच प्रति/कटिंग लाने पर एक व्यक्ति की परामर्श शुल्क (Consultation fee) निःशुल्क

प्रवेश प्रारम्भ
प्रवेश प्रारम्भ
वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय
वरुण अर्जुन कॉलेज ऑफ नर्सिंग
उत्तर प्रदेश मेडिकल फैकल्टी से मान्यता प्राप्त
बी.एस.सी. नर्सिंग
(4 वर्षीय डिग्री कोर्स)
शैक्षिक योग्यता : इण्टरमीडिएट साइंस (बायोलॉजी) के साथ
पोस्ट बेसिक नर्सिंग
(2 वर्षीय कोर्स, योग्यता जी.एन.एम. पास आउट)
जी.एन.एम.
(3 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
ए.एन.एम.
(2 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
मो. 9412151327, 7521001992
पता
वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड हॉस्पिटल
NH-24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर

## शहादत दिवस

### जनपद भर में मातमी जुलूस निकाल कर मौलाए कायनात हजरत अली के प्रति अर्पित की गई श्रद्धांजलि

# जालिम ने पहली शम्मे इमामत बुझा दिया

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर।


इमामबाड़ा मीरानपुर से निकले जुलूस में मातम करते हुए अंजुमन अकबरिया के लोग।

**अमृत विचार।** दामादे पैगम्बर मौला अली के शहादत दिवस 21 रमजान पर सोमवार को अली अली हाये अली के गगनभेदी नारों के साथ जनपद भर में मातमी जुलूस निकाल कर मौलाए कायनात हजरत अली के प्रति श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस बीच जिला प्रशासन की ओर से सुरक्षा के व्यापक प्रबंध रहे। संबंधित नगर पालिका परिषदों की तरफ से जुलूस मार्गों पर साफ-सफाई व चूना छिड़काव किया गया था।

जिला मुख्यालय अकबरपुर के मोहल्ला मीरानपुर से अंजुमन अकबरिया के नेतृत्व में अलस्सुबह जुलूस निकल कर फात्मेन-करबला पहुंच कर समाप्त हुआ। इस बीच असरार, रजा अनवर, सादिक हुसैन, इमरान ए काजिम आदि ने हसनैन रोके कहते थे हाए गजब हुआ, जालिम ने पहली शम्मे इमामत बुझा दिया नौहा पढ़ कर वातावरण को शोकपूर्ण कर दिया। सर्वप्रथम मौलाना अकबर अली वायज जलालपुरी ने बड़े इमामबाड़े में लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि मौला अली की हुकूमत में किसी के साथ जुल्म और ज्यादती नहीं हुई। हजरत अली का जन्म पवित्र खान, काबा में 13 रज्जब 24 हिजरी पूर्व यानी 17 मार्च 600 में हुआ था। जबकि शहादत सन् 40 हिजरी के रमजान माह की 21 तारीख को इराक के कूफा शहर में हुई। 19वीं रमजान की सुबह मस्जिद में नमाज पढ़ते समय अब्दुर्रहमान इब्ने मुलजिम ने जहरबुझी तलवार से हमला किया था। जुलूस कार्यक्रम में हुसैन अस्करी नकवी एडवोकेट, सरवर हुसैन, रेहान जैदी, जियो, अलमदार, समीर, इफ्तेखार, सिरताज अली, फजल अब्बास, जौन सहित सैकड़ों लोग मौजूद थे।

### हजरत अली ने इस्लाम को घर-घर तक पहुंचाया : नदीम


कटघर मूसा में हजरत अली का ताबूत बरामद करते हुसैनी कमेटी के सदस्य। अमृत विचार

**जलालपुर, अंबेडकरनगर। अमृत विचार।** पैगंबर-ए-इस्लाम हजरत मोहम्मद साहब के दामाद, मुसलमानों के चौथे खलीफा और शिया समुदाय के पहले इमाम हजरत अली अलैहिस्सलाम की शहादत दिवस के मौके पर जलालपुर तहसील क्षेत्र के कटघर मूसा गांव स्थित इमामियां मस्जिद में मजलिस का आयोजन किया गया। बाद में मजलिस मौला-ए-कायनात हजरत अली का ताबूत बरामद हुआ। जिसमें अंजुमन गुंचा-ए-हुसैनी के सदस्यों ने नौहाख्वानी करते हुए या अली मौला, हैदर मौला की सदाएं बुलंद की। 21वीं रमजान यानी हजरत अली के शहादत के मौके पर सोमवार की सुबह नमाज-ए-फज्र के बाद नैयर अब्बास के इमामबाड़े में मजलिस बरपा हुई। मजलिस को संबोधित करते हुए मौलाना सैयद नदीम हैदर ने कहा कि हजरत अली ने इस्लाम को घर-घर तक पहुंचाने में अहम योगदान दिया। मौलाना ने मौला अली की शहादत बयां किया जिसे सुनकर लोगों ने आंखे नम हो गई। आखिर में हुसैनी कमेटी के सदस्यों ने अंजुमन गुंचा-ए-हुसैनी के सिक्रेट्री अजादार हुसैन के नेतृत्व में मौला अली के ताबूत को गांव स्थित कर्बला में लेजाकर जुलूस का समापन किया।

## एक नजर

### सीडीओ ने तीन बच्चों को किया पुरस्कृत



बच्ची को पुरस्कृत करतीं सीडीओ।

**गोंडा कार्यालय, अमृत विचार :** सीडीओ अरुन्मौली ने पीएम श्री लव्वा टपरा का निरीक्षण किया। बच्चों को नि शुल्क पाठ्य पुस्तक वितरित कर नए शैक्षिक सत्र की शुरुआत की। प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त बालक बालिकाओं को पुरस्कृत किया। खंड शिक्षा अधिकारी राम खेलवन सिंह, खंड विकास अधिकारी विजय कांत मिश्र, सहायक विकास अधिकारी गिरजेश पटेल सहित अन्य लोग रहे।

### खंड शिक्षा अधिकारी ने बच्चों को बांटीं पुस्तकें

**रुपईडीह, अमृत विचार :** ब्लॉक के खंड शिक्षा अधिकारी मनीष कुमार सिंह ने प्राथमिक विद्यालय बालक राम पुरवा मे सभी कक्षाओं मे उत्तीर्ण छात्र–छात्राओं को अंक पत्र व किताब वितरित किया। एआरपी चंद्रशेखर तिवारी, मुख्य शिक्षक संकुल नंदकिशोर, विद्यालय के प्रधानाध्यापक धर्मराज मौर्य, धर्मेंद्र पटेल, अनिल कुमार, मनोज व विनोद कुमार उपस्थित रहे।

### भवनियापुर उपाध्याय में बालाजी का भंडारा आज

**रुपईडीह, अमृत विचार :** ब्लॉक की ग्राम पंचायत भवनियापुर उपाध्याय में कल बालाजी के भंडारे का कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। ग्राम प्रधान संजय कुमार सोनी ने बताया कि इस कार्यक्रम को सफल बनाए जाने के लिए तैयारियां पूरी कर ली गई है।

# विद्यालयों में रोली-चंदन के टीके से हुआ नौनिहालों का स्वागत

## नए शैक्षिक सत्र का हुआ आगाज, पहले दिन ही किताब पाकर गदगद हुए विद्यार्थी, कई स्कूलों में अभिभावकों ने बच्चों का कराया नामांकन



प्राथमिक विद्यालय कौरहे में प्रवेशोत्सव कार्यक्रम की शुरुआत करते डॉयट प्राचार्य।



नवाबगंज के प्राथमिक विद्यालय महेशपुर में बच्चों का स्वागत करतीं शिक्षिकाएं।



छात्रा को टीका लगाती प्रियंका श्रीवास्तव।



प्राथमिक विद्यालय सिकटिहवा में बच्चों का स्वागत करतीं शिक्षिकाएं।

कार्यालय संवाददाता, गोंडा

**अमृत विचार:** सोमवार से स्कूलों के नए शैक्षिक सत्र का आगाज हुआ। सत्र के पहले दिन स्कूलों में शिक्षकों ने रोली चंदन का टीका लगाकर नौनिहालों का स्वागत किया। मुजेहना के प्राथमिक विद्यालय कौरहे में डॉयट प्राचार्य अतुल तिवारी ने नए सत्र में प्रवेशोत्सव कार्यक्रम का शुभारंभ किया। सत्र के पहले दिन कई स्कूलों में बच्चों का नामांकन किया गया और उन्हे किताबें वितरित की गयी। सत्र के पहले दिन किताब मिलने से बच्चे गदगद नजर आए।

सोमवार से स्कूलों के नए शैक्षिक सत्र की शुरूआत हो गई। स्कूलों में नए शैक्षिक सत्र को लेकर प्रवेशोत्सव का आयोजन हुआ। डॉयट प्राचार्य अतुल तिवारी ने मुजेहना के प्राथमिक विद्यालय कौरहे में प्रवेशोत्सव कार्यक्रम का शुभारंभ किया। सत्र के पहले दिन पांच नए बच्चों का नामांकन किया गया। डायट प्राचार्य व खंड शिक्षा अधिकारी हेमलता त्रिपाठी ने बच्चों का स्वागत किया। कार्यक्रम में पिछले सत्र के बच्चों को परीक्षाफल का वितरण भी किया गया। इस मौके पर डायट प्रवक्ता ज्ञान बहादुर, एसआरजी कमलेश पांडेय, स्कूल के प्रधानाध्यपक शरद कुमार सिंह समेत अन्य मौजूद रहे।



बच्चे का स्वागत करती शिक्षिका।



छात्रा को टीका लगातीं शिक्षिका।

कंपोजिट विद्यालय छावनी सरकार में बीएसए प्रेमचंद यादव व स्कूल की प्रधानाध्यापक रीता मिश्रा ने बच्चों को पुस्तकों का वितरण किया। नवाबगंज के प्राथमिक विद्यालय महेशपुर में संकुल शिक्षिका कल्पना तिवारी व स्कूल की प्रधानाध्यापक वंदना पटेल ने नव प्रवेशी बच्चों को रोली चंदन का टीका लगाकर उनका स्वागत किया और उपहार देकर उन्हे नियमित रूप से स्कूल आने के लिए प्रोत्साहित किया। इस दौरान विद्यालय के अन्य शिक्षक वर्षा त्रिपाठी, माधवी सिंह, पूनम यादव अनिल प्रजापति व रिंकू यादव भी उपस्थित रहे।

प्राथमिक विद्यालय सिकटिहवा में शिक्षिकाओं ने बच्चों का टीका लगाकर स्वागत किया। करनैलगंज के प्राथमिक विद्यालय भंभुवा द्वितीय में प्रभारी प्रधानाध्यापक प्रियंका श्रीवास्तव मिश्रा, सौम्या सिंह, शिवांगी, पवन कुमार आदि ने छात्रों का स्वागत कर उन्हें सम्मानित किया।

झंझरी ब्लॉक के प्राथमिक विद्यालय परसापुर में शिक्षिका मनु पांडेय रूबी खानम ने नए प्रवेशी बच्चों को रोली और टीका लगाकर विद्यालय में प्रवेश प्रारंभ किया। एआरपी मोहम्मद अनीस ने अभिभावकों को अपने बच्चों को नियमित रूप से स्कूल भेजने के लिए प्रेरित किया। प्राथमिक विद्यालय लोहारा जोत के प्रधानाध्यापक रईस अहमद के साथ एआरपी मोहम्मद अनीस व राहुल देव वर्मा ने निशुल्क पुस्तक का वितरण कराया। ब्लाक के राधे पुरवा, पूरे तिवारी, गोपियापुर, कलंदर पुर, गंगापुर, मांदे व गलबा पुर में भी नए शिक्षा सत्र पर बच्चों का स्वागत किया गया।



स्कूल में बेटियों का माला पहनाकर स्वागत किया गया। अमृत विचार

### सत्र के पहले दिन बेटियों का फूल-मालाओं से किया स्वागत

**बेलसर, अमृत विचार :** विकासखंड बेलसर क्षेत्र के आजाद नगर स्थित राज नरायन राम गनेश इंटर कॉलेज आजाद नगर में 2024– 25 शिक्षा सत्र के पहले दिन सोमवार को बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के नारे से सीख लेकर प्रधानाचार्य विमलेश शुक्ला ने कॉलेज के 21 छात्राओं को माला पहनकर स्वागत किया। और आगे बढ़ाने के लिए मूल मंत्र दिया। विद्यालय प्रबंधक डॉक्टर किशोर कुमार तिवारी इस सराहनीय कार्य से काफी खुश नजर आए। उन्होंने कहा कि समाज में अच्छी शिक्षा से कॉलेज का नाम रोशन हो रहा है। इसके लिए क्षेत्र वासियों का हृदय से आभार है। विद्यालय में अंशिका, आराध्या मिश्रा, हिमांशी चौहान, लवी दुबे, अलपा तिवारी, अलीजा, पूनम, तेजस्वी, प्रिंसी, यशस्वी समेत करीब दो दर्जन छात्राओं का माला पहनाकर स्वागत किया गया। इस अवसर पर अध्यापिका अनीता शुक्ला, रोली मिश्रा, कंचन उपाध्याय, सीमा मिश्रा, अनीता तिवारी, अयोध्या प्रसाद प्रजापति एवं चंद्रप्रकाश श्रीवास्तव आदि लोग मौजूद रहे।

### नव प्रवेशी बच्चों का किया गया अभिनंदन



बच्चों का स्वागत करते शिक्षक व शिक्षिकाएं। अमृत विचार

**बेलसर, अमृत विचार :** बेलसर के पीएम श्री स्कूल लव्वा टपरा में निशुल्क पाठ्य पुस्तक वितरित कर नए शैक्षिक सत्र की शुरुआत हुई। कंपोजिट विद्यालय पूरे मोहन में प्रवेश उत्सव का आयोजन किया गया। कक्षा एक में पांच नए बच्चों को प्रवेश दिया गया। कक्षा एक में लड़ी, गुब्बारे तथा झालरें लगाई गई। शिक्षिकाएं रंजना द्विवेदी, ममता श्रीवास्तव एवं पुष्पा चौहान ने रोली और चंदन से बच्चों का स्वागत किया। अक्षर ज्ञान के लिए कुछ किताबें लाकर करके बच्चों को बांटा गया। विद्यालय के प्रधानाध्यापक सुधीर कुमार सिंह, मंत्री प्राथमिक शिक्षक संघ बेलसर विजय कुमार चौहान, राम करन उपाध्याय, एजुकेट गर्ल्स से जसवंत लाल आर्य, अर्जुन वर्मा, अभिभावक में अशोक कुमार दुबे, चंद्रप्रकाश, राजकुमारी, शिवकली, माला देवी आदि उपस्थित रहे।

कम्पोजिट विद्यालय चांदपुर की प्रभारी प्रधानाध्यापिका सीमा सिंह ने बताया क़ि सूचना के बावजूद औसत उपस्थिति है। जो बच्चे आए हैं उनमें नए कक्षा कक्ष में बैठने व पुस्तकों को लेकर उत्साहित रहे। प्रथम दिवस ही कक्षा एक में नवीन प्रवेश की भी शुरुआत हुई जिसमें अर्जुन पुत्र राजित राम निवासी चाँदपुर का प्रवेश माँ ज्ञाना ने कराया। तीन चार व पाँच की पुस्तकें प्राप्त हो गई हैं। जिन्हें वितरित किया जा रहा है। शेष कक्षाओं के बच्चों को विगत वर्ष की जमा कराई गई पुस्तकों को वितरित कर शिक्षण कार्य आरम्भ किया गया है। प्रथम दिवस बच्चों को उनके पूर्व कक्षा व पूर्वज्ञान से जोड़ते हुए पुनर्वलन का कार्य कराया जा रहा है ताकि बच्चों को नई कक्षा की विषय वस्तु से जोड़ा जा सके। शिक्षक नेता राजेश कुमार शुक्ल सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# सीडीओ ने मछरहिया में लगाई चौपाल

## सड़क निर्माण की मांग को लेकर ग्रामीणों ने किया था चुनाव बहिष्कार का ऐलान

**बेलसर, अमृत विचार:** बेलसर ब्लाक के डिडिसिया कला गांव के मछरहिया के ग्रामीणों के मतदान बहिष्कार के ऐलान के बाद सोमवार को मुख्य विकास अधिकारी एम अरुन्मौलि गांव पहुंची और ग्रामीणों से बात की। सीडीओ ने गांव के स्कूल में चौपाल लगाकर ग्रामीणों की समस्या सुनी और उनके निराकरण का भरोसा दिलाया। सीडीओ ने कहा कि जल्द ही गांव में पक्की सड़क का निर्माण कराया जाएगा। सीडीओ ने सभी ग्रामीणों को शत प्रतिशत मतदान की शपथ दिलायी और ग्राम प्रधान को गांव में मतदाता जागरूकता अभियान चलाने का निर्देश दिया।



ग्रामीणों से बातचीत करतीं सीडीओ एम. अरुन्मौली। अमृत विचार

बेलसर ब्लाक के डिडिसिया कला गांव के मछरहिया गांव को जाने वाली सड़क पूरी तरह से जर्जर हो चुकी है। यह सड़क करीब 17 साल पहले बनवाई गयी थी। ग्रामीण इस सड़क की मरम्मत की मांग को लेकर कई बार नेताओं और अफसरों से फरियाद कर चुके हैं लेकिन सुनवाई नहीं हुई है। आक्रोशित ग्रामीणों ने पिछले दिनों सडक निर्माण की मांग को लेकर प्रदर्शन किया था और रोड नहीं तो वोट नहीं का पोस्टर लेकर मतदान बहिष्कार की चेतावनी दी थी। अमृत विचार ने ग्रामीणों की मांग को "रोड नहीं तो वोट नहीं, प्रदर्शन" शीर्षक से प्रमुखता से प्रकाशित किया था। खबर का संज्ञान लेकर मुख्य विकास अधिकारी एम अरुन्मौलि सोमवार को मछरहिया गांव पहुंची और ग्रामीणों से बात की। उन्होंने ग्रामीणों की समस्या सुनी और सड़क की मरम्मत कराने का भरोसा दिलाया। सीडीओ के समझाने को बाद ग्रामीणों ने चुनाव बहिष्कार की अपनी चेतावनी वापस ले ली। इसके बाग सीडीओ ने सभी को शत प्रतिशत मतदान की शपथ दिलायी। सीडीओ ने गांव के प्रधान को मतदाता जागरुकता अभियान चलाने का भी निर्देश दिया है।

## स्वीप शुभंकर स्पर्धाआयोजित

**करनैलगंज, अमृत विचार :** मतदाताओं को जागरूक करने एवं मतदान प्रतिशत बढ़ाने के उद्देश्य से सोमवार को नगर के कन्हैया लाल इंटर कालेज में स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत शुभंकर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रधानाचार्य मेजर राजाराम के निर्देशन में कालेज के हाल में आयोजित स्वीप शुभंकर प्रतियोगिता में छात्र-छात्राओं ने बढ़ चढ़कर प्रतिभाग किया। स्पर्धा में रौनक वैश्य ने प्रथम व आकाश वर्मा ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। संचालन अमित कुमार श्रीवास्तव ने किया। कार्यक्रम में डा. राजधारी सिंह, सत्येंद्र नाथ मिश्र, त्रियुगी नारायण द्विवेदी, राकेश वर्मा, रामचंद्र चौरसिया आदि रहे।

## मिड-डे-मील बनाते समय सिलेंडर में लगी आग, बड़ा हादसा टला

**दुबहा बाजार, अमृत विचार:** प्रावि में एमडीएम बनाते समय हादसा हो गया। स्कूल की रसोई घर में गैस सिलेंडर में अचानक आग लग गई जिससे अफरा-तफरी मच गई। हादसा सोमवार को कटरा बाजार विकास खंड के प्रावि भगहरिया भगवानपुर में हुआ। स्कूल में एमडीएम बन रहा था। विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक चंद्रशेखर तिवारी ने बताया कि रसोईघर में रसोइया जगपता, शिवलली व मुन्ना खाना बना रही थी इसी बीच रसोई घर में रखे गैस सिलेंडर में अचानक आग लग गई। आग देखकर रसोइयों ने चीखना चिल्लाना शुरू किया। उनकी चीख सुनकर स्कूल के अध्यापक भाईलाल कनोजिया,



संजय वर्मा व कमलेश तिवारी दौड़कर रसोई घर पहुंचे और किसी प्रकार ग्रामीणों के सहयोग से आग पर काबू पाया। आग बुझाने में प्रभारी प्रधानाध्यापक चंद्रशेखर तिवारी का चेहरा भी आंशिक रूप से झुलस गया। गनीमत यह थी कि घटना के समय वहां आसपास स्कूल के बच्चे नहीं थे अन्यथा बड़ा हादसा हो सकता था।

## नकली पिस्तौल दिखाकर गांठ रहा था रौब, गिरफ्तार

**गोंडा कार्यालय, अमृत विचार:** नकली पिस्टल लेकर लोगों पर रौब गालिब करना एक युवक को महंगा पड़ गया। पुलिस ने जांच की तो युवक के पास से लाइटर गन बरामद हुई। मामले में पुलिस ने युवक के खिलाफ केस दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया है। नवाबगंज थाना प्रभारी मनोज कुमार राय के मुताबिक पुलिस को सूना मिली थी कि थाना क्षेत्र के दुर्गागंज माझा गांव का रहने वाला एक युवक पिस्टल लेकर लोगों पर रौब गांठ रहा है। पुलिस ने युवक के दबोच लिया। तलाशी के दौरान युवक के पास से लाइटर गन बरामद हुई।

# मानदेय व ईपीएफ की मांग को लेकर प्रदर्शन

गोंडा कार्यालय

**अमृत विचार:** गांव के विकास में कंधे से कंधा मिलाकर अपना योगदान दे रहे ग्राम रोजगार सेवक मानदेय न मिलने से हलकान है। परस्पर ब्लाक में कार्यरत रोजगार सेवकों को 8 महीने से मानदेय नहीं मिला है। मानदेय न मिलने से होली का त्योहार भी फीका ही रहा। आरोप है सरकार की तरफ से मानदेय देने के लिए बजट आवंटन के बावजूद अधिकारी कर्मचारी जानबूझकर रोजगार सेवकों को मानदेय नहीं दे रहे हैं। आक्रोशित रोजगार सेवकों ने सोमवार को मुजेहना ब्लाक कार्यालय पर प्रदर्शन किया और बीडीओ को ज्ञापन देकर मानदेय व ईपीएफ भुगतान की मांग की।



मुजेहना ब्लॉक पर प्रदर्शन कर बीडीओ को ज्ञापन देते ग्राम रोजगार सेवक।

मुजेहना ब्लाक के ग्राम रोजगार सेवकों का कहना है कि गांव के विकास कार्यों के क्रियान्वयन और निगरानी के साथ साथ रोजगार सेवकों से बीएलओ, अंत्योदय मिशन, सर्वे व चुनावों के दौरान कैमरामैन जैसे कार्य लिए जा रहे हैं लेकिन उन्हे मानदेय का भुगतान नहीं किया जा रहा है। अफसर जानबूझकर मानदेय मद का पैसा दूसरे कार्यों में इस्तेमाल कर रहे हैं। पिछले 8 महीने से रोजगार सेवकों को मानदेय नहीं दिया गया है। मानदेय न मिलने से रोजगार सेवकों का परिवार भुखमरी को कगार पर पहुंच गया है। कई बार इसके लिए अफसरों से फरियाद की गयी लेकिन अफसर जानबूझकर मानदेय नहीं दे रहे हैं। ग्राम रोजगार सेवकों का मानदेय ही नहीं उनके ईपीएफ के पैसे पर भी अफसर कुंडली मारकर बैठे हैं। आरोप है कि अधिकारी ईपीएफ का पैसा भी उनके खातों में नहीं भेज रहे हैं। नाराज रोजगार सेवकों ने ब्लाक कार्यालय के गेट पर प्रदर्शन किया और नारेबाजी की। इसके बाद खंड विकास अधिकारी को ज्ञापन सौंपकर मानदेय भुगतान की मांग की। इस दौरान चंद्रेश्वर शरण तिवारी, कुंवर बहादुर, नरेंद्र कुमार तिवारी, मुजाबुल्लाह, अब्दुल रहीम, श्याम नरायन, ओमप्रकाश समेत बड़ी संख्या में रोजगार सेवक मौजूद रहे।

### मानदेय की मांग को लेकर सीएम को भेजा पत्र

**परसपुर, अमृत विचार :** बकाया मानदेय भुगतान की मांग को लेकर परसपुर ब्लाक के ग्राम रोजगार सेवकों ने मुख्यमंत्री को पत्र भेजकर मानदेय का भुगतान कराने की गुहार लगायी है। रोजगार सेवक बृजेश कुमार शुक्ल, मुकेश कुमार, राम प्रकाश, प्रवीण कुमार सिंह, अजीत पांडेय, पवन कुमार, विपुल कुमार सिंह, सुनील कुमार समेत अन्य का कहना है कि पांच महीने से मानदेय का भुगतान नहीं किया गया है उन्हें वित्तीय वर्ष 2022–23 का भी तीन महीने का मानदेय अफसरों ने जानबूझ कर रोक रखा है। आरोप है कि ऐसा नहीं है कि मानदेय भुगतान के लिए बजट नहीं है। सरकार की तरफ से मानदेय के लिए धनराशि उपलब्ध करायी गयी है लेकिन अफसर मानदेय भुगतान में अड़ंगा लगाए बैठे हैं।

# रोजगार सेवकों ने सौंपा ज्ञापन

**रुपईडीह, अमृत विचार:** सोमवार को मानदेय भुगतान न किए जाने के मामले में ब्लॉक रुपईडीह के ग्राम रोजगार सेवकों ने ब्लॉक अध्यक्ष सुखदेव तिवारी व मंत्री रविंद्र कुमार कश्यप की अगुवाई में प्रदर्शन किया। रोजगार सेवकों ने बीडीओ को संबोधित ज्ञापन सहायक विकास अधिकारी सांख्यिकी रोशन लाल को सौंपा। संघ के अध्यक्ष व मंत्री ने बताया कि ब्लॉक के विभिन्न ग्राम पंचायत, क्षेत्र पंचायत व जिला स्तर पर प्रशासनिक मद में जो धनराशि उपलब्ध कराई जाती है। उस धनराशि में से प्रतिमाह रोजगार सेवकों के मानदेय का भुगतान किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि यही नहीं रोजगार सेवकों द्वारा मनरेगा का कार्य करने के साथ-साथ विभागीय अधिकारियों के आदेश से अन्य कार्य जैसे मिशन अंत्योदय, फसल सर्वेक्षण, बीएलओ व निर्वाचन संबंधी सारे कार्य किये जा रहे हैं। सहायक विकास अधिकारी ने बताया कि समस्याओं के निराकरण को लेकर बीडीओ के आने पर उन्हें यह पत्र दे दिया जाएगा। इस मौके पर विश्वनाथ शुक्ल, पप्पू लाल, पवन कुमार तिवारी, रुद्रनाथ पांडेय, अनिल तिवारी, राम रंग, अनिल मिश्र, शिव कुमार सोनकर, रविंद्र पाठक, संतोष पाठक, अमरीश पांडेय, चक्रधर अवस्थी, राघवेंद्र राव, अखिलेश सिंह, राजकिशोर वर्मा, जितेंद्र कुमार राय, विशाल श्रीवास्तव, राम फेरन, राकेश वर्मा, तुलसीराम, ममता आदि रहीं।




रुपईडीह ब्लॉक मुख्यालय पर प्रदर्शन करते रोजगार सेवक। अमृत विचार

**संचारी रोग नियंत्रण अभियान** अधिकारियों और कर्मचारियों को दिलाई स्वच्छता अपनाने की शपथ, गांवों, मोहल्लों और घरों की साफ–सफाई रखने की अपील

# डीएम ने स्वच्छता रैली को दिखाई हरी झंडी, किया जागरूक

गोंडा कार्यालय

**अमृत विचार:** संचारी रोगों पर नियंत्रण और साफ सफाई को लेकर सोमवार को संचारी रोग नियंत्रण अभियान की रैली का आयोजन किया गया।जिलाधिकारी नेहा शर्मा ने इस रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली को रवाना करने से पहले डीएम ने अफसरों व कर्मचारियों को अपने गांव, मोहल्ले व घर की साफ सफाई का ध्यान रखने तथा दूसरों को स्वच्छता अपनाने को लिए प्रेरित करने की शपथ दिलायी।

संचारी रोग नियंत्रण अभियान का शुभारंभ करते हुए डीएम नेहा शर्मा ने कहा कि जल जनित बीमारियों की रोकथाम के लिए लोगों को खुद सजग रहने की आवश्यकता है। इसके लिए अपने घरों के आसपास जलभराव न होने दें। पानी भरे हुए स्थान पर मिट्टी डाल दें। जिससे मच्छरों को पनपने का मौका नहीं मिलेगा और इस रोग को नियंत्रित करने में मदद मिल सकेगी। डीएम ने अपील की कि सभी लोग एकजुट होकर इस अभियान को सफल बनाएं। रैली को रवीना करने से पहले डीएम ने अफसरों व कर्मचारियों को अपने गांव, मोहल्ले व घर की साफ सफाई का ध्यान रखने तथा दूसरों को स्वच्छता अपनाने को लिए प्रेरित करने की शपथ दिलायी। डीएम ने कहा कि सभी को अपने गांव मोहल्ले व घर की साफ-सफाई का ध्यान रखना है। अगर बच्चा बुखार से पीड़ित होता है तो तुरंत इलाज के लिए सरकारी अस्पताल ले जाये। उन्होंने ने बताया है कि सभी संचारी रोगों जैसे - डेंगू, मलेरिया, फाइलेरिया, दिमागी बुखार, कालाजार व टीबी आदि पर एक साथ प्रहार कर इन रोगों को समुदाय से ही नहीं अपितु जनपद, प्रदेश और देश से दूर भगाना है। अगर घर के आसपास पानी इकट्ठा है, तो उसकी निकासी कराएं। नालियों में जल बहाव को अवरोधित नहीं होने देना है। रुके हुए पानी के गड्ढों में सप्ताहिक एंटी लारवा, डीजल व मिट्टी के तेल का छिड़काव आदि ग्राम स्वास्थ्य एवं स्वच्छता समिति द्वारा जागरूक किया जाएगा। इसके अलावा जनमानस में बीमारी से बचाव के लिए सोते समय मच्छरदानी के प्रयोग करने के लिए प्रचार-प्रसार किये जाने पर जोर दिया जायेगा। जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों को दिमागी बुखार, डेंगू, मलेरिया, फाइलेरिया, कालाजार, चिकनगुनिया व टीबी जैसे संचारी रोगों से सुरक्षित रहने के लिए सभी अधिकारियों को निर्देश दिया है। सीएमओ डा रश्मि वर्मा ने बताया कि जनपद में एक अप्रैल से 9 अप्रैल तक संचारी रोग नियंत्रण अभियान का संचालन किया जायेगा। अभियान में स्वास्थ्य कार्यकर्ता सावधानी रखते हुए लोगों को मलेरिया, डेंगू, चिकनगुनिया, फाइलेरिया, टीबी से बचाव के बारे में बेहतर तरीके से जागरूक करेंगे। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी एम.अरुन्मौलि, सीएमओ डॉक्टर रश्मि वर्मा, जिला पंचायत राज अधिकारी लाल जी दूबे, जिला विद्यालय निरीक्षक राकेश कुमार, बीएसए प्रेमचंद यादव, जिला समन्वयक समेकित शिक्षा राजेश सिंह समेत सभी विभागों को अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।



रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना करतीं डीएम व सीडीओ। अमृत विचार

# ग्राम रोजगार सेवकों को आठ महीने से नहीं मिला मानदेय

**गोंडा कार्यालय, अमृत विचार:** गांव के विकास में कंधे से कंधा मिलाकर अपना योगदान दे रहे ग्राम रोजगार सेवक मानदेय न मिलने से हलकान है। परस्पर ब्लाक में कार्यरत रोजगार सेवकों को आठ महीने से मानदेय नहीं मिला है। मानदेय न मिलने से होली का त्योहार भी फीका ही रहा। आरोप है सरकार की तरफ से मानदेय देने के लिए बजट आवंटन के बावजूद अधिकारी कर्मचारी जानबूझकर रोजगार सेवकों को मानदेय नहीं दे रहे हैं। परेशान ग्राम रोजगार सेवकों ने मुख्यमंत्री को पत्र भेजकर मानदेय का भुगतान कराने की गुहार लगायी है। परसपुर ब्लाक के रोजगार सेवक बृजेश कुमार शुक्ल, मुकेश कुमार, राम प्रकाश, प्रवीण कुमार सिंह, अजीत पांडेय, पवन कुमार, विपुल कुमार सिंह, सुनील कुमार समेत अन्य का कहना है कि पांच महीने से मानदेय का भुगतान नहीं किया गया है उन्हे वित्तीय वर्ष 2022-23 का भी तीन महीने का मानदेय अफसरों ने जानबूझ कर रोक रखा है।

### ईपीएफ का पैसा भी खाते में नहीं भेजा गया

ग्राम रोजगार सेवकों का मानदेय ही नहीं उनके ईपीएफ के पैसे पर भी अफसर कुंडली मारकर बैठे हैं। आरोप है कि अधिकारी ईपीएफ का पैसा भी उनके खातों में नहीं भेज रहे हैं।

## एक नजर

### पेड़ों की कटान पर जिलाधिकारी नाराज

**मनकापुर, अमृत विचार :** बिना वैध परमिट के हरे भरे पेड़ों की कटान की शिकायत पर डीएम ने गहरी नाराजगी जताते हुए डीएफओ को कार्यवाई का निर्देश दिया है। मामला टिकरी रेंज से जुडा है। आरोप है कि इन दिनों टिकरी में अवैध कटान जोरों पर है। ग्राम महादेवा के मजरा रमरूपवा में ऋषीवंश बहादुर सिंह के 15 सागौन के पेड़ों को ठेकेदार शनिवार को बिना परमिट के काट कर उठा ले गया। बक्सरा आज्ञाराम के मजरा पाठक पुरवा में लालदेव पाठक का ठेकेदार ने 15 पेड़ सागौन के काट डाले। अम्बरपुर के मजरा खेसरी में जयराम कुम्हार के कई पेड़ काट डाले गये। इसके दो दिन पहले जैदवा में तथा चांदपुर लखपत राय में भी दर्जनों पेड़ बिना परमिट के काट कर लकडी ठेकेदार उठा ले गये। कटान से वन विभाग को राजस्व की हानि हो रही है।

# गेहूं खरीद: एक महीने बाद केंद्र पर पहुंचा किसान

## गेहूं बेचने आए किसानों का माला पहनाकर अधिकारियों ने किया स्वागत, जनपद में 112 केंद्र स्थापित

गोंडा कार्यालय

**अमृत विचार:** आखिरकार सरकारी क्रय केंद्रों की बोहनी एक महीने बाद हो ही गई। सोमवार को चार केंद्रों पर किसानों ने अपने गेहूं को बेचा है। जब किसान गेहूं बेचने के लिए केंद्र पर पहुंचे तो अधिकारियों ने उनका माल्यार्पण कर स्वागत किया। जिले में गेहूं खरीदने के लिए सरकार की ओर से 112 केंद्र स्थापित किए गए हैं।



गेहूं बेचने आए किसान का स्वागत करते संभागीय खाद्य नियंत्रक व अन्य। अमृत विचार

इस बार गेहूं खरीद सत्र का शुभारंभ एक मार्च से हो गया था। लेकिन एक माह बीतने के बाद ही सरकारी केंद्रों पर गेहूं पहुंचा है। जनपद में इस बार छ एजेंशी को गेहूं खरीदने की जिम्मेदारी सौंपी गई है। जिसमें खाद्य विभाग, पीसीएफ पीसीयू यूपीएसएस भारतीय खाद्य निगम तथा कृषि उत्पादन मंडी समिति हैं। जनपद को जो इस बार लक्ष्य दिया गया है वह विगत कई वर्षों का रिकॉर्ड तोड़ रहा है कभी भी इतना लक्ष्य जिले को गेहूं खरीदने का नहीं मिला है। इस बार 130700 मेट्रिक टन गेहूं खरीदने की जिम्मेदारी मिली है। सरकार की ओर से भले ही केंद्र का संचालन एक माह से हो रहा था, लेकिन खरीद नहीं शुरू नहीं हो पायी थी ,माना जा रहा था कि अभी गेहूं की फसल जनपद में नहीं तैयार है। गेहूं की खरीद को लेकर अफसर टेंशन में थे किसी तरीके से गुणा, गणित करते हुए खरीद की शुरुआत की गई है। जिले के चार जगह पर गेहूं खरीदा गया है, जिसमें तीन केंद्र तो खाद्य विभाग के हैं जबकि एक केंद्र पीसीयू का है। कुल मिलाकर लगभग 61 कुंतल गेहूं की खरीद हो पाई है। अफसर का दावा है कि अब खरीद में तेजी आएगी ।अप्रैल माह में फसल भी तैयार हो जाएगी ,ऐसे में गेहूं खरीद में तेजी आने की उम्मीद है। गेहूं बेचने के लिए जिले में अब तक करीब 4000 किसानों ने रजिस्ट्रेशन कराया है। रजिस्ट्रेशन भले ही हो गया हो लेकिन अभी तक केंद्रो पर किसान दिखाई नहीं पड़ रहे हैं। केंद्र प्रभारी किसानों का इंतजार कर रहे हैं। हालांकि केंद्र पर आवक से केंद्र प्रभारी में उत्साह देखा जा रहा है। खाद्य विभाग के हलधरमऊ के केंद्र पर संभागीय खाद्य नियंत्रक सरयू प्रसाद ने किसानों का स्वागत माल्यार्पण कर किया। जिला खाद्य विपणन अधिकारी प्रज्ञा मिश्रा ने बताया कि चार केंद्रो पर करीब 61 कुंतल गेहूं के खरीद की गई है। खरीद की शुरुआत हो गई है। उम्मीद है कि जल्द खरीद गति पकड़ लेगी। उन्होंने बताया कि लगभग 4000 किसानों ने गेहूं बेचने के लिए पंजीकरण भी कराया है। जिनसे केंद्र प्रभारी संपर्क कर रहे हैं।

# दो पक्षों में हुई मारपीट महिला समेत नौ घायल

**खरगूपुर, अमृत विचार:** खेत में ट्रैक्टर ले जाने से मना करने पर दो पक्षों में हुए मारपीट के दौरान दो महिला सहित नौ लोग घायल हो गए। पुलिस ने पांच लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। मामला स्थानीय थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत बलहीजोत का है। यहां के इनामुक व शब्बीर अहमद का खेत आस पास है। रविवार दोपहर खेत जोतने के लिए शब्बीर अपना ट्रैक्टर लेकर इनामुल के खेत से होकर जाने लगे। मना करने पर दोनों पक्ष आमने सामने आ गए और लाठी डंडे से एक दूसरे पर हमला कर दिया। जिसमें एक पक्ष से इनामुल(42), मो आजाद(25), मो अकरम (45) पुत्रगण मो शरीफ, हाजरा(40) पत्नी मो अकरम, मो सिराज(20) पुत्र इनामुल तथा दूसरे पक्ष से शब्बीर अहमद(70) उनकी पत्नी शकरून निशा(65), बेटा निजामुद्दीन(28), मो मोबीन (25) सहित नौ लोग घायल हो गए। परिजनों ने घायलों को स्थानीय सीएचसी भिजवाया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टर ने स्थिति गंभीर होने पर प्रथम पक्ष के मो आजाद व मो अकरम को जिला मुख्यालय रेफर कर दिया। थानाध्यक्ष दिनेश सिंह ने बताया कि मो शब्बीर, उनके बेटे मोबीन, शहाबुद्दीन, निजामुद्दीन व मैनुद्दीन के विरुद्ध हमला व धमकी सहित अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज कर घायलों को सीएचसी भिजवाया गया है।

# हाईटेंशन लाइन से टकराया डंपर, जिंदा जला चालक

## नगर क्षेत्र के बुधई पुरवा में रात में खोदी जा रही थी मिट्टी

गोंडा कार्यालय

**अमृत विचार:** नगर कोतवाली क्षेत्र के बुधई पुरवा गांव में रविवार की रात अंधेरे में अवैध रूप से मिट्टी की ढुलाई कर रहा एक डंफर ऊपर से गुजर रही बिजली की हाईटेंशन लाइन से टकरा गया। तार की चपेट में आते ही डंपर में करंट उतर आया और उसमें आग लग गयी। इस हृदय विदारक हादसे में डंपर चालक रामसकल पांडेय (36) पुत्र रामचंदर पांडेय निवासी इटौर थाना पूरे कलंदर अयोध्या की जिंदा जलकर दर्दनाक मौत हो गयी। चालक आग की लपटों से घिरा तड़पता रहा, लेकिन उसे बचाने या पुलिस को सूचना देने के बजाय काम पर लगे श्रमिक और ठेकेदार भाग निकले। भोर में चार बजे जब रोजेदार उधर से गुजरे तो डंपर को जलता देख मौके पर पहुंचे और पुलिस को सूचना दी।

सूचना मिलने के करीब दो घंटे बाद पुलिस मौके पर पहुंची लेकिन तब तक चालक व डंफर पूरी तरह जलकर राख में तब्दील हो चुके थे। फिलहाल पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर उसे पोस्टमार्टम के लिए भेजा है और घटना की जांच का दावा कर रही है लेकिन अब तक मृतक चालक की पहचान नहीं कर सकी है।



हाईटेंशन लाइन की चपेट में आने से जला डंपर। अमृत विचार

**निजी स्कूल में चल रहा था पटाई का काम:** बताया जा रहा है कि नगर कोतवाली क्षेत्र स्थित एक निजी स्कूल में मिट्टी पटाई का काम चल रहा है। इसी स्कूल के लिए डंफर से मिट्टी की ढुलाई कि जा रही थी। मिट्टी खनन की अनुमति न होने के कारण रात को अंधेरे में अवैध रूप से मिट्टी खनन किया जा रहा था और मिट्टी स्कूल में लायी जा रही थी।

हादसे के बाद स्कूल संचालक मामले को दबाने में जुटा है। हादसे की जानकारी मिलने के बाद कोतवाली पुलिस भी मामले को दबाने में जुटी रही।

### करंट की चपेट में आकर बालक झुलसा, हालत गंभीर

**संवाददाता, खरगूपुर, अमृत विचार :** खरगूपुर थाना क्षेत्र के ग्राम लोनावा दरगाह का रहने वाला एक 12 वर्षीय बालक सोमवार को करंट की चपेट में आकर झुलस गया। उसे गंभीर हालत में इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। लोनावा दरगाह गांव के रहने वाले बाबू राम सोनकर का बेटा संदीप सोनकर(12) सोमवार की सुबह ट्रांसफार्मर पर गिरे पतंग को एक डंडे के सहारे उतार रहा था। बिजली आपूर्ति चालू होने से वह करंट की चपेट में आ गया और झुलस गया। परिजन उसे लेकर तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे जहां से अधीक्षक डॉक्टर अजय यादव ने उसकी हालत को गंभीर बताते हुए जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। संदीप को अस्पताल के बर्न वार्ड में भर्ती कराया गया है। डॉक्टरों के मुताबिक वह 50 प्रतिशत से अधिक झुलस गया है। इस घटना के बाद उसके परिवार में कोहराम मचा है। संदीप अपने मां बाप का इकलौता बेटा है। जबकि उसकी तीन बहने हैं। पिता बाबूराम मजदूरी के सिलसिले में गुजरात के राजकोट में रहते हैं।

### आग लगने से गृहस्थी जली

**गोंडा, अमृत विचार:** वजीरगंज थाने के स्थानीय ग्राम पंचायत के मजरे बड़ा दरवाजा पर अज्ञात कारणों से लगी आग से एक छप्पर जल गया। ग्रामीणों ने तत्परता दिखाते हुए आग को काबू किया। सोमवार दोपहर को अफरोज पुत्र शिराज खान के छप्पर में अचानक अज्ञात कारणों से आग लग गयी। चल रहे तेज अंधड़ से आग के बड़े पैमाने फैलने से घबराए ग्रामीण आग बुझाने पर जुट गए और आग को काबू कर लिया।पीड़ित के अनुसार छप्पर में रखा बिस्तर व 20 हजार रुपये जल गए। लेखपाल दीपक तिवारी ने बताया कि क्षति का आकलन कर अहेतुक सहायता दिलाई जाएगी।

# लोकतंत्र का मतदान उत्सव मनाएं युवा

संवाददाता, उमरी बेगमगंज

**अमृत विचार:** स्थानीय सुभाष इंटर कॉलेज में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान प्रबंधक प्रशांत सिंह आकाश व प्रधानाचार्य सहदेव सिंह की अगुवाई में एनसीसी कैडेट ने भारत माता की जयघोष के साथ रैली निकाल कर अट्ठैसा बाजार जफरापुर व उमरी बेगमगंज बाजार से होते हुए पूर्व क्षेत्र में जागरूकता स्लोगन के साथ अपने मत का प्रयोग अवश्य करेंगे शपथ पत्र पर लोगों से हस्ताक्षर भी करवाया।

इसके बाद बच्चों ने विद्यालय प्रांगण में एनसीसी के छात्रों ने प्रत्येक मतदाता वोट करेगा लोगों के साथ जमीन पर भारत का नक्शा बनाया। इसके बाद विद्यालय के प्रधानाचार्य सहदेव सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि हम नए सशक्त राष्ट्र की कल्पना तब साकार कर पाएंगे जब प्रत्येक मतदाता 20 मई को अपने मत का प्रयोग एक विश्वसनीय सरकार को चुनने में करेगा।



भारत माता का नक्शा बनाते बच्चे। अमृत विचार

इसके बाद थाना अध्यक्ष बेगमगंज संजीव वर्मा ने सभी को संबोधित करते हुए कहा कि मतदान सबका अधिकार है और सभी को इस अधिकार का प्रयोग करके एक अच्छी सरकार बनानी चाहिए।

युवा मतदाता जागेगा तो सशक्त लोकतंत्र का निर्माण होगा। इसके बाद प्रबंधक प्रशांत सिंह ने उपस्थित सभी कर्मचारी एवं छात्र-छात्राओं को 20 मई को मतदान उत्सव के रूप में मनाने का संकल्प दिलाया और अपने-अपने गांव में जाकर मतदाता जागरूकता अभियान चलाने की अपील की। इस दौरान विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष सत्य प्रकाश सिंह, उपाध्यक्ष अजय सिंह के साथ विद्यालय के कर्मचारी आनंद सिंह, बबलू, कौशलेंद्र सिंह, प्रमोद सिंह, दिलीप सिंह आदि लोग मौजूद रहे।

# मेधावियों को किया सम्मानित

**गोंडा कार्यालय, अमृत विचार:** रोजवुड इण्टर कालेज में सोमवार को वार्षिक परीक्षाफल वितरण के अवसर पर रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित हुआ। इसमें पीजी से कक्षा आठ तक तथा कक्षा नौ व ग्यारह के प्रथम, द्वितीय तथा तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले तथा कक्षा में सर्वश्रेष्ठ उपस्थिति वाले छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रम में 200 छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। संचालन कक्षा-11 के छात्र अथर्व पाण्डेय व उन्नति सिंह ने किया। कव्वाली, वाद-विवाद तथा विभिन्न प्रकार के डांस को बच्चों ने मनमोहक ढंग से प्रस्तुत किया। अविका पाण्डेय, आराध्या, प्रियांशी, यसी, गार्गी, अनुष्का, अवन्तिका, सत्यम्, आद्या, रिषभ, देवांक, आनन्द, मिलिन्द, अंशिका, लक्ष्य, काव्या, श्रद्धा, रूद्र, अनिका, विवेकानंद, अहान, रेहान, सादिया, दिवांशी, शिवांगी, वैष्णवी, सृष्टि, शौर्य आदि ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया। प्रबंधक अमित कुमार पांडेय व प्रधानाचार्य सरिता पाण्डेय, अध्यक्ष जया पाण्डेय ने आभार प्रकट किया। इस मौके पर राकेश पाण्डेय, प्रेमसागर पाण्डेय, केके मिश्रा आदि मौजूद रहे।



समारोह का उद्घाटन करते अतिथिगण। अमृत विचार

## सार-संक्षेप

### बीडीओ ने मतदान केंद्रों का लिया जायजा

**रुपईडीह, अमृत विचार :** ब्लॉक के खंड विकास अधिकारी मृत्युंजय यादव ने एडीओ आईएसबी आजम खान के साथ मतदान केंद्र बराहेमा, परसपुर, ऐलहवा, अनंतपुर, हिंदू नगर बाकी, सेवरहा, भुलईडीह, भुड़कुड़ी व अचल नगर का स्थलीय भ्रमण किया। यहां पर उन्होंने मतदान कक्ष की स्थिति, बिजली, पेयजल, छाया व शौचालय की व्यवस्था के बारे में जानकारी हासिल की।

### बड़ी क्षमता का ट्रांसफार्मर लगाने की मांग

**रुपईडीह, अमृत विचार :** ब्लॉक की ग्राम पंचायत बीरपुर झलहिया के गोड़ाचाटी गांव में कम क्षमता वाले बिजली का ट्रांसफार्मर को आज तक नहीं बदल गया है। इससे सभी उपभोक्ताओं को सुचारू रूप से बिजली नहीं मिल पा रही है। ग्राम प्रधान रिंकू ओझा ने मध्यांचल विद्युत वितरण निगम के अधिशासी अभियंता से उच्च क्षमता का बिजली का ट्रांसफार्मर लगाए जाने की मांग की है।

### नि:शुल्क नेत्र परीक्षण शिविर 8 को

**रुपईडीह, अमृत विचार :** प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मुख्यालय पर आगामी आठ अप्रैल को निशुल्क नेत्र परीक्षण शिविर आयोजित किया जाएगा। नेत्र परीक्षण अधिकारी श्यामलाल गौतम ने बताया शिविर में रोगियों के नेत्रों की जांच की जाएगी। मोतियाबिंद पाए जाने पर उन सभी रोगियों को ऑपरेशन के लिए अयोध्या भेजा जाएगा।

### अपहरण के बाद दुष्कर्म करने का आरोपी गिरफ्तार

**खरगूपुर, अमृत विचार :** किशोरी का अपहरण कर दुष्कर्म करने के आरोप में पुलिस ने आरोपी युवक को गिरफ्तार किया है। पखवारा भर पूर्व थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली किशोरी का अपहरण कर उसके साथ दुष्कर्म किए जाने के मामले में पुलिस ने पास्को आदि धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज किया था। किशोरी के पिता ने बलरामपुर जिले के थाना गौरा चौराहा क्षेत्र के ग्राम चौबेपुर निवासी वासुदेव पुत्र गया प्रसाद के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया था। थाना अध्यक्ष दिनेश सिंह ने बताया कि आरोपी युवक को वरिष्ठ उप निरीक्षक पंकज कुमार तथा मुख्य आरक्षी राजकिशोर एवं लव कुश यादव की टीम ने गिरफ्तार किया है जिसे सोमवार को न्यायालय रवाना किया गया।

### सहायक कंप्यूटर ऑपरेटर की परीक्षा संपन्न



सहायक कंप्यूटर ऑपरेटर की परीक्षा देते अभ्यर्थी। अमृत विचार

**बेलसर, अमृत विचार :** दीनदयाल शोध संस्थान के निर्देशन में कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्रालय भारत सरकार के तत्वावधान में सहायक कंप्यूटर ऑपरेटर की परीक्षा महाराजा देवी बख्श सिंह इंटर कॉलेज बेलसर में संपन्न हुई। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य अजीत सिंह ने बताया कि उक्त पाठ्यक्रम में कुल पंजीकृत 20 परीक्षार्थी उपस्थित रहे उन्होंने प्रतिभागी परीक्षार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि यह प्रमाण पत्र आपको भविष्य में स्वरोजगार प्राप्त करने का अवसर प्रदान करेगा संपूर्ण परीक्षा दीनदयाल संस्थान जन शिक्षण संस्थान के कोऑर्डिनेटर कृष्ण प्रसाद दुबे के देखरेख में संपन्न हुई। परीक्षा संपन्न कराने में कंप्यूटर प्रशिक्षक सुरेंद्र कुमार यादव की महत्वपूर्ण भूमिका रही। इस मौके पर आनंद कुमार पांडेय, अशोक कुमार आदि रहे।

### महिला ने फंदे से लटककर दी जान

**खरगूपुर, अमृत विचार :** महिला ने मकान की छत से साड़ी के सहारे लटककर जान दे दी। मृतका के पिता ने दहेज में बाइक व सोने की चैन की मांग न पूरी करने पर हत्या का आरोप लगाते हुए पति पर केस दर्ज कराया है। मामला ग्राम निधि नगर का है। यहां अर्चना यादव (22) पत्नी दिनेश कुमार का शव मकान की छत से साड़ी के सहारे लटकता मिला। अर्चना की शादी 11 मई 2023 को इसी थाना क्षेत्र के निधि नगर गांव निवासी दिनेश कुमार यादव के साथ हुई थी।

### सादुल्लाहनगर के प्रभारी निरीक्षक पर केस दर्ज

**गोंडा कार्यालय, अमृत विचार :** कोतवाली देहात में तैनात रहे उप निरीक्षक पर केस दर्ज किया गया है। वर्तमान में बलरामपुर के सादुल्लाहनगर में तैनात प्रभारी निरीक्षक बृजानंद सिंह पर कोतवाली देहात में केस दर्ज किया गया है। एसपी के निर्देश पर कोतवाली देहात के प्रभारी निरीक्षक देवेंद्र कुमार श्रीवास्तव ने मुकदमा कराया है। कोतवाल देहात ने बताया कि 22 जून 2014 को न्यायालय के आदेश पर गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज हुआ था, जिसकी विवेचना तत्कालीन उप निरीक्षक बृजानंद सिंह को सौंपी गई थी। प्रथम पर्चे में ही विवेचक ने आरोप का न होना पाकर अंतिम रिपोर्ट लगा दी। 18 सितंबर 2014 को दोबारा विवेचना के लिए पत्रावली वापस कर दी गई। आठ जून 2016, 14 अक्टूबर 2017, 20 जुलाई 2020, पांच मार्च 2021, 19 जुलाई 2022 व छह जून 2023 को पत्र जारी कर प्रभारी निरीक्षक से प्रगति से अगवत कराए जाने के निर्देश दिए गए। लेकिन कोई जवाब नहीं दिया गया। आरोप लगाया कि मामले की प्रारंभिक जांच से ही केस डायरी व अंतिम रिपोर्ट गायब कर दी गई।

# ट्रेन से गिरकर युवक की मौत कुशीनगर का रहने वाला था

**मनकापुर, अमृत विचार:** मनकापुर रेलवे स्टेशन के समीप रविवार की देर रात एक युवक की ट्रेन से गिरकर मौत हो गयी। रेलवे के मेमो सूचना पर पुलिस ने शव का पंचायतनामा भर कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।



प्रभारी निरीक्षक संतोष कुमार मिश्रा ने बताया कि रविवार की देर शाम एपी इंटर कॉलेज के पास डाउन ट्रैक पर ट्रेन से गिरकर एक युवक की मौत की सूचना रेलवे मेमो से प्राप्त हुई। मौके पर मृतक के पास से मिले आधार कार्ड से उसकी पहचान कुशीनगर जनपद के कुरमौटा छेरिहवा गांव निवासी अविरल सिंह(22) के रूप में हुई है। शव का पंचायतनामा करके पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। घटना की सूचना मृतक के परिजनों को दे दी गई है।

### अनियंत्रित कार ट्रक में घुसी, तीन घायल

**नवाबगंज, अमृत विचार :** नवाबगंज तरबगंज मार्ग पर बल्लीपुर गांव के पास तरबगंज की तरफ से आ रही तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर दूसरे कार में टकरा गई। जिससे कार में सवार तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। गनीमत रही कि कार में लगा एअर बैग खुल गया। स्थानीय लोगों द्वारा एम्बुलेंस से नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र लाया गया जहां पर मौजूद डाक्टरों ने मामूली इलाज करने के बाद घायलों को अयोध्या के मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया। स्थानीय लोगों ने बताया कि स्कार्पियो कार में सगरिया पट्टी हनुमानगढ़ी के सत्यदेव दास अयोध्या धाम जा रहे थे। वहीं दूसरी कार चालक रवि प्रकाश दुबे निवासी भगहर बुलंद थाना कोतवाली देहात ने बताया कि सोमवार को महंगूपुर गांव से अपनी बहू की विदाई कराकर चचेरे भाई उमाशंकर दूबे बहू निधि व गोद में 15 महीने का शिशु रमन सवार होकर अपने घर जा रहे थे। कार क्षतिग्रस्त हो गई लेकिन सभी लोग बाल बाल बच गए। थाना प्रभारी मनोज कुमार राय ने बताया कि तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जायेगी।

### कलशयात्रा के साथ भागवत कथा की हुई शुरुआत

**नवाबगंज, अमृत विचार :** विकास खण्ड नबाबगंज क्षेत्र के महंगूपुर गांव में सोमवार को सुबह गाजे-बाजे के साथ क्लश यात्रा निकाली गई। पवित्र कुटिला सरयू नदी से जल भरकर महिलाओं ने मंगल गीत गाते हुए पुन: कथा स्थल पर पहुंची और विधि विधान पूर्वक श्रीमदभागवत कथा प्रारम्भ हुई ।अयोध्या धाम से पधारे कथा प्रवाचक आचार्य विद्याभूषण शरण ने प्रथम दिन भागवत की महिमा का वर्णन किया। कहा कि भागवत कथा का श्रवण कर 84 लाख योनियों से मुक्ति मिलती है। यह कथा देवों के लिए भी दुर्लभ है। यह कथा शिव जी ने पार्वती जी को सुनाई थी। वहीं से इसे शुकदेव जी ने सुना और राजा परीक्षित को सुनाई। कथा प्रवाचक ने कहा कि कथा के प्रभाव से ही प्रेत योनि में फंसे धुंधकारी का उद्धार हुआ तथा कथा प्रभाव से गोकर्ण ने माता पिता को भी मोक्ष कराया। कथा में त्रिभुवन पांडेय, राजीव पांडेय, झिनकारी, अनुराग पांडेय, राजू, सौरभ पांडेय, शिवा मिश्रा, मारुति नंदन, नरसिंह मिश्र, विनीत आदि लोग उपस्थित रहे।

# खैरा भवानी, काली मंदिर व ईदगाह में चलेगा विशेष स्वच्छता अभियान

**गोंडा कार्यालय, अमृत विचार:** जिलाधिकारी नेहा शर्मा ने नवरात्रि और ईद-उल-फितर जैसे त्यौहारों पर श्रद्धालु को राहत देने के लिए मंदिर, मस्जिद समेत अन्य धार्मिक स्थलों को साफ और स्वच्छ बनाए रखने के लिए विशेष स्वच्छता अभियान संचालित करने के आदेश दिए हैं। सभी अधिशासी अधिकारियों एवं खण्ड विकास अधिकारियों को निर्देशित किया है कि वह अपने नगर निकाय/विकासखण्ड सीमा क्षेत्र में अवस्थित देवी मंदिरों तथा ईदगाह के आसपास अभियान चलाकर सफाई व्यवस्था कराएं। धार्मिक स्थल तक जाने मार्ग की धुलाई कराएंगे। नवरात्रि की अवधि में महत्वपूर्ण मंदिरों पर सफाई कर्मियों की पालीवार ड्यूटी चार्ट बना दें जो पूरी अवधि में उपस्थित रहकर सफाई व्यवस्था के लिए जिम्मेदार होंगे। इस कार्य में मंदिर प्रबन्ध समिति के पदाधिकारी सक्रिय सहयोग करेंगे। जिलाधिकारी नेहा शर्मा ने कहा कि चैत्र नवरात्र का पर्व आगामी 09 अप्रैल से प्रारम्भ हो रहा है। इस अवसर पर जनपद के देवी मंदिरों में भारी संख्या में श्रद्धालुओं का आगमन होता है। कोतवाली नगर अन्तर्गत खैरा भवानी मंदिर, काली मंदिर, समय माता मंदिर, थाना उमरीबेगमगंज अन्तर्गत प्रसिद्ध उत्तरी भवानी मंदिर आदि ऐसे स्थान है, जहां नवरात्रि में प्रतिदिन हजारों की संख्या में श्रद्धालु आते हैं। वहां देर रात्रि तक भीड़ रहती है। इसके अतिरिक्त कई अन्य मंदिरों में भी श्रद्धालु पहुंचकर हवन-पूजन आदि करते हैं। 11/12 अप्रैल 2024 को ईद-उल-फितर संपन्न होगा।

**ग्रामीणों में आक्रोश** सफेद हाथी साबित हो रही 120 .46 लाख रुपये की लागत से बनी पानी की टंकी, गांव के कई मजरों में नहीं पहुंच रहा पेयजल

# स्वच्छ पेयजल को तरस रहे अमडोहवा के बाशिंदे

- विकासखंड रुपईडीह के अमडोहवा गांव में तीन साल पहले बनी थी पानी की टंकी

गोंडा कार्यालय

**अमृत विचार:** करोड़ों रुपये खर्च होने के बावजूद ग्रामीणों को शुद्ध पेयजल आपूर्ति नहीं हो पा रहा है, जबकि शासन के द्वारा लगातार ग्रामीण अंचलों में शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने के लिए पानी टंकी के निर्माण करने के लिए करोड़ों रुपये पानी की तरफ खर्च कर किया जा रहा है।

वर्ष 2020-21 में विकास खंड रुपईडीह के ग्राम पंचायत अमडोहवा में स्वच्छ पेयजल आपूर्ति करने के लिए में कार्यदायी संस्था अधिशाषी अभियंता, निर्माण खंड उत्तर प्रदेश जल निगम गोण्डा द्वारा 120.46 लाख रुपये से शुद्ध पेयजल पानी टंकी का निर्माण कराया गया। जिससे ग्राम पंचायत सहित नौ मजरा खुटपिपरा, परसरामपुर, लोहार पुरवा, मुरावन पुरवा, बेहननपुरवा, पाण्डेय पुरवा सहित लगभग 3000 हजार आबादी को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराया जा सके। लेकिन ग्रामीणों को आज तक शुद्ध पेयजल उपलब्ध नहीं हो सका। ग्राम प्रधान विजय बहादुर ने बताया कि पंचायत भवन सहित कई सरकारी भवनों तथा मजरों व राजस्व गांवों में पानी नहीं पहुंच रहा है। ऐसे में रोजाना पानी को लेकर ग्रामीणों को समस्याओं से दो चार होना पड़ता है। ग्रामीणों ने बताया कि पानी की रोजाना किल्लत को लेकर संबंधित विभाग के अधिकारियों के खिलाफ नाराजगी बढ़ती जा रही है। उन्होंने बताया कि समस्या के समाधान के लिए कई बार उच्चाधिकारियों से गुहार लगाई गयी लेकिन स्थिति में कोई परिवर्तन नजर नहीं आया। बताया कि पाइप लाइन ध्वस्त पड़ी हुई है, जिससे पानी नहीं मिल पा रहा है। पाइप लाइन को सही कराने के लिए कई बार संबंधित अधिकारियों से मांग भी किया गया लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई।





पानी की टंकी का साइन बोर्ड। अमृत विचार



अमडोहवा गांव में बनी पानी की टंकी।

### होली मिलन समारोह में विधायक का स्वागत

**करनैलगंज, अमृत विचार :** नगर पालिका परिषद की ओर से रविवार को देर शाम श्री रामलीला मैदान में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि विधायक अजय सिंह रहें। होली मिलन कार्यक्रम में नगर के लोगों ने विधायक को अबीर गुलाल व फूल माला पहनाकर स्वागत किया। इसके बाद किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष विद्या भूषण द्विवेदी ने बहुरहा विधायक, करनैलगंज नगर पालिका चेयरमैन प्रतिनिधि रामजीलाल मोदनवाल को 17 साल व परसपुर नगर पालिका अध्यक्ष वासुदेव सिंह को 16 साल का बताते हुए ठिठोली भी ली। भाजपा नेता रामजी लाल मोदनवाल ने कहा नगर आपका है यह सेवक भी आपका है, कहीं कोई भी भूल चूक हो तो फोन या आकर जरूर कहिये निदान जरूर होगा। कोई भी अनजाने में भी किसी का दिल उनके तरफ से दुखा हो तो वह उसके लिए क्षमा मांगते हैं।

# जंगल के खुले रास्तों पर विशेष चौकसी बरतें अधिकारी

रूपईडीहा, बहराइच

**अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव शान्तिपूर्वक कराने के उद्देश्य से इन्टीग्रेटेड चेक पोस्ट सभागार में एडीजी जोन गोरखपुर डॉ. केएस प्रताप कुमार की वर्चुअली अध्यक्षता तथा डीआईजी देवीपाटन मण्डल गोण्डा अमरेन्द्र प्रसाद सिंह व डीआईजी एसएसबी जेडी वशिष्ठ की उपस्थिति में इण्डो-नेपाल को-आर्डिनेशन की बैठक हुई।

बैठक में देवीपाटन मण्डल के आयुक्त योगेश्वर राम मिश्रा, लखनऊ रेंज के आईजी, पीलीभीत व बलरामपुर के डीएम व लखीमपुर के पुलिस अधीक्षक ने वर्चुअली भाग लेते हुए लोकसभा चुनाव सकुशल सम्पन्न कराने के लिए की गई तैयारियों के सम्बन्ध में जानकारी प्रदान की। बहराइच की डीएम मोनिका रानी ने सुझाव दिया कि भारत-नेपाल की खुली सीमा के वन क्षेत्र और निकासी रास्तों पर दोनों ओर से विशेष चौकसी की आवश्यकता है।

आयुक्त देवीपाटन मण्डल, गोरखपुर ज़ोन के एडीजी, आईजी लखनऊ ज़ोन तथा डीआईजी एसएसबी द्वारा सुझाव दिया गया कि सीमावर्ती क्षेत्रों में टीम गठित कर नियमित गश्त की जाए। नेपाल के अधिकारियों को सुझाव दिया गया कि निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार भारत नेपाल सीमा को सील किये जाने की तिथियों का प्रचार-प्रसार किया जाए। निर्देश दिया गया कि सभी मार्गो पर विशेष चौकसी बरती जाए। बैठक में नेपाल की ओर से मौजूद अधिकारियों ने आश्वस्त किया कि लोकसभा चुनाव में हरसंभव सहयोग प्रदान किया जायेगा। इस दौरान एएसपी ग्रामीण डॉ. पवित्र मोहन त्रिपाठी, एसडीएम, सीओ राहुल पांडेय, एसएसबी के अधिकारी शामिल हुए।



रूपईडीहा में आयोजित बैठक में डीआईजी को स्मृति चिह्न देतीं डीएम और एसपी। अमृत विचार

## वन विभाग की टीम ने 5 बोटा सागौन की लकड़ी पकड़ी

**श्रावस्ती, अमृत विचार :** सिरसिया थाना क्षेत्र के ग्राम घोघवा गांव के पास आम के बाग से सोमवार सुबह करीब चार बजे वन विभाग की टीम ने पांच बोटा सागौन की लकड़ी बरामद की। हालांकि यह पता नहीं चल सका कि यह किसकी है। सोहेलवा वन रेंज के जरमौली चौकी के घोघवा गांव के पास रेंजर अनिमेष वर्मा टीम के साथ गश्त कर रहे थे। इसी दौरान मुखबिर से मिली सूचना के तहत वन विभाग की टीम ने गांव के पास ही आम के बाग की छानबीन की तो पांच बोटा सागौन की लकड़ी बरामद हुई। लकड़ी के आसपास कोई भी व्यक्ति मौजूद नहीं था। वन विभाग की टीम ने लकड़ी को अपने कब्जे लेकर रेंज कार्यालय पहुंचाया। रेंजर ने बताया कि यह लकड़ी किसकी है इसकी छानबीन की जा रही है। जांच के बाद यदि लकड़ी अवैध पाई गई तो कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान वन विभाग के वनरक्षक आशीष कुमार सिंह, पन्नालाल चौहान आदि कर्मी मौजूद रहे।

# सब काम छोड़ दो, सबसे पहले वोट दो

बहराइच

**अमृत विचार :** जागो रे जागो मतदाता लोकसभा चुनाव में शत-प्रतिशत नवीन व युवा मतदाताओं की सहभागिता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से डीएम मोनिका रानी के निर्देश पर जिला मुख्यालय पर आयोजित नवीन मतदाता मैराथन को नोडल अधिकारी (स्वीप)/मुख्य विकास अधिकारी रम्या आर. ने हरी झण्डी दिखाकर कलेक्ट्रेट परिसर से रवाना किया।

नवीन मतदाता मैराथन कलेक्ट्रेट से रवाना होकर पानी टंकी, जेल रोड, पुलिस लाइन से श्री गुरुनानक चौक होते हुए इन्दिरा गांधी स्टेडियम, में सम्पन्न हुई। रैली में शामिल छात्र-छात्राएं मतदाता जागरूकता संबंधी सब काम छोड़ दो, सबसे पहले वोट दो व अन्य नारे लगाते हुए चल रहे थे। रैली के समापन अवसर पर इन्दिरा स्टेडियम में मुख्य विकास अधिकारी रम्या आर. ने मौजूद लोगों को मतदाता शपथ दिलायी। इस अवसर पर सीडीओ ने सभी मौजूद लोगों विशेषकर छात्र-छात्राओं का आह्वान किया कि लोकसभा चुनाव में शत-प्रतिशत मतदाताओं की सहभागिता सुनिश्चित करने के लिए स्वयं तो मतदान करें हीं साथ ही अपने परिवार व मित्रों को भी वोट देने के लिए प्रेरित करें। कार्यक्रम के अन्त में नवीन मतदाता मैराथन में शामिल सभी प्रतिभागियों को प्रमाण-पत्र का वितरण किया गया। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी सदर प्रिंस वर्मा व अन्य अधिकारी तथा विभिन्न शिक्षण संस्थाओं के शिक्षक-शिक्षिकाएं तथा बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं मौजूद रहे। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान से हुआ।


मतदाता जागरूकता के लिए शपथ लेते लोग। अमृत विचार

# सड़क हादसों में होटल संचालक समेत दो लोगों की हुई मौत

## नैनीताल में रिसॉर्ट का संचालन करता था शहर निवासी युवक

बहराइच/खैरीघाट

**अमृत विचार:** जिले में कोतवाली देहात और खैरीघाट थाना क्षेत्र में सड़क हादसे हो गए। जिसमें होटल संचालक समेत दो लोगों की मौत हो गई। मृतक होटल संचालक नैनीताल से कार द्वारा अपने घर आ रहा था। पुलिस ने दोनों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

शहर के कोतवाली नगर के मोहल्ला कानूनगो पुरा उत्तरी निवासी अरविंद मिश्रा (28) पुत्र देवी प्रसाद मिश्रा नैनीताल में रिसॉर्ट का संचालन करते हैं। रात में वह अपने निजी कार से नैनीताल से बहराइच के लिए रवाना हुए। कार चलाते हुए अरविंद कोतवाली देहात बहराइच सीतापुर मार्ग स्थित बेडनापुर के पास पहुंचे। सुबह सात बजे कार को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। हादसे में संचालक की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतक के भाई ने बताया कि वह छोटे थे। अभी उनकी शादी नहीं हुई था। उधर खैरीघाट थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत बांसगढ़ी निवासी दिलीप कुमार (28) पुत्र टीकाराम रविवार को निजी काम से कहीं गया था। इसके बाद वह बाइक से वापस अपने घर जाने लगा। रात 10.30 बजे के आसपास इमामगंज के पास विपरीत दिशा में तेज रफ्तार में आ रही ट्रैक्टर ट्रॉली ने टक्कर मार दी। जिससे मौके पर ही बाइक सवार की मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलने पर पुलिस पहुंच गई। प्रभारी निरीक्षक एसके सिंह ने बताया कि मृतक युवक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। उन्होंने बताया कि हादसे के बाद ट्रैक्टर ट्रॉली सवार वाहन लेकर मौके से फरार हो गया। उन्होंने बताया कि केस दर्ज सीसीटीवी के द्वारा वाहन और चालक की तलाश की जायेगी। उन्होंने बताया कि दुर्घटना ग्रस्त बाइक को कब्जे में ले लिया गया है।


हादसे में क्षतिग्रस्त वाहन।

# सौतेले भाई ने किशोरी से कई बार किया दुष्कर्म

- **सीडब्ल्यूसी ने कोतवाल नानपारा को मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई के दिये निर्देश**

संवाददाता, बहराइच

**अमृत विचार :** कोतवाली नानपारा क्षेत्र में 15 वर्षीया किशोरी को नशीली दवा खिलाकर उसके सौतले भाई ने कई बार दुष्कर्म किया। इसकी जानकारी होने पर पीड़िता के मामा व मौसी ने कोतवाली में तहरीर दी लेकिन पुलिस ने मुकदमा नहीं दर्ज किया। पीड़िता के मामा ने सीडब्ल्यूसी में कार्रवाई की गुहार लगाई। सीडब्ल्यूसी ने नानपारा कोतवाल को तत्काल मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई के निर्देश दिए हैं।

कोतवाली नानपारा क्षेत्र के एक मोहल्ले में 15 वर्षीया बालिका अपनी सौतेली मां व भाई के साथ रहती है। पीड़िता का आरोप है कि सौतेला भाई नशीला पदार्थ खिलाकर उसके साथ दुष्कर्म की घटना को अंजाम दे रहा था। इसकी जानकारी जब पीड़िता को हुई, तो उसने इसकी शिकायत अपनी सौतेली मां से की। सौतेली मां ने उल्टे किशोरी को ही मारपीट कर मुंह बंद रखने को कहा। किसी तरह पीड़िता घर से भागकर थाना सुजौली क्षेत्र स्थित मामा व मौसी के घर पहुंची और घटना की जानकारी दी।

मामा ने पीड़िता के साथ नानपारा कोतवाली पहुंचकर तहरीर दी पर पुलिस ने कार्रवाई नहीं की। सोमवार को पीड़िता के मामा ने एसपी से मुलाकात करनी चाही। जब उनसे मुलाकात नहीं हुई तो न्यायपीठ बाल कल्याण समिति के समक्ष शिकायत दर्ज करायी। न्यायपीठ के अध्यक्ष सतीश श्रीवास्तव ने नानपारा कोतवाल को कार्रवाई के निर्देश दिए।

## लंगूर के हमले में युवक घायल राहगीरों का निकलना दुश्वार

**पयागपुर बहराइच, अमृत विचार :** क्षेत्र के ग्राम दपौली में परसिया इकौना संपर्क मार्ग पर बीते 3माह से एक लंगूर ने आतंक मचा रखा है। दर्जनों राहगीरों को घायल कर चुका लंगूर राहगीरों के लिए मुशीबतों का सबब बना हुवा है। लंगूर के आतंक से निजात मिलने जैसी कोई पहल न दिखने से लोगों में मायूसी छाई हुयी है। ग्राम प्रधान घनश्याम शर्मा ने बताया कि दपौली के रास्ते अमराई होते हुए इकौना पयागपुर जाने वाले मार्ग पर एक लंगूर बन्दर ने लगभग 3 महीनों से आतंक मचा रखा है,जो आये दिन राहगीरों को चोटिल कर रहा है। उन्होंने बताया कि एक कार्यक्रम में शरीक होने आए बलरामपुर पटहुवा निवासी विनोद को लंगूर ने घायल कर दिया। लंगूर के आतंक से इस मार्ग पर लोगों का आवागमन प्रभावित है। ग्राम प्रधान ने बताया कि वन विभाग से संपर्क कर लंगूर से निजात पाने का प्रयास किया गया लेकिन विभाग ने सिर्फ गोले पटाखे दागकर उसे भगाने का प्रयास किया जो कारगर नही साबित हुआ। ग्रामवासी अशोक,भोलेनाथ, आदि लोगों का कहना है कि लंगूर का आतंक इसी तरह व्याप्त रहा तो किसी दिन बड़ी घटना घटित हो सकती है। इस सम्बंध में वन क्षेत्राधिकारी हरिश्चन्द्र तिवारी का कहना है कि कर्मियों को भेजकर गोले पटाखे दागकर लंगूर को भगाया गया,लेकिन वह फिर वापस आ जाता है। उन्होंने बताया कि ग्राम प्रधान द्वारा उसे पकड़वाये जाने की व्यवस्था करनी होगी।

# भाजपा कार्यकर्ता खुद चुनाव लड़ पार्टी को दिलाता है जीत:विधायक



भाजपा कार्यालय में मुख्य अतिथि का स्वागत करते पदाधिकारी। अमृत विचार

**बहराइच, अमृत विचार :** भारतीय जनता पार्टी कार्यालय में लोकसभा प्रत्याशी आनंद गोंड के स्वागत व आशीर्वाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। अध्यक्षता जिलाध्यक्ष बृजेश पांडे ने की। कार्यक्रम की शुरुआत पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं पंडित श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्रों पर पुष्पांजलि कर की गयी। जिलाध्यक्ष ने कहा कि भाजपा ने एक ऐसे कार्यकर्ता को टिकट दिया है जो संगठन के प्रति समर्पित हैं। पूर्व मंत्री मुकुट बिहारी वर्मा ने कहा कि पार्टी ने सुयोग्य प्रत्याशी का चयन किया है। पयागपुर विधायक सुभाष त्रिपाठी ने कहा कि बहराइच का कार्यकर्ता स्वयं चुनाव लड़कर जीत दिलाता है। सांसद बहराइच अक्षयवर लाल गोंड ने कार्यकर्ताओं से कहा कि प्रत्याशी को आशीर्वाद प्रदान करे। प्रत्याशी डॉ. आनंद गोंड ने भी संबोधित किया। समारोह को निवर्तमान जिलाध्यक्ष श्याम करण टेकड़ीवाल, बलहा विधायक सरोज सोनकर, विधान परिषद सदस्य डॉ. प्रज्ञा त्रिपाठी, श्रीनाथ शुक्ला, डॉ. जितेंद्र त्रिपाठी, योगेश प्रताप सिंह,कैप्टन विकास सिंह,पूर्व विधायक सुनील वर्मा,चन्द्रभान सिंह संचित व अशोक जायसवाल ने भी संबोधित किया। मंच संचालन जिला महामंत्री राघवेंद्र प्रताप सिंह ने किया। इस दौरान जिला उपाध्यक्ष रणविजय सिंह, अखण्ड प्रताप सिंह गोलू, दीपक सत्या, उमा शंकर तिवारी, सुषमा चौधरी, जिला महामंत्री नन्हेंलाल लोधी, धीरेंद्र मोहन आर्य, जिला मंत्री हेमा निगम, जिला मीडिया प्रभारी देवेंद्र कुमार मिश्रा, सह मीडिया प्रभारी सचिन श्रीवास्तव, कोषाध्यक्ष राजन सिंह ,आईटी प्रमुख प्रमोद पांडेय, सोशल मीडिया प्रमुख अभिषेक गुप्ता, महिला मोर्चा जिला संयोजक रंजीता श्रीवास्तव सोनी, महिला मोर्चा महामंत्री उर्मिला शुक्ला, ज्योति सिंह अर्चना मिश्रा, संतोष पांडे, अनीता जायसवाल, एकता जायसवाल, अल्पसंख्यक मोर्चा अध्यक्ष तौसीफ अहमद सहित सभी मंडलों के अध्यक्ष, मंडल प्रभारी, मंडल प्रवासी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# रोजा इफ्तार में जुटे दोनों समुदाय के लोग, अमन की मांगी दुआ


रोजा इफ्तार करते रोजेदार। अमृत विचार

संवाददाता, श्रावस्ती

**अमृत विचार:** श्रावस्ती के भिनगा कस्बे में रविवार को रोजा इफ्तार पार्टी का आयोजन किया गया। पार्टी में दोनों समुदाय के लोगों ने मिलकर इफ्तार किया। एमए करियर एकेडमी की ओर से आयोजित इफ्तार पार्टी में भाईचारे की मिसाल पेश की गई। इफ्तार में मौजूद हिन्दू व मुस्लिम समुदाय के लोगों ने साथ मिलकर खुशियां बांटीं। लोगों ने देश मे अमन व शांति के लिए दुआ मांगी। डॉ. अहमद नजम ने कहा कि कोई भी धर्म गलत करना नहीं सिखाता है। किंतु कुछ अराजक तत्वों की हरकतों से पूरी कौम को शर्मिंदा होना पड़ता है। शिक्षक श्याम दीक्षित ने कहा कि हर धर्म हमें सत्य व शांति का मार्ग दिखाता है। शांति के मार्ग पर चलकर ही गौतम बुद्ध ने अद्वितीय ज्ञान अर्जित किया था और लोग उन्हें भगवान की तरह मानते हैं। नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष इरफान ने भी लोगों को मिलजुलकर रहने और एक दूसरे की खुशियों को बांटने के लिए कहा। इस मौके पर सुधीर, इमदाद अहमद सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

# सीडीओ ने जागरूकता वैन को दिखायी हरी झंडी

श्रावस्ती

**अमृत विचार:** जिले में संचारी रोग नियंत्रण के लिए विशेष अभियान की शुरुआत सीडीओ अनुभव सिंह एवं सीएमओ डॉ. एपी सिंह ने कलेक्ट्रेट परिसर में संचारी रोग नियंत्रण जागरूकता वैन को हरी झण्डी दिखाकर की। मुख्य विकास अधिकारी ने बताया कि 1 से 30 अप्रैल तक संचारी रोग नियंत्रण अभियान चलाया जा रहा है। 10 से 30 अप्रैल तक दस्तक अभियान चलाकर स्वच्छता के प्रति जागरूक किया जायेगा। उन्होंने कहा कि गर्भवती महिलाओं तथा बच्चों में संचारी रोगों का खतरा अधिक होता है। इसलिए साफ-सफाई अपनायें। बिना चिकित्सक की सलाह के अनावश्यक औषधियों का सेवन न करें तथा झोलाछाप के उपचार से बचें। पानी एवं अन्य तरल पदार्थों जैसे-नारियल पानी, शिकंजी, ताजे फलों का रस का अधिक सेवन करें। उन्होंने कहा कि स्वच्छता अपनाकर ही रोगों से बच सकते हैं। उन्होंने बताया कि जनपद में संचारी रोग नियंत्रण अभियान के अन्तर्गत दिमागी बुखार और संचारी रोगों की रोकथाम की जायेगी। इस अवसर पर अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. वीके श्रीवास्तव, जिला स्वास्थ्य शिक्षा सूचना अधिकारी अभय प्रताप, अधीक्षक सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र डॉ. सत्य सरन, यूनिसेफ के डीएमसी अमित श्रीवास्तव, जिला समन्वयक स्वच्छ भारत मिशन राजकुमार त्रिपाठी, नवीन, संदीप यादव, डॉ. अजीम, शालू त्रिपाठी सहित अन्य लोग मौजूद रहे।


जागरूकता वैन को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते सीडीओ। अमृत विचार

## खेत में उठीं आग की लपटें

**सिद्धौर, बाराबंकी, अमृत विचार :** क्षेत्र के खेत में अचानक आग की लपटें उठने से हड़कंप मच गया। ग्रामीणों ने किसी तरह आग पर काबू पाया। क्षेत्र के अमसेरुआ टिकरियां गांव में सोमवार दोपहर रामसमुझ कनौजिया पुत्र भल्लू के खेत में आग की लपटें उठने लगी। देखते ही देखते तेज हवाओं के चलने से पड़ोसी राजकुमार के खेत को भी आग ने चपेट में ले लिया। सूचना पर पहुंचे दमकलकर्मियों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।

## सभी तहसीलों में प्रतिदिन प्रसारित होंगे स्वीप वीडियो

**श्रावस्ती, अमृत विचार :** जिला निर्वाचन अधिकारी कृतिका शर्मा ने सभी तहसील में आपदा विभाग द्वारा लगाये गये डिजिटल साइनेज में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के वीडियो व मतदान करने की अपील के वीडियो प्रसारित करने के निर्देश दिए हैं। यह वीडियो कार्यालय समय से प्रसारित कराये जायेंगे। जिससे कार्यालय आने वाले लाभार्थियों को मतदान के लिए प्रेरित किया जा सके। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि तहसीलों में प्रतिदिन काफी संख्या में लोग अपने कार्यों के लिए आते हैं। ऐसे में उन्हें ऑडियो व वीडियों के माध्यम से मतदान के प्रति जागरूक किया जायेगा। वीडियो संदेश इस क्षेत्र में काफी उपयोगी साबित होंगे, इसलिए विभिन्न प्रकार के वीडियो संदेशों को यूट्यूब/पेनड्राइव के माध्यम से प्रसारित किया जायेगा। आपदा विशेषज्ञ अरुण कुमार मिश्र ने बताया कि कलेक्ट्रेट व प्रत्येक तहसील में विभिन्न आपदाओं के प्रति जन जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से डिजिटल साइनेज लगवाये गये हैं। जिसमें इंटरनेट/यूट्यूब/पेनड्राइव के माध्यम से वीडियो संदेश प्रसारित किये जा सकते हैं।

## वर्ग पहेली-27

**बाएं से दाएं**

1. 1. किसी चीज़ का बहुत छोटा टुकड़ा, छोटी फांक 2. कोई चीज़ फांकने की क्रिया या भाव 3. फांकी जाने वाली किसी चीज़ (जैसे- दवा
2. 1. दुख या चिंता से सूख जाना, क्षीण होना 2. किसी व्यक्ति
4. 1. एक ग्रीक देवता जो संगीत से संबद्ध है
5. 1. यथार्थ 2. उचित, ठीक, वाज़िब 3. न्यायसंगत 4. तर्क-पूर्ण, समयोचित।
7. 1. जो केवल मुंह या ज़बान से कहा गया हो लेकिन व्यवहृत न हो; जो आचरण में न हो 2. मौखिक, (ओरल) 3. ज़बान संबंधी, ज़बान का 4. कंठस्थ 5. मुखाग्र 6. अलिखित।
8. गौरैया पक्षी का नर, गौरा।

**ऊपर से नीचे**

2. 1. झुलसने की क्रिया या भाव 2. शरीर को झुलसाने वाली गरमी, दाहकता।
3. बालक की मानसिकता के अनुकूल, बच्चों के लिए उचित।
4. 1. न होने वाली, असंभव 2. अलौकिक।
6. एक स्तनपायी जंगली हिंसक जानवर जिसकी त्वचा मुलायम बालों वाली होती है, रीछ।
7. जमाना का वह संक्षिप्त रूप जो उसे यौगिक शब्दों के अंत में प्राप्त होता है।



### वर्ग पहेली -26 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 ब | ज | वा | ई | | | |
| ढ़ | | | | 2 सं | चि | 3 ति |
| नी | | 4 अ | | दू | | र |
| | 5 इ | म | ला | क | | हु |
| 6 लां | | री | | ड़ी | | ति |
| 7 छ | टं | की | | | | |
| न | | | 8 प | ख | वा | ड़ा |

## सुडोकू-106

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | | | | | 7 | | 2 | |
| | 8 | | | | 9 | | 3 | |
| | | | 8 | | | 1 | | |
| 9 | | 4 | | | | | | 2 |
| | | 7 | | | | 6 | | |
| 5 | | | | | 3 | | | 9 |
| | 1 | 3 | | | 8 | | 6 | |
| | 9 | | 4 | | | | 8 | |
| | | | 2 | | | | | 7 |

### सुडोकू -105 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 3 | 2 | 7 | 6 | 9 | 4 | 8 | 5 |
| 4 | 7 | 8 | 1 | 5 | 3 | 9 | 6 | 2 |
| 9 | 5 | 6 | 2 | 8 | 4 | 7 | 3 | 1 |
| 6 | 8 | 1 | 4 | 9 | 5 | 3 | 2 | 7 |
| 3 | 9 | 7 | 6 | 2 | 1 | 5 | 4 | 8 |
| 5 | 2 | 4 | 8 | 3 | 7 | 6 | 1 | 9 |
| 2 | 6 | 3 | 9 | 7 | 8 | 1 | 5 | 4 |
| 8 | 4 | 9 | 5 | 1 | 6 | 2 | 7 | 3 |
| 7 | 1 | 5 | 3 | 4 | 2 | 8 | 9 | 6 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 2 अप्रैल, मंगलवार 2024 संवत-2080, शक संवत 1945 मास-चैत्र, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-अष्टमी 20 .08 तक तत्पश्चात नवमी।

### आज का पंचांग




दिशाशूल-उत्तर। ऋतु-वसंत। चन्द्रबल-मिथुन, कर्क, तुला, धनु, कुम्भ, मीन। ताराबल-अश्विनी, भरणी, कृत्तिका, रोहिणी, आर्द्रा, पुष्य, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, अनुराधा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद। नक्षत्र-पूर्वाषाढ़ा 22 .49 तक तत्पश्चात उत्तराषाढ़ा।

**मेष:** आज माता-पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। निजी समस्याओं का निराकरण होगा। किसी रुके हुए काम के अचानक से बनने से मन प्रसन्न होगा। गैस और एसिडिटी की समस्या हो सकती है। आपकी कार्यदक्षता में वृद्धि होगी। यात्रा की योजना बना सकते हैं।

**वृष:** आज आप दूसरों के भले की सोचेंगे। पारिवारिक आयोजन किसी कारणवश टल सकते हैं। जीवनसाथी की सेहत का ध्यान रखें। किसी के उकसावे में आकर काम न करें। अन्य दिनों की अपेक्षा दिन कुछ कमजोर रहेगा।

**मिथुन:** आज आपकी कोई मनोकामना पूर्ण हो सकती है। आज बुजुर्ग सदस्यों की राय अवश्य लें। भोग-विलास का भरपूर आनन्द उठायेंगे। आपका मनोबल बढ़ा हुआ रहेगा। व्यवसाय में सारी परिस्थितियां आपके अनुकूल रहेंगी।

**कर्क:** आज शोध कार्यों में सफलता मिल सकती है। कार्यक्षेत्र में चुगलखोरी का शिकार हो सकते हैं। आपके व्यक्तित्व में तीव्र आकर्षण रहेगा। इसके कारण आप लोकप्रिय भी रहेंगे। खर्च करने से पहले बजट का ध्यान अवश्य रखें।

**सिंह:** आज प्रेम संबंधों में कुछ सम्वादहीनता जैसी स्थितियाँ निर्मित हो सकती है। आज धन से जुड़े मामलों को लेकर काफी सतर्क रहें। शाम के साथ मित्रों के साथ महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा करेंगे। लोग आपकी बातों को काफी गम्भीरता से लेंगे।

**कन्या:** आज मानसिक स्थिति कुछ नकारात्मक हो सकती है। व्यर्थ में अपने शुभ चिन्तकों पर सन्देह न करें। आज ज्यादा भागदौड़ करने से आपको बचना चाहिए। धन को लेकर परेशानियां उत्पन्न हो सकती हैं। आलस्य में अपना समय बर्बाद न करें।

**तुला:** आज कारोबार से जुड़ी यात्राओं से आपको लाभ मिलेगा। दूसरों की बातों में आकर अपना समय बर्बाद न करें। रचनात्मक गतिविधियों में सुखद समय बीतेगा। वैवाहिक जीवन में मधुरता बनी रहेगी। परिवार में आपका वर्चस्व बढ़ेगा।

**वृश्चिक:** आज आपके विनम्र व्यवहार के कारण विपरीत लिङ्गी लोग आपसे आकर्षित रहेंगे। दूसरों के काम में हस्तक्षेप न करें। घर में कुछ रिश्तेदार आ सकते हैं। विदेश में व्यापार कर रहे लोगों को कारोबार में विस्तार के अवसर मिल सकते हैं।

**धनु:** आज छात्र पढ़ाई में बेहतरीन प्रदर्शन करेंगे। बेरोजगार लोगों को नई जॉब मिल सकती है। किसी मांगलिक उत्सव में आप सम्मिलित हो सकते हैं। कारोबार में निवेश करने के लिये बाहरी निवेशक आ सकते हैं।

**मकर:** आज आपको धैर्य और संयम के साथ अपने काम पर ध्यान देना चाहिये। दूसरों की सलाह पर ज्यादा ध्यान न दें। यदि किसी से प्रेम निवेदन करना चाहते हैं तो आज इससे बचें। आपकी भावनाओं का अनादर हो सकता है।

**कुंभ:** आज जीवनसाथी और बच्चों से आपको प्रेम और सम्मान दोनों ही प्राप्त होगा। आपके विचारों से लोग शीघ्र प्रभावित होंगे। सरकारी मामलों में आपको सफलता मिलेगी। उधार दिया हुआ धन आपको वापस मिल सकता है।

**मीन:** आज परिवार में उत्सव का माहौल रहेगा। लक्ष्य प्राप्ति के लिए दृढ़ संकल्पित रहेंगे। सहकर्मियों की तुलना में आपका प्रदर्शन विशेष और उत्कृष्ट हो सकता है। किसी बहुमूल्य वस्तु को खरीद सकते हैं। नकारात्मक लोगों से दूरी बनाकर रखें।

## आज की फिल्में

B4U Movies
शक्तिमान — सुबह : 08 .17
थैंक गोल्ड — शाम : 05 .51

&pictures
लिंगा — सुबह : 10 .58
समय 2 — रात : 07 .30

Sony Pix
वर्टिकल लिमिट — दोपहर : 02 .43
एज ऑफ टूमारो — रात : 09 .00

Zee Cinema
गंगाजल — दोपहर : 12 .10
भोला — रात : 08 .30

Colors Cineplex
वन टू का फोर — सुबह : 08 .12
राजा हिन्दुस्तानी — शाम : 05 .58

### आज की सुपरहिट फिल्म



जी सिनेमा पर रात : 08 .30 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

सोनू- तुम ऑपरेशन कराने से पहले ही क्यों भाग गए?
बंटी- नर्स बार-बार कह रही थी, डरो मत कुछ नहीं होगा हिम्मत रखो, कुछ नहीं होगा ये तो बस एक छोटा सा आपरेशन है।
सोनू- तो इस में डरने की क्या बात है? सही तो कह रही थी!
बंटी- अबे, वो मुझसे नहीं डॉक्टर से कह रही थी!

डॉक्टर - कहिए कैसे आना हुआ...
राजू- डॉक्टर साहब लिवर में बहुत दर्द हो रहा है.
डॉक्टर- शराब पीते हो?
राजू- हां- हां बिल्कुल पर छोटा पैक ही बनाना।



22वां रोजा

शिया
सहरी : 04.21 बजे
इफ्तार : 06.33 बजे

सुन्नी
सहरी : 04 .35 बजे
इफ्तार : 06.21 बजे

नोट : रोजेदारों की सुविधा के लिए सहरी का समय एक दिन आगे का दिया जा रहा है।

# शिक्षकों ने तिलक लगाकर बच्चों का किया स्वागत



उच्च प्राथमिक विद्यालय में बच्चों को तिलक लगाते शिक्षक। अमृत विचार



विद्यालय में मौजूद छात्र-छात्राएं। अमृत विचार

- शैक्षिक सत्र के पहले दिन बच्चों में दिखा उत्साह
- विद्यालयों में मनाया गया प्रवेश उत्सव दिवस

संवाददाता, बहराइच

**अमृत विचार:** एक अप्रैल से जिले के परिषदीय स्कूलों में बच्चों का प्रवेश शुरू हो गया है। सोमवार को स्कूल में बच्चों का नामांकन हुआ। स्कूल आने वाले छात्रों को तिलक और फूल माला पहनाकर स्वागत किया।

जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी एआर तिवारी के निर्देशन एंव खंड शिक्षा अधिकारी फखरपुर अनुराग कुमार मिश्रा की देखरेख मे उच्च प्राथमिक विद्यालय ढोगाही बटुरहा में सत्र 2024-25 विद्यालय प्रवेशोत्सव कार्यक्रम आयोजित किया गया।

विद्यालय गेट पर ही शिक्षिका परवीन अख्तर व एसके चौबे विद्यालय के स्टाफ द्वारा बच्चों को पुष्प गुच्छ देकर रोली-टीका लगाकर स्वागत किया गया। विद्यालय में आकर्षक रंगोली बनायी गयी थी। विद्यालय के क्रियाकलापों का बैनर सभी के आकर्षण का केंद्र रहा। इस अवसर पर विवेक सिंह, विभाकर द्विवेदी, सत्यपाल यादव, सुरेश चंद, सरिता सहित विद्यालय का स्टाफ मौजूद रहा।

**बच्चों के चेहरे पर दिखी खुशी**
नये शैक्षिक सत्र के पहले दिन बच्चों के चेहरों पर खुशी दिखी। छात्र और छात्राओं ने नियमित विद्यालय आने का संकल्प लिया।

# रामलीला देखकर भावविभोर हुए श्रद्धालु

महसी, बहराइच



राम लीला में मंचन करते कलाकार।

**अमृत विचार :** रेहुआ मंसूर गांव में आयोजित रामलीला में विभिन्न प्रसंगों का मचन किया गया। सात दिवसीय रामलीला के पांचवें दिन अयोध्या में असुरों के यज्ञ विध्वंस व अत्याचार से परेशान ऋषि-मुनियों की कथा का मंचन हुआ।

ऋषि मुनियों के यज्ञ की रक्षा के लिए महर्षि विश्वामित्र द्वारा राम-लक्ष्मण को ले जाने का प्रसङ्ग का मंचन किया गया। यह देख श्रद्धालु भावविभोर हो उठे। जहां राजा दशरथ व गुरु विश्वामित्र की भूमिका निभा रहे कलाकारों बाबूलाल तिवारी व लवकुश की भूमिका सराहनीय रही। इस अवसर पर आयोजन समिति के पं. माधवदीन मिश्र, ज्ञानी बाबा, लकी पाण्डेय, अभिषेक, पं. पुण्डरीक पाण्डेय, चैतन्य, सिद्धार्थ, संजय विष्णु पाण्डेय, सत्यम मिश्र, सोनू मिश्र, अमृतलाल समेत बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## एक नजर

### समिति करेगी जब्ती के मामलों की सुनवाई

**बहराइच :** लोकसभा चुनाव के दौरान नकदी जब्ती के मामलों की सुनवाई समिति करेगी। निर्वाचन आयोग के निर्देश पर जिला निर्वाचन अधिकारी मोनिका रानी द्वारा गठित समिति में सीडीओ रम्या आर., मुख्य राजस्व अधिकारी/नोडल अधिकारी निर्वाचन व्यय अनुवीक्षण सेल देवेंद्र पाल सिंह व वरिष्ठ कोषाधिकारी/नोडल अधिकारी निर्वाचन व्यय अनुवीक्षण सेल नरोत्तम शरण शामिल हैं।

### एसएसबी जवानों ने बुझायी आग

**बहराइच :** नेपाल सीमा से सटे गुलहरिहा ग्राम में एक मकान आग लग गई। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंचे सीमा सुरक्षा बल के जवानों ने आग पर काबू पाया। हालांकि तब तक मकान की वस्तुएं जलकर नष्ट हो गयी थीं।

### वारंटी गिरफ्तार

**राजीचौराह, बहराइच :** हरदी थाना क्षेत्र के देव रायपुर गांव निवासी वारंटी राम नगीना यादव को सोमवार पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। विधिक कार्रवाई के बाद पुलिस ने आरोपी को जेल भेज दिया।

### पैरामिलेट्री फोर्स को लाएंगी 12 बसें

**बहराइच :** परिवहन विभाग के क्षेत्रीय प्रबंधक प्रेम कुमार ने बताया कि जिले में लोकसभा चुनाव में सुरक्षा व्यवस्था के लिए पैरामिलिट्री फोर्स आएगी। जिला निर्वाचन अधिकारी मोनिका रानी के निर्देश पर दो शिफ्ट में परिवहन विभाग की 12 बसें दी गई हैं। उन्होंने बताया कि इन बसों से पैरामिलिट्री और सशस्त्र सीमा बल के जवान आएंगे। फिर यही बसें जवानों को वापस भेजने के लिए जाएंगी।

### आज 4 घंटे बाधित रहेगी बिजली आपूर्ति

**विशेश्वरगंज, बहराइच :** विद्युत वितरण उपखंड विशेश्वरगंज के उपखंड अधिकारी डीके वर्मा ने बताया कि मंगलवार को क्षेत्र में सुबह 10 से दोपहर दो बजे तक अनुवीक्षण कार्य चलेगा। इसके चलते विद्युत उपकेंद्र धनुही के समस्त फीडर पर चार घंटे बिजली कटौती रहेगी।

# अधेड़ की ईंट से कूचकर हत्या, नहर के पास फेंका शव

## पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर शुरू की मामले की जांच

हुजूरपुर, बहराइच

**अमृत विचार:** पंडितपुरवा निवासी एक ग्रामीण की पिटाई के बाद कुछ लोगों ने ईंट से कूचकर हत्या कर दी। इसके बाद शव को बलचनपुरवा नहर के पास फेंक दिया। नहर के किनारे शव मिलने पर हड़कंप मच गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। परिवार के लोगों ने पिटाई के बाद हत्या करने की तहरीर दी। पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

रानीपुर थाना क्षेत्र के कलुवापुर ग्राम पंचायत के पण्डितपुरवा निवासी वकील अहमद (45) की कुट्टी बाजार में साइकिल रिपेयरिंग की दुकान है। प्रतिदिन की तरह रविवार की रात वह दुकान बंद कर घर के लिए निकला, लेकिन वहां पहुंचा नहीं। सोमवार सुबह बलचनपुरवा नहर के किनारे वकील अहमद (45) का शव मिला। चेहरे पर ईंट से हमले के निशान थे, दांत भी टूटे हुए थे। लोगों ने इसकी सूचना परिजनों को दी। रोते-बिलखते परिजन मौके पर पहुंचे। सूचना पर रानीपुर थाने की पुलिस ने भी मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। प्रभारी निरीक्षक आरती वर्मा ने बताया कि हत्या का केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।



जिला मुख्यालय स्थित पोस्टमार्टम हाउस के पास मौजूद परिवार के लोग।

**निजी दुकान खोलने पर बढ़ा विवाद**
वकील अहमद पहले दूसरी दुकान पर काम करता था। इसके बाद उसने अपनी दुकान खोल ली। ग्राहक उसकी दुकान पर जाने लगे थे। जिसके चलते कुछ लोगों से उसकी रंजिश चल रही थी। परिवार के लोग इसी रंजिश में हत्या की बात कह रहे हैं।

# दुष्कर्म के पांच दिन बाद महिला ने दर्ज कराया केस

**बहराइच, अमृत विचार :** रिसिया थाना क्षेत्र के एक गांव की 22 वर्षीया महिला ने गांव के ही एक युवक के खिलाफ पांच दिन बाद रिसिया थाने में दुष्कर्म का मुकदमा दर्ज कराया है। पीड़िता के मुताबिक घटना बीते मंगलवार देर रात की है। वह अपने घर में सो रही थी। तभी गांव का एक युवक घर में घुस आया और दुष्कर्म किया। उसने धमकी दी कि यदि किसी से शिकायत की तो जान से मार देंगे। पीड़ित महिला के पति की मौत दो वर्ष पूर्व हो चुकी है। इसीलिए महिला लोकलाज के डर से थाने नही जा पा रही थी, लेकिन हिम्मत जुटाकर रविवार को थाने पहुंची। प्रभारी निरीक्षक प्रदीप कुमार सिंह ने बताया कि पीड़ित महिला की तहरीर पर उसी के गांव के युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। जांच की जा रही है।

# पीआरडी जवानों ने कलेक्ट्रेट का किया घेराव



कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन करते पीआरडी जवान। अमृत विचार

**आक्रोश**
- ड्यूटी की अवधि कम किये जाने से नाराज हैं जवान
- समय से मानदेय भी नहीं देने का लगाया आरोप

संवाददाता, बहराइच

**अमृत विचार :** पीआरडी जवानों ने सोमवार को विभिन्न मांगों के समर्थन में कलेक्ट्रेट का घेराव कर प्रदर्शन किया। इसके बाद नगर मजिस्ट्रेट को मांगों का ज्ञापन सौंपा।

पीआरडी जवानों ने कहा कि उनकी ड्यूटी काट दी गयी है। वहीं मानदेय भी समय से नहीं दिया जा रहा है जिससे आर्थिक संकट से भी जूझना पड़ रहा है। उन्होंने मांग की कि जवानों की ड्यूटी पूर्व में 80 प्रतिशत तक लगाई जाती थी। जनवरी माह में लखनऊ मुख्यालय से आदेश था कि डीएम से अनुमोदन कराकर सभी जवानों को शत-प्रतिशत ड्यूटी पर लगाया जाए, मगर अप्रैल माह लगते ही ड्यूटी घटाकर आधी कर दी गयी है। जिससे उनके समक्ष आर्थिक संकट उत्पन्न हो गया है। पीआरडी जवानों का कहना है कि अगर एक सप्ताह में उनकी मांगें पूरी नहीं होती हैं तो वे आमरण अनशन को बाध्य होंगे। इस दौरान बड़ी संख्या में पीआरडी जवान मौजूद रहे।

# टप्पेबाजों ने महिला के जेवर उड़ाए

**बहराइच, अमृत विचार :** घर से मंदिर जा रही महिला से टप्पेबाजों ने झांसा देकर उसके जेवरात पार कर दिये। महिला जब घर पहुंची तो उसे ठगी का एहसास हुआ। पीड़िता ने कोतवाली देहात में घटना की तहरीर दी है। घटना सोमवार प्रात: करीब आठ बजे की है। मोहल्ला नवागढ़ी गोण्डा रोड रेलवे क्रासिंग निवासिनी उर्मिला (58) पत्नी मुरलीधर मिश्रा सोमवार सुबह मंदिर जा रही थीं। चुंगी नाका के निकट उन्हें दो युवक मिले। कहा कि माताजी तुम बहुत परेशान हो। कुछ उपाय बता रहे हैं जिससे आपके कष्ट दूर हो जाएंगे। महिला उनके झांसे में आ गई और सोने की अंगूठी, गले की चेन व सोने के टप्स युवकों को दे दिया। युवकों ने झाड़-फूंक कर कागज की पुड़िया बनाई और कहा कि तुम्हारे जेवर इसी पुड़िया में है। घर जाकर खोलना। महिला ने घर पहुंचकर जब कागज की पुड़िया खोली तो उसमें छोटे पत्थर थे। कोतवाल बीके मिश्रा ने बताया कि अज्ञात के विरुद्ध केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

# तरणताल में मिलेगा तैराकी का प्रशिक्षण

**बहराइच :** इन्दिरा गांधी स्टेडियम में तरणताल का उद्घाटन सोमवार को शाम 4 :30 बजे मुख्य विकास अधिकारी ने पूजा अर्चना कर किया। उप जिला क्रीड़ा अधिकारी अनुपमा धानुक ने बताया कि तरणताल में प्रशिक्षण तथा सदस्यों के लिए तैराकी की सुविधा रहेगी। इस मौके पर शिव कुमार यादव क्रीड़ाधिकारी श्रावस्ती, अशोक सोनकर उप क्रीड़ाधिकारी गोण्डा, अटल सिंह सचिव जिला एथलेटिक्स संघ बहराइच, प्रेमनाथ तिवारी सचिव जिला वॉलीबॉल संघ, रजवन्त सिंह अध्यक्ष जिला वॉलीबॉल संघ, कासिम मेंहदी सचिव जिला तैराकी संघ, जिला खेल कार्यालय के आजीवन सदस्य बृजमोहन मातनहेलिया, अशोक मातनहेलिया, कुलभूषण अरोड़ा, डॉ शिशिर अग्रवाल, अमित कुमार मित्तल आदि मौजूद रहे।

# गायत्री महायज्ञ के लिए निकाली गयी कलश शोभयात्रा में शामिल हुए श्रद्धालु



कलश यात्रा में शामिल श्रद्धालु। अमृत विचार

**पयागपुर, बहराइच, अमृत विचार :** गायत्री नव चेतना विस्तार केंद्र भूपगंज बाजार के तत्वावधान में आयोजित सात दिवसीय श्रीमद्प्रज्ञा पुराण कथा एवं गायत्री महायज्ञ की शुरुआत सोमवार को कलश शोभायात्रा के साथ हुई। पीत वस्त्र धारी महिलाएं सिर पर कलश रखकर नगर क्षेत्र के बारीपुरवा, नट टोला, मसूदपुर चौराहे के रास्ते सोसायटी तिराहा होते हुए यज्ञ स्थल पर पहुंची। पुरोहितों द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के साथ कलश को स्थापित किया गया। गायत्री नव चेतना विस्तार केंद्र के परिव्राजक ज्ञान प्रकाश शुक्ल ने बताया कि एक सप्ताह तक चलने वाले कार्यक्रम में प्रतिदिन सुबह गायत्री महायज्ञ और सायं काल में शांतिकुंज हरिद्वार से आये हुए कथावाचक सत्यनारायण की टोली द्वारा संगीतमय श्रीमद प्रज्ञा पुराण कथा का आयोजन होगा। इस अवसर पर गायत्री परिवार के मालिकराम शर्मा, राकेश तिवारी, पुल्ली शुक्ला, महाराजदीन वर्मा, ईश्वरदीन सिंह, संतोष सिंह, गुड़िया शुक्ला, ऋचा शुक्ला, मनोज सोनी समेत बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

## सार-संक्षेप

### कन्या विद्यालय में किया गया पौधरोपण





विद्यालय में पौधरोपण करते पदाधिकारी।

**बहराइच :** तेजवापुर विकास खंड के राजमाता रेहुआ स्थित कन्या विद्यालय में सोमवार को पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन हुआ। यूनिटीइम्पैक्ट फाउंडेशन संस्था की ओर से स्कूल परिसर में पौधे लगाकर लोगों को पौधरोपण के प्रति जागरूक किया गया। सदस्यों ने कहा कि सभी लोग भविष्य को सुरक्षित करने के लिए खाली स्थान पर पौध जरूर लगाएं।

### जीवन में आगे बढ़ने के लिए उच्च शिक्षा जरूरी



छात्रा को सम्मानित करतीं वार्डेन और मौजूद अन्य लोग। अमृतविचार

**मटेरा, बहराइच, अमृत विचार :** जिले के कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय रिसिया में सोमवार को परीक्षाफल वितरण कार्यक्रम का आयोजन हुआ। वार्डेन ने प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान पाने वाली छात्राओं को सम्मानित किया। सोमवार को आयोजित कार्यक्रम में वार्डेन मंजू सिंह ने कक्षा आठ पास आउट बालिकाओं को रिजल्ट कार्ड वितरित किया। वार्डेन ने बताया कि प्रथम आने वाली छात्रा सदफ फातिमा, द्वितीय और तृतीय स्थान पाने वाली बालिकाओं को भी पुरस्कृत किया गया। उन्होंने कहा कि कक्षा आठ पास छात्राएं आगे की पढ़ाई जारी रखें। उन्होंने कहा कि आगे बढ़ने के लिए उच्च शिक्षा आज के समय में बहुत जरूरी है। इस अवसर पर दिलकुसा रहमानी, सुलायमा खातून, वकील अहमद, अनवर खान, पुष्पेंद्र पाल सहित अन्य उपस्थित रहे।

# राष्ट्रहित के लिए सभी करें मतदान



कार्यक्रम में मौजूद पदाधिकारी। अमृत विचार

**मोतीपुर, बहराइच, अमृत विचार :** विश्व हिंदू परिषद द्वारा होली मिलन समारोह एवं योजना बैठक का आयोजन किया गया। इसमें लोकसभा चुनाव को लेकर मंथन किया गया। इसमें राष्ट्रहित के लिए सभी से मतदान करने की अपील की गयी। विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल प्रखंड मिहींपुरवा एवं बलहा की योजना बैठक तथा होली मिलन कार्यक्रम गायघाट में हुआ। अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष मदन सोनी तथा प्रखंड मंत्री मिहींपुरवा संतोष वर्मा ने की। मुख्य अतिथि बृजेश पांडे प्रांत सह मंत्री रहे। मुख्य अतिथि ने आने वाले कार्यक्रम राम उत्सव, दुर्गा वाहिनी प्रशिक्षण वर्ग, बजरंग दल वर्ग, मातृशक्ति वर्ग, परिषद वर्ग एवं सीताराम नवमी के बारे में कार्यकर्ताओं से चर्चा की तथा इन कार्यक्रमों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने की अपील की। विभाग उपाध्यक्ष संदीप सिंह ने कहा कि विश्व हिंदू परिषद का सपना था कि अयोध्या में भव्य राम मंदिर बने, मोदी ने भव्य राम मंदिर निर्माण करवा कर हिंदुओं के सपनों को साकार किया है। इस अवसर पर लखीमपुर से आए गौ भक्त देव जुनेजा, जसवंत राज, प्रखंड अध्यक्ष बलहा मदन सोनी, प्रखंड कार्य अध्यक्ष बृजेश निषाद मुकुल मिश्रा अशोक यादव प्रखंड बलहा मंत्री राजेंद्र कुमार संतोष कुमार वर्मा संयोजक राम सिंह बिक्कू सिंह, संदीप मौर्य सरदार हरेंद्र सिंह अंकित बजरंगी तथा बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# जेल की महिला बंदी रक्षकों को मिला प्रशस्ति पत्र

बहराइच

**अमृत विचार:** उत्तर प्रदेश अपराध निरोधक समिति बहराइच द्वारा जिला कारागार में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जेल में बंदियों की सुरक्षा में लगीं महिला सिपाहियों को सम्मानित किया गया। इसके बाद सभी ने रोजा इफ्तार किया।

शहर के सिविल लाइन स्थित जिला कारागार में उत्तर प्रदेश अपराध निरोधक समिति की ओर से इफ्तार पार्टी और होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। जेल में निरुद्ध कैदी भाईयो के साथ इफ्तार पार्टी व होली मिलन समारोह आयोजित किया गया। समिति द्वारा कारागार के 220 रोजेदार कैदियों को इफ्तार करवाया गया। इसके बाद कैदियों एव अधिकारियों के साथ फूलों की होली खेल कर होली मिलन कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिससे कैदियों में खुशी की लहर दौड़ गई। जेल अधीक्षक राजेश यादव ने बताया कि कारागार के कैदी जो अपनो से दूर रहते है त्योहार भी उनका आम दिनों की तरह होता है। उनके बीच में हुए इस कार्यक्रम से कैदियों को अपने पन का एहसास हुआ और उनके वीरान चेहरे पर खुशी की चमक देखते ही बनती थी। इस कार्यक्रम के अवसर पर समिति द्वारा जेलर अजय कुमार झा डिप्टी जेलर देवकांत वर्मा, शेषनाथ, ब्रह्मानंद को पगड़ी बांधकर और माला पहनाकर एवं प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया गया। अनीता सक्सेना डिप्टी जेलर एवं कुसुम यादव बंदी रक्षक व अंशु यादव बंदी रक्षक को भी प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के आयोजक समिति के केशव कुमार मौर्य जिला सचिव, जेल विजिटर जिला कारागार, शेर सिंह कसौधन जिला सैंयोजक, यज्ञराम त्रिपाठी जिला संरक्षक गौरव त्रिपाठी सदस्य, विनोद कुशवाहा जिला उपसचिव, मोहम्मद अरशद, इरशाद हुसैन, महबूब अहमद, श्याम कुमार मिश्र, रमेश मिश्रा, गौरव त्रिपाठी, केशव पाण्डेय जिला उपसचिव, मुन्नालाल कश्यप, राजेंद्र प्रसाद श्रीवास्तव, इमरान, मनीष कुमार सहित दर्जनों लोग उपस्थित रहे।



जिला कारागार में महिला बंदी रक्षक को सम्मानित करते पदाधिकारी।

# पालतू मवेशियों को निवाला बना रहे मगरमच्छ



नाले में जाता मगरमच्छ।

**नानपारा, बहराइच, अमृत विचार :** बहराइच वन्य जीव प्रभाग के नानपारा रेंज अंर्तगत लक्ष्मणपुर मटेही गांव के निकट दोंदरा नाला में पिछले एक माह से दो विशालकाय मगरमच्छ डेरा जमाए हुए हैं। मगरमच्छ आयेदिन ग्रामीणों के पालतू मवेशियों को निशाना बना रहे हैं। कोतवाली नानपारा के नगर निवासी निवासी अरशदुन नबी खान मटेही गांव अपने खेत में कार्य कर रहे थे। तभी खेत के निकट स्थित दोंदरा नाला के किनारे झाड़ियों से निकला मगरमच्छ एक कुत्ते को दबोचकर पानी में चला गया। किसानों का कहना है कि यह मगरमच्छ अब तक कई मवेशियों को अपना शिकार बना चुका है। ग्रामीणों ने बताया कि यह दोंदरा नाला आगे बहकर सरयू नदी से जुड़ता है। इस नाले में कभी-कभार मगरमच्छ आये भी तो कुछ ही समय में नदी में लौट भी गये। इसलिये हम लोगो को भी यही लग रहा था कि इसबार भी यह दोनो मगरमच्छ चले जायेंगे इसलिये वन विभाग को सूचना नहीं दी। लेकिन पिछले एक महीने से ये मगरमच्छ आतंक का पर्याय बने हुए हैं। डीएफओ संजीव कुमार ने बताया कि इस मामले की जानकारी हुई है। वन कर्मियों को मौके पर भेजा गया है

# रोडवेज बस स्टैंड पर बेहोश मिले श्रावस्ती के दो युवक

**बहराइच, अमृत विचार :** शहर स्थित रोडवेज बस स्टैंड के प्लेटफॉर्म के फर्श पर शनिवार रात दो युवक बेहोश मिले। लोगों ने एंबुलेंस से उपचार के लिए दोनों को मेडिकल कॉलेज भेजा। दोनों की पहचान श्रावस्ती के सोनवां थाने के पकड़िया रमनगरा निवासी रवीश (25) पुत्र ननमुन व सिरसिया थाने के महासेमरा गांव निवासी य अन्नू राम (28) पुत्र हृदय राम के रूप में हुई। क्षेत्र के लोग दोनों के जहरखुरानी का शिकार होने की आशंका जता रहे हैं, वहीं पुलिस दोनों को नशेड़ी बता रही है।

जागरूकता अभियान | संचारी रोग नियंत्रण माह की सीडीओ ने की शुरुआत

# जेई से बचाव को बच्चों को लगवाएं टीका : सीडीओ

संवाददाता, बहराइच

**अमृत विचार :** संचारी रोग नियंत्रण माह की शुरुआत मुख्य विकास अधिकारी रम्या आर. ने कलेक्ट्रेट परिसर से संचारी रोग नियंत्रण जागरूकता रैली को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया।

सीडीओ रम्या आर. ने कहा कि जेई जानलेवा बीमारी है। 15 वर्ष की आयु तक के बच्चे इससे ग्रसित होते हैं। सीडीओ ने लोगों से अपील की कि घर के आसपास सफाई का ध्यान रखें और जल निकासी का उचित प्रबन्ध करें। जापानी इन्सेफेलाइटिस (जेई) के विषाणु से बचाव के लिए बच्चों को दिमागी बुखार का टीका लगवायें। प्रभारी मुख्य चिकित्साधिकारी डा. राजेश कुमार ने बताया कि संचारी रोग नियंत्रण माह जागरूकता रैली नगर के विभिन्न क्षेत्रों में भ्रमण कर लोगों को दिमागी बुखार एवं संचारी रोगों के प्रति जागरूक करेगी। इस अवसर पर मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ. राजेश उपाध्याय, जिला प्रोबेशन अधिकारी विनय कुमार सिंह, डीएचईआईओ बृजेश सिंह, जिला कार्यक्रम अधिकारी आईसीडीएस जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी वीपी सत्यार्थी, अपर मुख्य चिकित्साधिकारी व उप मुख्य चिकित्साधिकारी, डीपीएम सरजू खान डीसीपीएम राशिद एवं गैर सरकारी संगठनों डब्ल्यूएचओ, यूनीसेफ व पाथ के प्रतिनिधि मौजूद रहे।





जागरूकता रैली को रवाना करतीं सीडीओ। अमृत विचार

**टोल फ्री नंबर पर लें जानकारी**
सीएमओ ने बताया कि पेयजल से सम्बन्धित जानकारी के लिए उत्तर प्रदेश जल निगम के टोल फ्री नम्बर 18001800525 तथा एसडब्लूएसएम के टोल फ्री नम्बर 18001025030 तथा संक्रामक रोग से सम्बन्धी जानकारी मुख्य चिकित्साधिकारी कार्यालय पर स्थापित संक्रामक रोग नियंत्रण कक्ष के दूरभाष नम्बर 05252-232417 पर सम्पर्क स्थापित किया जा सकता है। डॉ. कुमार ने बताया कि 1 से 30 अप्रैल तक संचालित होने वाले संचारी रोग नियंत्रण माह के अन्तर्गत 10 से 30 अप्रैल तक आशा, आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों द्वारा घर-घर जाकर संक्रामक रोगों से बचाव के बारे में जागरूक किया जायेगा।

# फूस के तीन मकानों में लगी आग, एक मवेशी झुलसा

**जरवल, बहराइच, अमृत विचार :** पुरैनी गांव में सोमवार शाम अज्ञात कारणों से फूस के तीन मकानों में आग लग गयी। एक मवेशी झुलस गया। जरवल विकास खंड अंर्तगत ग्राम पंचायत आदमपुर के मजरा पुरैनी निवासी चंदन गोड़िया के मकान में सोमवार शाम अअज्ञात कारणों से आग लग गई। तेज हवा की वजह से पड़ोसी एकराज और शंभू के फूस के मकान को भी आग ने आगोश में ले लिया। जानकारी मिलने पर प्रभारी निरीक्षक बृज प्रसाद पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। फायर ब्रिगेड को घटना की जानकारी दी गई। दमकल कर्मियों ने मौके पर पहुंच कर आग पर काबू पाया। आग लगने से ग्रामीणों के घर में रखा कपड़ा, बर्तन, अनाज, जेवरात आदि जल गया। एक मवेशी झुलस गया। दो लाख से अधिक का नुकसान का अनुमान है। एसडीएम पंकज कुमार दीक्षित ने बताया कि जल्द ही पीड़ित परिवारों के खातों में सहायता राशि भेज दी जाएगी।

गुरू वशिष्ठ महाविद्यालय, मनकापुर-गोण्डा (उ0प्र0)
9415458212, 9648469000, 9838989000.
आवश्यकता
स्ववित्तपोषित योजनान्तर्गत स्नातक स्तर पर कला एवं विज्ञान संकाय के अन्तर्गत प्राणि विज्ञान, गणित, भौतिक विज्ञान, वनस्पतिविज्ञान, रसायन विज्ञान, अंग्रेजी, हिन्दी, समाजशास्त्र, शिक्षाशास्त्र, भूगोल, प्राचीन इतिहास, गृह विज्ञान, अर्थशास्त्र, राजनीतिशास्त्र विषयों में महाविद्यालय में प्राध्यापन कार्य हेतु सहायक आचार्य पद पर नियुक्ति के लिये चयन हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित है।
अर्हता स्नातक उपाधि द्वितीय श्रेणी, सम्बन्धित विषय में स्नातकोत्तर उपाधि न्यूनतम 55%अंकों सहित, यूजी0सी0 रेगुलेशन-2016 प्रमाणपत्र सहित पी-एच0 डी0 उपाधि/नेट प्रमाण पत्र।
विशेष यू0जी0सी0 द्वारा निर्गत नवीन शैक्षिक मानकानुसार शिक्षकों के चयन की कार्यवाही की जावेगी।
वेतन यू0जी0सी0/डॉ0 रा0म0लो0 अवध वि0वि0/उ0प्र0 शासन के मानक के अनुसार।
इच्छुक अभ्यर्थी विज्ञापन की तिथि से 14 दिवस के अन्दर आवेदन पत्र पर नवीनतम फोटोग्राफ चस्पा कर शैक्षिक अंकपत्रों एवं प्रमाणपत्रों की स्व-प्रमाणित स्वच्छ छायाप्रति संलग्न कर आवेदन महाविद्यालय कार्यालय करें।
प्रबन्धक

अमृत विचार
www.amritvichar.com

यस्य कृत्यं न जानन्ति मन्त्रं वा मन्त्रितं परे।
कृतमेवास्य जानन्ति स वै पण्डित उच्यते ॥

दूसरे लोग जिसके कार्य, व्यवहार, गोपनीयता, सलाह और विचार को कार्य पूरा हो जाने के बाद ही जान पाते हैं, वही व्यक्ति ज्ञानी कहलाता है।

## संपादकीय

# बाज नहीं आ रहा चीन

अरुणाचल प्रदेश को लेकर भारत और चीन के बीच फिर विवाद बढ़ सकता है। चीन ने भारतीय राज्य में विभिन्न स्थानों के 30 नए नामों की चौथी सूची जारी की है। एक रिपोर्ट के मुताबिक, ये सभी नाम चीनी अक्षरों में लिखे गए हैं। चीन ने ये नाम पहाड़ों, नदियों और कुछ प्रमुख स्थानों के रखे हैं। जबकि चीन द्वारा अरुणाचल प्रदेश के स्थानों का नाम बदलने की कवायद को भारत खारिज करता रहा है। गत दिवस ही भारत-भूटान सीमा पर बसाए गए नए गांव में चीन ने तिब्बत पर कब्जे की 65वीं वर्षगांठ बनाई है। गौरतलब है कि चीन भारत से सटी सीमाओं पर कई गांवों का निर्माण कर रहा है, जिसकी आड़ में चीन के सैनिकों को क्षेत्र में बड़ी संख्या में तैनात किया जा रहा है।

चौथी सूची जारी करने के साथ ये भी कहा गया है कि इन नामों को 1 मई, 2024 से लागू किया जाएगा। बता दें कि चीन अरुणाचल प्रदेश को जंगनान के रूप में मान्यता देता है। चीन ने मार्च के शुरुआत में इस क्षेत्र पर अपना दावा ठहराते हुए कहा था कि अरुणाचल प्रदेश चीन का अंतर्निहित हिस्सा है। चीनी सरकार ने अप्रैल 2023 में चीनी अक्षरों, तिब्बती और पिनयिन का उपयोग करके क्षेत्र में 11 नामों को तय किया था, जो तीसरी लिस्ट थी। पहली लिस्ट 2017 में आई थी, जबकि दूसरी 2021 में जारी की गई थी। यही नहीं चीन ने 11 मार्च को सेला सुरंग का उद्घाटन करने अरुणाचल प्रदेश पहुंचे पीएम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दौरे का विरोध किया था। भारत ने हमेशा चीन के दावों को खारिज करते हुए अरुणाचल प्रदेश को अपना अभिन्न अंग बताया है। चीन लगातार भारत विरोधी कदम उठाकर नापाक चाल चलने से बाज नहीं आ रहा है।

हालांकि भारत ने हमेशा चीन के दावों को खारिज करते हुए अरुणाचल प्रदेश को अपना अभिन्न अंग बताया है। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने अरुणाचल प्रदेश पर चीन द्वारा बार-बार किए जा रहे दावे को 23 मार्च को बेतुका करार देते हुए इसे खारिज कर दिया था और कहा था कि यह सीमांत क्षेत्र भारत का स्वाभाविक हिस्सा है। उन्होंने नेशनल यूनिवर्सिटी ऑफ सिंगापुर (एनयूएस) के 'साउथ एशियन स्टडीज इंस्टीट्यूट' में एक व्याख्यान देने के बाद अरुणाचल मुद्दे पर एक सवाल के जवाब में कहा था कि यह कोई नया मुद्दा नहीं है। ये दावे शुरू से बेतुके हैं और आज भी बेतुके ही हैं। ऐसे में जरूरी है कि चीन की आक्रामक नीति पर अंकुश लगाने के लिए अंतरराष्ट्रीय मंचों पर चीन को अलग-थलग करने की कोशिश करनी चाहिए।

# जानकारी और ज्ञान का फर्क समझना होगा



रणवीर सिंह फोगाट
सेवानिवृत्त अधिकारी
स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग
आईसीएमआर

सयाना व्यक्ति आमजन के बीच कितने दर्जे तक पढ़ा है या प्रोफेशनल कोर्स करके कुछ करने की दक्षता हासिल की है आदि के बारे में जिक्र नहीं करता। 'जैसा जग, वैसा ढंग' वाला फार्मूला अपना कर हर किस्म के समाज में सहज-से बात हो जाती है। औरों की कही को सुनना अधिक उचित है।

पढ़ा-लिखा होने का असली मतलब क्या है? सामान्य तरीके से अंग्रेजी में 'एजुकेटेड' कहें तो हिंदी भाषा में इसका शब्दानुवाद 'पढ़ा-लिखा' और संस्कारी होता है। मतलब यह कि सामान्य और कम शिक्षित व्यक्ति से कुछ ऊपर की वैसी पढ़ाई किया हुआ व्यक्ति जिसने हाई स्कूल लेवल तक पढ़ाई की है। पश्चिमी उत्तर प्रदेश और हरियाणा के देहात में 'यू घणा पढ़ा लिखा माणस सै' आशय उस व्यक्ति के लिए प्रयुक्त किया जाता है जिसने न केवल उच्च शिक्षा अर्जित की है वरन स्वाध्याय से भी जानकारी का अपना स्तर बढ़ाया है।

सयाना व्यक्ति आमजन के बीच कितने दर्जे तक पढ़ा है या प्रोफेशनल कोर्स करके कुछ करने की दक्षता हासिल की है आदि के बारे में जिक्र नहीं करता। 'जैसा जग, वैसा ढंग' वाला फार्मूला अपना कर हर किस्म के समाज में सहज-से बात हो जाती है। औरों की कही को सुनना अधिक उचित है। किसी खास बात पर अपनी राय भी 'रिज़र्व' रखनी चाहिए। कहते हैं न, बात की वैल्यू तभी होती है जब अपनी बराबर के स्तर वालों से जाए। आमजन अमूमन ऊंचे दर्जे वाली टेक्निकल या वैज्ञानिक जानकारी समझ नहीं पाता। मिश्रित और सामान्य जानकारी वाले समाज में ऊंचे ज्ञान वाली बात की कद्र नहीं होगी और हो सकता है खिल्ली भी उड़े। ज्ञानवान को ज्ञान के उपेक्षा नहीं सुहाती, क्योंकि बात की गहराई को नहीं समझने वाले वाले लोगों के लिए इसका परिप्रेक्ष्य और कॉन्टेक्स्ट विशिष्ट हो सकता है।

सोशल मीडिया पर ज्ञान की बांटने की जरूरत नहीं, ऐसा बहुतों का विचार है फिर भी प्रबुद्ध बने रहकर मित्र लोग ज्ञान की बातें शेयर करते रहते हैं। जिसे लेना है लेता है और रुचि नहीं या समझ से परे दिखता है या मित्रों को पहले से मालूम है, तो भी इसमें उपेक्षित महसूस नहीं करना है। अपेक्षा न किसी से रखें कि वह एक ख़ास कंटेंट से बौद्धिक रूप से इंडलजेन्स शो करेगा या उसे करनी चाहिए। वह खुद को इन्वोल्व तब करेगा जब एक उपयुक्त जवाब देने के लिए दूसरे के मन में बौद्धिक रूप से कुलमुलाहट होगी। इसमें बौद्धिक क्षमता और एनर्जी का इस्तेमाल होता है। ऐसे में दो सिद्धांत याद रखने जरूरी हैं: एक, ज्ञान बाटेंगे तो अपनी भी एक्सरसाइज होती है और यह बढ़ता है। दूसरे का स्तर बढ़ता है या नहीं, इसका फीडबैक नहीं मिलता। व्यक्तिगत तौर से परिचित लोग भी कन्नी काटते हैं। अनुभव यह भी कहता है कि लोग बात को पकड़ते जरूरत हैं, लेकिन रियेक्ट नहीं करते। सोचते हैं क्यों उलझा जाए। नए ज्ञान का सृजन करने के पश्चात इसके कन्फर्मेशन के लिए अकादमिक जगत में सह-बौद्धिकों से सहयोग -रिजेक्शन या अप्रूवल, अगर नहीं मिलता तो विश्व में आज ज्ञान का कारोबार इतना विशाल न हुआ होता। कारोबार का अर्थ ज्ञान सृजन में संसाधनों (पूंजी और स्किल्ड मनुष्य) के निवेश और ज्ञान के प्रसार -प्रिंटिंग एंड सर्कुलेशन, से है।

सोशल मीडिया पर ज्ञान की बांटने की जरूरत नहीं, ऐसा बहुतों का विचार है फिर भी प्रबुद्ध बने रहकर मित्र लोग ज्ञान की बातें शेयर करते रहते हैं। जिसे लेना है लेता है और रुचि नहीं या समझ से परे दिखता है या मित्रों को पहले से मालूम है, तो भी इसमें उपेक्षित महसूस नहीं करना है।

जानकारी और ज्ञान में क्या फर्क है। पहले तो यही समझना जरूरी है कि ज्ञानोदय से पहले जानकारी एक आधार रूप में मौजूद है, यह शर्त पूरी करनी होती है। जानकारी का मौके के अनुकूल विश्लेषण और एप्लीकेशन ज्ञानवान बनने के लिए जरूरी है। इसके रिजल्ट्स से ही विजडम पैदा होती। देखा गया है कि विजडम का ताल्लुक शतप्रतिशत इस बात से नहीं होता कि एक व्यक्ति का औपचारिक शिक्षा का स्तर कितना है बल्कि इससे कि उसकी ऑब्ज़र्वेशन और एनालिसिस की पॉवर कितनी सशक्त है। ये दोनों तत्व एक व्यक्ति के शैक्षिक स्तर और उसके परिवेशी अध्ययन और अनुभव से मिलते हैं तो व्यक्ति में ज्ञान का उदय होता है। यह धीरे-धीरे बढ़ता है। इसमें कभी 'क्वांटम जम्प' नहीं होता। अनुभव न होने से 'प्रोडिजीज' में(मेधावी) भी गलतियां करते हैं और अनेक बार दुर्घटना हो जाती है। ज्ञान किसी और तरीके से फंक्शन करता है और जानकारी का उच्च स्तर किसी और तरीके से। ज्ञान और विजडम को क्या मापा जा सकता है और इसे क्वांटिफाई किया जा सकता अर्थात क्या इसकी नुमेरिकल वैल्यूज तय करके इनकी 'स्टेटिस्टिकल सिग्निफिकेंस' तय की जा सकती है। एक्सपेरिमेंटल साइकोलॉजिस्ट्स इस बारे में क्या कहते हैं? ऐसा करने की पद्धति क्या है? और, मापन के समय गणना करते समय 'अनजान त्रुटियों' को निरस्त करने का फार्मूला लगाने के बावजूद क्या ऐसे नतीजों को स्वीकार किया जा सकता है? बड़ी बात यह है कि मैय्यर (मापन) किये जाने के बाद सावधानीवश यह चेतावनी या पूर्व-कथन (डिस्क्लेमर) इस नतीजे पर लगा दिया जाता है कि उक्त गणना केवल तात्कालिक उद्देश्य की पूर्ति के लिए है, दीर्घावधि के लिए या अमान्य है। इसलिए कि दस साल बाद व्यक्ति का बौद्धिक विकास होने या न होने से स्थिति बदली हुई होगी और अगर पिछ्ला डेटा किसी अगले या वर्तमान समय में एक निर्णय के लिए इस्तेमाल किया जाना है तो व्यक्ति को गंभीर हानि हो सकती है। यह उसके लिए अन्यायपूर्ण हो सकता है क्योंकि इसके कानूनी निहितार्थ भी हैं।

हमारे यहां अंग्रेजों के मैनर्स, कस्टम्स अर्थात सिविल लाइफ का बड़ा इन्फ्लुएंस रहा है। हमारे यहां भी ये सब व्यवहारिक तत्व प्रत्येक कम्युनिटी में मौजूद हैं। पहले बिंदु की बात करें तो हमारे यहां अदब में नाटकीयता कम है, लेकिन हाव-भाव अर्थात भंगिमाओं का अंश अधिक है। समाज में उच्च संस्कारित व्यक्ति की पहचान का एक तत्व 'अदब' है जिसे हम अपने महापुरुषों, जैसे कि राजकुलों में पैदा हुए श्रीराम जैसों और श्री हनुमान के जीवनचरित का अध्ययन करके जान सकते हैं जोकि अक्सर ही टेक्स्ट्स या एपिक्स के जरिये से मालूम होता है। लेकिन अंग्रेजों के अदब का परिचय हमें भारत में नियुक्त अफसरों और वाइसराय के दरबार आदि के संचालनों और दैनंदिन की शासकीय और सिविल लाइफ के कोड्स से ही मालूम होता है। हमारे अपने सामान्य जीवन में यह पारिवारिक ताल्लुकों के जरिये से मालूम होता है। एक अपढ़ बाप की बेटा या बेटी अगर विश्व स्तरीय वैज्ञानिक या विद्वान् है तो वह अपने पिता से पेश आते समय भारतीय अदब का ही पालन करेगा। अपने पिता से मिलते हुए वह अपना ज्ञान नहीं बघारेगा क्योंकि पिता और संतान का कार्यक्षेत्र अलग है। इसलिए मेरे हिसाब से भारत में पढ़ा-लिखा होने का मतलब जानकारी के आधिक्य से नहीं बल्कि 'नाते' या ताल्लुक से पैदा हुए अदब से अधिक होना चाहिए।

पारंपरिक नज़रिए से भारत में अफसर होने की सोच एक समय पर सिर्फ थानेदार, पटवारी और स्कूल मास्टर और क्लर्क या बाबू के पद पर नियुक्त हो जाने तक सीमित रही थी। अब हजारों नए काम पैदा हो गए हैं इसलिए अफसरों का डेजिग्नेशन बदला है तब भी पुराणी सोच वाले लोग अकसर यह पूछ लेते हैं कि अमुक व्यक्ति पटवारी, मास्टर और थानेदार से बड़ा है या छोटा! खैर, इस बाबत बहुत तरीके से बात हो सकती है, और बहुतों की एक्सप्लेनेशंस बिलकुल अलग तरीके से पेश हो सकती हैं, परन्तु समाज में निचले और मामूली पढ़े लिखे लोगों की संयुक्त सोच या 'कलेक्टिव साइकोलॉजी' ऐसी है कि वे संकोची हैं तो तथाकथित 'पढ़े-लिखे' के आगे चुप रहेंगे या उसकी तरफ अधिक ध्यान न देते हुए दिनचर्या पूरी करते रहेंगे लेकिन उपेक्षा नहीं दिखाएंगे, रिजेक्ट तो करेंगे ही नहीं। 'कुछ लोग' बेशक उसे 'तिरस्कार' की नज़र से भी देख लें। जैसे कि समाज में निचले तबके का कोई व्यक्ति अगर एक इंटरनेशनल साइंटिस्ट या स्कॉलर हो गया है उसे दंभी व्यक्ति इसलिए तिरस्कृत करेंगे कि उसके परिवार की बैकग्राउंड 'निम्न' धंधे वाली रही है। इस बारे में देश में उच्च वर्णों में वर्ग विशेष की 'कलेक्टिव साइकोलॉजी' कैसे काम करती रही है, इससे हमारा परिचय है ही। उच्च वर्णों में मामूली पढ़ा-लिखा भी बड़ा आदर पाया करता, लेकिन अब स्थिति बदली है। यह विडं बना है कि समाज में बैठने वाले एक उच्च शिक्षित व्यक्ति से उसकी क्वालिफिकेशन और आय के अलावा जाति आज भी जरूर पूछी जाती है। समाज में कुछ ढीठ लोग किसी भी उच्च शिक्षित को तिरस्कार के भाव से यह जरूर कह सकते हैं कि 'पढ़ा-लिखा तो जरूर है, लेकिन पटवारी या थानेदार तो नहीं'। ऐसे में कोई क्या कर लेगा!

## प्रसंगवश

# विदेशी संबंध और भारत



रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

अंतर्राष्ट्रीय नियमों के अंतर्गत कोई देश किसी अन्य देश के आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप नहीं कर सकता। इस स्पष्ट व्यवस्था के रहते हुए भी यह पाया जा रहा है कि कुछ विदेशी शक्तियां भारत के अंदरूनी मामलों में दखल करती हैं। संप्रति दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के जेल जाने को लेकर ऐसे दखल के उदाहरण एकदम स्पष्ट हैं। पहले जर्मनी ने टोका टोकी की, फिर अमेरिका बोला और अब संयुक्त राष्ट्रसंघ इस घटना पर चिंता प्रकट कर रहा है। थोड़ा ही पहले झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन भी जेल भेजे गए थे, तब कोई बाहरी देश नहीं बोला था। पिछले दिनों नागरिकता संशोधन अधिनियम देश में लागू हुआ, तो सत्तावन इस्लामिक देशों के सहयोग संगठन ने इस पर विरोधात्मक बयान दिया। यही नहीं इस संगठन ने अयोध्या राम मंदिर मामले के फैसले को लेकर भी चिंता जाहिर की और बयानबाजी की। एक अन्य उदाहरण कनाडा का है। वहां से खालिस्तान समर्थक अलगाववादी भारत विरोधी संगठन संचालित और सिंचित होता रहता है। इस संगठन के नेता हरदीपसिंह निज्जर की विगत में वहां हत्या हुई थी, जिसका सीधा आरोप वहां की सरकार ने भारत पर लगा दिया था। तुर्किये (टर्की) अमेरिका नीत नाटो का सदस्य है और हमारे खिलाफ बोलता रहता है। छोटे से देश मालदीव ने चीन के इशारे पर हमें आंखें दिखाकर वहां से हमारी सेना हटवाने की जिद की है और हटवा रहा है। वह 'इंडिया आउट' अभियान चला रहा है। लंका, जिसकी हम मदद करते रहे हैं, चीन के ऐसे जलपोतों को अपने बंदरगाह पर हफ्तों लंगर डालकर खड़े रहने की अनुमति दे देता है, जो निकट से हमारी जासूसी करते हैं। यही नहीं कुछ मास पूर्व पाकिस्तान स्थित अमेरिकी राजदूत डेविड ब्लोम ने पाक अधिकृत कश्मीर की छह दिवसीय यात्रा की, जिसे भारत अपना कहता है। खबर मिलने पर भारत ने आपत्ति भी की थी। नेपाल और भूटान भी अब चीनी प्रभाव में दिख रहे हैं। भूटान की जमीन पर चीन अपना कब्जा बढ़ा रहा है। यह सब क्यों है? क्या भारत कमजोर है या इसे ताकतवर होते देख वाह्य शक्तियां ईर्ष्यावश ऐसा करती हैं? अथवा हमारी विदेश नीति में कोई कभी है? जो भी हो, हमें आत्ममुग्ध रहने की बजाय आत्म निरीक्षण करके स्थितियां सुधारनी चाहिए।

# दुर्दांत अपराधियों का प्रभा मंडल



बद्री प्रसाद सिंह
सेवानिवृत्त आईजी
पुलिस, उप्र.

आज देश की राजनीति धर्म और जाति आधारित हो गई है। आसन्न चुनाव में भ्रष्टाचार, बेरोजगारी,शिक्षा, स्वास्थ्य, पर्यावरण, विकास आदि मुद्दा नहीं रह गए हैं।

बदलते समाज के साथ ही समाज के प्रभावशाली व्यक्तित्व की परिभाषा भी बदलती रहती है। कभी विदेशी मुस्लिम आक्रांताओं से लोहा लेने वाले व्यक्ति-राणा प्रताप, चांदबीबी, दुर्गावती, शिवाजी हमारे पूजनीय हुआ करते थे, कभी स्वतंत्रता हेतु बलिदान करने या संघर्ष करने वाले-मंगल पांडेय, रानी लक्ष्मीबाई, बाबू कुंवर सिंह, चाफेकर बंधू,बाल, लाल, पाल, भगत सिंह, गांधी, सुभाष, नेहरू हमारे नायक होते थे। सामाजिक मूल्यों के पतन के साथ हमारे नायकों में भी परिवर्तन हो रहा है। आज विद्वान अध्यापक, डाक्टर, इंजीनियर, सज्जन नौकरशाह, शरीफ राजनीतिज्ञ व समाजसेवी से अधिक बाहुबली, धनबली, कुख्यात राजनीतिज्ञ, तस्कर, अपराधी आदि समाज के प्रेरक व्यक्तित्व हो गए हैं। मैं 1986-89 में सीओ कोतवाली इलाहाबाद था, उस समय शहर में मौला भुक्खल तथा अतीक अहमद बड़े अपराधी हुआ करते थे। हम प्रायः भुक्खल महाराज, अतीक अहमद के घर दबिश देते रहते थे। 1988 के उप चुनाव में विश्वनाथ प्रताप सिंह इलाहाबाद में कांग्रेस के विरोध में ऐतिहासिक चुनाव लड़ रहे थे, उनको हराने में सहयोग देने के लिए भुक्खल को चुनाव तक गिरफ्तार न करने के आदेश मुख्यमंत्री द्वारा दिए गए थे और वह प्रचार के नाम पर शहर और देहात में निर्भय भ्रमण करते थे। वर्ष 1993 में जब मैं पुलिस अधीक्षक नगर होकर इलाहाबाद लौटा तो अतीक अहमद विधायक हो चुके थे। उसका कद इतना बढ़ गया कि वरिष्ठ अधिकारी उसकी कृपा के आकांक्षी रहते थे। 2009 के लोकसभा चुनाव के समय मैं डीआईजी झांसी था और अतीक ललितपुर जेल में निरुद्ध थे, उनके पूर्व परिचित, आयुक्त झांसी मंडल उससे जेल में मिलने हेतु आकुल थे, बहुत मुश्किल से उन्हें मैं रोक पाया। वर्ष 1995 में मैं पुलिस अधीक्षक नगर वाराणसी था। अगस्त में संस्कृत विश्वविद्यालय वाराणसी में मुख्यमंत्री मायावती की जनसभा तब तक प्रारंभ नहीं हुई जब तक मुख्तार अंसारी गाजीपुर जेल से छूट कर 70 बस तथा नौ कारों के काफिले के साथ सभास्थल पर पहुंच कर मंचासीन नहीं हो गए। बाद में तो सपा, बसपा की सरकारों में वह एक महत्वपूर्ण शख्शियत और अपराध जगत के बेताज बादशाह हो गए थे। एक डिप्टी एसपी द्वारा उनके गैंग की लाइट मशीन गन की बरामदगी दिखाने पर उसे सरकार द्वारा इतना उत्पीड़ित किया गया कि उसे पुलिस सेवा त्यागनी पड़ी। ऐसे बहुत से स्वनामधन्य बड़े अपराधी हैं जो सरकार की कृपा से जनता और अधिकारियों पर भारी पड़ते हैं। बड़े अपराधी पैसा, जाति एवं धर्म का सहारा लेकर अपनी बिरादरी तथा क्षेत्र के राबिन हुड बन जाते हैं और विधानसभा तथा संसद की शोभा तक बढ़ाते हैं। अतीक की पुलिस अभिरक्षा में हत्या तथा मुख्तार अंसारी की न्यायिक अभिरक्षा (जेल) में हुई मृत्यु दुखद है जिसमें बाद जांच दोषियों को दंड दिया जाना चाहिए परंतु उनके जनाजे में उपस्थित जनसमूह तथा कतिपय राजनीतिक दलों द्वारा दी गई प्रतिक्रियाएं अपराधियों के महिमा मंडन का ज्वलंत उदाहरण है। कोई भी राजनीतिक दल ऐसा नहीं है जो बाहुबलियों की उपेक्षा कर सके, कोई उन्नीस है तो कोई बीस। हमें अपराधियों के इस महिमामंडन को रोकना ही होगा नहीं तो देश पर माफियाओं का आधिपत्य हो जाएगा। आज देश की राजनीति धर्म और जाति आधारित हो गई है। आसन्न लोकसभा चुनाव में भ्रष्टाचार, बेरोजगारी, शिक्षा, स्वास्थ्य, पर्यावरण, विकास आदि मुद्दा नहीं रह गए हैं, जाति, धर्म, पैसा, शराब पर ही चुनाव लड़ा जाएगा। चुनावी बिगुल बजते ही दल बदल का खेल चरम पर है। प्रत्येक दल अपने यहां धुलाई मशीन लगा रखी है जो विरोधी दल के भ्रष्ट, अपराधी नेताओं को अपने दल में सम्मिलित कराकर उनका शुद्धिकरण कर दे रहे हैं। पहले मायावती जी ही पैसा लेकर टिकट देने के लिए जानी जाती थी, अब कमोवेश हर दल में यह चलन बढ़ा है। अब दिखावे के लिए भी कोई दल नैतिकता की बात नहीं करता। दलों का गठबंधन सिद्धांत पर न होकर, आपसी स्वार्थ पर हो रहा है। स्थानीय दलों में परिवारवाद चरम पर है। ईमानदारी और नैतिकता के नाम पर आए केजरीवाल तो जेल से ही सरकार चलाने का कीर्तिमान बना रहे हैं। झारखंडी हेमंत सोरेन जेल जाते समय मुख्यमंत्री पद त्यागने पर अब पछता रहे होंगे। चुनाव आयोग मतदान का प्रतिशत बढ़ाने के लिए जनजागरण अभियान चला रहा है लेकिन अच्छे तथा बेदाग चरित्र वाले ही प्रत्याशी बने, इस पर वह तथा सर्वोच्च न्यायालय मौन है। अब प्रश्न है कि जब सभी दल एक ही थैली के चट्टे-बट्टे हैं और बेदाग प्रत्याशी नहीं उतार रहे हैं तो हम मतदान क्यों करें?और यदि नहीं करते या नोटा का बटन दबाते हैं तो भी उन्ही दागी प्रत्याशियों में से कोई एक चुना जाएगा। इस विषय पर संविधान मौन और जिम्मेदार मतदाता असमंजस में है। अब तो बुरों में भी कम बुरा प्रत्याशी और राजनैतिक दल को तलाश कर ही मत देने का विचार करना पड़ेगा।

## सोशल फोरम

# एलुमनाई अब एक नई जाति है



संजय वर्मा
इंदौर

यह सब कोई पंद्रह बीस साल पहले शुरू हुआ। मोबाइल ने रोजी रोटी की तलाश में दुनिया के मेले में बिछड़े सहपाठियों को ढूंढना मिलना आसान कर दिया। कुछ उत्साही लोगों ने मिलन समारोह रखे। बातें शुरू तो हुई-तुझे याद है हम कैसे क्लास बंक कर कचोरी खाने जाते थे। पर जल्द ही लोगों को समझ में आ गया कि मामला चड्डी बड्डी की बातें करने से कहीं ज्यादा गंभीर है। यह रेडी मेड नेटवर्किंग प्लेटफॉर्म मिलने जैसा था। राजनीतिक कनेक्शन, खदानों के ठेके, ऑर्डरों की जुगाड़, नौकरी में प्रमोशन, बच्चों के वैवाहिक संबंध जैसे तमाम मामलों में इन कॉलेज के दोस्तों से सलाह और मदद आने लगी। बात की बात में अनौपचारिक मिलन समारोह एक औपचारिक संस्था में बदल गए। लोग नए शहर में जाने से पहले अपने कॉलेज पास आउट जूनियर सीनियर बंदों के फोन नंबर जुगाड़ने लगे। अचानक लोगों को इन एलुमनाई एसोसिएशन से वही महत्व और संरक्षण मिलने लगा जो किसी जमाने में सरकारी नौकरी में ठाकुर या बामन लॉबी अपने जाति भाइयों को दिया करती थी। अब हालत ये है कि कॉरपोरेट में नौकरी देते समय यह देखा जाने लगा है कि इस उम्मीदवार के पीछे खड़ा एलुमनाई एसोसिएशन इसे ऑर्डर लाने, सरकार से काम निकलवाने में कितनी मदद करेग। पार्टियों में नए मिले लोग जाति धर्म के अलावा यह जानना चाहते हैं कि आप कौन से कॉलेज से पढ़े हैं। एलुमनाई संगठन एक बड़ा सामाजिक बदलाव है। एक नई जाति का उदय हुआ है। बेशक इसकी बुनियाद में व्यापार व्यावसायिक फायदे ही थे लेकिन धीरे-धीरे यह एक एक्सटेंडेड फैमिली का रोल भी अदा कर रही है। शायद संयुक्त परिवार और गांव की पंचायत के छूट जाने से दिल दिमाग में जो खालीपन पैदा हुआ है ये एलुमनाई शायद उसे ही भर रहे हैं। देखना दिलचस्प होगा कि क्या आने वाले दिनों में इस नई जाति में भी उसी तरह की कट्टरता आ जाएगी जैसे दूसरी जाति धर्म में होती है? हो सकता है आईआईएम अहमदाबाद वाले सिर्फ आईआईएम वालों को ही नौकरी पर रखें। ये भी संभव है कि वे छोटे कस्बाई कॉलेज वालों से छुआ छूत रखें। इंसान का मन जुड़ने के लिए कैसे-कैसे बहाने करता है, एलुमनाई उसकी एक मिसाल।

**-फेसबुक वॉल से**

# अपनी नगरी में निसर्ग के अद्भुत संकेत



डा. श्रीधर द्विवेदी
वरिष्ठ हृदय रोग विशेषज्ञ, नेशनल हार्ट इंस्टिट्यूट, नई दिल्ली

मयूर नृत्य–नदेसर पैलेस की सबसे बड़ी मनमोहकता है उसकी विशाल हरीतिमा, पेड़ पौधों से आच्छादित प्रशस्त परिसर जिसमें विविध प्रकार के खग-पक्षी, मयूर, चिखुरी, कोयल, शुक–सारिका उन्मुक्त विहार करते हैं।

अपने गुरुकुल भूमि की सोंधी महक किसे अच्छी नहीं लगती? काशी और काशी हिंदू विश्वविद्यालय को मैं भावनात्मक रूप से दूसरी जन्मभूमि मानता हूं। इसलिए जब मेरी ज्येष्ठ बेटी ने नाती तथा दामाद के साथ बनारस चलने की इच्छा प्रकट की तो मैं तुरंत सहमत हो गया। हम लोग सपरिवार वायु यात्रा से वाराणसी के लालबहादुर शास्त्री अंतर्राष्ट्रीय हवाईअड्डे पर गोधूलि बेला में पहुंचे। बहुत शीघ्र ही हम अपने गंतव्य नदेसर स्थित महाराज काशीनरेश के पुराने राजभवन (नदेसर पैलेस) जो अब नदेसर ताज पैलेस के नाम से सुविख्यात है, पहुंच गए। वहां हम सबका स्वागत शंखनाद, वेद ध्वनि, पुष्पवर्षा, मंगल -तिलक, स्वस्तिवाचन तथा गंगाजी की मिट्टी से बने सुरुचिपूर्ण आकर्षक माल्यार्पण से हुआ। यद्यपि मैं बनारस में काफी लंबी अवधि तक रहा पर मुझे नदेसर पैलेस के इस वैभवशाली सांस्कृतिक परंपरा का बिल्कुल भी आभास नहीं था। आवश्यक औपचारिकताओं के बाद हम लोग अपने अपने कक्ष में चले गए। मुझे जो कक्ष मिला वह संयोग से कश्मीर के पूर्व महाराजा कर्ण सिंह और उनके परिवार के अतिथि निवास का साक्षी रह चुका था। यह बात मेरे नाती के मन में गुदगुदी पैदा करती थी।

हम लोग करीब तीन दिनों तक नदेसर पैलेस प्रांगण में रुके और उस अवधि में दशाश्वमेध स्नान, संकटमोचन, काशी विश्वनाथ, काशी घाट दर्शन, गंगा आरती, काल भैरव, दुर्गाजी, वनकटी, दुर्गविनायक, काशी हिन्दू विश्वविद्यालय परिसर का विहंगम परिभ्रमण, अपने पूर्व आवास ओल्ड एफ टू जोधपुर का कायाकल्प, प्रिंसिपल कालोनी स्थित प्राचीन हनुमानजी, 1971 के दशक में नगवां स्थित अमेठी कोठी के अपने आरंभिक निवास का जायजा लिया, आनंद उठाया। शहर के उत्तरी छोर पर स्थित भगवान बुद्ध की पीठस्थली सारनाथ भी गए। नवनिर्मित बौद्ध विश्वविद्यालय देखा। इस संपूर्ण प्रवास में निसर्ग की कुछ लीलाएं देखीं। काशी की विशिष्टताएं देखीं। उनमें से कुछ उल्लेखनीय घटनाएं:

एक गिलहरी का अध्यवसाय–प्रवास की पहली सुबह पैलेस परिसर में स्थित नंदीश्वर मंदिर की पूजा आरती में सम्मिलित होने गया। वहां पर मैंने एक अद्भुत नजारा देखा। एक गिलहरी मंदिर के कोने में बने एक दीप प्रकोष्ठ के छोटे सुराख के अंदर अपने मुख में कुछ भोज्य पदार्थ लेकर अंदर घुसने का प्रयत्न कर रही थी। अंततः उसने ऐसी सूझबूझ दिखाई की मैं हतप्रभ रह गया। गिलहरी ने भोज्य पदार्थ प्रकोष्ठ के छिद्र पर अटका दिया और प्रकोष्ठ की पिछली दीवाल से अंदर प्रवेश कर उस भोज्य पदार्थ को अंदर घसीट लिया। एक नन्हें से जीव द्वारा कमाल का चातुर्य और अध्यवसाय।

इस छोटी सी लगने वाली घटना ने मुझे सेतुबंध रामेश्वर के उस दृश्य का स्मरण करा दिया। कहते हैं दयानिधान राघवेंद्र श्रीराम के दुलारभरे हाथों की रेखाएं गिलहरियों के पृष्ठ भाग में आज भी उपस्थित हैं। मेरे मन में नंदीश्वर महादेव के सानिध्य में बने निर्मित प्रकोष्ठों के अत्यंत संकीर्ण छिद्रों के अंदर उस गिलहरी द्वारा घुसकर अपने भोज्य पदार्थ को ले जाने की घटना एक असाधारण अध्यवसाय की बात थी जिससे जीवन में बहुत कुछ सीखा जा सकता है।

अस्वस्थ अश्वत्थ–काशी में कोई आस्तिक आए और बिना संकटमोचन, दुर्गाजी, दुर्गविनायक तथा वनकटी दर्शन किये बिना लौट जाए ऐसा हो ही नहीं सकता। हमने होटल से एक ई-रिक्शा किया और सीधे दुर्गाजी के निकट स्थित वनकटी हनुमान जी के दर्शन-पूजन किए। अब वहां पर तीसरी पीढ़ी के पुजारी जी थे। 1960 के दशक में वृद्ध तिवारी जी मंदिर की देखभाल करते थे, उनके बाद उनके दामाद स्वर्गीय रामगोपाल मिश्रजी और अब उनके भतीजे धनंजय मिश्र। एक बात जिसने मुझे बहुत आश्चर्यचकित कर दिया वह था, मंदिर परिसर में स्थित विशाल पीपल के पेड़ की अनुपस्थिति। उसके स्थान पर एक नवजात पीपल का पौधा लगाया हुआ था। पुजारीजी से पूछने पर पता चला कि पुराने विशालकाय पीपल के वृक्ष को अंदर ही अंदर दीमक (एक तरह की सफेद चींटी) चाट गई। इतने बड़े पीपल का दीमक द्वारा सर्वनाश मन को हिला देने वाली बात थी। यह कुछ उसी प्रकार की दुर्घटना थी जिस प्रकार अधिकांश असंक्रामक बीमारियां जैसे मोटापा, डायबिटीज, ब्लड प्रेशर, हृदयाघात, कैंसर आदि चीटीं की भांति हमारे शरीर में चुपचाप प्रवेश करती हैं और धीरे-धीरे विशालकाय हाथी का स्वरूप धारण कर शरीर को अंदर ही अंदर दीमक की भांति खोखला कर देती हैं और उसे पूर्णतः ध्वस्त कर देती हैं।

दिये का संघर्ष –काशी में कुल चौरासी घाट हैं जो शहर के उत्तरी छोर राजघाट से शुरू होकर दक्षिणी सीमा सामनेघाट तक अर्धचंद्राकार रूप में फैले हुए हैं। इस प्राचीनतम नगरी के सांस्कृतिक वैभव को किसी को देखना हो तो रात की बेला में नौकाविहार के द्वारा विहंगम अवलोकन अत्यंत आवश्यक है। अब तो गंगा आरती का आयाम इस नौका आनंद को और कई गुण बढ़ा देता है। अंधकार और प्रबल नीरवता के बीच नौका पर काशी दर्शन आस्तिकता के एक और पक्ष का दर्शन कराता है। वह है घाट के किनारे दीप प्रज्ज्वलन की परंपरा। इन्हीं में से एक दीपक जब मां गंगा की बीच धारा में ऊर्मिल लहरों के बीच अकेले संघर्ष करते प्रवहमान दिख जाता है तो सहसा भर्तहरि का वह श्लोक याद आ जाता है जिसमें वह कहते हैं – 'प्रारभ्य विघ्नविहिता विरमन्ति मध्याः । विघ्नैः पुनः पुनरपि प्रतिहन्यमानाः , प्रारभ्य च उत्तमजनाः न परित्यजन्ति। उत्तम कोटि के लोग अच्छे काम के लिए निरंतर प्रयत्नशील रहते हैं और उसे प्राप्त करके ही दम लेते हैं ।

मयूर नृत्य–नदेसर पैलेस की सबसे बड़ी मनमोहकता है उसकी विशाल हरीतिमा, पेड़ पौधों से आच्छादित प्रशस्त परिसर जिसमें विविध प्रकार के खग-पक्षी, मयूर, चिखुरी, कोयल, शुक–सारिका उन्मुक्त विहार करते हैं। गुंजित-कुंजित वातावरण बरबस काशी हिंदू विश्वविद्यालय के मंदिर प्रांगण की याद दिला देता है। अपने प्रवास के दूसरे दिन प्रातःकाल अल्पाहार के समय निकट छतरी के पास एक संगीतज्ञ महोदय सितार बजा रहे थे कि अचानक एक मयूर अपने दो शावकों के साथ हरे मैदान में आ गया और कुछ समय पश्चात नृत्य करने लगा। संगीत की निर्झरणी ने मयूर की हृदतंत्री को ऐसा झंकृत किया की वह निरभ्र आकाश के नीचे अपने समस्त पंख फैला कर नाचने लगा। कुछ ऐसा ही होता है हमारे हृदय की तंत्रिका प्रणाली को जब वह मर्यादा में संतुलित और सम्यक रहती है तब उसकी सुतालता (रिदम) बनी रहती है अन्यथा उसे अतालता में जाते देर नहीं लगती।

वानर का तंबाकू निषेध पाठ–अपने यात्रा क्रम में मैं और पुत्री दुर्गाजी गया। दर्शन करके लौट ही था की हमारे ई -वाहन चालक ने बताया की एक वानर उसके ई -वहां के स्टियरिंग के नीचे बने झोले से उसकी सुरती का पैकेट उठाया, भाग कर एक दीवाल पर बैठ कर उस सुर्ती के पैकेट को फाड़ा और फिर हिकारत की दृष्टि से वाहन चालक को घूर कर उस पैकेट को फेंक दिया। यह सुनकर मैंने उस ड्राइवर को उसके मलिन, क्षत-विक्षत, बदरंग दांतों की तरफ इशारा करते हुए कहा कि देखो अब इस वानर ने भी तुम्हें सुर्ती न खाने का पाठ पढ़ाया है। देखने में उपरोक्त घटनाएं बहुत छोटी और नगण्य सी लगती हैं लेकिन इन सबके पीछे अध्यवसाय, सुस्वास्थ्य, सोद्देश्यता, निरन्तरता तथा जीवन में तालमयता के गूढ आध्यात्मिक संदेश छिपे हुए हैं जिनका पालन कर हम अपने जीवन को समुन्नत और सार्थक बना सकते हैं। अवि मुक्तेश्वर काशी में निसर्ग से मिली इतनी सारी सीखें मुझे सदा सर्वदा याद रहेगी।

# सुलतानपुर में मां मेनका के लिए प्रचार नहीं करेंगे वरुण गांधी

## सांसद बोलीं- अभी मेरे आधे काम नहीं हुए पूरे

**संबोधन**

- स्थल चयन को लेकर मेरे टिकट की घोषणा में हुआ विलंबः मेनका
- टिकट मिलने के बाद पहली बार 10 दिवसीय दौरे पर पहुंची सांसद

जिला संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचारः** टिकट मिलने के बाद सुलतानपुर दौरे पर पहली बार पहुंची सांसद मेनका संजय गांधी ने कहा कि उनके लिए प्रचार करने वरुण गांधी नहीं आएंगे। कहा कि मेरे चुनाव लड़ने के स्थल चयन की वजह से टिकट घोषणा में देरी हुई। पार्टी में कोई दुविधा नहीं थी। वह पयागीपुर स्थित भाजपा कार्यालय पर पदाधिकारियों के साथ बैठक के पहले पत्रकारों से यह बात कही।

सांसद ने वरुण गांधी के सुलतानपुर आकर प्रचार करने के कयास पर विराम लगा दिया। कहा कि इस समय वरुण और बहू दोनों तेज वायरल फीवर की चपेट में है। मेरी समधन को हार्ट अटैक हुआ है। घर में बीमारी चल रही है। अगर वरुण आना भी चाहते तो मुश्किल हो जाता, लेकिन वो नहीं आ रहे हैं। एक सवाल के जवाब में हंसते हुए कहा कि मैं अपनी कमान नहीं संभाल सकती। मेरा चुनाव पार्टी लड़ेगी। अमेठी और रायबरेली सीट से वरुण गांधी के लड़ने के सवाल पर कहा कि मैं भाजपा में हूं। अन्य किसी दल के टिकट वितरण से मेरा कोई लेना-देना नहीं। जीत के बाद अगले 5 साल तक सुलतानपुर की जनता की सेवा मां बनकर फिर करूंगी। कहा कि मैंने 60 बड़े कामों की लिस्ट बनाई थी जिसमें 24-25 काम ही पूरे कर पाई हूं। चीनी मिल का जीर्णोद्धार फिर से प्रमुख एजेंडा बताया।

### सपा प्रत्याशी को बताया बेहतर छवि का दावेदार

पत्रकार वार्ता के दौरान सपा प्रत्याशी भीम निषाद को सांसद ने बेहतर छवि का दावेदार बताया। उनके इस बयान का वीडियो सोशल मीडिया पर खूब ट्रोल हो रहा है।



नगर पहुंचने पर सांसद मेनका गांधी का स्वागत करते पालिकाध्यक्ष प्रवीन कुमार अग्रवाल। अमृत विचार

### पार्टी पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं के साथ की बैठक

बीजेपी से दोबारा टिकट मिलने के बाद पहली बार चुनावी कैंपेन का शुभारंभ करने दिल्ली से सड़क मार्ग होते हुए पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे के कूरेभार पहुंची पूर्व केंद्रीय मंत्री व सांसद मेनका संजय गांधी का भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ आरए वर्मा की अगुवाई में दर्जा प्राप्त मंत्री सोनम किन्नर, एमएलसी शैलेन्द्र प्रताप सिंह, विधायक राजेश गौतम, राजबाबू उपाध्याय, प्रतिनिधि रणजीत कुमार, मीडिया प्रभारी विजय सिंह रघुवंशी समेत अन्य पार्टी पदाधिकारी व पार्टी नेताओं व कार्यकर्ताओं ने जमकर स्वागत किया। अब 10 दिन तक यहां रहकर पूरे लोकसभा क्षेत्र के 101 गांव का दौरा करेंगी। पार्टी कार्यालय पर कार्यकर्ताओं की बैठक को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा मेरे प्रथम आगमन पर जिस तरह से सुलतानपुर के पार्टी पदाधिकारी और आम जनता ने मेरा स्वागत किया है वह उसके लिए मैं दिल से आभारी हूं। उन्होंने कहा मैंने पिछले पांच सालों में सबका ख्याल रखा है। आगे भी हमारी प्राथमिकता लोगों की दुख-दर्द को बांटने और विकास करने की होगी। मेरी जीत व्यक्तिगत नहीं पार्टी कार्यकर्ताओं की जीत होगी। मैं भरपूर मेहनत करूंगी जो आप मांगेंगे पूरा करुगी।



पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे पहुंचकर सांसद मेनका गांधी का स्वागत करतीं दर्जा प्राप्त राज्यमंत्री सोनम किन्नर। अमृत विचार



**22वां रोजा**

| | |
|---|---|
| **शिया** | |
| सहरी : | 04.21 बजे |
| इफ्तार : | 06.34 बजे |
| **सुन्नी** | |
| सहरी : | 04.30 बजे |
| इफ्तार : | 06.26 बजे |

नोट : रोजेदारों की सुविधा के लिए सहरी का समय एक दिन आगे का दिया जा रहा है।

**एक नजर**

### सड़क हादसे में घायल पिता के बेटे ने दर्ज कराया केस

**धम्मौर, सुलतानपुर, अमृत विचार :** धम्मौर थाना क्षेत्र के गांव बनकेपुर निवासी शहबाज ने धम्मौर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। इसमें कहा है कि पिता अनवर (58) एक मार्च को सुलतानपुर-रायबरेली राष्ट्रीय राजमार्ग पर पैदल दुकान पर जा रहे थे तभी पीछे से आ रहे बाइक सवार ने उन्हें ठोकर मार दी। ट्रामा सेंटर लखनऊ में उनका उपचार चल रहा है। थानाध्यक्ष तरुण कुमार पटेल ने बताया कि शहबाज की तहरीर पर बाइक चालक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज करने के बाद मामले की जांच की जा रही है।

### पौधरोपण के साथ विशेष शिविर का समापन

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** कमला नेहरू संस्थान के एनएसएस स्वयंसेवकों का सप्त दिवसीय विशेष शिविर का रविवार को समापन हो गया। कार्यक्रम का उद्घाटन पौधारोपण व मां सरस्वती, बाबू केएन सिंह के चित्र पर माल्यार्पण के साथ हुआ। ईशा गुप्ता ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत की। उपप्राचार्य प्रो. राधेश्याम सिंह ने अपने विचार रखे।

### ट्रेन से कटकर मजदूर की मौत

**गोसाईगंज, सुलतानपुर, अमृत विचार :** शहर से मजदूरी कर घर जा रहे युवक का अंगनाकोल के पास ट्रेन से कटकर मौत हो गई। शव की पहचान शिवपूजन सिंह (32) पुत्र धर्मराज सिंह के रूप में हुई है जो अंगनाकोल का ही मूल निवासी था। लोग बताते हैं कि वह अक्सर नशा करता था।

### पीएचसी के आवासी परिसर में ताला तोड़कर चोरी

**धनपतगंज, सुलतानपुर, अमृत विचार :** थाना कूरेभार अंतर्गत अमऊजासरपुर के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के आवासीय परिसर में बने आवासों का ताला तोड़ चोर हजारों का सामान पार कर गए।

# अधिवक्ता आजाद हत्याकांड में आरोप तय

**अदालत से**

- अब भी पुलिस की पकड़ से दूर है मुख्य आरोपी
- सेशन कोर्ट में चल रही है मामले की सुनवाई

विधि संवाददाता, सुलतानपुर



**अमृत विचारः** अधिवक्ता आजाद अहमद हत्याकांड में सोमवार को सेशन कोर्ट में आरोपियों पर आरोप तय किए गए। कोर्ट ने अगली सुनवाई के लिए 10 अप्रैल नियत की है।

वादी पक्ष के वकील शेख नजर ने बताया कि इकरामुद्दीन, सलमान, मोहम्मद शमीम, अख्तरुन निशा, शहजाद, सोहराब व मेराज के खिलाफ हत्या समेत अन्य धाराओं मे आरोप तय किया गया। वहीं आरोपी इकरामुद्दीन के खिलाफ आर्म्स एक्ट का आरोप भी तय किया गया है।

एक अन्य आरोपी मोहम्मद वसीम के खिलाफ संरक्षण देने के आरोप में कोर्ट ने आरोप तय किए। कोर्ट में अधिवक्ता हत्याकांड के आरोपी पेश हुए। कोतवाली देहात थाना के भुलकी प्यारेपट्टी चौराहे पर बीते साल छह अगस्त को गोली मारकर दीवानी के अधिवक्ता आजाद अहमद की हत्या कर दी गई और भाई मुनव्वर घायल हो गया था।

लखनऊ की जेल में बंद आरोपी इस्माइल उर्फ प्रिंस को न्यायिक अभिरक्षा में सेशन कोर्ट नहीं लाया गया, जिस पर 10 अप्रैल को आरोप तय होगा। वहीं, मुख्य आरोपी सिराज अभी पुलिस की पकड़ से दूर है।

### अमित शाह मामले में तलबी बहस 6 को

**संवाददाता, सुलतानपुर, अमृत विचार :** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी करने के आरोप में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह व दो अन्य के खिलाफ दायर मानहानि केस में सोमवार को तलबी बहस नहीं हो सकी। कोर्ट ने सुनवाई के लिए अगली तारीख छह अप्रैल नियत की है। मामले में परिवादी व उसके दो गवाहों की गवाही हो चुकी है। यूथ कांग्रेस के पूर्व जिलाध्यक्ष वरुण मिश्र ने गृहमंत्री अमित शाह, पूर्व जिला पंचायत सदस्य अजय जायसवाल और विनय मालवीय के खिलाफ 22 फरवरी 2018 को कोर्ट में परिवाद दायर किया था। परिवादी का आरोप है कि गृहमंत्री अमित शाह ने 10 जून 2017 को छत्तीसगढ़ में महात्मा गांधी के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी की थी। अजय जायसवाल और विनय मालवीय पर सोशल मीडिया में आपत्तिजनक टिप्पणी करने का आरोप है। इससे परिवादी की भावनाएं आहत हुईं।

### पूर्व विधायक सफदर के मामले में सुनवाई 3 को

**सुलतानपुर :** थाना क्षेत्र धम्मौर के भाईं पैमाइश करने गए लेखपाल के सरकारी कामकाज में बाधा, धमकी व गाली गलौज के 10 साल पुराने मामले मे सुनवाई नहीं हो सकी। कोर्ट ने सुनवाई के लिए 3 अप्रैल की तारीख नियत की है। पूर्व विधायक सफदर रजा ने एमपी-एमएलए की विशेष कोर्ट शुक्रवार को अपना सफाई साक्ष्य का बयान दर्ज कराया था। बचाव पक्ष से साक्ष्य के लिए तीन तारीख को विशेष कोर्ट में सुनवाई होगी। एडीएम के आदेश पर पैमाइश करने गए तत्कालीन भाईं लेखपाल विजय कुमार सिंह ने पूर्व विधायक सफदर रजा के खिलाफ 18 सितंबर 2014 मे धम्मौर थाने मे सरकारी कामकाज मे बाधा, धमकी, व गाली-गलौज का आरोप लगाते हुए मुकदमा दर्ज कराया था।

### पूर्व विधायक संतोष पांडेय के मामले मे सुनवाई 6 को

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** लंभुआ विधानसभा सीट से पूर्व सपा विधायक संतोष पांडेय समेत 12 आरोपियों के खिलाफ आदर्श आचार संहिता उल्लंघन के मामले में एमपी/एमएलए कोर्ट की विशेष कोर्ट ने सुनवाई के लिए 6 अप्रैल की तारीख नियत की है। बचाव पक्ष के वकील संतोष पांडेय ने बताया कि पूर्व सपा विधायक संतोष पांडेय व उनके दर्जन भर साथियों पर फरवरी 2022 में दो मुकदमे बीते विधानसभा चुनाव के दौरान उड़नदस्ता प्रभारी रहे वीडीओ संदीप सिंह ने कोतवाली देहात थाने में दर्ज कराए थे। आरोप है कि विधानसभा चुनाव के दौरान पूर्व विधायक ने समर्थकों के साथ विधानसभा क्षेत्र में कई स्थानों पर बिना प्रशासन की अनुमति के जनसभा की। आदर्श चुनाव आचार संहिता और कोरोना महामारी के नियमों का उल्लंघन किया। कोर्ट ने अभियोजन साक्ष्य की सुनवाई के लिए 6 अप्रैल की तारीख नियत की है।

### लूटकांड के 3 आरोपियों की जमानत खारिज

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** पयागीपुर चौराहे से दो माह पूर्व व्यवसायी से 12 लाख रुपए लूटकांड के तीन आरोपियों की जमानत सेशन जज जय प्रकाश पांडेय ने खारिज कर दी। अभियोजन के मुताबिक वादी मुनव्वर जानवरों की खरीद-फरोख्त करता था। 6 फरवरी को पयागीपुर चौराहे के पास सफेद चारपहिया पर सवार लोगों ने बस स्टैंड पूछने के बहाने उसे रोका तथा अपनी गाड़ी में जबरन खींच लिया। असरोगा टोल टैक्स के डेढ़ किलोमीटर पहले उससे 12 लाख रुपये व मोबाइल छीने और मारपीट कर वहीं फेंक दिया था।

### पूर्व खेल मंत्री के मामले में सुनवाई 6 को

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** पूर्व विधायक और खेल मंत्री रहे ओम प्रकाश सिंह समेत छह आरोपियों के खिलाफ दर्ज आदर्श आचार संहिता उल्लंघन के मामले में सोमवार को पूर्व मंत्री के न आने से उनका बयान विशेष कोर्ट में नहीं हो सका। बचाव पक्ष के वकील संतोष पांडेय ने बताया कोर्ट ने बयान दर्ज करने के लिए 6 अप्रैल की तारीख नियत की है। मोतिगरपुर के ढेमा बाजार में दो साल पूर्व आचार संहिता के उल्लंघन के आरोप मे जयसिंहपुर विधानसभा सीट के पूर्व विधायक व खेल मंत्री रहे ओम प्रकाश सिंह समेत छह आरोपियों के खिलाफ विशेष कोर्ट में मामला विचाराधीन है।

### जेल में निरुद्ध दो आरोपियों को कोर्ट से राहत

**सुलतानपुर :** गांजे की बरामदगी के मामले में जेल में बंद आरोपी सलमान व अब्दुल बिलाल की जमानत फास्ट ट्रैक कोर्ट न्यायाधीश अनुपम शौर्य ने मंजूर कर रिहाई का आदेश दिया है। पुलिस ने आरोपियों को 7 मार्च को जेल भेजा था।

**सार-संक्षेप**

### मेधावियों के सम्मान के साथ हुई नए सत्र की शुरुआत



मॉडल प्रावि कूरेभार में पुस्तकों के साथ छात्र-छात्राएं व अध्यापिका।

**कूरेभार, सुलतानपुर, अमृत विचार :** सोमवार को शिक्षा क्षेत्र कूरेभार में संचालित मॉडल प्राथमिक विद्यालय कूरेभार प्रथम पर नए सत्र की शुरुआत मेधावियों के सम्मान समारोह के साथ हुई। वार्षिक परीक्षा फल वितरित किया गया। आगे की कक्षा में पहुंचने को लेकर छात्र-छात्राओं में खुशी देखने को मिली। वहीं कक्षा और स्कूल में टॉप करने वाले छात्र-छात्राओं को शील्ड व मेडल देकर पुरुस्कृत किया गया। जिसमें कक्षा 5 से प्रगति वर्मा, कक्षा 4 से जाह्नवी कसौधन कक्षा 3 ज्योति दुबे, कक्षा 2 मौलिक कसौंधान, कक्षा 1 कार्तिक अग्रहरि को परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन को लेकर पुरस्कृत किया गया। पुरस्कार वितरण के दौरान बच्चों के चेहरों पर खुशी साफ झलक रही थी। प्रधानाध्यापक अंजना तिवारी ने सहयोगी शिक्षिकाओं व अभिभावक की मौजूदगी में कक्षावार परीक्षा फल वितरित किए। यहां शिक्षका नीलम यादव, भावना कसौधन, ललिता यादव, पूजा, नीरज त्रिपाठी आदि रहे।

### चॉकलेट देकर नवप्रवेशित बच्चों का किया स्वागत



प्राथमिक विद्यालय हसनपुर में मौजूद बच्चे व शिक्षक-शिक्षिकाएं।

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** उच्च प्राथमिक विद्यालय हसनपुर विकास क्षेत्र दुबेपुर में नवीन सत्र का शुभारंभ उत्सव के साथ किया गया। विद्यालय में पहले दिन कक्षा छह में कुल 18 बच्चों ने प्रवेश लिया। प्रवेश के उपरांत बच्चों को चॉकलेट देकर स्वागत किया गया। नए सत्र हेतु निशुल्क पाठ्य पुस्तकों की पहुंच विद्यालय तक नहीं हो पाई थी, इसलिए विगत सत्र में बच्चों द्वारा उपयोग के बाद छोड़ी गई निशुल्क पाठ्यपुस्तकों को नवप्रवेशी बच्चों के बीच वितरित किया गया। इस मौके पर बच्चों और अभिभावकों के साथ-साथ विद्यालय के प्रधानाध्यापक दिलीप पांडेय, सहायक अध्यापक उम्मे सबीहा, योगेश तिवारी, अर्जुमंद बानो, अनुदेशक चेतना सिंह, ममता अग्रहरि आदि रहे।

### उधार तेल न देने पर दबंगों ने पेट्रोल पंपकर्मी को पीटा, केस

**कूरेभार, सुलतानपुर, अमृत विचार :** स्थानीय थाना क्षेत्र के एक पेट्रोल पंप पर उधार तेल न देने पर कर्मी से दबंगों ने जमकर मारपीट की। कूरेभार थाना क्षेत्र अंतर्गत संचालित राम मूर्ति वर्मा पेट्रोल पंप बरौला के कर्मी जगन्नाथ गिरी निवासी बेनौता मजरे सेमरौना थाना धनपतगंज ने आरोप लगाया कि सोमवार सुबह अमित यादव पुत्र रामचंदर निवासी बरौला, उनके साथ अजीत सिंह व अभिषेक पंप पर आए और दबंगई करते हुए उधार तेल लेने पर आमादा हो गए। उसने मना किया तो गाली-गलौज करते हुए उसे जमकर पीटा। पीड़ित ने पुलिस को नामजद तहरीर देते हुए कार्रवाई की मांग की है। पुलिस जांच-पड़ताल में जुटी है।

### साक्ष्य के अभाव में आरोपी बरी

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** कूरेभार थाना क्षेत्र के एक गांव की किशोरी 29 जनवरी 2015 को मुसाफिरखाना क्षेत्र में रिश्तेदारी में गई थी। छात्रा के दादा ने मुसाफिरखाना के उदयपुर ददरा निवासी अर्जुन पर अपहरण व दुष्कर्म का केस दर्ज कराया था। आरोपी के वकील अरविंद सिंह राजा ने बताया जिरह में किशोरी बालिक निकली तथा विरोधाभासी बयान दिए। पॉक्सो कोर्ट के विशेष न्यायाधीश पवन शर्मा ने आरोपी अर्जुन को साक्ष्य के अभाव में बरी कर दिया।

### चोरी के सामान के साथ तीन गिरफ्तार, गए जेल

**बल्दीराय, सुलतानपुर, अमृत विचार :** गायत्री देवी पब्लिक इंटर कॉलेज में 30 मार्च को चोरी हुई। प्रबंधक राजेश दुबे ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस को सोमवार सुबह सूचना मिली कि आरोपी बाइक पर सामान लादकर कहीं बेचने जा रहे हैं। पुलिस ने थाना क्षेत्र के जग्गी बाबा कुटी के पास से आरोपी सुमित निवासी सधई का पूरवा ऐंजर, मुकेश कुमार निवासी आक्षरपुर मजरे ऐंजर व पवन शुक्ला निवासी जमुआ थाना इनायतनगर जनपद अयोध्या को गिरफ्तार कर लिया। उनके पास से चोरी के दो मॉनिटर, एक सीपीयू, एक बैटरी आदि बरामद हुई। बल्दीराय थाना अध्यक्ष रामविलास सुमन ने बताया कि आरोपियों से एक तमंचा 315 बोर व दो कारतूस भी बरामद हुए। इनके खिलाफ केस दर्ज किया गया है।



चोरी के माल के साथ पकड़े गए आरोपी।

### सुशील अध्यक्ष तो अरुण फिर बने महासचिव

**गोसाईगंज, सुलतानपुर, अमृत विचार :** रविवार को कूरेभार कस्बे में राष्ट्रीय पत्रकार संघ भारत की बैठक हुई। बैठक में सर्वसम्मति से कूरेभार के पत्रकारों ने एक बार फिर से सुशील मिश्रा पर भरोसा जताते हुए अध्यक्ष तो अरुण मिश्रा को महासचिव, नीरज को कोषाध्यक्ष, पुष्पेन्द्र तिवारी को संगठन मंत्री धर्मराज दूबे को उपाध्यक्ष चुना गया। चुने गए सभी पदाधिकारियों का जिलाध्यक्ष राकेश तिवारी ने माल्यार्पण कर स्वागत किए। इस दौरान वरिष्ठ संगठन मंत्री पवन मिश्रा, संतोष पांडेय, कूरेभार इकाई से डॉ. राम अवध, महेंद्र प्रताप, रवि जायसवाल, प्रदीप आदि मौजूद रहे।

# शहीद की पुण्यतिथि पर पुष्प अर्पित कर दी श्रद्धांजलि

**सुलतानपुर, अमृत विचारः** अखंडनगर क्षेत्र के नगरी गांव निवासी आर्मी जवान निलेश सिंह आतंकी मुठभेड़ में एक अप्रैल 2018 को जम्मू कश्मीर के पूंछ में शहीद हो गए थे। जिनकी पैतृक गांव में पुण्यतिथि मनाई गई। मौजूद लोगी उनके चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर श्रद्धांजलि दी।

बताते चलें कि निलेश सिंह के शहीद होने पर तत्कालीन प्रभारी मंत्री जय प्रकाश सिंह ने उनके परिवार की मांगों को स्वीकार कर पूरा कराने का आश्वासन दिया था। शहीद की पत्नी अर्चना जो प्रथमिक विधालय में अध्यापक हैं, उन्होंने बताया कि परिवार की मांग थी कि अखंड नगर से नगरी तक मार्ग को शहीद निलेश सिंह मार्ग रखा जाए। मेरा गैर जनपद से स्थानीय जनपद में तबादला किया जाए। गांव में शहीद के नाम पर खेल स्टेडियम, परिवार के एक सदस्य को नौकरी देने का वादा प्रभारी मंत्री जय प्रकाश सिंह, क्षेत्रीय विधायक राजेश गौतम ने हजारों लोगों के बीच करते हुए जल्द से जल्द सभी मांगों को पूरा करने का आश्वासन दिया था। 6 साल से शहीद की पत्नी का न तो ट्रांसफर जिले में हुआ, न ही प्रभारी मंत्री द्वारा सरकार की तरफ से किए गए वादे पूरे किए गए। इस दौश्रान शहीद के पिता राम प्रसाद सिंह, अखंड नगर थानाध्यक्ष नारदमुनि सिंह, जिला मंत्री राजेश सिंह, मंडल अध्यक्ष साहुल सिंह आदि रहे।

### डिवाइडर से जा टकराई अनियंत्रित बाइक, दो घायल

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** गाजीपुर से लखनऊ जा रहे बाइक सवार अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गए। राहगीरों ने घटना की सूचना यूपीडा कर्मियों को दी। सूचना पर पहुंचे कर्मियों ने घायलों को सीएचसी भेजा। क्षतिग्रस्त बाइक को टोल प्लाजा पर खड़ी करा यातायात बहाल कराया। रविवार देर शाम देवरिया जिले के कुकुन्दू थाना क्षेत्र के पिपरा खेमकरन गांव निवासी विक्की सिंह (30) पुत्र कमलेश सिंह अपने साथी लखनऊ के फैजुल्लागंज निवासी आदिल (25) पुत्र नफीक के साथ बाइक से पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे के रास्ते लखनऊ जा रहे थे। अभी वह रात करीब 12 बजे जिले के जयसिंहपुर कोतवाली क्षेत्र के 144 किमी पर पहुंचे थे तभी उनकी बाइक अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई। हादसे में दोनों बाइक गंभीर रूप से चोटिल हो गए। सूचना पर पहुंचे यूपीडा कर्मियों ने घायल आदिल को सीएचसी कूरेभार भेजा। गंभीर रूप से घायल विक्की को डॉक्टरों ने मेडिकल कॉलेज भेजा है।

# बाइक सवार को कार ने कुचला, मौत

सूरापुर, सुलतानपुर



**अमृत विचारः** लखनऊ-बलिया हाईवे पर सूरापुर कस्बे के पास रविवार की आधी रात को बर्थडे पार्टी मनाकर लौट रहे एक बाइक सवार युवक को अज्ञात कार रौंदते हुए निकल गई। दुर्घटना में बाइक चला रहे युवक की मौत हो गई तो दूसरा युवक गंभीर हालत में लखनऊ ट्रामा सेंटर पहुंच गया।

तवक्कलपुर नगरा निवासी रमेश चौरसिया का 23 वर्षीय पुत्र आनंद चौरसिया अपने मित्र नीरज अग्रहरि (22) पुत्र राम कुमार अग्रहरि के साथ रविवार की रात करीब 12 बजे सूरापुर पुरानी बाजार में बर्थडे पार्टी मनाकर लौट रहा था। दुर्गा मंदिर वाली गली से घूमकर सड़क पर जैसे ही वह पहुंचा, सामने से आ रहे चार पहिया वाहन ने टक्कर मार दी। दुर्घटना में दोनों युवक सड़क पर दूर जा गिरे। परिजन दोनों को चिकित्सक के पास ले गए जहां आनंद को मृत घोषित कर दिया गया।



सूरापुर में युवक की मौत के बाद रोते-बिलखते परिजन। अमृत विचार

### जन्मदिन के दिन उठी आनंद की अर्थी

आनंद के दोस्त शिवम सोनी व शिवम जायसवाल ने बताया कि रविवार को आनंद का जन्मदिन था। जन्मदिन पर दोस्तों के साथ उन्होंने पार्टी की। दोनों दोस्त करीब 12 बजे पुरानी बाजार से पार्टी मनाकर घर के लिए निकले थे जहां वे हाईवे पर चढ़ते ही हादसे के शिकार हो गए। सोमवार को आंनद की मौत की सूचना पर व्यापार मंडल अध्यक्ष वीके अग्रहरि विजय ने एक शोकसभा की। इसके बाद सभी ने अपने प्रतिष्ठान बंद रखे।

# एसडीएम ने मतदान केंद्रों का किया निरीक्षण

**कादीपुर, सुलतानपुर, अमृत विचारः** एसडीएम ने लोकसभा चुनाव की तैयारी के मद्देनजर सोमवार को मतदान केदों का निरीक्षण किया। एसडीएम शिव प्रसाद ने प्राथमिक विद्यालय बुढ़ाना एवं प्राथमिक विद्यालय मुस्तफाबाद सरैया प्रथम एवं द्वितीय तथा प्राथमिक विद्यालय धनाईत पुर तथा प्राथमिक विद्यालय पलिया गोलपुर एवं दुल्हापुर के मतदान केदो पर पहुंचकर केंद्रों पर मौजूद मूलभूत सुविधाओं का निरीक्षण किया। प्रधानाध्यापकों को आवश्यक दिशा- निर्देश दिए। प्राथमिक विद्यालय बुढ़ाना में पुराने भवन के मलबे को चार दिन में हटवा कर परिसर को स्वच्छ व साफ-सुथरा कराने का निर्देश दिया।

**कार्यक्रम** — अग्रहरि समाज कादीपुर ने आयोजित किया होली मिलन समारोह

# शिव तांडव की प्रस्तुति देख रोमांचित हुए श्रोता

कादीपुर, सुलतानपुर

**अमृत विचारः** कस्बे के एक मैरिज लॉन में अग्रहरि समाज कादीपुर की तरफ से होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें कलाकारों ने शिव तांडव एवं राधा कृष्ण की मनमोहक झांकी प्रस्तुति की।

रविवार की रात आयोजित होली मिलन समारोह के कार्यक्रम में रजनीश गुप्त म्यूजिकल टीम अयोध्या के कलाकारों ने नृत्य प्रस्तुत करते हुए लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कलाकार महक की गीत रंग लेकर दौड़े हैं हनुमान जी, तो राम जी उठकर भागने लगे सुनाया तो दर्शक झूमने लगे। रजनीश गुप्त की गीत राधा रानी तू जान है मेरी दर्शकों को अपनी तरफ आकर्षित कर लिया। सजा दो घर को गुलशन सा अवध में राम आए हैं गीत पर दर्शक भाव विभोर उठे। कार्यक्रम में प्रतापगढ़ की प्रिंस और गुड़िया कंपनी के कलाकारों ने राधा कृष्ण कृष्ण की झांकी एवं शिव तांडव प्रस्तुत कर लोगों को मंत्र मुक्त कर दिया। फूलों की होली भी खेली गई। मुख्य अतिथि नगर पंचायत मुसाफिरखाना के अध्यक्ष बृजेश अग्रहरि ने कार्यक्रम की शुरुआत की। डॉ. विष्णु अग्रहरि, आयोजक शैलेंद्र अग्रहरि, अनिल अग्रहरि, प्यारेलाल, संतोष उर्फ दीपक, घनश्याम जायसवाल, सुनील, अमृतलाल अग्रहरि सहित समाज की काफी संख्या में महिलाएं व पुरुष मौजूद रहे।



शिव तांडव की झांकी प्रस्तुत करते कलाकार। अमृत विचार

### जमीन के विवाद में महिला को फावड़े से मारा, केस दर्ज

**कादीपुर, सुलतानपुर, अमृत विचार :** कोतवाली के लक्ष्मणपुर गांव के रमेश का अपने पटीदार राकेश से जमीन विवाद चल रहा है। आरोप है कि सोमवार सुबह राकेश फावड़ा लेकर रमेश के घर पर पहुंचे और गाली-गलौज करने लगे। मना करने पर उन्होंने रमेश की पत्नी परमिला को फावड़े से मार दिया। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है।

### मारपीट में मुकदमा दर्ज

**कादीपुर, सुलतानपुर, अमृत विचार :** रविवार शाम कोतवाली के मखदुमपुर कला गांव के चौथीराम सब्जी लेने सरैयामुस्तफाबाद बाजार गए थे। उनके पास दो लोग आए और ई-रिक्शा हटाने को कहा। चौथी ने कहा कि यह रिक्शा उनका नहीं है। इतना सुनते ही दोनों लोगों ने चौथी को लाठी-डंडों से पीटा। चौथी की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने मुस्तफाबाद सरैया गांव के मोहम्मद आकिब व मोहम्मद तारिक के विरुद्ध केस दर्ज कर लिया है।



**रोजा**

**शिया**
सहरी : 04.32 बजे
इफ्तार : 06.27 बजे

**सुन्नी**
सहरी : 04.26 बजे
इफ्तार : 06.19 बजे

नोट : रोजेदारों की सुविधा के लिए सहरी का समय एक दिन आगे का दिया जा रहा है।

# अपने साथ ही ईवीएम सुरक्षित रखेंगे कार्मिक

## निर्वाचन संबंधी तैयारियों की समीक्षा बैठक में जिला निर्वाचन अधिकारी ने दिए निर्देश

सिद्धार्थनगर

**अमृत विचार।** जिला निर्वाचन अधिकारी/जिला मजिस्ट्रेट पवन अग्रवाल की अध्यक्षता एवं अपर जिलाधिकारी उमाशंकर की उपस्थिति में निर्वाचन संबंधी तैयारियों की समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में सम्पन्न हुई। जिला निर्वाचन अधिकारी/जिला मजिस्ट्रेट पवन अग्रवाल ने तहसील शोहरतगढ़ के बूथवार समीक्षा की।





बैठक में निर्देश देते जिला निर्वाचन अधिकारी पवन अग्रवाल व मौजूद मतदान कार्मिक। अमृत विचार

सेक्टर मजिस्ट्रेट को निर्देश दिया कि उपजिलाधिकारी संबधित खण्ड विकास अधिकारी से समन्वय स्थापित कर बूथो पर जो कमियां है उन्हें समय से ठीक करा लें। इसके साथ ही पोलिंग बूथ पर पोलिंग पार्टियों के जाने के लिए जो वाहन दिया जायेगा मतदान कार्मिक/सेक्टर मजिस्ट्रेट उसी वाहन से बूथ पर जाएंगे। मतदान कार्मिक ईवीएम को अपने साथ ही सुरक्षित रखेंगे। सेक्टर मजिस्ट्रेट को निर्देश दिया कि मतदान के लिए जाते समय और ईवीएम जमा करने से पहले कहीं भी निजी स्थान पर रुकेंगे नहीं। पोलिंग बूथ पर ही रूकेंगे। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशो का पालन करेंगे तथा अपने क्षेत्र में भ्रमणशील रहेंगे। इस अवसर पर उपजिलाधिकारी शोहरतगढ़ कर्मेन्द्र कुमार, अपर उपजिलाधिकारी बन्दोबस्त अधिकारी चकबन्दी शशांक शेखर राय, उपजिलाधिकारी (न्यायिक) प्रियंका चौधरी, क्षेत्राधिकारी शोहरतगढ़, जिला विकास अधिकारी गोपाल प्रसाद कुशवाहा, व अन्य संबधित अधिकारीगण उपस्थित थे। बैठक के बाद जिला निर्वाचन अधिकारी ने मतदान के बाद ईवीएम रखने के लिए बनाए गए कन्ट्रोल रूम का निरीक्षण किया। सीविजिल, हेल्प लाइन नम्बर 1950 तथा मीडिया मानीटरिंग सेल को भी देखा और जानकारी प्राप्त की। संबंधित कर्मियों को रजिस्टर बनाकर प्राप्त होने वाली शिकायतों को दर्ज करने का निर्देश दिया।

# लोटन क्षेत्र में खत्म होगा विद्युत आपूर्ति का संकट

सिद्धार्थनगर

**अमृत विचार।** लोटन क्षेत्र में लोकल फाल्ट की समस्या दूर करने के लिए बिजली सप्लाई अलग करने के लिए बजट स्वीकृत हुआ है। इसके तहत 66 लाख रुपये की लागत से नौगढ़ 33 केवीए से लोटन बिजली घर को सीधी सप्लाई भेजी जाएगी। इसके लिए अलग से सात किमी लंबा तार बिछाया जाएगा।

बता दें कि अभी लोटन बिजली घर को उसका बाजार से सप्लाई दी जा रही है। गर्मियों में लोकल फाल्ट से दोनों बिजली घरों को समस्या का सामना करना पड़ता है। लोटन बिजली घर पर सप्लाई भेजने के लिए नौगढ़ से सात किमी लंबा तार बिछाया जाएगा। जिससे दोनों बिजली घर पर अलग सप्लाई हो जाएगी। इससे दोनों बिजली घर पर

> लोटन बिजली घर पर अलग से सप्लाई देने के लिए बजट स्वीकृत हो गया है। जल्द ही तार बिछाकर लोटन में अलग से बिजली सप्लाई दी जाएगी।
>
> –एसके पासवान, अधीक्षण अभियंता विद्युत, सिद्धार्थनगर

लोकल फाल्ट से छुटकारा मिलेगा। उपभोक्ता रामानुज मिश्रा कहते हैं कि गर्मी में अक्सर लोगों को लोकल फाल्ट से जूझना पड़ता है। ऐसे में दोनों बिजली घर पर अलग-अलग कनेक्शन होने से लोगों को लोकल फाल्ट से छुटकारा मिलेगा। उपभोक्ता अजय सिंह ने कहा कि दोनों फीडर में कहीं पर भी लोकल फाल्ट होने पर लोगों को समस्या का सामना करना पड़ता था। अलग-अलग कनेक्शन होने से लोगों को लोकल फाल्ट से निजात मिलेगा।

**एक नजर**

### प्रतिबंधित नशीली दवाओं के साथ तस्कर गिरफ्तार

**सिद्धार्थनगर, अमृत विचार।** प्रतिबंधित नशीली दवाओं के साथ तस्कर को सिद्धार्थनगर पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायालय भेजा। प्रभारी निरीक्षक सदर गौरव सिंह के नेतृत्व में संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु एवं वाहन चेकिंग दौरान जमुआर नाले के आगे पुरानी नौगढ़ रोड पर एक व्यक्ति को 21 पत्तों में कुल 168 कैप्सूल नशीली प्रतिबन्धित दवा प्राक्सीको स्पास वजन 94.8 ग्राम के साथ गिरफ्तार किया गया, जिसके सम्बन्ध में थाना सिद्धार्थनगर पर एनडीपीएस एक्ट पंजीकृत कर कार्यवाही की गई। गिरफ्तार अभियुक्त शाहरुख निवासी पश्चिम गोला पुरानी नौगढ़ ब्लाक का निवासी बताया जाता है।

### जिलाधिकारी ने जागरूकता वैन को दिखाई हरी झण्डी

**सिद्धार्थनगर, अमृत विचार।** राष्ट्रीय वेक्टर जनित रोग नियंत्रण कार्यक्रम के अन्तर्गत विशेष संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान तथा संचारी रोगों एवं दिमागी बुखार पर प्रभावी नियंत्रण के लिए जागरूकता वैन को जिलाधिकारी पवन अग्रवाल ने कलेक्ट्रेट परिसर से हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। यह जागरूकता वैन जनपद के समस्त विकास खण्डो में जाकर संचारी रोगों एवं दिमागी बुखार पर प्रभावी नियंत्रण के संबंध में जागरूक करेगी। इस अवसर पर प्रभारी सीएमओ डॉ. डीके चौधरी व अन्य संबधित अधिकारी उपस्थित थे।



### डीएम ने तरण ताल के अभ्यास सत्र का किया उद्घाटन

**सिद्धार्थनगर, अमृत विचार।** जिलाधिकारी पवन अग्रवाल द्वारा जिला स्पोर्ट्स स्टेडियम में तरण ताल के अभ्यास सत्र-2024 का उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी द्वारा नारियल फोड़कर तरण ताल में डाला गया। जिलाधिकारी ने तैराकी करने वाले बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि आज से तरण ताल का शुभारंभ हो रहा है, स्टेडियम में खेल से संबंधित व अन्य सुविधा उपलब्ध कराने के लिए शासन स्तर से प्रयास किया जा रहा है। स्टेडियम के माध्यम से प्रशिक्षित होकर विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर जनपद का नाम रोशन कर रहे हैं। जिलाधिकारी द्वारा सभी को शुभकामनाएं दी गई। इस अवसर पर उपरोक्त की अतिरिक्त जिला क्रीड़ा अधिकारी आशुतोष अग्निहोत्री व प्रशिक्षक आदि उपस्थित थे।

## फॉगिंग की खानापूर्ति से लोगों में नाराजगी

**गोरखपुर, अमृत विचार।** चिलुवाताल थाना अंतर्गत आवास विकास नगर कॉलोनी मच्छरों के बचाव के लिए नगर निगम गाड़ी द्वारा फॉगिंग किया गया। जिसको लेकर कॉलोनी वासियों ने एतराज जताया और कहा कि नगर निगम द्वारा केवल अपना कोरम पूरा किया जा रहा है। फागिंग भी ऐसी चली जिसमें धुआं न के बराबर दिखाई दिया। कोरम पूरा करके गाड़ी कॉलोनी से चली गई। वहीं कुछ लोगों ने इसका जिम्मेदार पार्षद को ठहराया और कहा कि पार्षद द्वारा एक सुपरवाइजर को भेज दिया जाता है जो फागिंग से लेकर सफाई तक की जिम्मेदारी उस सुपरवाइजर के निर्देश पर चलाया जाता है। जगह-जगह नालियों में गंदगी अंबर पड़ा हुआ है। सफाई कर्मी कभी कव्वाल आकर अपना पुरम पूरा कर देते हैं जिस पर पार्षद का कोई नियंत्रण नहीं है।

# कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालयों में होगी 12वीं तक पढ़ाई

सिद्धार्थनगर

**अमृत विचार।** जिले के 13 ब्लॉकों में स्थित कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय में अब इंटरमीडिएट तक की कक्षाएं संचालित होंगी। इससे कस्तूरबा विद्यालय की बेटियों को कक्षा आठ के आगे की शिक्षा के लिए भटकना नहीं पड़ेगा। वह स्कूल में ही इंटरमीडिएट तक की शिक्षा ग्रहण कर अपने अरमान पूरे कर सकेंगी।

कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय में अब तक कक्षा छह से आठ तक की कक्षाएं संचालित होती रही है। शासन की तरफ से अब इन कस्तूरबा विद्यालयों में कक्षा-आठ से 12 तक की कक्षाएं संचालित करने का निर्णय लिया गया है। इसके तहत प्रथम चरण में कस्तूरबा विद्यालय नौगढ़, उसका



**सुविधा**

- कक्षा आठ के बाद आगे की शिक्षा के लिए नहीं पड़ेगा भटकना

बाजार, जोगिया, बांसी, मिठवल एवं खुनियांव में अप्रैल से कक्षा आठ से 12 तक की कक्षाएं संचालित होगी। इसके लिए चार विद्यालयों में 1.71 करोड़ रुपये की लागत से छात्रावास का निर्माण और 3.15 करोड़ की लागत से विद्यालय भवन व प्रशासनिक भवन का निर्माण कराया गया है। अगले चरण में शेष बचे सात कस्तूरबा विद्यालयों बढ़नी, बर्डपुर, शोहरतगढ़, डुमरियागंज, इटवा,

> शासन की मंशानुसार कस्तूरबा गांधी आवासी बालिका विद्यालय में इंटरमीडिएट की कक्षाओं के संचालन की प्रक्रिया शुरू हो गई, जिससे बच्चियों को सुविधा मिलेगी।
>
> –देवेंद्र कुमार पांडेय, बीएसए

भनवापुर व खेसरहा में कक्षाओं के संचालन के लिए विद्यालय भवन में कक्षों, प्रशासनिक भवन व छात्रावास का निर्माण प्रक्रिया शुरू हो गया है।

नए नियम के अनुसार संबंधित कस्तूरबा विद्यालय की कक्षा आठ तक की छात्राओं को तो इसके अगले कक्षा नौ में प्रवेश मिलेगा ही, अगर इन बच्चियों की संख्या सौ से कम है तो बाहरी छात्राओं को भी इसमें प्रवेश दिया जाएगा। इससे आसपास के गांवों व कस्बों के आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग की बच्चियों को आगे की पढ़ाई में सुविधा होगी।

# पति ने ही गला रेतकर की थी पत्नी की हत्या, गिरफ्तार

सिद्धार्थनगर

**अमृत विचार।** इटवा थाना क्षेत्र के पाली गांव के सिवान में गला रेत कर मारी गई 22 वर्षीया विवाहिता कोमल यादव 6 महीने की गर्भवती थी। यह बात कोमल की पोस्टमार्टम से रिपोर्ट से सामने आई है। घटना करने वाला कोई और नहीं निकला उसका पति ही उसे मौत की नींद सुला दिया, बाद उसके पति शिवपूजन को हत्या के आरोप में गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। पुलिस के मुताबिक मृतका कोमल यादव से मन न मिल पाने की वजह से उसकी हत्या की

**फॉलोअप**



छह महीने की गर्भवती थी मृतका कोमल

गई। लेकिन कुछ लोगों के अनुसार केवल इतनी सी बात को हत्या का असली कारण नहीं माना जा सकता।

बता दें कि कोमल की लाश उसके मायके के गांव पाली के एक सीवान में रविवार की सुबह पाई गई थी। जहां उसे गला रेत कर मारा गया था। कोमल 6 माह की गर्भवती भी थी। वह मायके आई हुई थी। उसकी शादी इटवा थाने के इटवा बख्शी गांव के शिवपूजन से हुई थी। शिव पूजन ने पुलिस की पूछताछ में बताया है।

पुलिस की पूछताछ में आरोपी शिवपूजन ने बताया कि उसकी कोमल से शादी तीन वर्ष पूर्व हुई थी। हालांकि शिवपूजन यह शादी नहीं करना चाहता था, मगर सामाजिक दबा में उसे करना पड़ा। लेकिन वह यह कहता रहा कि वह अपनी पत्नी से छुटकारा पाना चाहता था। इसलिए कोमल के गर्भवती होने के बाद उसने कोमल को जान से मारने का मन मना लिया। योजना के मुताबिक शिवपूजन ने शनिवार देर शाम फोन कर उसे गांव से बाहर बुलाया। बातचीत के बीच उसका गला रेतकर हत्या कर दी और लाश को वहीं खेत में छोड़कर अपने गांव इटवा बख्शी चला आया। सुबह उसकी लाश बरामद हुई। बाद में पुलिस की हिरासत में उसने सच स्वीकार कर लिया। फोन काल आदि की भी पुष्टि हो गई। फिलहाल शिवपूजन जेल भेज दिया गया है। थानाध्यक्ष इटवा संतोष तिवारी ने बताया कि पूछताछ अभियुक्त शिवपूजन को न्यायालय के निर्देश पर जेल भेज दिया है। घटना की जांच आगे भी चलती रहेगी।

**लोगों के गले नहीं उतर रही हत्या की वजह**

शवपूजन ने पूछताछ में हत्या की जो वजह बताई वह लोगों के गले नहीं उतर रही है। कोई भी केवल इस वजह से कोई अपनी पत्नी को मौत के घाट नहीं उतार सकता क्योंकि उनके मन न मिलते हों, वह भी तब जब पत्नी छह माह की गर्भवती हो। चर्चा है कि संभव है कि शिवपूजन का किसी और महिला से प्रेम संबंध हो, इसलिए उसने पत्नी से छूटकारा पाने के लिए हत्या कर दी हो। या फिर कोमल पर उसे शक रहा हो।

### नवोदय विद्यालय में हुआ छात्र अमित का चयन

**शोहरतगढ़, सिद्धार्थनगर।** विकास क्षेत्र बढ़नी के कम्पोजिट उच्च प्राथमिक



विद्यालय धनौरा मुस्तहकम के कक्षा पांच के छात्र अमित कुमार मौर्य का चयन जवाहर नवोदय विद्यालय (कक्षा 6 के लिए) में हुआ है। छात्र अमित ने कक्षा 5 की परीक्षा शिक्षण सत्र 2023-24 में उत्तीर्ण कर लिया है। पिता रमेश कुमार मौर्य सहित परिजनों ने पुत्र के चयन पर खुशी है। छात्र के चयन पर खण्ड शिक्षा अधिकारी बढ़नी रामू प्रसाद, विद्यालय प्रधानाध्यापक दिनेश कुमार, शिक्षक दयादित्य, ओमप्रकाश गुप्ता, भरत किशोर चौधरी, कृष्ण कुमार विश्वकर्मा आदि ने शुभकामनाएं दी हैं।

**सार-संक्षेप**

### नाबालिग लड़की के अपहरण का आरोपी गिरफ्तार

**सिद्धार्थनगर, अमृत विचार।** अपराध एवं अपराधियों के गिरफ्तारी के क्रम में जनपद की कठेला पुलिस ने 24 घंटे के अंदर नाबालिग लड़की के अपहरण करने वाले अपराधी को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। पुलिस सूत्रों के मुताबिक अरुण चौहान पुत्र दौलत चौहान निवासी रेहरा खीर थाना कठेला समय माता अपहरण के मामले में वांछित था, उसको सोमवार को पुलिस ने चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर पचमोहिनी गांव के पास से आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा। अरुण चौहान को नाबालिग लड़की के अपहरण की घटना को अंजाम दिए हुए 24 घंटे भी नहीं बीते थे कि पुलिस ने घेराबंदी कर उसे दबोच लिया और लड़की को भी बरामद कर लिया।



आग में जली हुई गेंहू की फसल। अमृत विचार

### लगभग 45 बीघा गेहूं की फसल जलकर राख

**उसका बाजार, सिद्धार्थनगर, अमृत विचार।** मुकामी थाना क्षेत्र के नगवा गांव के सिवान में सोमवार गेहूं की खड़ी फसल में अचानक आग लग गई। खेतों में धुआं उठता देख लोग उधर ही दौड़ पड़े। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया। ग्रामीण आग बुझाने की कोशिश में जुट गए लेकिन आग की लपटें इतनी तेज थी कि देखते देखते लगभग 45 बीघा गेहूं का फसल जलकर राख हो गई। बरहाल ग्रामीणों के अथक प्रयास के बाद बमुश्किल आग पर काबू पाया गया। ग्रामीणों ने आग की सूचना फायर ब्रिगेड को दी किंतु जब तक फायर ब्रिगेड की गाड़ी पहुंचती तब तक ग्रामीणों ने ही आग पर काबू पा लिया। मौके पर हल्का के लेखपाल भी मौजूद रहे। लेखपाल उस्मान का कहना है कि लगभग 45 बीघा गेहूं का फसल जल गया है। सूत्रों के मुताबिक आगजनी की इस घटना में बसावनपुर के सगीर अहमद, नगवां के नूर अली, विकास यादव, रिजवानुल हक, प्रह्लाद यादव, राधेश्याम, यादव, फकीर मोहम्मद, इदुल्लाह, टिकोरी शाह अकरम, जलालुद्दीन, रामविकास, अहमद, हुसैन आदि किसानों की गेहूं की फसल जलकर राख होगयी।

### धुरिया समाज को उन्नत बनाने का लिया संकल्प

**सिद्धार्थनगर, अमृत विचार।** आदिवासी विकास सेवा संस्थान के प्रदेश सचिव संतोष कुमार गोंड ने जय किसान इन्टर कालेज सनई सनई के प्रांगण में रविवार को बैठक की। मुख्य अतिथि प्रदेश संरक्षक मुरलीधर धुरिया एवं संतोष गोंड (सचिव) ने जगराम धुरिया को जिलाध्यक्ष बस्ती तथा राज नारायण गोंड को जिला महामंत्री बस्ती के पद पर मनोनीत किया। बैठक में ही समाज के बहुसंख्यक व्यक्तियों के उपस्थिति में सिद्धार्थनगर के पांचों तहसील के अध्यक्ष, समस्त कार्यकारणी को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई गई। वहीं धुरिया समाज को आर्थिक, शैक्षिक व वैचारिक रूप से उन्नत बनाने का संकल्प लिया गया। बैठक में धुरिया समाज के प्रमाण पत्र के जारी होने सन्दर्भ में जिलाध्यक्ष रमेश धुरिया ने कहा कि अब हमें टीम भावना से समाज के अन्तिम व्यक्ति को जोड़कर संघर्षों विधिक युक्ति, आर्थिक सहयोग और जो भी सम्यक क्रियाविधि हो उससे धुरिया प्रमाण पत्र जारी करवाया जायेगा। बैठक में तहसील अध्यक्ष शोहरतगढ़ शिव कुमार धुरिया ने भी जातिगत संकल्पों को दोहराते हुए पेनवासी दादा उमाशंकर गोंड जी के योगदान को भी स्मरण कराकर सर्व समाज को कृतज्ञ किया। तहसील अध्यक्ष बांसी उमेश धुरिया ने समाज में आर्थिक सहयोग की कार्य योजना पर विस्तृत प्रकाश डाला। इसी क्रम में तहसील अध्यक्ष नौगढ़ धर्मराज धुरिया ने समिति में आपसी समन्वय पर प्रकाश डाला। तहसील डुमरियागंज अध्यक्ष शिवशंकर उर्फ प्रदीप धुरिया ने धुरिया समाज के पूजा पाठ, देव प्रतीकों आदि पर भी विस्तृत चर्चा की। तहसील इटवा अध्यक्ष पन्नी लाल धुरिया उर्फ मुन्ना जी ने आदिवासी विकास सेवा संस्थान की जिला इकाई व तहसील इकाई के बीच आपसी तालमेल व समिति के सदस्यों के पदेन दायित्वों, पदों के अधिकार, शासनादेश, पत्रावली, अधिकारियों से वार्ता व जवाबदेही के बारें में विस्तृत चर्चा की। बैठक के अन्त में नव संकल्पों व नई ऊर्जा के साथ मुरलीधर धुरिया ने पेनवासी दादा उमाशंकर गोंड को पुन: श्रद्धांजलि अर्पित की।

### प्लेटफॉर्म पर निर्माण कार्य के चलते ट्रेनें निरस्त

**गोरखपुर, अमृत विचार।** रेलवे प्रशासन द्वारा पश्चिम मध्य रेलवे के भोपाल मंडल के बीना स्टेशन पर प्लेटफार्म संख्या-03 पर निर्माण कार्य के चलते गाड़ियों का निरस्तीकरण एवं बीना स्टेशन पर दिये गये ठहराव का निरस्तीकरण तथा ठहराव समय में कमी किया जायेगा। 15045 गोरखपुर-ओखा एक्सप्रेस 4 अप्रैल से 9 मई तक निरस्त रहेगी। 15046 ओखा-गोरखपुर एक्सप्रेस 7 अप्रैल से 12 मई तक निरस्त रहेगी। 19053 सूरत-मुज़फ्फरपुर 5 अप्रैल से 10 तक, 19054 मुजफ्फरपुर- सूरत एक्सप्रेस 12 मई तक, 11407 पुणे-लखनऊ जं. एक्सप्रेस 9 अप्रैल से 7 मई तक और 11408 लखनऊ जं.-पुणे एक्सप्रेस 11 अप्रैल से 9 मई तक निरस्त रहेगी। बीना स्टेशन पर विभिन्न ट्रेनों को पूर्व दिया गया ठहराव निरस्त/कमी की गई है। यह जानकारी मुख्य जनसंपर्क अधिकारी पंकज कुमार सिंह ने दी।

### 7 अप्रैल तक ट्रेनों का संचालन रहेगा प्रभावित

**गोरखपुर।** रेलवे प्रशासन द्वारा लखनऊ जं.-मानक नगर एवं ऐशबाग-मानक नगर के मध्य सीमित ऊंचाई के सब-वे (आर.ओ.बी.) के ध्वस्तीकरण कार्य के चलते यातायात एवं पावर ब्लॉक दिये जाने के लिए गाड़ियों का मार्ग परिवर्तन, नियंत्रण, रि-शिड्यूलिंग, शार्ट टर्मिनेशन/शार्ट ओरिजिनेशन किया जायेगा। जिसके चलते 4 से 7 अप्रैल तक इस रूट से चलने वाली रेलगाड़ियों का संचालन प्रभावित रहेगा।

# आरपीएफ ने यात्रियों का सामान किया बरामद

गोरखपुर

**अमृत विचार।** रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ), पूर्वोत्तर रेलवे द्वारा रेल सम्पत्ति की सुरक्षा, आरक्षण दलालों एवं अवैध सामानों की धर-पकड़ सहित यात्रियों को सुरक्षा प्रदान करने का निरन्तर प्रयास किया जाता है।

इसी क्रम में 31 मार्च को आरपीएफ बलिया द्वारा सहतवार छाता मार्ग बलिया स्थित श्री साई जनसेवा केन्द्र से ई-टिकटों के अवैध कारोबार में संलिप्त एक व्यक्ति को व्यक्तिगत यूजर आई.डी पर बने 16 ई-टिकटों के साथ गिरफ्तार किया।

इसी क्रम में मंडल सुरक्षा नियंत्रण कक्ष, वाराणसी से प्राप्त सूचना पर रेलवे सुरक्षा बल, वाराणसी सिटी स्टाफ ने गाड़ी सं. 15008 के आरक्षित कोच से यात्री का छूटा हुआ बैग लावारिस हालत में बरामद कर वाराणसी सिटी पोस्ट पर जमा किया गया। जिसे यात्री के उपस्थित होने पर उसे सुपुर्द किया गया। रेलवे सुरक्षा बल, वाराणसी सिटी स्टाफ ने अनारक्षित कोच से यात्री का छूटा बैग बरामद कर बढ़नी चैकी पर जमा किया गया। 31 मार्च ही रेलवे सुरक्षा बल, मनकापुर स्टाफ ने यात्री का छूटा लावारिस बरामद कर मनकापुर पोस्ट पर जमा किया गया। 29 मार्च को रेलवे सुरक्षा बल, गोरखपुर पोस्ट स्टाफ ने अनारक्षित कोच से यात्री का छूटा एक ट्राली बैग बरामद कर गोरखपुर पोस्ट पर जमा किया गया, जिसे यात्री के उपस्थित होने पर उसे सुपुर्द किया गया। गाड़ी सं. 15009 के रेलवे सुरक्षा बल स्कोर्ट पार्टी को आरक्षित कोच से यात्री का छूटा हुआ एक ट्राली बैग बरामद कर आनन्दनगर चौकी पर जमा किया गया। 29 मार्च को रेलवे सुरक्षा बल, गोण्डा पोस्ट स्टाफ ने आरक्षित कोच से यात्री का छूटा हुआ बैग बरामद कर गोण्डा पोस्ट पर जमा किया गया, जिसे यात्री के उपस्थित होने पर उसे सुपुर्द किया गया। रेलवे सुरक्षा बल, छपरा स्टाफ ने छपरा स्टेशन आगमन पर आरक्षित कोच से यात्री का छूटा हुआ एक छोटा ड्रम बरामद कर छपरा पोस्ट पर जमा किया गया, जिसे यात्री के उपस्थित होने पर उसे सुपुर्द किया गया। यह जानकारी मुख्य जनसंपर्क अधिकारी पंकज कुमार सिंह ने दी।

**सियासी हलचल** भाजपा प्रत्याशी जगदंबिका पाल व जिला अध्यक्ष कन्हैया पासवान ने पार्टी कार्यालय पर दिलाई सदस्यता

# विभिन्न राजनीतिक दलों के नेता भाजपा में हुए शामिल

सिद्धार्थनगर

**अमृत विचार।** जनपद मुख्यालय स्थित भाजपा कार्यालय पर विभिन्न पार्टियों के नेताओं ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। भाजपा जिला अध्यक्ष कन्हैया पासवान, लोकसभा डुमरियागंज से भाजपा प्रत्याशी जगदंबिका पाल ने सभी को पार्टी की सदस्यता दिलाई। सदस्यता ग्रहण करने में मुख्य रूप से कांग्रेस पार्टी के पूर्व विधानसभा प्रत्याशी डुमरियागंज सच्चिदानंद पांडे, नगर पालिका सिद्धार्थनगर के पूर्व प्रत्याशी राकेश त्रिपाठी, कांग्रेस के जिला उपाध्यक्ष राघवेंद्र शुक्ला, समाजवादी पार्टी के नेता अमरेंद्र पांडे सहित सैकड़ो लोग सोमवार को भाजपा में शामिल हो गए।



माला पहनाकर नेताओं का स्वागत करते कार्यकर्ता व समर्थक। अमृत विचार

इस मौके पर जगदंबिका पाल ने कहा कि प्रदेश में 80 के 80 सीट तथा देश में 400 सीट भारतीय जनता पार्टी निकाल कर इतिहास कायम करेगी। क्योंकि 10 वर्षों में भाजपा ने जो देश के सभी वर्गों का उत्थान करते हुए विश्व में अपना एक मुकाम हासिल किया है, इसको जानता को बताने की जरूरत नहीं है। आज जनता पूरी तरह से भाजपा को तीसरी बार सत्ता में लाने का मन बना चुकी है। श्रीपाल ने कहा कि वर्तमान में विरोधी पार्टियों अपने भ्रष्टाचार और लूट को छुपाने के लिए एक होकर चुनाव लड़ रही हैं, लेकिन देश को लूटने वाला लुटेरा छोड़ा नहीं जाएगा। उन्होंने प्रेस वार्ता के दौरान यह भी कहा कि आज पूरे देश की जनता मोदी और योगी के नेतृत्व में डबल इंजन की सरकार को पुनः चाहती है। प्रेस वार्ता में मुख्य रूप से कांग्रेस छोड़कर भाजपा में शामिल हुए डीआर चंद्रेश उपाध्याय सहित दर्जनों अपनी विभिन्न पार्टियों को छोड़कर भाजपा में शामिल होते हुए लोकसभा डुमरियागंज के सांसद जगदंबिका पाल को पुनः एक बार जीतने के लिए संकल्पित हुए।

## होली विशेष गाड़ियों का होगा अतिरिक्त संचालन

**गोरखपुर, अमृत विचार।** होली के उपरान्त यात्रियों की होने वाली अतिरिक्त भीड़ को ध्यान में रखते हुए रेलवे प्रशासन द्वारा से चलाई जा रही विशेष गाड़ियों के संचालन अवधि में विस्तार किया गया है। 05575 सहरसा-आनन्द विहार टर्मिनस होली 5 अप्रैल को सहरसा से, 05576 आनन्द विहार टर्मिनस-सहरसा 6 अप्रैल को आनन्द विहार टर्मिनस से, 05561 समस्तीपुर-आनन्द विहार टर्मिनस 5 अप्रैल को समस्तीपुर से, 05562 आनन्द विहार टर्मिनस-समस्तीपुर 6 अप्रैल को आनन्द विहार टर्मिनस से एक अतिरिक्त फेरे के लिए चलाई जायेगी। सभी गाड़ियां पूर्व निर्धारित शेड्यूल के अनुसार चलाई जायेगी। यह जानकारी मुख्य जनसंपर्क अधिकारी पंकज कुमार सिंह ने दी।

## एक नजर

### पेड़ से लटकता मिला युवक का शव

**धनघटा।** महुली कस्बा निवासी 36 वर्षीय दिनेश पुत्र रामनयन रोज की भांति सोमवार की दोपहर वह अपने घर से निकला था। दोपहर करीब 1 बजे के लगभग गांव के निकट सहवली निषाद की बाग में एक पेड़ से लटकता शव दिखाई दिया। जिसकी सूचना खेत में गए लोगों ने परिजनों को दिया। रोते बिलखते घटना स्थल पर पहुंचे परिजनों ने मामले की सूचना मुकामी पुलिस को दिया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर लाश को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

### नौकरी के नाम पर ठगी

**बलरामपुर।** थाना कोतवाली देहात के ग्राम बहादुर सिरसिया गांव निवासी युवक को बिजली विभाग में नौकरी दिलाने के नाम पर 30 हजार की ठगी की गई है। गांव निवासी दीपक कुमार गुप्त ने नौकरी के लिए गांव के ही एक युवक को 40 हजार रुपये दिए थे। बात न बनने पर आरोपित ने 10 हजार रुपये लौटाए। बाकी का पैसा देने के लिए टालमटोल करता रहा। काफी समय बीत जाने के बाद उसने पैसे देने से मना कर दिए। इस पर युवक की मां मालती देवी ने देहात कोतवाली में तहरीर दी है। साथ ही आरोपित से हुई बातचीत का आडियो भी उपलब्ध कराया है।

### तेंदुआ दिखने से दहशत

**बलरामपुर।** थाना गौरा चौराहा केकरमहना गांव के पूरब तेंदुआ दिखने से ग्रामीणों में दहशत है। गांव के चांद तारा व मंगल प्रसाद ने बताया कि खेत की तरफ जा रहे थे। ग्रामीण लाठी डंडा लेकर नदी तक गए। तब तक तेंदुआ वहां से जा चुका था। ग्रामीणों ने इसकी सूचना वन विभाग को दी। वन दारोगा राम खेलावन ने बताया कि ग्रामीणों को सतर्क रहने की सलाह दी गई है।

### आग से सात मकान खाक

**बलरामपुर।** गैंसड़ी कोतवाली क्षेत्र के लैबुड़वा गांव निवासी रामराज की पशुशाला में आग की लपटें निकलती देख दौड़े। देखते ही देखते आग विश्वनाथ की दुकान, सूरज, फागू, श्याम नारायण, धनपत, रामू व पप्पू के मकान तक पहुंच गई। आग में घर में रखा सारा सामान जलकर राख हो गया। साथ ही मलखू, राजू, लालमन, राम वतार, माया देवी व सुखराज की पशुशाला जल गई। घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। उपजिलाधिकारी तुलसीपुर अभय कुमार सिंह ने बताया कि राजस्व कर्मियों ने क्षति का आकलन कर लिया है। शीघ्र ही पीड़ितों को सहायता दी जाएगी।

## संचारी रोग नियंत्रण अभियान शुरू



मुख्य चिकित्सा अधिकारी बलरामपुर डॉ. मुकेश कुमार रस्तोगी ने सोमवार को मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय परिसर में विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान शुरू किया। उन्होंने विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान की वाहन रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान तीस अप्रैल तक चलेगा। इस अवसर पर अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. संतोष कुमार श्रीवास्तव, डीएमओ राजेश पाण्डेय, डीएमसी शिखा श्रीवास्तव हिमांशु वर्मा, अमरेंद्र सिंह, पवन यादव आदि उपस्थित रहे। अमृत विचार

# बच्चों ने निकाली संचारी रोग जागरूकता रैली

कार्यालय संवाददाता, बलरामपुर

**अमृत विचार।** आयुष्मान आरोग्य मंदिर सेखुनियां कला में प्राथमिक विद्यालय सेखुनियां कला के बच्चों द्वारा आज से चलने वाले विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान के संबंध में एक जन जागरूकता रैली निकाली गई।

इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी बलरामपुर डॉ. मुकेश कुमार रस्तोगी ने कहा कि अभिभावकों-शिक्षकों का व्हाट्सएप ग्रुप बनाकर दिमागी बुखार एवं अन्य संचारी रोगों से बचाव, रोकथाम एवं उपचार हेतु जागरूक किया जाये तथा पीने का साफ पानी, शौचालय का प्रयोग, खुले में शौच के नुकसान आदि पर विशेष जोर दिया जाए। अधीक्षक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तुलसीपुर डॉ सुमंत सिंह चौहान, प्राथमिक विद्यालय सेखुनियां कला की प्रधानाचार्य रेखा श्रीवास्तव, अध्यापक रवि कुमार, सी एच ओ प्रशांत आदि उपस्थित रहे।



तुलसीपुर में स्कूल के बच्चों द्वारा निकाली गई संचारी रोग नियंत्रण जागरूकता रैली। अमृत विचार

# 7 सेक्टरों में बांटकर होगी देवीपाटन मेले की सुरक्षा

## नौ अप्रैल को चैत्र नवरात्रि पर लगेगा मेला, पीठ के महंत की अध्यक्षता मे हुई मेला तैयारी बैठक

कार्यालय संवाददाता, बलरामपुर

**अमृत विचार।** 09 अप्रैल से शुरू हो रहे चैत्र नवरात्रि पर देवीपाटन मंदिर तुलसीपुर में लगने वाले राजकीय मेले को सकुशल, शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराए जाने के लिए तैयारी बैठक महंत देवीपाटन मंदिर मिथलेश नाथ योगी जी की अध्यक्षता में संपन्न हुई।

बैठक में मेले के दौरान सुरक्षा व्यवस्था, विद्युत व्यवस्था, रैन बसेरा, पेयजल व्यवस्था, साफ सफाई व्यवस्था, मंदिर तक आने वाली सड़कों की मरम्मत, जल निकासी, पार्किंग व्यवस्था, सीसीटीवी कैमरा, श्रद्धालुओं के आवागमन के लिए बसों की व्यवस्था, ट्रैफिक मैनेजमेंट, चिकित्सीय सुविधा आदि की बिंदुवार समीक्षा मुख्य विकास अधिकारी संजीव कुमार मौर्या द्वारा की गई। अपर पुलिस अधीक्षक ने बताया कि सुरक्षा व्यवस्था की दृष्टि से पूरे मंदिर परिसर को 7 सेक्टर में बांटा गया है। मेले के दौरान पर्याप्त संख्या में पुरुष एवं महिला पुलिस फोर्स लगाई जाएगी।


बलरामपुर के देवीपाटन शक्तिपीठ तुलसीपुर में मेला तैयारी बैठक के दौरान मौजूद महंत व प्रशासनिक अधिकारी। अमृत विचार

मुख्य विकास अधिकारी संजीव कुमार मौर्य ने मंदिर परिसर में मेले के दौरान पर्याप्त संख्या में वाटर टैंक की उपलब्धता सुनिश्चित कराए जाने तथा लगे सभी हैंडपंपों को चेक करते हुए मरम्मत आदि का कार्य पूर्ण कर ले जाने का निर्देश दिया। मेले में आने वाले श्रद्धालुओं के लिए शीतल जल की व्यवस्था का निर्देश दिया।

अधिशासी अभियंता विद्युत को निर्देश दिया कि मंदिर परिसर में लगे सभी ट्रांसफार्मर का लोड चेक कर ले, मेले के दौरान 24 घंटे विद्युत उपलब्धता सुनिश्चित किया जाए, इसमें किसी प्रकार की बाधा ना आए। देवीपाटन मंदिर आने वाली सभी सड़कों का सर्वे कराते हुए मरम्मत करा ले जाने का निर्देश दिया। मेले के दौरान रेलवे द्वारा टिकट काउंटर बढ़ाए जाएंगे तथा गोंडा से तुलसीपुर तक के लिए स्पेशल ट्रेन चलाई जाएगी। मंदिर परिसर में पर्याप्त मात्रा में सीसीटीवी कैमरा लगाए जाने एवं सफाई व्यवस्था के लिए लगने वाले सभी सफाई कर्मियों को ड्रेस एवं साफ-सफाई में प्रयुक्त होने वाले उपकरण दिए जाने का निर्देश दिया। उन्होंने मेले में लगे सभी कर्मचारियों की सूची उपलब्ध कराए जाने के निर्देश भी दिए और कहां की मेले में अच्छा कार्य करने वाले कर्मचारियों को प्रोत्साहन एवं सम्मानित भी किया जाएगा। उन्होंने कहा कि मेले से संबंधित सभी विभाग समस्त तैयारियां पूर्ण करें। किसी भी प्रकार की लापरवाही क्षम्य में नहीं होगी।

इस अवसर पर एडीएम न्यायिक प्रमोद कुमार, एसडीएम तुलसीपुर अभय कुमार सिंह, मेला प्रभारी एसडीएम राजकुमार, क्षेत्राधिकारी तुलसीपुर राघवेंद्र सिंह, तहसीलदार परमेश कुमार, अधिशासी अभियंता पीडब्ल्यूडी, विद्युत, नलकूप, जल निगम, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ मुकेश, जिला कृषि अधिकारी आरपी राणा, जिला पंचायत राज अधिकारी श्रेया उपाध्याय, डीएसओ, आबकारी, मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी विनोद पांड़ेय सहित अन्य संबंधित अधिकारी व कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# भारतीय संस्कृति को शिखर पर पहुंचाएं: डॉ. राघवाचार्य

**संतकबीरनगर, अमृत विचार।** आरपी इंटरनेशनल एकेडमी महुली का सोमवार को भव्य समारोह बीच शुभारंभ हुआ। अयोध्या धाम से पधारे जगत गुरु रामानुजाचार्य डा. राघवाचार्य जी महाराज ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच फीता काटकर संस्थान के शुभारंभ की घोषणा किया। इसके साथ ही महुली क्षेत्र में सीबीएससीई पैटर्न पर शिक्षा मिलने से अभिभावकों के सपनों को स्थाई मुकाम भी हासिल हो गया।

**आरपी इंटरनेशनल एकेडमी का जगतगुरु रामानुजाचार्य डा. राघवाचार्य ने किया आरंभ**

इससे पहले जैसे ही डा. राघवाचार्य जी महाराज का काफिला एकेडमी परिसर में पहुंचा तो आरपी यादव ग्रुप ऑफ कॉलेज के चेयरमैन और युवा भाजपा नेता कृष्णचंद्र यादव 'केसी' ने अपने बड़े भाइयों ग्राम प्रधान भालचंद्र यादव और प्रधानाचार्य राम चंद्र यादव, एकेडमी के प्रधानाचार्य राजकुमार और अन्य शिक्षकों और सहयोगियों के साथ फूल मालाओं से ऐतिहासिक स्वागत किया। जगतगुरु रामानुजाचार्य डा. राघवाचार्य जी महाराज ने कहा कि आधुनिक शिक्षा ग्रहण करने के लिए जितना आवश्यक अंग्रेजी को मध्यम बनाना है उतना ही आवश्यक हमें अपनी संस्कृति, सभ्यता और संस्कार को अपनी शिक्षा के साथ आत्मसात करना भी है। उन्होंने कहा कि आरपी इंटरनेशनल एकेडमी को आधुनिक शिक्षा के क्षेत्र में वट वृक्ष बनाने का प्रयत्न करेंगे। आरपी इंटरनेशनल एकेडमी के एमडी कृष्णचंद्र यादव 'केसी' ने महाराज जी का स्वागत करते हुए संस्थान पर उनका आशीर्वाद सदा बने रहने की कामना किया। उन्होंने अभिभावकों और बच्चों को भरोसा दिलाया कि बेहतर और संस्कार युक्त शिक्षा के लिए किसी तरह के संसाधन की कमी आड़े नहीं आने देंगे। उन्होंने अभिभावकों से भी बच्चों की प्रतिभा निखारने में लगे शिक्षक शिक्षिकाओं के प्रयास में सहयोग करते रहने की अपील किया। इस दौरान अजय मिश्र, रत्नेश मिश्र, राजीव गुप्ता, रणविजय यादव, धर्मेंद्र यादव, राधेश्याम शर्मा, मुन्नीलाल सिंह, राजाराम दुबे, अरविंद नाथ यादव सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

# शिक्षकों व विद्यार्थियों के सम्मान के साथ नए शैक्षिक सत्र का आगाज


बलरामपुर के बालभारती इंटर कालेज में सम्मान समारोह के दौरान मौजूद अतिथि। अमृत विचार

**बलरामपुर, अमृत विचार।** बीएचकेएस बाल भारती इंटर कॉलेज के नये शैक्षणिक सत्र के शुभारंभ पर छात्र छात्राओ की प्रतिभा एवं शिक्षक-शिक्षकाओं के सम्मान के कार्यक्रम का आयोजन मुख्य अतिथि प्रबंधक डॉ. देवेश चन्द्र श्रीवास्तव, विशिष्ट अतिथि उप सचिव दिलीप कुमार श्रीवास्तव एवं वरिष्ठ नागरिक एसोसिएशन के अध्यक्ष आदित्य प्रसाद की उपस्थित में किया गया। कार्यक्रम में 40 वर्षों से कार्यरत आदर्श शिक्षक संचित राम वर्मा के अवकाशप्राप्त करने पर सम्मानित कर उनके प्रति आभार व्यक्त किया गया। सभी शिक्षक-शिक्षकाओं को सम्मानित किया गया।

मेधावी छात्र-छात्राओं जिनमें करन चौहान, कोमल पांडेय, अंजन, चंदन, विनीता, परी चौधरी, अभय कनौजिया, आरोही चौहान, स्नेहलता, नूर फातिमा, अनुष्का, सलोनी गुप्ता, रुबी यादव, पलक पांडेय, मानसी वर्मा आदि को पुरस्कृत कर सम्मानित किया गया। प्रधानाचार्य रमेश चन्द्र त्रिपाठी, अनीता चौहान, मोनिका श्रीवास्तव, वंदना सिंह, डालमणि पाठक, नूतन श्रीवास्तव, आर डी द्विवेदी, सौरभ श्रीवास्तव, मनीष कुमार, बृजेश त्रिपाठी आदि को उनके उत्कृष्ट कार्यो के लिए सम्मानित किया गया। प्रबंधक डॉ. देवेश चन्द्र श्रीवास्तव ने कहा कि कालेज के शैक्षणिक स्तर को उत्तरोत्तर आगे बढ़ाने एवं छात्र-छात्राओ को उच्च स्तरीय शिक्षा देने मे कालेज के सुयोग्य शिक्षकों की महत्वपूर्ण भूमिका रही है।

# जमीन हड़पने के मामले में पूर्व विधायक व उनके भाई पर केस

**बलरामपुर, अमृत विचार।** कूटरचित ढंग से थाने की 19 डिसमिल जमीन मजार के नाम दर्ज कराकर अपने भाई को मुतवल्ली बनाने वाले पूर्व विधायक को अब अपनी करनी की सजा मिलने लगी है। न्यायालय के आदेश पर पुलिस ने पूर्व विधायक आरिफ अनवर हाशमी तथा उनके भाई, परिजन व अन्य लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

**पूर्व में भी पूर्व विधायक के खिलाफ भूमाफिया के तहत हो चुकी है कार्रवाई**

बताते चलें कि वर्ष 2013 में आरिफ अनवर हाशमी उतरौला विधानसभा से सपा के विधायक थे। इसी दौरान उन्होंने सादुल्लाह नगर थाने की जमीन का 19 डिसमिल जमीन कूटरचित तरीके से अब्दुल कुद्दूस शाह मजार के नाम दर्ज करा दिया और अपने भाई मारुफ अनवर हाशमी को मजार का मुतवल्ली बना दिया। तत्कालीन थाना अध्यक्ष परवेज अहमद ने एसडीएम उतरौला के न्यायालय में मुकदमा दायर किया एसडीएम ने मजार के नाम दर्ज जमीन का आदेश निरस्त कर दिया। इस बात से नाराज विधायक के भाई ने कमिश्नर देवीपाटन मंडल गोंडा के यहां मुकदमा कर न्यायालय को गुमराह करते हुए जमीन फिर से हथिया लिया और एसडीएम को आदेश निरस्त करा दिया। दिसंबर 2023 में हाई कोर्ट लखनऊ में इस मामले को लेकर फिर से मुकदमा दायर हुआ हाईकोर्ट ने मामले का संज्ञान लेते हुए एसडीएम उतरौला को 3 महीने के अंदर मामले के निस्तारण का आदेश दिया। पत्रावली में प्राप्त साक्ष्यों के आधार पर एसडीएम उतरौला ने एक बार फिर वह जमीन थाने के नाम दर्ज करने का आदेश पारित करते हुए दोषियों के खिलाफ कार्रवाई का आदेश सादुल्लाह नगर पुलिस को दिया। पुलिस ने पूर्व विधायक उनके भाई व परिजन सहित कमेटी में शामिल चार अन्य लोगों के खिलाफ भी मुकदमा दर्ज कर लिया है। मामले की विवेचना उप निरीक्षक कमलेश सिंह को सौंप गई है।

# शार्ट सर्किट से जला 30 बीघे गेहूं

**मेंहदावल, अमृत विचार।** थानाक्षेत्र के बेला कला गांव में सोमवार की शाम बिजली प्रवाहित तार टूटकर गेंहू के खेत में गिर गया। इससे निकली चिंगारी से खेत में आग पकड़ ली। सूचना पर तीन गांवों के सैकड़ों ग्रामीणों ने कड़ी मशक्कत से आग बुझाई, लेकिन तब तक लगभग 30 बीघा गेंहू की फसल जलकर राख हो गई।

थानाक्षेत्र के बेला गांव के सिवान में शार्ट सर्किट से गेहूं की खड़ी फसल में आग लग गई। जिससे आधा दर्जन से अधिक किसानों की 30 बीघे गेहूं की फसल जलकर राख हो गई। ग्रामीणों ने फायर ब्रिगेड को सूचना दिया लेकिन दमकल की गाड़ी जबतक मौके पर पहुंची तीन गांवों के सैकड़ों ग्रामीणों ने मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पा लिया था। इस घटना में किसानों का काफी नुकसान हुआ।

मिली जानकारी के अनुसार शाम 4 बजे मेंहदावल के बेला गांव के सिवान में शार्ट सर्किट से गेहूं की खड़ी फसल में आग लग गई। देखते ही देखते आग ने भीषण रूप अख्तियार कर लिया। घटना के बाद समूचे गांव में अफरा तफरी का माहौल कायम हो गया। आसपास के गांव के सैकड़ों ग्रामीण मौके पर पहुंच कर आग बुझाने में जुट गए। दो घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद ग्रामीणों ने आग पर पूरी तरह से काबू पा लिया। इस घटना में लालू, छेदी शर्मा, टिकोरी, नेवास अली, करम हुसैन, सीताराम, संदीप शुक्ला और बबलू शर्मा का लगभग 30 बीघा गेहूं की फसल जलकर राख हो गई। आगलगी की इस बड़ी घटना से पूरे गांव व आसपास के क्षेत्र में हाहाकार मचा रहा।

**मेंहदावल थाना क्षेत्र के बेला गांव के सिवान की घटना**

उपजिलाधिकारी मेहदावल अरुंण कुमार ने कहा कि घटना की जानकारी मिली है। मौके पर फायर ब्रिगेड को भेजा गया था। नुकसान के आंकलन के लिए राजस्व टीम को भेजा गया है। रिपोर्ट मिलने पर किसानों को क्षतिपूर्ति मुहैया करा दी जाएगी।

### पूरे जिले में जर्जर और ढीले तारों से हो रही बिजली सप्लाई

हर वर्ष बिजली के जर्जर तारों को बदलने के नाम पर करोड़ों रुपए की धनराशि भुगतान कराने के बावजूद विभागीय कर्मी तारों को बदलना तो दूर उसे टाईट तक नहीं करते। जिसके चलते हर साल किसानों की हजारों बीघे गेहूं की फसल आग की भेंट चढ़ जाती है। बिजली के जर्जर तारों की सर्वाधिक समस्या धनघटा और मेंहदावल क्षेत्र में देखी जाती है। यहां के किसानों द्वारा सैकड़ों शिकायती पत्र विभागीय अधिकारियों और क्षेत्रीय जन प्रतिनिधियों को सौंपे जा चुके हैं। लेकिन जनप्रतिनिधि विभागीय मंत्री और बड़े अधिकारियों को पत्र लिखकर अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन कर देते हैं तो वहीं बिजली विभाग के अधिकारी और कर्मचारी फ़र्जी बिल बाउचर लगाकर सिर्फ कागजों में ही सभी तार बदल कर अपनी तिजोरियां भर लेते हैं। जिसके चलते किसान भगवान भरोसे अपनी फसलों को सुरक्षित घर पहुंचाने की जद्दोजहद करते हैं। मेंहदावल क्षेत्र के बेला गांव के सिवान में हुआ अग्निकांड तो महज एक बानगी है। गर्मी का सिलसिला जैसे जैसे बढ़ेगा और किसानों के गेहूं की फसलें पक कर पूरी तरह तैयार हो जाएंगी तो अग्निकांड के मामले किसानों को खून के आंसू रूलाएंगे और इसके पीछे सबसे बड़ा कारण बिजली के ढ़ीले और जर्जर तार ही होंगे।

जागरूकता | आचार संहिता के उल्लघंन होने पर कर सकते हैं शिकायत : जिला निर्वाचन अधिकारी

# अब सी विजिल ऐप से जनता कर सकेगी निगरानी

**संतकबीरनगर, अमृत विचार।** जिला निर्वाचन अधिकारी महेन्द्र सिंह तंवर के निर्देश के क्रम में उप जिला निर्वाचन अधिकारी जय प्रकाश ने बताया है कि भारत निर्वाचन आयोग ने लोकसभा सामान्य निर्वाचन के दौरान आदर्श आचार संहिता और निर्वाचन व्यय सम्बंधी उपबन्धों के उल्लघनों की शिकायत दर्ज करने के लिए c-VIGIL APP विकसित किया है। c-VIGIL APP का अर्थ है जागरूक, नागरिक और यह स्वतत्र और निष्पक्ष निर्वाचन के संचालन में नागरिकों की सक्रिय और जिम्मेदार भूमिका पर जोर देता है। c-VIGIL APP एक उपभोक्ता अनुकूल मोबाइल एप्लीकेशन है जिसे संचालित करना बेहद आसान है। इसका उपयोग वर्तमान संसदीय निर्वाचन की घोषणा की तारीख से उल्लघनों की रिपोटिंग के लिए किया जा सकता है। इस ऐप की विशेषता यह है कि यह केवल फोटो, विडियो और ऑटो लोकेशन ही कैप्चर करता है। जिससे निगरानी टीम को कार्य करने के लिए डिजिटल साक्ष्य मिलना सुनिश्चित हो सके।

**मोबाइल में एप्लिकेशन डाउनलोड करके कर सकेंगे आनलाइन शिकायत**

इस ऐप को ऐसे किसी भी स्मार्टफोन में इंस्टाल किया जा सकता है जिसमें कैमरा, इण्टरनेट कनेक्शन और जीपीएस एक्सेस हो। इस एप्लीकेशन का उपयोग करके आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन की घटनाओं को देखते ही तत्काल इसकी रिपोर्ट कर सकते हैं और इसके लिए उन्हें रिटर्निंग आधिकारी के कार्यालय में भी नहीं जाना पड़ेगा। यह ऐप निगरानी दलों के साथ जुड़ा है। जिससे एक तीव्र और सटीक रिपोटिंग कार्यवाही का निर्माण होता है। शिकायत दर्ज करने से पहले आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन करने वाली गतिविधि की केवल एक तस्वीर या दो मिनट का विडियो और संक्षिप्त में इसका वर्णन करना होगा। शिकायत के साथ कैप्चर की गई जानकारी स्वतः ही जिला नियंत्रण कक्ष में चली जाती है। जिससे निगरानी दल को कुछ ही मिनटों में घटना स्थल पर भेज दिया जाता है। c-VIGIL APP के माध्यम से दर्ज की गयी शिकायतों का निस्तारण 100 मिनट के भीतर ही किया जाता है।


महेंद्र सिंह तंवर, जिला निर्वाचन अधिकारी।

उन्होंने बताया कि c-VIGIL APP वेबसाइटhttp://cvigil.eci.gov.in/theme/user-manual-html से तथा गूगल प्ले स्टोर और ऐप्पल स्टोर से भी निःशुल्क डाउनलोड किया जा सकता है।

# खटाई में पड़ता दिख रहा रेलवे फ्लाईओवर निर्माण

**संतकबीरनगर, अमृत विचार।** खलीलाबाद के त्रिपाठी मार्केट और तितौवा रेलवे क्रासिंग पर बनने वाले रेलवे फ्लाईओवर के निर्माण का मामला खटाई में पड़ता दिख रहा है। रेलवे क्रासिंग अण्डरपास संघर्ष मोर्चा के आंदोलन ओर मांग पर क्षेत्रीय भाजपा सांसद इं. प्रवीण निषाद ने रेलवे बोर्ड और रेल मंत्रालय से खलीलाबाद के त्रिपाठी मार्केट और तितौवा रेलवे क्रासिंग पर फ्लाईओवर निर्माण के लिए स्वीकृति प्रदान कर दिया था।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश के पांच सौ से ज्यादा रेलवे स्टेशनों और 1500 से ज्यादा रेलवे फ्लाईओवरों का शिलान्यास और उद्घाटन किया तो स्थानीय नागरिकों को लगा कि इसमें खलीलाबाद की इन दोनों रेलवे फाटकों के फ्लाईओवरों का निर्माण भी शामिल है, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। स्थानीय प्रशासन की मानें तो अभी तक फ्लाईओवरों का डीपीआर भी नहीं आया है।

**तहसील प्रशासन और नगरपालिका द्वारा एनओसी देने के बाद भी नहीं शुरू हुआ निर्माण**

जिलाधिकारी महेन्द्र सिंह तंवर ने बताया कि अभी तक फ्लाईओवर निर्माण के लिए रेलवे की तरफ से जिला प्रशासन को कोई सूचना नहीं दी गई है। लोक निर्माण विभाग की भी महत्वपूर्ण भूमिका है। अधिशाषी अभियंता लोक निर्माण विभाग ने बताया कि अभी तक फ्लाईओवर निर्माण के लिए उनके साथ रेलवे ने कोई पत्राचार नहीं किया है। आलम यह है कि फ्लाईओवर निर्माण का मामला खटाई में पड़ता देख अण्डरपास संघर्ष मोर्चा के पदाधिकारियों में भारी नाराजगी है।


जान पर खेलकर रेलवे क्रासिंग पार करते स्कूली बच्चे। अमृत विचार

### सांसद प्रवीण निषाद को महंगी पड़ेगी वादाखिलाफी

अण्डरपास संघर्ष मोर्चा के अध्यक्ष जय प्रकाश ओझा ने बताया कि सांसद प्रवीण निषाद ने वादा किया था कि लोकसभा चुनाव से पूर्व ही दोनों रेलवे क्रासिंगों पर फ्लाईओवर का निर्माण शुरू हो जाएगा। सांसद के आश्वासन के बाद संघर्ष मोर्चा ने अपना आंदोलन स्थगित कर दिया था। श्री ओझा ने बताया कि चुनाव आचार संहिता लागू होने के चलते अभी आंदोलन स्थगित है। चुनाव सम्पन्न होते ही एक बार फिर व्यापक आंदोलन शुरू किया जाएगा। सांसद प्रवीण निषाद की वादा खिलाफी को लेकर संघर्ष मोर्चा शीघ्र ही बैठक करेगा और चुनाव में उनके खिलाफ जन समर्थन के लिए बृहद रणनीति के तहत काम करेगा।


जय प्रकाश ओझा, अध्यक्ष अण्डरपास संघर्ष मोर्चा

# बसपा के गढ़ अंबेडकरनगर में आसान नहीं भाजपा की राह

## 2019 में बसपा से जीते रितेश पांडे इस बार भाजपा उम्मीदवार, सपा ने लाल जी वर्मा और बसपा ने कमाल शाह को उतारा

हरीओम, अंबेडकरनगर


सांसद रितेश पांडे–भाजपा


लालजी वर्मा–सपा


कलाम शाह–बसपा

**अमृत विचार।** लोकसभा चुनाव की तैयारियां जोरों पर हैं, ऐसे में भाजपा, सपा और बसपा ने अपने उम्मीदवारों का ऐलान भी कर दिया है। भाजपा ने बसपा छोडक़र भाजपा में शामिल हुए सांसद रितेश पांडे पर भरोसा करते हुए उन्हें अंबेडकरनगर लोकसभा सीट से प्रत्याशी घोषित किया है। समाजवादी पार्टी ने बसपा के कद्दावर नेता रहे लालजी वर्मा को मैदान में उतारा है। लालजी वर्मा की कुर्मी नेता के तौर पर अच्छी पहचान है। बसपा ने भी अंबेडकरनगर लोकसभा सीट पर दांव खेलते हुए कलाम शाह को उम्मीदवार बनाया है।

पूर्व मुख्यमंत्री और बसपा सुप्रीमो मायावती ने 29 सितंबर 1995 को अंबेडकरनगर जनपद की स्थापना की थी। अंबेडकरनगर लोकसभा सीट को कभी बहुजन समाज पार्टी का गढ़ माना जाता था। बसपा सुप्रीमो मायावती अंबेडकरनगर लोकसभा (अकबरपुर सुरक्षित) सीट से तीन बार सांसद भी रह चुकी हैं। 2014 में मोदी लहर में पहली बार अंबेडकरनगर में कमल खिला। 2019 के लोकसभा चुनाव में समीकरण पूरी तरह से बदल गया। बसपा और सपा गठबंधन के तहत अंबेडकरनगर सीट बसपा के खाते में चली गई। बसपा ने यहां से रितेश पांडे को चुनाव लड़ाया और वह भारी मतों के अंतर से भाजपा प्रत्याशी मुकुट बिहारी को मात देकर सांसद बन गए। बसपा उम्मीदवार रितेश पांडे को 5 लाख 64 हजार 118 वोट मिले थे। जबकि भाजपा उम्मीदवार मुकुट बिहारी वर्मा को 4 लाख 68 हजार वोट मिले।

2019 में हुए लोकसभा चुनाव में रितेश पांडे ने मुकुट बिहारी को 95 हजार 880 वोट से पटखनी दी थी। हालांकि 2024 के लोकसभा चुनाव में रितेश ने बीजेपी का दामन थाम लिया है। अंबेडकरनगर लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत अकबरपुर, टांडा, जलालपुर, कटेहरी, गोशाईगंज विधानसभा शामिल हैं। 2011 की जनगणना के आंकड़ों के अनुसार अंबेडकरनगर की जनसंख्या लगभग 24 लाख थी। अंबेडकरनगर की 72.23 फीसदी जनसंख्या साक्षर है। इनमें पुरुष 81.66 फीसदी और महिलाओं की साक्षरता दर 62.66 फीसदी है। अंबेडकरनगर लोकसभा सीट से 2009 में बसपा के राकेश पांडे चुनाव जीतकर सांसद बने थे।




### 2019 लोकसभा चुनाव के आंकड़े

| | | | |
|---|---|---|---|
| बसपा – | रितेश पांडे – | 5,64,118 | वोट मिले |
| बीजेपी – | मुकुट बिहारी – | 4,68,238 | वोट मिले |

### 2014 लोकसभा चुनाव के आंकड़े

| | | | |
|---|---|---|---|
| बीजेपी | हरिओम पांडे | 4 ,32,104 | वोट मिले |
| बसपा | राकेश पांडे | 2,92,675 | वोट मिले |
| सपा | राम मूर्ति वर्मा | 2,34,467 | वोट मिले |

### दलित और मुस्लिम वोटरों की संख्या अधिक

अंबेडकरनगर लोकसभा सीट पर जातिगत मतदान की बात करें तो दलित और मुस्लिम वोटरों की संख्या अधिक है। दलित और मुस्लिम वोटर ही लोकसभा उम्मीदवारों की दशा और दिशा तय करने में अहम भूमिका निभाएंगे। अंबेडकरनगर लोकसभा सीट पर लगभग 4 लाख से अधिक दलित और तीन लाख से अधिक मुस्लिम मतदाता हैं। इस सीट पर कुर्मी मतदाताओं की संख्या भी ठीक–ठाक है। कुर्मी मतदाताओं की संख्या लगभग 2 लाख से ज्यादा है। इस सीट पर करीब 2 लाख ब्राह्मण और एक लाख से ज्यादा ठाकुर मतदाता भी हैं।

### यह बढ़ा रहे जनपद का गौरव

महामाया राजकीय एलोपैथिक मेडिकल कॉलेज, इंजीनियरिंग कॉलेज और पॉलिटेक्निक कॉलेज और एनटीपीसी जैसे संस्थान जिले का गौरव बढ़ा रहे हैं। इस लोकसभा सीट की पहचान कपड़ा बुनाई को लेकर भी है। यहां बना टेरीकाट कपड़ा और आराफाती गमच्छा विदेशों तक जाता है।

### जनपद में 18,52, 627 मतदाता

जनपद में 26 ,444 युवा पहली बार मतदान करेंगे। वहीं कुल मतदाताओं की संख्या 18,52, 627 है। जिसमें से 9,64, 663 पुरुष और 8,87,946 महिला मतदाता हैं। चुनाव को लेकर जिला प्रशासन ने तैयारियां पूरी कर ली है।

# प्रत्याशी तय करने में भाजपा आगे

सुनील मिश्रा, गोरखपुर



**अमृत विचार।** पूर्वांचल की ज्यादातर सीटों पर जहां एक तरफ इंडिया गठबंधन टिकट को लेकर उहापोह में पड़ा हुआ है, वहीं दूसरी तरफ भाजपा ने करीब-करीब सभी सीटों पर अपने प्रत्याशियों की घोषणा कर चुनावी मैदान में उतार दिया है।

बताते चलें कि लोकसभा 2024 का महासंग्राम जैसे-जैसे तेज पकड़ता जा रहा है। उत्तर प्रदेश पर सभी पार्टियों की निगाहें टिकी गई हैं। सवाल यहां इस बात का आता है कि क्यों न निगाहें टिकें। क्योंकि देश की राजनीति में उत्तर प्रदेश अपना अहम भूमिका केंद्र में सरकार बनाने में निभाता है। पूर्वांचल की ज्यादातर सीटों पर इंडिया गठबंधन अभी तक अपना बिसात नहीं बैठा पाया। हर एक सीट पर पार्टियों की पैनी नजर है। पार्टी उसी चेहरे पर अपना दांव लगाना चाहती है जो करीब करीब जीत सुनिश्चित कर दे। चेहरे की तलाश को लेकर उत्तर प्रदेश में ज्यादातर सीटों पर इंडिया गठबंधन की तलाश जारी है। चुनावी बिगुल में चर्चाओं का माहौल कई तरह से गरम नजर आ रहा है। जिसमें कुछ लोगों का यह भी कहना है कि भारतीय जनता पार्टी प्रत्याशी को टिकट देने के बाद टिकट को काट भी सकती है, और दूसरे चेहरे को भी चुनाव मैदान में उतार सकती है। फिलहाल इसमें कोई दो राय नहीं है कि जिन प्रत्याशियों का टिकट फाइनल हो गया है वह रात दिन क्षेत्र में भाजपा की और मोदी सरकार की उपलब्धियां गिना रहे हैं। उसमें कुछ प्रत्याशी ऐसे भी हैं जो मोदी और योगी के सहारे अपनी नैया पार लगाना चाहते हैं। शहर से लेकर गांव देहात चौराहों पर धीरे-धीरे चुनावी चर्चाएं शुरू होते हुए दिखाई दे रही हैं। इस बात की भी चर्चा हो रही है कि इंडिया गठबंधन में बसपा शामिल नहीं है। ऐसी स्थिति में बसपा पार्टी भी पूर्वांचल में दमदार चेहरे की तलाश कर रही है। फिलहाल यह कहा जा सकता है इंडिया गठबंधन और बसपा पूर्वांचल में दमदार चेहरा तलाशने में लगी हुई हैं। दूसरी तरफ भारतीय जनता पार्टी विकास का नारा देते हुए अपनी राह को आसान बनाती जा रही है। चर्चाओं के माहौल में पूर्वांचल की कई एक लोकसभा सीटों के लिए इंडिया गठबंधन और बसपा लखनऊ से दिल्ली तक का चक्कर पार्टी के प्रत्याशी काट रहे हैं।

# अमेठी को भायी बहू, उमड़ पड़ा था भावनाओं का ज्वार

## सोनिया गांधी ने अमेठी से किया था राजनीतिक पदार्पण, मिली थी बड़ी जीत

नीरज श्रीवास्तव, परशदेपुर रायबरेली



**अमृत विचार।** वर्ष था 1999, सलीकेदार साड़ी, सिर पर पल्लू रखकर सोनिया गांधी जब 'बहू' के रूप में अमेठी में अपने राजनीतिक सफर के लिए आई तो गांधी परिवार से जुड़ा लोगों का भावनाओं का ज्वार उमड़ पड़ा। इंदिरा गांधी की बहू को लोगों ने इस तरह पलकों पर बिठाया कि उस समय अमेठी के लोकसभा चुनाव में सोनिया गांधी की आंधी में बाकी दल उड़ गए।

1998 में सोनिया गांधी ने कांग्रेस के अध्यक्ष पद की कमान संभालने के बाद 1999 में पहली बार लोकसभा का चुनाव लड़ने के लिए अपने पति स्वर्गीय राजीव गांधी का चुनाव क्षेत्र रहे अमेठी को चुना। उस समय कांग्रेस कमज़ोर मानी जा रही थी लेकिन सोनिया गांधी के आते ही कांग्रेसियों में जोश भर गया। सोनिया गांधी के सामने अमेठी राज परिवार के संजय सिंह थे, जिनके पास अमेठी में जमीनी पकड़, भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ ही प्रदेश में भाजपा की सरकार का बल भी था। हालांकि एक समय संजय सिंह गांधी परिवार के काफी करीबी थे, लेकिन उसके बाद वे भाजपा में शामिल हो गए और उन्होंने 1998 में कांग्रेस के सतीश शर्मा को अमेठी में हरा भी दिया था। 1999 में देश में हुए मध्यावधि चुनाव में अमेठी ने 'बहू' को पलकों पर बिठाया। सोनिया ने 418960 वोट पाकर बड़ी जीत हासिल की। भाजपा प्रत्याशी को 118948 वोट प्राप्त हुए। सपा व बसपा की स्थिति और भी ज्यादा खराब रही।

### अतीत के झरोखे से

### सिर पर हमेशा रहा पल्लू

1999 से 2003 तक अमेठी और 2004 से 2024 तक रायबरेली का प्रतिनिधित्व करने वाली अपराजित योद्धा सोनिया गांधी हमेशा यहां पर साड़ी और सिर पर पल्लू डाल कर ही आई हैं। हमेशा उनकी कोशिश रही कि उनके सिर से पल्लू न सरकने पाए।

### 1999 में किसको मिले कितने मत

| पार्टी | प्रत्याशी | प्राप्त मत |
|---|---|---|
| कांग्रेस | सोनिया गांधी | 418960 |
| भाजपा | संजय सिंह | 118948 |
| बसपा | पारस नाथ मौर्य | 33658 |
| सपा | कमरुज्जमा फौजी | 16678 |

# मतदाताओं को अखर रही राजनीतिक दलों की चुप्पी

## टिकट में देरी से दलों को उठाना पड़ सकता है नुकसान

## भाजपा उम्मीदवार के इंतजार में अपना प्रत्याशी नहीं घोषित कर रहीं पार्टियां

उमानाथ तिवारी, गोंडा

**अमृत विचार:** कैसरगंज में भाजपा अपना उम्मीदवार क्यों नहीं घोषित कर रही है इसका कारण लगभग साफ है कि पार्टी अभी अपने राजनैतिक हानि लाभ का गुणा गणित लगाने में जुटी हैं, लेकिन भाजपा के साथ ही सपा व बसपा ने भी अपने प्रत्याशियों के नामों की घोषणा नहीं की है। दोनों ही दल भाजपा से पहले अपना उम्मीदवार उतारने से हिचक रहे हैं।

ऐसा नहीं है कि इस क्षेत्र में सपा-बसपा की पैठ नहीं है। कैसरगंज सीट तो समाजवादी पार्टी का गढ़ रही है। पार्टी के कद्दावर नेता रहे बेनी प्रसाद वर्मा वर्ष 1996 से 2009 तक इस सीट से चार बार सांसद रहे हैं तो 2009 में बृजभूषण शरण सिंह ने भी समाजवादी पार्टी के टिकट पर ही यहां से चुनाव जीता था। वर्ष 2014 में पार्टी के प्रत्याशी रहे पूर्व मंत्री स्व विनोद कुमार उर्फ पंडित सिंह को यहां से तीन लाख से अधिक मत मिले थे। इसी तरह बहुजन समाज पार्टी को भी इस क्षेत्र से पर्याप्त समर्थन मिलता रहा है। पिछले तीन चुनावों पर गौर करें तो वर्ष 2009 में बसपा प्रत्याशी पुत्तू अवस्थी यहां दूसरे स्थान पर रहे थे। वर्ष 2014 में बसपा प्रत्याशी केके ओझा को 1.46 लाख वोट तो वर्ष 2019 में सपा बसपा के संयुक्त उम्मीदवार चंद्रदेव राम यादव करैली को यहां से 3.19 लाख वोट मिला था। इस मजबूत वोट बैंक के बावजूद इन दोनों दलों की चुप्पी यहां के मतदाताओं को अखर रही है। समय पर उम्मीदवारी की घोषणा न होने से इसका नुकसान भी इन पार्टियों को उठाना पड़ सकता है। कार्यकर्ता भी इस बात को दबी जबान से स्वीकार कर रहे हैं कि टिकट वितरण में देरी का खामियाजा कहीं न कहीं पार्टी और उसके प्रत्याशी को उठाना पड़ सकता है।

### विधानसभा की चार सीटों पर भाजपा तो एक पर है सपा का कब्जा

● **अमृत विचार :** कैसरगंज लोकसभा क्षेत्र के तहत गोंडा जिले की तीन विधानसभा सीटें और बहराइच जिले की दो विधानसभा सीटें आती हैं। गोंडा की कटरा, करनैलगंज और तरबगंज विधानसभा सीट और बहराइच की पयागपुर और कैसरगंज विधानसभा सीट इस संसदीय क्षेत्र में शामिल हैं। 2022 के यूपी विधानसभा चुनाव में कटरा विधानसभा सीट से भाजपा के बावन सिंह, करनैलगंज से भाजपा के अजय कुमार सिंह व तरबगंज से भाजपा के प्रेम नारायण पांडेय व बहराइच की पयागपुर सीट से भाजपा के सुभाष त्रिपाठी ने जीत हासिल की, जबकि कैसरगंज सीट पर समाजवादी पार्टी के आनंद यादव का कब्जा है।

### समझौते की राजनीति ने खत्म किया कैडर अब प्रत्याशी तलाश में छूट रहे पसीने



● **अमृत विचार :** चुनावों में किए बेमेल समझौतों ने यहां से सपा व बसपा का कैडर खत्म कर दिया है। वर्ष 1996 से 2014 तक इस सीट पर सपा का कब्जा रहा। वर्ष 2014 में भी पार्टी को यहां 33 प्रतिशत वोट मिला था, लेकिन वर्ष 2019 में सपा ने यह सीट समझौते में बसपा को दे दी। लेकिन सपा का वोट बसपा के प्रत्याशी को नहीं गया और बसपा प्रत्याशी चंद्रदेव राम यादव चुनाव हार गए। इस समझौते से सपा को फायदा मिलने के बजाय नुकसान ही हुआ। इसके बाद से ही सपा का जनाधार इस सीट पर लगातार घटा है। प्रत्याशी की घोषणा में हो रही देरी की यह सबसे बड़ी वजह मानी जा रही है। वर्ष 2019 में सपा बसपा के गठजोड़ ने दोनों ही दलों को नुकसान पहुंचाया है। यही कारण है कि अब दोनों दलों को इस सीट से प्रत्याशी तलाशने में पसीने छूट रहे हैं। भले ही भाजपा ने इस सीट से अपना प्रत्याशी अभी नहीं घोषित किया है लेकिन सपा बसपा में भाजपा के मुकाबले चुनाव लड़ने वाला कोई दमदार प्रत्याशी नजर नहीं आ रहा है। पार्टी के नेता ही इस सीट से चुनाव लड़ने को तैयार नहीं है। हालांकि इस बार सपा और कांग्रेस के बीच समझौता है इसके बावजूद सपा अपना प्रत्याशी नहीं तय कर पा रही है।

### कैसरगंज लोकसभा सीट पर मतदाताओं की संख्या

| विधानसभा | कुल मतदाता | महिला | पुरुष | अन्य |
|---|---|---|---|---|
| पयागपुर | 387399 | 204829 | 18254 | 16 |
| कैसरगंज | 389690 | 206010 | 183676 | 04 |
| कटरा बाजार | 396936 | 211098 | 185825 | 13 |
| कर्नलगंज | 334203 | 177854 | 156327 | 22 |
| तरबगंज | 371773 | 198148 | 173607 | 18 |
| योग– | 1880001 | 997939 | 881989 | 73 |

### वर्ष 2019 के चुनाव का लेखा जोखा

| प्रत्याशी | दल | मिले मत | प्रतिशत |
|---|---|---|---|
| बृजभूषण शरण सिंह | भाजपा | 581358 | 59 .24 |
| चंद्रदेव राम यादव | बसपा+सपा | 319757 | 32 .58 |
| विनय कुमार पांडेय | कांग्रेस | 37132 | 3 .78 |

### वर्ष 2009 का चुनाव परिणाम

| प्रत्याशी | दल | मिले मत | प्रतिशत |
|---|---|---|---|
| बृजभूषण शरण सिंह | सपा | 196063 | 34 .7 |
| सुरेंद्रनाथ अवस्थी पुत्तू | बसपा | 123864 | 21 .9 |
| लालता प्रसाद मिश्रा | भाजपा | 120561 | 21 .3 |
| मो अलीम | कांग्रेस | 73140 | 12 .9 |

### वर्ष 2014 में किसको मिले कितने वोट

| प्रत्याशी | दल | मिले मत | प्रतिशत |
|---|---|---|---|
| बृजभूषण शरण सिंह | भाजपा | 381500 | 40 .4 |
| विनोद कुमार सिंह | सपा | 303282 | 32 .1 |
| केके ओझा | बसपा | 146726 | 15 .6 |
| मुकेश श्रीवास्तव | कांग्रेस | 57401 | 6 .1 |

**विडम्बना** नहीं मिलता महिलाओं को टिकट, अब तक सिर्फ एक महिला ही यहां से संसद पहुंची

# यहां पुरुषों के मुकाबले अधिक है महिला मतदाताओं की संख्या

संजय श्रीवास्तव, जरवल बहराइच

**अमृत विचार।** कैसरगंज लोकसभा क्षेत्र का परिसीमन कई बार बदला। पहले इस लोकसभा क्षेत्र में बाराबंकी जिले के दो विधान सभा क्षेत्र शामिल थे। इसके बाद नए परिसीमन के तहत बाराबंकी जिले के विधान सभा क्षेत्र को अलग करते हुए गोंडा जनपद की तीन विधान सभा क्षेत्रों को शामिल किया गया। इस सीट पर महिला मतदाताओं की संख्या अधिक है। लेकिन सिर्फ जनसंघ की ओर से ही महिला प्रत्याशी ने जीत दर्ज की। इसके बाद किसी भी पार्टी ने महिला प्रत्याशी नहीं उतारा।

जिले के कैसरगंज लोकसभा सीट काफी यादों को सहेजे हुए है। आजादी के बाद वर्ष 1952 में लोकसभा सीट का गठन हुआ था। तब उस समय कैसरगंज

### कैसरगंज लोकसभा क्षेत्र

लोकसभा सीट में बाराबंकी जिले की राम नगर और दरियाबाद विधान सभा क्षेत्र को शामिल किया गया था। इसके डेढ़ दशक बाद बाराबंकी जिले की विधान सभा सीट को हटाते हुए गोंडा जिले की तीन विधान सभा सीट को कैसरगंज लोकसभा सीट में शामिल किया गया।

कैसरगंज लोकसभा सीट में महिला मतदाताओं की संख्या काफी अधिक है। लेकिन 47 वर्ष के चुनाव में जनसंघ की ओर से सिर्फ शकुंतला नैयर और कांग्रेस ने बसंत कुंवारी को चुनाव मैदान में उतारा। जिस पर शकुंतला नैयर ने चुनाव जीता था। उसके बाद से किसी भी पार्टी ने इस सीट पर महिला प्रत्याशियों को तवज्जो नहीं दी।

1971 में भारतीय जन संघ से शकुंतला नैयर चुनाव जीती लेकिन मुख्य लड़ाई में कांग्रेस से वसंत कुंवरि थी। इस चुनाव में शकुंतला नायर को 88980 मत मिले चुनाव में हार जीत का अंतर 2598 वोटो का था इस चुनाव के बाद राजनीतिक पार्टियों ने नारी शक्तियों के दबदबे को नहीं समझा।

### वर्तमान में भाजपा के बृजभूषण हैं सांसद

कैसरगंज लोकसभा सीट से वर्तमान में भाजपा से बृजभूषण शरण सिंह सांसद हैं। साथ ही वह अपने टिकट को लेकर आश्वस्त हैं। क्षेत्र में प्रचार प्रसार करने के साथ लोगों से मुलाकात भी कर रहे हैं। ऐसे में कयासों का दौर भी जारी है।

### विधान सभा वार मतदाताओं की संख्या एक नजर में

| विधानसभा क्षेत्र | महिला मतदाता | पुरुष | कुल मतदाता |
|---|---|---|---|
| पयागपुर | 204828 | 182554 | 387399 |
| कैसरगंज | 206010 | 183676 | 389690 |
| कटरा बाजार | 211098 | 185825 | 396936 |
| कर्नलगंज | 177854 | 156327 | 334203 |
| तरबगंज | 198148 | 173607 | 371773 |



# कहां चले गए नीले झंडे, कहां गए कसमें खाने वाले

संवाददाता, हरदोई



**चुनाव की तैयारियों में काफी पीछे है बसपा**

**अमृत विचार।** समय के साथ-साथ राजनैतिक दलों में भी लोगों का आना जाना लगा रहता है। कभी जिले में छुटभैये से लेकर बड़े नेताओं के वाहनों पर नीला झंडा दिखाई देता था, लेकिन अब जिले में झंडा तो दूर कार्यालय तक का पता नहीं रह गया है। जिले में भाजपा व इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी जहां जनसंपर्क में जुटे हैं, वहीं बसपा का प्रत्याशी तक अभी तय नहीं हो पाया है। एक समय था जब छोटे या बड़े चुनाव में बसपा का टिकट लेने के लिए लोग एड़ी चोटी का जोर लगा देते थे।

लोकसभा चुनाव की घोषणा हो चुकी है। भाजपा ने अपनी पूरी तैयारी काफी पहले से ही कर ली। गांव से लेकर शहर तक बैठकों का दौर चल रहा है। तरह-तरह के कार्यक्रमों के जरिए गांव-गांव में भाजपा ने अपना संदेश पहुंचा दिया। प्रांतीय नेतृत्व से लेकर आम कार्यकर्ता तक पूरी तरह चुनाव में लगा हुआ है। इंडिया गठबंधन ने अपना प्रत्याशी घोषित कर दिये हैं, लेकिन अभी चुनाव के संबंध में एकजुट होकर कोई बैठक नहीं हो पाई है। चुनाव के दौरान ही जिलाध्यक्ष के बदले जाने से पूर्व जिलाध्यक्ष का खेमा चुनाव से बिल्कुल दूर बैठा है, वहीं नए जिलाध्यक्ष ने भी चुनाव के संबंध में अभी कार्यकर्ताओं को कोई संदेश नहीं दिया है। इन सबसे दूर बसपा का कहीं कई पता नहीं चल रहा है। न तो बसपा ने प्रत्याशी घोषित किया और न कोई चुनाव की बात हो रही है। यहां तक कि बसपा का कार्यालय तक कहीं मुख्य जगह पर दिखाई नहीं पड़ रहा है। एक समय था जब बसपा में अपनी उपस्थिति दर्ज कराने के लिए गली मोहल्ले के छुटभैये नेता के अलावा बड़े नेता भी बसपा के प्रांतीय कार्यालय पर चक्कर काटा करते थे। जिले के छोटे से बड़े नेता की गाड़ी पर हाथी निशान का नीला झंडा दिखाई देता था। तमाम नेताओं ने जिले में बहनजी के आने पर मरते दम तक पार्टी में रहने की कसमें खाई थीं। भरे मंच पर उनका आशीर्वाद लेकर बसपा को जन-जन तक पहुंचाने की बात कही थी, लेकिन अब जब बसपा का अस्तित्व धीरे-धीरे समाप्त हो गया, तब जिले में कोई बसपा का नाम लेने वाला नहीं रह गया है।

जब पार्टी सत्ता में थी, तब छोटे से लेकर बड़े चुनाव में लोग टिकट पाने के लिए नीला झंडा हाथ में लेकर पार्टी के बड़े नेताओं की चौखट पर दस्तक देते रहते थे, लेकिन समय का ऐसा बदलाव हुआ जब पूरे देश में लोकसभा चुनाव का डंका बज चुका है, तब जिले में बसपा को कोई प्रत्याशी तक नहीं मिल रहा है और न ही कोई टिकट के लिए उत्साहित दिख रहा है।

## फैजाबाद (अयोध्या) ने सबको गले लगाया

# किसी को निराश, उदास नहीं किया

राजेंद्र कुमार पांडेय, अयोध्या

**अमृत विचार :** रामलला की नगरी अयोध्या (फैजाबाद लोकसभा) ने सबको गले लगाया है। धर्म-अध्त्याम ही नहीं राजनीति में भी। श्रीराम की धरती सबको बुलाती है, प्रेम करती है और सम्मान देती है। अयोध्या की तासीर कुछ ऐसी ही है। राम मंदिर आंदोलन के दौर में भी अयोध्या ने सियासत में किसी को उपेक्षित नहीं किया। सबको मौका दिया लेकिन बदले में अयोध्या को वह नहीं मिला, जिसकी जरूरत थी।

फैजाबाद लोकसभा सीट में शामिल अयोध्या वैराग्य की नगरी है। यह निरपेक्ष रहती है। अपने भक्तों के लिए सब कुछ करती है लेकिन उदास किसी को नहीं छोड़ती है, चाहे वह राजनीति ही क्यों न हो। संघ परिवार ने अस्सी के दशक में अयोध्या पर फोकस किया। 1984 में विहिप ने राम मंदिर मुक्ति आंदोलन छेड़ा। कांग्रेस की सरकार थी। भाजपा आंदोलन के पीछे सहयोगी थी। समर्थन और विरोध की पृष्ठभूमि में वामपंथ और दक्षिण पंथ की वैचारिक लड़ाई समानांतार रूप से चल रही थी। लेकिन भाजपा को अयोध्या ने दरकिनार कर दिया। वर्ष 1989 में वामपंथ को मौका दिया। भाकपा प्रत्याशी मित्रसेन यादव को सांसद बनाकर लोकसभा में भेज दिया। इसके बाद मंदिर आंदोलन और प्रचंड हुआ। विवादित ढांचा ढहाया गया।




### सपा को भी अपनाया

- अयोध्या ने राम लहर में 1991 के लोकसभा चुनाव में भाजपा को मौका दिया। विनय कटियार सांसद बने। 1996 तक भगवा लहराता रहा। लेकिन 1998 के चुनाव में फिर पांसा पलट गया। वामपंथ के शीर्ष विचारकों के आवागमन और आंदोलन का दौर रहा। मुद्दे और पैनी सियासत का प्रभाव भी इसमें शामिल हुआ। 1990 में कारसेवकों पर गोली चलवाने की आरोपी व आंदोलन का विरोध कर रही सपा को अयोध्या ने मौका दिया। सपा के टिकट पर मित्रसेन को फिर सांसद बना दिया। लेकिन अयोध्या को आंदोलन की नगरी के नाम के सिवाय कुछ नहीं मिला। इसके चलते 1999 में विनय कटियार को फिर मौका दिया।

### तीन दशक में क्या कुछ नहीं देखा और सहा

- सन 1984 से 2014 तक तीन दशक में अयोध्या ने अपनी साझी संस्कृति का प्रसार किया। लोकतंत्र को वैचारिक रूप से मजबूत किया लेकिन धर्म अध्यात्म से इतर उसे कुछ खास नहीं मिला। अयोध्या अपनों से दूर रही। परिक्रमा रोक दी गई। आने वालों के लिए प्रतिबंध लग गए। सरयू के तट सूने हो गए। मठ-मंदिरों में बाहरी श्रद्धालुओं से इतर केवल संत और पुजारी रह गए। यह दुर्दिन के दिन थे। अखिल गुप्ता कहते हैं कि अयोध्या तो सबको अपने पास बुलाती है। लेकिन अयोध्या लंबे समय तक उपेक्षित रही। व्यवसायी घर चलाने के लिए पलायन करने लगे थे। अयोध्या अपनों से सूनी थी। वह दौर लोगों को आज भी याद है।

### इस बार मुकाबले में यह प्रत्याशी

- **सपा- अवधेश प्रसाद :** नौ बार अयोध्या से विधायक रहे हैं। 2017 में मिल्कीपुर विधानसभा सीट पर भाजपा प्रत्याशी गोरखनाथ बाबा से हारे, लेकिन 2022 में गोरखनाथ बाबा को ही हराया।
- **भाजपा - लल्लू सिंह :** दो बार से सांसद चुने जा रहे हैं। 2014 में सपा के मित्रसेन यादव को हराया तो 2019 में सपा के आनंद सेन यादव को पराजित किया था।
- **बसपा - सच्चिदानंद पांडेय 'सचिन' :** अंबेडकर नगर भाजपा के जिला अध्यक्ष थे। बसपा में शामिल होने पर मायावती ने टिकट दिया है।

### बसपा-कांग्रेस को मौका दिया

- अयोध्या संस्कृति की भी नगरी है। लोकतंत्र की जनक है। शायद यही कारण है कि राम मंदिर के लिए संघर्ष कर रही भाजपा को अयोध्या के लोगों ने आंख मूंदकर समर्थन नहीं दिया। 2004 के लोकसभा चुनाव में हाथी नहीं गणेश है, नारा चला, तो अयोध्या ने बसपा का सांसद दिल्ली पहुंचा दिया। सभी प्रमुख दलों में अब केवल कांग्रेस शेष रह गई थी। वह भी सन 1985 में ताला खुलवाने का राग अलाप रही थी। अयोध्या ने कर्ज नहीं छोड़ा। 2009 के चुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी निर्मल खत्री को सांसद चुन लिया। इसके बाद अयोध्या में एक बार राम मंदिर और अयोध्या के विकास की अंतरधारा चुनावी तासीर में फैलने लगी। परिणामस्वरूप सन 2014 के चुनाव में भाजपा के लल्लू सिंह को अपनाया तो सन 2019 के लोकसभा चुनाव में भी उन्हें ही जिताया।

श्रीकृष्ण की जन्म स्थली मथुरा लोकसभा सीट का स्वभाव भी उनके जैसा ही चंचल रहा है। कभी बड़े नामों को संसद में भेजा, तो कभी निराश भी किया। बाहरी प्रत्याशियों को भी चुनने में कंजूसी नहीं दिखाई। इस बार यहां से दो बार की भाजपा सांसद फिल्म अभिनेत्री हेमा मालिनी के सामने कांग्रेस ने अंतरराष्ट्रीय बॉक्सर विजेंदर सिंह को टिकट देने का फैसला लेकर मुकाबला रोमांचक बना दिया है। इससे जाट बाहुल्य हॉट सीट पर लड़ाई अब ग्लैमरस और दिलचस्प हो गई है।

# जाट वोट जिसने साधे, उसकी होगी राधे-राधे

मनोज त्रिपाठी

**अमृत विचार।** मथुरा लोकसभा सीट पर दूसरे चरण में 26 अप्रैल को वोटिंग होनी है। यह सीट वर्तमान में भाजपा का गढ़ मानी जाती है। आजादी के बाद हुए आम चुनामों में जब पूरे देश में कांग्रेस का दबदबा था। मथुरा लोकसभा सीट पर उल्टी गंगा बह रही थी। यहां 1952 और 1957 के चुनाव में निर्दलीय प्रत्याशी ने विजय पताका फहराई थी। 1962 से 1977 तक कांग्रेस का वर्चस्व रहा। इसके बाद लोकदल, जनता पार्टी व जनता दल प्रत्याशियों को यहां से जीतने का मौका मिला। 1991 से 2004 तक भाजपा ने अपना परचम लहराया। 2004 के चुनाव में कांग्रेस ने दोबारा वापसी की। लेकिन 2009 में रालोद ने इस सीट पर अपना कब्जा जमाया।

वर्ष 1991 में मथुरा में पहली बार तब कमल खिला, जब साक्षी महाराज यहां से चुनाव जीते इसके बाद 2004 और 2009 के चुनाव को छोड़कर हर बार यहां से भाजपा ही जीतती रही है। इस लोकसभा क्षेत्र में लगभग साढ़े चार लाख जाट वोट हैं। यही वजह है कि हर राजनीतिक दल की नजर इस वोट बैंक पर टिकी रहती है। इसी के चलते हेमा मालिनी जब यहां से चुनाव लड़ने आई थी तो कहा था कि धर्मेंद्र से शादी करके वह भी जाट बन चुकी हैं। इस बार कांग्रेस से उनका मुकाबला करने को तैयार विजेंदर सिंह हरियाणा के रहने वाले हैं। वर्ष 2019 में कांग्रेस से साउथ दिल्ली सीट पर भाजपा के रमेश विधूड़ी के खिलाफ चुनाव लड़े थे, लेकिन हार गए थे। दिसंबर 2023 में उन्होंने सोशल मीडिया पर राजनीति से संन्यास की बात कही थी। 2019 के लोकसभा चुनाव में यहां कांग्रेस प्रत्याशी महेश पाठक को महज 28084 वोट मिलने से जमानत जब्त हो गयी थी। ऐसे में विजेंदर सिंह पर दांव लगाकर कांग्रेस खोया जनाधार तलाश रही है।

### लोकसभा क्षेत्र की पांचों विस सीटों पर भाजपा का ही कब्जा

- मथुरा लोकसभा सीट में पांच विधानसभा सीटें छाता, मांट, गोवर्धन, मथुरा और बलदेव (सुरक्षित) आती हैं। इन पांचों विधानसभा सीटों पर वर्तमान में भाजपा का कब्जा है। 2019 के लोकसभा चुनावों में भी पांचों विधान सभा क्षेत्रों में भाजपा ही आगे रही थी।
- **साढ़े चार लाख जाट, तीन-तीन लाख ब्राह्मण व ठाकुर मतदाता :** मथुरा लोकसभा सीट पर 19 लाख के आसपास मतदाता हैं। इनमें करीब साढ़े चार लाख मतदाता जाट समाज के हैं। इनके अलावा तीन ब्राह्मण और करीब तीन लाख ठाकुर, डेढ़ लाख जाटव और डेढ़ लाख से कुछ अधिक मुस्लिम मतदाता हैं। वैश्य वोटर यहां एक लाख और यादव मतदाता लगभग 80 हजार हैं।

### अब तक 14 सांसद जाट बिरादरी से चुने जा चुके

- मथुरा सीट जाट बाहुल्य होने का प्रमाण यही है कि अब तक यहां से चुने गए 17 सांसदों में 14 जाट बिरादरी से रहे हैं। इसी कारण इस लोकसभा क्षेत्र को रालोद का गढ़ भी माना जाता था। रालोद को मात देने के लिए ही 2014 में भाजपा ने सिने तारिका हेमा मालिनी को मैदान में उतारा था। हेमा मालिनी की शादी पंजाब की जाट बिरादरी से आने वाले फिल्म अभिनेता धर्मेंद्र से हुई है।

### 1977 में 77 फीसदी वोट पाने का रिकार्ड आज तक नहीं टूटा

- 1977 की जनता लहर में मथुरा लोकसभा सीट पर भारतीय लोकदल के मनीराम बागड़ी चुनाव जीते थे। उनकी जीत अब तक की इस सीट पर सबसे बड़ी जीत है। कोई प्रत्याशी उनके रिकार्ड के आसपास तक नहीं पहुंच सका है। बागड़ी हरियाणा के हिसार के रहने वाले थे। 1977 के चुनाव में 3,92,137 वोट पड़े थे। इनमें करीब 77 फीसदी 2,96,518 वोट मनीराम बागड़ी को मिले थे।

### तीन बार रनर रह चुकी है यहां पर बसपा

- बसपा को मथुरा लोकसभा सीट पर हाथी के झूमने का इंतजार है। सपा के यहां मजबूत स्थिति में नहीं होने और कांग्रेस की हालत 2004 के बाद से खराब होने के कारण भाजपा का मुकाबला बसपा ही करती रही है। पार्टी यहां से दिग्गजों पर दांव खेलने के साथ ब्राह्मण-मुस्लिम कार्ड भी खेल चुकी है, लेकिन जीत के लिए तरस रही है। वर्ष 1991 से 2014 तक बसपा यहां अपने दम पर चुनाव लड़ रही है। तीन बार उपविजेता रही है। 2019 में सपा-रालोद के साथ गठबंधन के चलते बसपा का प्रत्याशी मैदान में नहीं था। मथुरा सीट पर करीब डेढ़ लाख अनुसूचित जाति का वोट गिना जाता है।



### लोकसभा चुनाव -2019 का जनादेश






### बसपा ने टिकट बदल संघ से जुड़े पूर्व अधिकारी को उतारा

- मथुरा सीट पर बसपा ने पहले वरिष्ठ पत्रकार कमलकांत उपमन्यु को प्रत्याशी बनाया था। उन्होंने अपना प्रचार भी शुरू कर दिया था, लेकिन अंतिम समय में बसपा ने प्रत्याशी बदलकर पूर्व आइआरएस अधिकारी सुरेश सिंह को टिकट दे दिया। 62 वर्षीय स्कूल संचालक सुरेश सिंह भारतीय राजस्व सेवा के अधिकारी रहे हैं। वह प्रवर्तन निदेशालय और सीबीआई में तैनात रहे हैं। वर्ष 2004 में स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति ले ली थी। उनकी पृष्ठभूमि आरएसएस की रही है। वह विश्व हिंदू परिषद के प्रांत अध्यक्ष भी रहे हैं। वर्ष 2014 के लोकसभा चुनाव में भाजपा ने ऐन वक्त पर उनकी टिकट काट दी थी। 2019 में भी वह भाजपा से टिकट मांग रहे थे। जब नहीं मिला तो बाद में बसपा में शामिल हो गए थे।

- पहले आम चुनाव में राजा महेंद्र प्रताप सिंह हारे, तो अटल बिहारी बाजपेयी की जमानत जब्त हुई
- पूर्व प्रधानमंत्री चौ. चरण सिंह की पत्नी गायत्री देवी और पुत्री ज्ञानवती को भी यहां से मिली पराजय
- गांधी परिवार के करीबी विदेश मंत्री रहे कुंवर नटवर सिंह भी इस सीट पर सफलता नहीं पा सके
- भरतपुर के राजा विश्वेंद्र सिंह और डीग के राजा मान सिंह को भी इस सीट से चुनाव में हार मिली

**लोकसभा चुनाव 2014 का जनादेश**

| दल | प्रत्याशी | प्राप्त मत |
|---|---|---|
| भाजपा | हेमा मालिनी | 6,74,633 |
| रालोद | जयन्त चौधरी | 1,43,890 |
| बसपा | विवेक निगम | 73,572 |
| सपा | दिनेश कर्दम | 36,673 |

## भाजपा और टीएमसी ने ही उतारे सितारे



अपने बयानों से सुर्खियों में रहने वाली बॉलीवुड अभिनेत्री कंगना रनौत हिमाचल प्रदेशके मंडी लोकसभा क्षेत्र से भाजपा के टिकट पर चुनाव लड़ रही हैं।



बांग्ला फिल्मों की अभिनेत्री रहीं सांसद लॉकेट चटर्जी को पश्चिम बंगाल की हुगली सीट से भाजपा ने इस बार फिर से मौका दिया है।



टीएमसी ने बांग्ला फिल्मों की जानी-मानी अभिनेत्री रचना बनर्जी को लॉकेट चटर्जी के मुकाबले हुगली से मैदान में उतारा है। वह तमिल, तेलगु और उड़िया फिल्मों में भी काम कर चुकी हैं।



टीएमसी ने पूर्व अभिनेता शत्रुघ्न सिन्हा को आसनसोल से चुनाव मैदान में उतारा है। शत्रुघ्न सिन्हा कई बार के सासंद हैं और कांग्रेस छोड़कर टीएमसी में शामिल हुए थे।



दूरदर्शन के रामायण सीरियल में श्रीराम का किरदान निभाकर घर-घर में पहचाने जाने वाले अरुण गोविल को भाजपा ने मेरठ लोकसभा सीट से प्रत्याशी बनाया है।



भोजपुरी फिल्मों के सिंगर और एक्टर मनोज तिवारी भाजपा के टिकट पर फिर से उत्तर पूर्वी दिल्ली सीट से चुनाव लड़ रहे हैं।



दिनेश लाल यादव उर्फ निरहुआ को भाजपा ने उपचुनाव जीतने के बाद आजमगढ़ सीट से दोबारा मैदान में उतारा है।



बॉलीवुड और भोजपुरी फिल्मों के स्टार रहे रवि किशन को गोरखपुर सीट से भाजपा ने एक बार फिर टिकट दिया है।

**वादे और इरादे** | भाजपा घोषणापत्र समिति की पहली बैठक में मुद्दों और सुझावों पर हुआ मंथन

# 'विकसित भारत' भाजपा के संकल्प पत्र का प्रमुख एजेंडा

चुनाव डेस्क, नयी दिल्ली

**3.75** लाख से अधिक सुझाव मिस्ड कॉल सेवा से आए | **1.70** लाख सुझाव नमो एप के जरिए भाजपा को प्राप्त हुए | **19** अप्रैल पहले चरण के मतदान से पहले आएगा संकल्प पत्र

### गरीबों, युवाओं, महिलाओं व किसानों को मिलेगी प्रमुखता

- माना जा रहा है कि प्रधानमंत्री मोदी द्वारा गरीबों, युवाओं, महिलाओं और किसानों के लिए अपनी सरकार की प्राथमिकताओं को लगातार रेखांकित किए जाने को देखते हुए पार्टी इनसे जुड़े मुद्दों को घोषणा पत्र में प्रमुखता दे सकती है।

### मोदी के तीसरे कार्यकाल के बड़े फैसलों की नजर आएगी बानगी

- प्रधानमंत्री मोदी अक्सर इस बात पर जोर देते रहे हैं कि उनके तीसरे कार्यकाल में बड़े फैसले लिये जाएंगे। उन्होंने आज भी एक कार्यक्रम में कहा, 'पिछले 10 वर्षों में जो हुआ वह तो सिर्फ ट्रेलर है अभी तो देश को बहुत आगे लेकर जाना है, विकसित भारत बनाना है'। ऐसे में घोषणा पत्र को लेकर चर्चा जोर पकड़ रही है।

**अमृत विचार।** भाजपा चुनाव घोषणापत्र समिति की पहली बैठक में केंद्र सरकार के 'विकसित भारत' एजेंडा को चुनाव में इसे किस तरह पेश किया जाए, इसकी रूपरेखा पर गहन मंत्रणा हुई। बैठक में 2047 तक विकसित भारत बनाने के खाके पर भी चर्चा की गई। भाजपा अपने चुनाव घोषणा पत्र को संकल्प पत्र के नाम से जारी करती है। सूत्रों के मुताबिक 19 अप्रैल को पहले चरण के मतदान से पहले भाजपा अपना घोषणा पत्र जारी कर सकती है।

लोकसभा चुनाव में भाजपा की तरफ से किए जाने वाले प्रमुख वादों पर विचार-विमर्श करने के लिए आठ केंद्रीय मंत्रियों और तीन मुख्यमंत्रियों ने पार्टी के वरिष्ठ नेताओं के साथ सोमवार को बैठक की। इसकी अध्यक्षता रक्षा मंत्री और भाजपा के पूर्व अध्यक्ष राजनाथ सिंह ने की। घोषणा पत्र समिति के सह संयोजक और केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने बताया कि पार्टी को अपनी मिस्ड कॉल सेवा के माध्यम से 3.75 लाख से अधिक सुझाव मिले हैं। इसी तरह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के ऐप (नमो) पर लगभग 1.70 लाख सुझाव आए हैं। भाजपा के घोषणापत्र में लोगों की यह उत्साहपूर्ण भागीदारी प्रधानमंत्री में उनके भरोसे और उनसे उनकी अपेक्षाओं को दर्शाती है। अब लोगों में मिले सभी सुझावों को विभिन्न श्रेणियों में बांटा जाएगा। इसके बाद समिति की अगली बैठक में विचार विमर्श करके सर्वोत्तम को छांटा जाएगा। गोयल ने कहा कि देश के 3,500 विधानसभा क्षेत्रों में 916 वीडियो वैन भी चलाई गईं, जो लोगों तक पहुंची और घोषणापत्र के लिए उनके विचार मांगे। भाजपा ने पिछले माह लोकसभा चुनाव के लिए घोषणा पत्र तैयार करने की प्रक्रिया शुरू की थी। पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा ने इसके लिए 'विकसित भारत मोदी की गारंटी' वीडियो वाहन को हरी झंडी दिखाई थी। इसके जरिए पार्टी ने लोगों के सुझाव लिए हैं। जो उपयुक्त लगेंगे उन्हें घोषणा पत्र में समाहित किया जाएगा।

**राम मंदिर, धारा 370 जैसे मुद्दे रहेंगे नदारद :** कई दशकों में यह पहली बार है कि भाजपा के कुछ प्रमुख वैचारिक वादों का चुनावी घोषणापत्र में उल्लेख नहीं होगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार द्वारा अपने दूसरे कार्यकाल में अनुच्छेद 370 को निरस्त करने और राम मंदिर के निर्माण के साथ दो प्रमुख वैचारिक वादे पूरे किए जा चुके हैं।

### राजनाथ की अगुवाई में 27 सदस्यीय घोषणा पत्र समिति

भाजपा ने लोकसभा चुनावों के लिए 27 सदस्यीय घोषणा पत्र समिति गठित की है। वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण को संयोजक तथा पीयूष गोयल को सह संयोजक बनाया गया है। समिति में केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा, भूपेंद्र यादव, अश्विनी वैष्णव, धर्मेंद्र प्रधान, स्मृति ईरानी और राजीव चंद्रशेखर के अलावा पार्टी शासित राज्यों के मुख्यमंत्रियों में गुजरात के भूपेंद्र पटेल, मध्य प्रदेश के मोहन यादव, असम के हिमंत विश्व शर्मा और छत्तीसगढ़ के विष्णु देव साय के नाम हैं, पूर्व मुख्यमंत्रियों में शिवराज सिंह चौहान और वसुंधरा राजे शामिल हैं। समिति के अन्य सदस्यों में पूर्व केंद्रीय मंत्री रविशंकर प्रसाद, पूर्व उपमुख्यमंत्री सुशील कुमार मोदी, उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, राष्ट्रीय महासचिव विनोद तावड़े, राधामोहन दास अग्रवाल, राष्ट्रीय सचिव मनजिंदर सिंह सिरसा, ओपी धनखड़, अनिल एंटनी को लिया गया है। भाजपा के पूर्व अध्यक्ष राजनाथ सिंह 2019 में भी घोषणा पत्र समिति के प्रमुख थे। इस समिति के कई सदस्यों को मौजूदा समिति में दोबारा जगह दी गई है।



**पहाड़ की बेटी** ● हिमाचल प्रदेश की मंडी लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी सिने तारिका कंगना रनौत भीमाकाली मंदिर से बाहर आईं तो लोगों ने मालाओं से लाद दिया।

## राहुल को लोकतंत्र की परिभाषा नहीं पता : कंगना

मंडी

हिमाचल प्रदेश के मंडी संसदीय क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी बॉलीवुड स्टार कंगना रनौत ने सोमवार को मंडी में कार्यकर्ता सम्मेलन के दौरान कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर जोरदार जुबानी हमला बोला। कंगना ने भीमाकाली मंदिर सभागार में मीडिया से कहा कि राहुल गांधी को लोकतंत्र की परिभाषा तक नहीं मालूम है। वह किस लोकतंत्र की हत्या की बात कर रहे हैं।

हम लोकतंत्र में रहकर ही चुनाव लड़ रहे हैं और इसे ही असली लोकतंत्र कहते हैं। कंगना ने कांग्रेस की राष्ट्रीय प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत की टिप्पणी को लेकर कहा कि इस पर ज्यादा कुछ कहने की जरूरत नहीं है। मंडी संसदीय क्षेत्र के मतदाता वोट के माध्यम से कांग्रेस को करारा जवाब देंगे। कंगना ने दावा किया कि भाजपा चारों लोकसभा क्षेत्र में ऐतिहासिक जीत दर्ज करेगी। कार्यक्रम में पूर्व मुख्यमंत्री एवं प्रतिपक्ष के नेता जयराम ठाकुर भी मौजूद रहे।

## लखनऊ मंडी

**किराना भाव :** (अनाज प्रति कुन्तल) गेहूँ (आरआर 21) 2360–2800 गेहूँ (के 65)3500–3800 बाजरा 2200–2300 मक्का 2700–2800 जौ 2900–3000 I

**चावल प्रति कुन्तल :** चावल सेल्हा 2800–3100 चावल बासमती 7000–8000 चावल मोटा 2800–3000 चावल मन्सूरी 3200–3500 चावल शक्कर चीनी 4800–5200 चावल गोल्डन सेल्हा 5600–8600 चावल राजरानी 7000–7500 I **दाल दलहन :** चना देशी 6800–7000 चना फार्मी 7200–7500 चना काबली 14500–17000 मटर हरा 6000–6200 मटर सफेद 6100–6500 दाल चना 8000–8400 दाल मटर 6400–6500 उड़द हरा 12000–12500 उड़द काला 9000–9500 दाल उड़द हरी 15500–16000 दाल उड़द काली 10500–11000 दाल उड़द धोवा 12000–12500 मूँग खड़ा 10000–10500 मूँग दाल 10500–11000 मूँग धोवा 12000–13000 मसूर 8800 9000 मलका 9000–9500 दाल अरहर फूल 16000–17000 दाल स्पेशल 3000–14000 राज्मा सफेद 13000–14000 राज्मा काला 11500–12500 मूंगफली का दाना 11000–12000 I **तेल तिलहन :** अलसी 5310–5510 लाही 4800–5200 काली सरसों 4900–5300 पीली सरसों 5600–5800 तेल सरसों (प्रति 15) 1475–1900 तेल अलसी 2600–2700 तेल तिल्ली 2600–2700 तेल मूँगफली रिफाइन्ड 3400–3500 तेल नारियल 2700–2800 तेल सोयाबीन 1650–1700 वनस्पति बावर्ची 1900 रथ 1950 चीनी (एम 30) 4250 चीनी (एस 30) 4100 गुड़ पंसेरा 5000 गुड लड्डू 5200 I **आटा मैदा :** मैदा 3000–3100 आटा 2700–2900 रवा 3000–3050 I **किराना :** नारियल120–140 हल्दी175–225 लाल मिर्च225–250 काली मिर्च 660–880 धनिया 100–120 सुपाड़ी 525–550 जीरा 650–660 खटाई 120–140 सौफ 180–300 सोंठ 350–380

# उड़ान में अधिक देरी होने पर अब विमान से बाहर निकल सकेंगे यात्री

## विमानन सुरक्षा निगरानी संस्था बीसीएएस ने नए दिशा निर्देश जारी किए

**नयी दिल्ली, एजेंसी**



विमानन सुरक्षा निगरानी संस्था बीसीएएस ने नए दिशानिर्देश जारी किए हैं, जिनमें विमान में सवार होने के बाद उड़ान की रवानगी में लंबा विलंब होने पर यात्रियों को हवाई अड्डे के प्रस्थान द्वार के जरिये बाहर निकलने की अनुमति दी गई है। नागर विमानन सुरक्षा ब्यूरो (बीसीएएस) का नवीनतम निर्देश हवाई अड्डों पर बढ़ती भीड़ और उड़ान में देरी के बढ़ते मामलों की पृष्ठभूमि में आया है। कई बार यात्री विमान में सवार होने के बाद भी लंबे समय तक फंस जाते हैं।

बीसीएएस के महानिदेशक जुल्फिकार हसन ने सोमवार को कहा कि नए दिशानिर्देश 30 मार्च को एयरलाइन कंपनियों और हवाई अड्डा संचालकों को जारी किए गए थे और अब ये लागू हो चुके हैं। उन्होंने कहा कि ये दिशानिर्देश यात्रियों का 'कम उत्पीड़न' सुनिश्चित करने में मदद करेंगे और उन्हें विमान में सवार होने के बाद लंबे समय तक बैठे नहीं रहना पड़ेगा। उड़ान में लंबी देरी होने और अन्य आपात स्थिति के मामले में यात्रियों को संबंधित हवाई अड्डे के प्रस्थान द्वार से बाहर निकलने की अनुमति दी जाएगी। यात्रियों को विमान से उतारने का निर्णय संबंधित एयरलाइंस और सुरक्षा एजेंसियों द्वारा लिया जाएगा।

हसन ने बीसीएएस के 38वें स्थापना दिवस समारोह में संवाददाताओं से कहा, ''हवाई अड्डा संचालकों को दिशानिर्देशों को लागू करने के लिए सुरक्षा जांच सहित बुनियादी ढांचे की व्यवस्था करनी होगी।'' इससे पहले हसन ने समारोह में कहा कि हवाई अड्डों पर भीड़ 'अवांछनीय' है और बीसीएएस ने इस मुद्दे से निपटने के लिए अभीष्ट मानक और साधन विकसित किए हैं। इस क्रम में हवाई अड्डों पर स्मार्ट सुरक्षा लेन भी स्थापित की जाएगी।

## टोयोटा किर्लोस्कर मोटर ने बनाए बिक्री के नए रिकार्ड

**नयी दिल्ली।** टोयोटा किर्लोस्कर मोटर ने मार्च माह में 27,180 वाहनों और वित्तीय वर्ष 2023-24 (अप्रैल-मार्च) में कुल 2,63,512 वाहनों की बिक्री के साथ एक वित्तीय वर्ष और एक माह में थोक बिक्री के अपने नए रिकार्ड बनाए हैं। कंपनी ने सोमवार को जारी एक विज्ञप्ति में कहा कि मार्च, 2024 में कंपनी ने 27,180 वाहन बेचे। यह पिछले साल के इसी माह के 21,783 वाहनों की बिक्री की तुलना में 25 प्रतिशत वृद्धि दर्शाती है। विज्ञप्ति के अनुसार मार्च माह में कंपनी ने घरेलू थोक बाजार में 25,119 इकाइयों की बिक्री की जबकि 2061 वाहनों का निर्यात किया गया। इसी तरह कंपनी की वार्षिक बिक्री वर्ष 2022-23 के 1,77,683 मुकाबले वर्ष 2023-24 में 48 प्रतिशत बढ़ कर 2,63,512 रही।

# हाइब्रिड कारों पर जीएसटी में कमी चाहते हैं गडकरी

**नागपुर, एजेंसी**

केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने भारत को हरित अर्थव्यवस्था बनाने के लिए देश में हाइब्रिड वाहनों पर माल एवं सेवा कर (जीएसटी) कम करने की वकालत की है। इसके साथ ही उन्होंने देश को 36 करोड़ से अधिक पेट्रोल और डीजल वाहनों से पूरी तरह मुक्त बनाने का संकल्प किया है। यह पूछे जाने पर कि क्या भारत को पेट्रोल और डीजल वाहनों से पूरी तरह मुक्त कराना संभव है। केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री ने कहा, '' 100 प्रतिशत।''

गडकरी ने 'पीटीआई-भाषा' को दिए साक्षात्कार में कहा, '' यह मुश्किल है, नामुमकिन नहीं। यह मेरा विचार है।'' उन्होंने कहा कि भारत ईंधन आयात पर 16 लाख करोड़ रुपये खर्च करता है। मंत्री ने कहा कि इस पैसे का इस्तेमाल किसानों के जीवन को बेहतर बनाने के लिए किया जाएगा, गांव समृद्ध होंगे और युवाओं को रोजगार मिलेगा। गडकरी ने इस महत्वाकांक्षी लक्ष्य को पूरा करने के लिए कोई समयसीमा नहीं दी, जिसे हरित ऊर्जा के समर्थक भी बेहद कठिन मानते हैं।

मंत्री ने कहा कि हाइब्रिड वाहनों पर जीएसटी घटाकर पांच प्रतिशत और फ्लेक्स इंजन पर 12 प्रतिशत करने का प्रस्ताव वित्त मंत्रालय को भेजा गया है, जो इसपर विचार कर रहा है। उन्होंने कहा कि उनका दृढ़ विश्वास है कि देश जैव ईंधन के उपयोग को बढ़ावा देकर ईंधन आयात को समाप्त कर सकता है। पर्यावरण कार्यकर्ताओं ने हरित परिवहन बढ़ाने के लिए गडकरी के दृष्टिकोण का स्वागत किया।

## सर्राफा

**लखनऊ**

| | |
|---|---|
| सोना स्टैंडर्ड | 68,750 |
| सोना रवा | 68,600 |
| सोना गिन्नी (प्रति नग) | 42,500 |
| चांदी तैयार | 76,300 |
| चांदी (999) | 76,200 |
| चांदी सिक्के (100 नग) | 80,000 |

## लखनऊ मंडी

अजवाइन 180–225 मेंथी 70–90 I **मेवा :** चिरौंजी 2100–2300 छुआरा 150–250 मखाना 750–900 किशमिश 180–225 काजू 600–1100 बादाम 450–920 छोटी इलाइची 1900–2200 बड़ी इलाइची 1300–1500 लौंग 940–1000 कत्था 1400–1600 कपूर 500–650 गोलाकश 130–140 I

# अडाणी समूह की सूचीबद्ध कंपनियों के शेयरों में तेजी

**नयी दिल्ली, एजेंसी**

अडाणी समूह की सभी सूचीबद्ध कंपनियों के शेयरों में सोमवार को तेजी आई। अडाणी एनर्जी का शेयर आठ प्रतिशत से अधिक चढ़ गया। बीएसई पर सूचीबद्ध अडाणी एनर्जी सॉल्यूशंस का शेयर 8.40 प्रतिशत, एनडीटीवी 6.16 प्रतिशत, अडाणी विल्मर 5.92 प्रतिशत, अडाणी पावर 4.99 प्रतिशत, अडाणी टोटल गैस 4.81 प्रतिशत, अडाणी ग्रीन एनर्जी 2.93 प्रतिशत, अडाणी पोर्ट्स 2.56 प्रतिशत और एसीसी का शेयर 2.38 प्रतिशत चढ़ा। अडाणी एंटरप्राइजेज के शेयर में 1.80 प्रतिशत और अंबुजा सीमेंट्स के शेयर में 1.49 प्रतिशत की तेजी आई। समूह की कंपनियों का संयुक्त बाजार मूल्यांकन 16,30,648.23 करोड़ रुपये रहा। वहीं स्थानीय शेयर बाजारों में सोमवार को नए वित्त वर्ष के पहले दिन की शुरुआत मजबूत रही। बीएसई का 30 शेयर पर वाला सूचकांक सेंसेक्स 363.20 अंक यानी 0.49 प्रतिशत की बढ़त के साथ 74,014.55 अंक पर बंद हुआ। दिन में कारोबार के दौरान एक समय दोनों मानक सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी अपने सर्वकालिक उच्चतम स्तर पर पहुंच गए थे।

## जनवरी में जियो के ग्राहकों की संख्या 41.78 लाख बढ़ी

**नयी दिल्ली।** देश की सबसे बड़ी दूरसंचार कंपनी रिलायंस जियो ने जनवरी, 2024 में 41.78 लाख नए मोबाइल ग्राहक जोड़े। भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधिकरण (ट्राई) द्वारा सोमवार को जारी आंकड़ों से यह जानकारी मिली है। सुनील मित्तल की अगुवाई वाली भारती एयरटेल के वायरलेस ग्राहकों की संख्या 7.52 लाख बढ़कर 38.24 करोड़ हो गई है। वोडाफोन आइडिया के कनेक्शन घटने का सिलसिला जारी है। जनवरी में कंपनी के मोबाइल ग्राहकों की संख्या 15.2 लाख और घटकर 22.15 करोड़ रह गई।

# एशियाई देशों की वृद्धि 5.1 प्रतिशत रहने का अनुमान

**बैंकॉक, एजेंसी**

विश्व बैंक ने सोमवार को कहा कि एशियाई अर्थव्यवस्थाओं की वृद्धि दर पिछले साल के 5.1 प्रतिशत की तुलना में धीमी पड़कर वर्ष 2024 में 4.5 प्रतिशत ही रहने का अनुमान है। विश्व बैंक ने एक रिपोर्ट में कहा कि एशियाई देशों की अर्थव्यवस्थाएं इस साल उतना अच्छा प्रदर्शन नहीं कर रही हैं जितना वे कर सकती थीं। रिपोर्ट कहती है कि कर्ज, व्यापार बाधाएं और नीतिगत अनिश्चितताएं इस क्षेत्र की आर्थिक गतिशीलता को कमजोर कर रही हैं और सरकारों को कमजोर सामाजिक सुरक्षा जाल और शिक्षा में कम निवेश जैसी दीर्घकालिक समस्याओं के समाधान के लिए अपने प्रयास बढ़ाने की जरूरत है। विश्व बैंक ने कहा कि एशिया की अर्थव्यवस्थाएं महामारी-पूर्व की तुलना में अधिक धीमी गति से बढ़ रही हैं लेकिन यह रफ्तार भी दुनिया के अन्य हिस्सों की तुलना में अधिक है। इस साल वस्तुओं एवं सेवाओं का व्यापार 2.3 प्रतिशत बढ़ने के अनुमान और केंद्रीय बैंकों द्वारा ब्याज दरों में कटौती से भी इसमें मदद मिलेगी।

## कोयला एवं लिग्लाइट उत्पादन अब तक के उच्चतम स्तर

**नयी दिल्ली।** देश का कोयला एवं लिग्नाइट उत्पादन वित्त वर्ष 2023-24 में पहली बार एक अरब टन के आंकड़े को पार कर गया है, जो इसके एक साल पहले 93.7 करोड़ टन था। केंद्रीय कोयला एवं खान मंत्री प्रल्हाद जोशी ने सोमवार को आधिकारिक आंकड़े जारी करते हुए कहा कि 31 मार्च को समाप्त वित्त वर्ष 2023-24 में कोयले एवं लिग्नाइट का उत्पादन एक अरब टन के आंकड़े को पार कर गया है। जोशी ने कहा, ''यह भारत के लिए एक ऐतिहासिक क्षण है क्योंकि देश ने अबतक का सबसे अधिक उत्पादन हासिल किया है।



## एक नजर

### शिमला में पुजारी पर यौन उत्पीड़न का मामला दर्ज

**शिमला।** शिमला में एक मंदिर के पुजारी के खिलाफ यौन उत्पीड़न के आरोप में प्राथमिकी दर्ज की गई है। पुलिस को दी शिकायत में 20 वर्षीय युवती ने आरोप लगाया कि रविवार को अंतरराज्यीय बस अड्डे के पास एक मंदिर के पुजारी ने ''अश्लील हरकतें'' कीं। युवती ने कहा कि पुजारी ने उसके परिवार को जान से मारने की धमकी भी दी। पुलिस ने बताया कि भारतीय दंड संहिता की धारा 354 (लज्जा भंग करने के इरादे से हमला करना), 354ए (यौन उत्पीड़न) और 506 (आपराधिक धमकी) के तहत प्राथमिकी दर्ज कर ली गई और जांच जारी है।

### शुद्ध ऋण की सीमा से जुड़ा मामला संविधान पीठ के पास भेजा गया

**नयी दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने शुद्ध ऋण की सीमा से जुड़े केरल सरकार के मामले को सोमवार को पांच न्यायाधीशों की संविधान पीठ के पास भेज दिया। न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति के वी विश्वनाथन की पीठ ने राज्य द्वारा दर्ज कराए गए मामले पर यह आदेश दिया। केरल सरकार ने केंद्र पर आरोप लगाया है कि शुद्ध कर्ज पर सीमा तय कर राज्य के वित्त को विनियमित करने की उसकी विशेष, स्वायत्त और पूर्ण शक्तियों में हस्तक्षेप किया है।

### डीजेबी कोष मामला में न्यायालय का प्रधान सचिव से जवाब तलब

**नयी दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र की आम आदमी पार्टी सरकार की याचिका पर सोमवार को दिल्ली के प्रधान सचिव (वित्त) को नोटिस जारी किया। 'आप' सरकार ने आरोप लगाया कि अधिकारी दिल्ली जल बोर्ड (डीजेबी) के लिए आवंटित राशि जारी नहीं कर रहे हैं। प्रधान न्यायाधीश डी.वाई. चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ ने वरिष्ठ अधिवक्ता मुकुल रोहतगी द्वारा यह तर्क दिए जाने के बाद उप राज्यपाल (एलजी) को नोटिस जारी नहीं किया कि धन आवंटन में एलजी की भूमिका नहीं है और यह जिम्मेदारी दिल्ली सरकार के वित्त विभाग की है। पीठ में न्यायमूर्ति जे.बी. पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा भी शामिल हैं। पीठ ने मामले की अगली सुनवाई के लिए पांच अप्रैल की तारीख तय की है।

# भारत को अगले 10 साल में आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनने की जरूरत: प्रधानमंत्री

## नरेंद्र मोदी ने कहा कि बैंक अब ऋण में 15 प्रतिशत की दर्ज कर रहे हैं वृद्धि

**मुंबई, एजेंसी**



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को कहा कि भारत को अगले 10 वर्षों में आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनने की जरूरत है, ताकि राष्ट्र वैश्विक कारकों से ज्यादा प्रभावित न हो। रिजर्व बैंक के 90 साल पूरे होने के मौके पर आयोजित कार्यक्रम प्रधानमंत्री ने कहा कि जून में तीसरी बार भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नीत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के सत्ता में आने पर हर किसी के लिए ढेर सारे काम सृजित होंगे।

उन्होंने कहा, ''हमें भारत की आर्थिक आत्मनिर्भरता बढ़ानी होगी।'' मोदी ने कहा कि बैंकिंग क्षेत्र फायदे में आ गया है और पिछले दशक में उनकी सरकार और आरबीआई द्वारा किए गए प्रयासों के कारण ऋण वृद्धि बढ़ रही है। उन्होंने आगे कहा कि सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों की सकल गैर-निष्पादित आस्तियां (एनपीए), जो 2018 में लगभग 11.25 प्रतिशत थीं, सितंबर, 2023 तक घटकर तीन प्रतिशत से कम पर आ गईं। मोदी ने कहा कि 'ट्विन बैलेंस शीट' (बैंकों और कंपनियों के बही-खाते के स्तर पर समस्या) की समस्या अब अतीत की बात हो गई है और बैंक अब ऋण में 15 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज कर रहे हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि आरबीआई ने इन सभी उपलब्धियों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उन्होंने बैंकिंग क्षेत्र में नियम-आधारित अनुशासन और राजकोषीय रूप से विवेकपूर्ण नीतियों को लागू करने में आरबीआई की उपलब्धि की सराहना की और बैंकों को सरकार के समर्थन का आश्वासन दिया। मोदी ने मुद्रास्फीति को नियंत्रित करने के कदम उठाने के लिए आरबीआई की मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की सराहना भी की। उन्होंने कहा कि भारतीय अर्थव्यवस्था ऐसे समय में नए रिकॉर्ड बना रही है, जब दुनिया के कई देश अब भी महामारी के आर्थिक झटके से उबरने की कोशिश कर रहे हैं।



मुंबई में गुड़ी पड़वा त्योहार से पहले गुड़ी बनाती एक लड़की। • एजेंसी

## राहुल गांधी को लोकतंत्र की बात करने का कोई अधिकार नहीं: शाह

**जोधपुर, एजेंसी**

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सोमवार को कहा कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी को अब लोकतंत्र के बारे में बात करने का कोई अधिकार नहीं है क्योंकि उनकी दादी और पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने आपातकाल के दौरान लाखों लोगों को जेल में डाल दिया था और राजनीतिक दलों पर प्रतिबंध लगा दिया था। रविवार को दिल्ली के रामलीला मैदान में 'लोकतंत्र बचाओ' रैली को लेकर 'इंडिया' गठबंधन पर पलटवार करते हुए कहा, "कितने भी दल इकट्ठा कर लो आएगा तो मोदी ही आएगा। गृह मंत्री जोधपुर में शक्ति केंद्र प्रमुख सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि जो भ्रष्टाचार करेगा वह सलाखों के पीछे जाएगा।

# 'मैच फिक्सिंग' वाले बयान के लिए राहुल गांधी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की

**नयी दिल्ली, एजेंसी**

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने सोमवार को निर्वाचन आयोग से कांग्रेस नेता राहुल गांधी के खिलाफ कठोरतम कार्रवाई करने और एक दिन पहले यहां विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' की रैली में उनकी 'मैच फिक्सिंग' वाली टिप्पणी के लिए प्राथमिकी दर्ज करने का निर्देश जारी करने का आग्रह किया।

केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी और भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव अरुण सिंह की मौजूदगी वाले भाजपा नेताओं के प्रतिनिधिमंडल ने राहुल गांधी के खिलाफ निर्वाचन आयोग में शिकायत दर्ज कराई और कांग्रेस नेता को निर्देश देने का अनुरोध किया कि वह 'झूठे आरोप' लगाने के लिए राष्ट्र और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से 'बिना शर्त' सार्वजनिक माफी मांगे। आयोग को सौंपे ज्ञापन में सत्तारूढ़ भाजपा ने उससे कांग्रेस के नेताओं और उसके भ्रामक प्रचार के डिजाइन और तौर-तरीकों पर व्यापक विचार करने का आग्रह किया।

## किसान की मौत के मामले में न्यायिक जांच के आदेश पर रोक से इनकार

**नयी दिल्ली, एक अप्रैल (भाषा)**

उच्चतम न्यायालय ने फरवरी में प्रदर्शनकारी किसानों और हरियाणा के सुरक्षा कर्मियों के बीच संघर्ष के दौरान किसान शुभकरण सिंह की मौत के मामले में जांच के लिए एक समिति गठित करने के पंजाब और हरियाणा उच्च न्यायालय के निर्देश पर रोक लगाने से सोमवार को इनकार कर दिया। शीर्ष अदालत ने कहा कि एक सेवानिवृत्त न्यायाधीश की अध्यक्षता में समिति द्वारा निगरानी रखने से निष्पक्षता और पारदर्शिता आएगी। सर्वोच्च अदालत सात मार्च के आदेश को चुनौती देने वाली याचिका पर सुनवाई कर रही थी, जिसने झड़प के दौरान शुभकरण सिंह की मौत की जांच के लिए पूर्व न्यायाधीश की अध्यक्षता में समिति गठित की थी।

## चुनाव के मद्देनजर कर नोटिस को लेकर कांग्रेस पर दंडात्मक कार्रवाई नहीं करेगा आयकर विभाग

**नयी दिल्ली, एजेंसी**

आयकर विभाग ने सोमवार को उच्चतम न्यायालय में कहा कि वह करीब 3,500 करोड़ रुपये के कर मांग नोटिस के संबंध में लोकसभा चुनावों के मद्देनजर कांग्रेस के खिलाफ कोई दंडात्मक कार्रवाई नहीं करेगा। न्यायमूर्ति बी वी नागरत्ना और न्यायमूर्ति ऑगस्टिन जॉर्ज मसीह की पीठ ने आयकर विभाग का प्रतिनिधित्व कर रहे सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता का यह बयान दर्ज किया कि मामले पर अंतिम फैसला आने तक मौजूदा परिस्थितियों में तुरंत कोई कार्रवाई नहीं की जाएगी। पीठ ने कर मांग नोटिस पर कांग्रेस की याचिका पर सुनवाई को जुलाई के लिए स्थगित कर दिया। मेहता ने सुनवाई की शुरुआत में कहा, ''मैं इस मामले में एक बयान देना चाहता हूं। कांग्रेस एक राजनीतिक पार्टी है और चूंकि चुनाव (चुनावी प्रक्रिया) जारी हैं, हम पार्टी के खिलाफ कोई दंडात्मक कार्रवाई नहीं करेंगे।'' उन्होंने कहा कि विभाग मामले के औचित्य पर टिप्पणी नहीं कर रहा और सभी अधिकार एवं दावे खुले रहने चाहिए। कांग्रेस की ओर से पेश वरिष्ठ वकील अभिषेक सिंघवी ने इस कदम की सराहना की और इसे ''उदार'' बताया। उन्होंने कहा कि मार्च एवं उससे पहले विभिन्न वर्षों के लिए कुल लगभग 3,500 करोड़ रुपये के नोटिस जारी किए गए हैं। कांग्रेस ने रविवार को कहा था कि उसे आयकर विभाग से एक बार फिर नया नोटिस मिला, जिसके जरिये आकलन वर्ष 2014-15 से 2016-17 तक के लिए 1,745 करोड़ रुपये के कर की मांग की गई है। आयकर विभाग द्वारा कांग्रेस से अब तक कुल 3,567 करोड़ रुपये के कर की मांग की जा चुकी है। पार्टी ने शुक्रवार को कहा था कि उसे आयकर विभाग से नोटिस मिला है, जिसमें 1,823 करोड़ रुपये का भुगतान करने को कहा गया है।

# दिलीप घोष और सुप्रिया श्रीनेत को फटकार

**नयी दिल्ली, एजेंसी**





निर्वाचन आयोग ने महिलाओं की गरिमा के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणियों के लिए सोमवार को भारतीय जनता पार्टी के नेता दिलीप घोष और कांग्रेस की प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत को फटकार लगाई है। घोष ने पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और श्रीनेत ने अभिनेत्री कंगना रनौत के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी की थी। आयोग ने कहा कि दोनों नेताओं ने निम्न स्तर का व्यक्तिगत हमला किया और यह आदर्श आचार संहिता के प्रावधानों का उल्लंघन है। उन्हें आदर्श आचार संहिता की अवधि के दौरान सार्वजनिक बयानों में सावधानी बरतने की चेतावनी दी गई है। सोमवार से आयोग द्वारा इन दोनों नेताओं के चुनाव संबंधी संवाद पर विशेष और अतिरिक्त निगरानी रखी जाएगी। आयोग के अनुसार, सार्वजनिक क्षेत्र में संवाद करते समय सावधानी बरतने और ऐसी किसी भी अपमानजनक टिप्पणी और आचार संहिता के दिशानिर्देशों के उल्लंघन से बचने के लिए अपने पदाधिकारियों को संवेदनशील बनाने के वास्ते चेतावनी नोटिस की एक प्रति उनके संबंधित पार्टी प्रमुखों को भी भेजी जा रही है। भाजपा और कांग्रेस के अध्यक्षों से आयोग ने कहा, ''आप कृपया चुनाव अभियान में शामिल सभी पार्टी पदाधिकारियों और सार्वजनिक क्षेत्र में बातचीत के लिए विशिष्ट सलाह जारी करें कि वे इस तरह का उल्लंघन न करें, आदर्श आचार संहिता का अक्षरशः पालन करें ताकि प्रतिक्रिया में इस तरह की टिप्पणियां नहीं हों।'' श्रीनेत के 'इंस्टाग्राम' अकाउंट से सोशल मीडिया मंच पर बॉलीवुड अभिनेत्री कंगना रनौत के खिलाफ एक विवादास्पद टिप्पणी पोस्ट की गई थी। कंगना को भाजपा ने आगामी लोकसभा चुनाव में हिमाचल प्रदेश की मंडी सीट से अपना उम्मीदवार बनाया है। श्रीनेत ने सोशल अकाउंट्स से विवादास्पद टिप्पणियों को हटा दिया। उनका कहना था कि उनके अकाउंट तक कई लोगों की पहुंच है और यह टिप्पणी उनके द्वारा नहीं की गई। घोष एक वीडियो में तृणमूल कांग्रेस की प्रमुख और पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की पारिवारिक पृष्ठभूमि का मजाक बनाते हुए नजर आए थे।



## अंकतालिका

| टीम | मैच | जीत | हार | टाई | अंक | रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|---|
| कोलकाता नाइट राइडर्स | 02 | 02 | 00 | 00 | 04 | +1.047 |
| चेन्नई सुपरकिंग्स | 03 | 02 | 01 | 00 | 04 | +0.976 |
| राजस्थान रॉयल्स | 02 | 02 | 00 | 00 | 04 | +0.800 |
| गुजरात टाइटंस | 03 | 02 | 01 | 00 | 04 | -0.738 |
| सनराइजर्स हैदराबाद | 03 | 01 | 02 | 00 | 02 | +0.204 |
| लखनऊ सुपर जायंट्स | 02 | 01 | 01 | 00 | 02 | +0.025 |
| दिल्ली कैपिटल्स | 03 | 01 | 02 | 00 | 02 | -0.016 |
| पंजाब किंग्स | 03 | 01 | 02 | 00 | 02 | -0.337 |
| रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु | 03 | 01 | 02 | 00 | 02 | -0.711 |
| मुंबई इंडियंस | 02 | 00 | 02 | 00 | 00 | -0.925 |


विकेट लेने के बाद बातचीत करते राजस्थान रॉयल्स के खिलाड़ी।



विकेट लेने के बाद कुछ इस तरह जश्न मनाते ट्रेंट बोल्ट।

## खेल डायरी

### मैनचेस्टर सिटी और आर्सेनल का मैच ड्रॉ

**मैनचेस्टर।** मैनचेस्टर सिटी और आर्सेनल का मैच गोल रहित ड्रा छूटने से लिवरपूल इंग्लिश प्रीमियर लीग (ईपीएल) फुटबॉल प्रतियोगिता में खिताब की दौड़ में सबसे आगे हो गया है। लिवरपूल ने एक अन्य मैच में शुरू में पिछड़ने के बाद शानदार वापसी करके ब्राइटन को 2-1 से हराया। इससे उसके 29 मैच में 67 अंक हो गए हैं तथा वह दूसरे नंबर पर काबिज आर्सेनल से दो अंक और तीसरे नंबर की टीम मैनचेस्टर सिटी से तीन अंक आगे है। अभी इन तीनों टीम के बीच चैंपियन बनने के लिए मुकाबला जारी रहेगा लेकिन मोहम्मद सलाह के दूसरे हाफ में किए गए गोल की बदौलत लिवरपूल बेहतर स्थिति में पहुंच गया है।

### ऋषभ पंत पर धीमी ओवर गति के लिए जुर्माना

**विशाखापत्तनम।** दिल्ली कैपिटल्स के कप्तान ऋषभ पंत पर चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ आईपीएल मैच के दौरान धीमी ओवर गति के लिए 12 लाख रुपए का जुर्माना लगाया गया है। दिल्ली ने रविवार को खेले गए इस मैच में मौजूदा चैंपियन चेन्नई को 20 रन से हराया था। आईपीएल ने बयान में कहा, ''दिल्ली कैपिटल्स के कप्तान ऋषभ पंत पर चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ आईपीएल मैच के दौरान धीमी ओवर गति रखने के लिए जुर्माना लगाया गया है। बयान के अनुसार, आईपीएल आचार संहिता के तहत टीम का यह धीमी ओवर गति से जुड़ा सत्र का पहला अपराध है इसलिए पंत पर 12 लाख रुपए का जुर्माना लगाया गया है।

### चानू ने पेरिस ओलंपिक में जगह सुनिश्चित की

**फुकेट (थाईलैंड)।** तोक्यो ओलंपिक की रजत पदक विजेता भारतीय भारोत्तोलक मीराबाई चानू ने सोमवार को यहां आईडब्ल्यूएफ विश्व कप में महिलाओं के 49 किग्रा भार वर्ग के ग्रुप बी में तीसरे स्थान पर रहकर पेरिस ओलंपिक में अपनी जगह सुनिश्चित की। चोटिल होने के कारण छह महीने बाद वापसी करने वाली मीराबाई ने कुल 184 किग्रा (81 किग्रा और 103 किग्रा) भार उठाया। यह पेरिस ओलंपिक के लिए अंतिम और अनिवार्य क्वालीफायर टूर्नामेंट है। अपनी स्पर्धा पूरी होने के साथ ही मीराबाई ने पेरिस ओलंपिक के लिए तय मानदंड पूरे किए हैं जिनमें दो अनिवार्य टूर्नामेंट और तीन अन्य क्वालीफायर में भाग लेना शामिल हैं।

### आडवाणी ने सीसीसी बिलियर्ड खिताब को बरकरार रखा

**मुंबई।** विश्व चैंपियन पंकज आडवाणी ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए सोमवार को यहां एकतरफा फाइनल में इंग्लैंड के डेविड कौजियर को 1836-743 से हराकर अखिल भारतीय सीसीआई बिलियर्ड्स क्लासिक खिताब का बचाव किया। सीसीआई के विल्सन जोन्स बिलियर्ड्स हॉल में खेले गए चार घंटे के फाइनल मुकाबले में शानदार लय में चल रहे आडवाणी ने 10 बार के पूर्व विश्व चैंपियन कौजियर के खिलाफ 801 और 460 के दो बड़े ब्रेक बनाये। मुकाबले के शुरुआती दो घंटे के सत्र के बाद आडवाणी के पास 593-570 की मामूली बढ़त थी। वह इस समय 204 के ब्रेक पर थे जिसे उन्होंने 460 में बदल कर अपनी बढ़त मजबूत की और फिर प्रतिद्वंद्वी खिलाड़ी को वापसी का मौका नहीं दिया।

### राष्ट्रीय ईस्पोर्ट्स चैंपियनशिप 18 अप्रैल से

**नयी दिल्ली।** राष्ट्रीय ईस्पोर्ट्स चैंपियनशिप 18 अप्रैल से शुरू होगी। भारतीय ईस्पोर्ट्स महासंघ (ईएसएफआई) ने सोमवार को यहां इसकी घोषणा की। एनईएससी भारत के खिलाड़ियों को डीओटीए 2 (ओपन), ई फुटबॉल (ओपन) और काउंटर-स्ट्राइक 2 में ओपन और महिला श्रेणियों में अपना कौशल प्रदर्शित करने के लिए एक मंच प्रदान करेगा। ऑनलाइन क्वालीफायर 18 अप्रैल से शुरू होंगे जो डबल-एलिमिनेशन प्रारूप में खेले जाएंगे। विजेता क्षेत्रीय क्वालीफायर में आगे बढ़ेंगे जहां वे 11 नवंबर से सऊदी अरब के रियाद में होने वाली 16वीं विश्व ईस्पोर्ट्स चैंपियनशिप (डब्ल्यूईसी) के वैश्विक फाइनल में अपनी जगह सुरक्षित करने के लिए अन्य एशियाई देशों के खिलाफ प्रतिस्पर्धा करेंगे।

### सुमित ने करियर की सर्वोच्च एटीपी रैंकिंग हासिल की

**लंदन।** शीर्ष भारतीय टेनिस खिलाड़ी सुमित नागल ने हाल के दिनों में प्रभावशाली प्रदर्शन के बूते सोमवार को जारी एटीपी एकल रैंकिंग में अपने करियर की सर्वश्रेष्ठ 95वीं रैंकिंग हासिल की। उन्होंने यह रैंकिंग फरवरी में एटीपी चैलेंजर स्तर की प्रतियोगिता चेन्नई ओपन जीतने के बाद हासिल की थी। वह ऑस्ट्रेलियाई ओपन में वरीयता प्राप्त खिलाड़ी (कजाकिस्तान के अलेक्जेंडर बुब्लिक) को हराने वाले पहले भारतीय भी बने, लेकिन दूसरे दौर में चीन के शांग जुनचेंग से हारकर बाहर हो गए थे। चेन्नई ओपन जीत के बाद उन्होंने एटीपी 500 प्रतियोगिता (दुबई चैम्पियनशिप) और एटीपी 1000 मास्टर्स (इंडियन वेल्स और मियामी) के अलावा दो अन्य चैलेंजर टूर्नामेंट भी खेले।

# चहल-बोल्ट ने मुंबई को 125 के स्कोर पर रोका

## दोनों गेंदबाजों ने तीन-तीन विकेट चटकाए, मुंबई इंडियंस की ओर से केवल तिलक और हार्दिक का चला बल्ला

**मुंबई, एजेंसी**

- **राजस्थान रॉयल्स के तेज गेंदबाज नांद्रे बर्गर ने भी 32 रन देकर दो विकेट हासिल किए**

लेग स्पिनर युजवेंद्र चहल और तेज गेंदबाज ट्रेंट बोल्ट की उम्दा गेंदबाजी से राजस्थान रॉयल्स ने इंडियन प्रीमियर लीग में सोमवार को यहां मुंबई इंडियन्स को नौ विकेट पर 125 रन के स्कोर पर रोक दिया। चहल ने 11 जबकि बोल्ट ने 22 रन देकर तीन-तीन विकेट चटकाए। तेज गेंदबाज नांद्रे बर्गर ने भी 32 रन देकर दो विकेट हासिल किए।

कप्तान हार्दिक पंड्या (34) और तिलक वर्मा (32) को छोड़कर मुंबई का कोई बल्लेबाज क्रीज पर पर्याप्त समय नहीं बिता पाया। इन दोनों के अलावा टिम डेविड (17) और सलामी बल्लेबाज इशान किशन (16) ही दोहरे अंक में पहुंच पाए। रॉयल्स के गेंदबाजों के दबदबे का अंदाजा इस बात से लगता है कि मुंबई के आउट होने वाले शुरुआती तीन बल्लेबाज पहली गेंद पर पवेलियन लौटे जबकि अंतिम चार ओवर में टीम 14 रन ही बना सकी। रॉयल्स के कप्तान संजू सैमसन ने टॉस जीतकर मुंबई को पहले बल्लेबाजी का न्योता दिया और उनके गेंदबाजों विशेषकर तेज गेंदबाज ट्रेंट बोल्ट ने इस फैसले को सही साबित करने में कोई कसर नहीं छोड़ी। बोल्ट ने पहले ओवर की अंतिम दो गेंद पर रोहित शर्मा (00) और नमन धीर (00) को पवेलियन भेजा। रोहित ने विकेटकीपर सैमसन को कैच थमाया जबकि नमन अंदर आती गेंद पर पगबाधा हुए। सलामी बल्लेबाज इशान किशन (16) ने नांद्रे बर्गर का स्वागत छक्के और चौके के साथ किया। मुंबई को पहले ओवर के बाद ही नमन की जगह डेवाल्ड ब्रेविस (00) को इंपेक्ट प्लेयर के रूप में उतारना पड़ा लेकिन वह बोल्ट की पहली ही गेंद पर बर्गर को कैच दे बैठे। इशान ने बर्गर पर चौका जड़ा लेकिन इस तेज गेंदबाज की अगली गेंद पर विकेटकीपर को कैच दे बैठे जिससे स्कोर चार विकेट पर 20 रन हो गया। तिलक वर्मा ने आते ही बोल्ट पर छक्का जड़ा लेकिन एक बार फिर दर्शकों की हूटिंग का सामना करने वाले कप्तान हार्दिक पंड्या ने बर्गर पर तीन चौके मारे। पंड्या को वार्म और टॉस के दौरान भी हूटिंग का सामना करना पड़ा था। मुंबई ने पावर प्ले में चार विकेट पर 46 रन बनाए।

वर्मा ने आवेश खान पर अपना दूसरा छक्का मारा जबकि पंड्या ने इस तेज गेंदबाज के अलावा ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन पर चौके मारे। हार्दिक हालांकि चहल पर बड़ा शॉट खेलने की कोशिश में लांग ऑन पर कैच थमा बैठे। उन्होंने 21 गेंद में छह चौकों की मदद से 34 रन बनाए। आवेश ने पीयूष चावला (03) को आउट किया जबकि वर्मा भी चहल की गेंद पर अश्विन को कैच दे बैठे जिससे मुंबई का स्कोर सात विकेट पर 95 रन हो गया। मुंबई के रनों का शतक 15वें ओवर में पूरा हुआ। गेराल्ड कोएट्जी (04) भी चहल की गेंद पर शिमरोन हेटमायर को कैच दे बैठे जबकि टिम डेविड बर्गर पर दूसरा शिकार बने।

**मुंबई इंडियन्स :**

| | |
|---|---|
| इशान किशन का सैमसन बो बर्गर | 16 |
| रोहित शर्मा का सैमसन बो बोल्ट | 00 |
| नमन धीर पगबधा बो बोल्ट | 00 |
| डेवाल्ड ब्रेविस का बर्गर बो बोल्ट | 00 |
| तिलक वर्मा का अश्विन बो चहल | 32 |
| हार्दिक पंड्या का स्थानापन्न बो चहल | 34 |
| पीयूष चावला का हेटमायर बो आवेश | 03 |
| टिम डेविड का बोल्ट बो बर्गर | 17 |
| कोएट्जी को हेटमायर बो चहल | 04 |
| जसप्रीत बुमराह नाबाद | 08 |
| आकाश मधवाल | 04 |

**अतिरिक्त :** 07

**कुल :** 20 ओवर में नौ विकेट पर 125 रन

**विकेट पतन :** 1-1, 2-1, 3-14, 4-20, 5-76, 6-83, 7-95, 8-111, 9-114

**गेंदबाजी:**

| | |
|---|---|
| बोल्ट | 4-0-22-3 |
| बर्गर | 4-0-32-2 |
| आवेश | 4-0-30-1 |
| चहल | 4-0-11-3 |
| अश्विन | 4-0-27-0 |

### वानखेड़े में 'रोहित...रोहित' के नारे, पंड्या की फिर से हूटिंग हुई

**मुंबई, एजेंसी।** राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ आईपीएल मैच में सोमवार को यहां जब हार्दिक पंड्या टॉस के लिए उतरे तो प्रशंसकों ने मुंबई इंडियंस के कप्तान की जमकर हूटिंग की और वानखेड़े स्टेडियम पर 'रोहित...रोहित' के नारे गूंजते रहे। पंड्या ने हालांकि 21 गेंद में जब छह चौकों की मदद से 34 रन की पारी खेली तो दर्शकों ने उनकी हौसलाअफजाई की। उन्होंने टीम का स्कोर चार विकेट पर 20 रन से पांच विकेट पर 76 रन तक पहुंचाया। शाम को हूटिंग का सामना करने वाले पंड्या ने जब अपना पहला चौका जड़ा तो दर्शकों ने उनका हौसला बढ़ाया। टूर्नामेंट से पहले 29 वर्षीय पंड्या को रोहित की जगह मुंबई इंडियंस का कप्तान बनाया गया। हैदराबाद और अहमदाबाद में टीम के पिछले दो मैचों में भी पंड्या की हूटिंग हुई थी। टॉस से पहले जब पंड्या वार्म अप के लिए मैदान का चक्कर लगा रहे थे तो दर्शकों के एक वर्ग ने उनकी हूटिंग की। जब टॉस के समय उनके नाम की घोषणा की गई तो भी इस तेजतर्रार ऑलराउंडर की फिर से हूटिंग की गई जिसके जवाब में पंड्या केवल मुस्कुराए क्योंकि मुंबई के पूर्व कप्तान रोहित के समर्थन में जोर-जोर नारे लग रहे थे। टॉस हारने के बाद जब पंड्या ने बोलना शुरू किया तो भी हूटिंग जारी रही जिसके बाद प्रस्तोता संजय मांजरेकर को दर्शकों सही बर्ताव करने के लिए कहना पड़ा। उसी समय रोहित अपनी ट्रेनिंग किट में अपने पूर्व साथी हरभजन सिंह से मिल रहे थे जो मैच से पहले शो करने वाले कमेंटेटरों में से एक के रूप में मैदान पर थे। इसके बाद जब पंड्या चौथे ओवर में टीम के 20 रन पर चार विकेट गंवाने के बाद मैदान पर उतरे तो उन्हें फिर हूटिंग शिकार होना पड़ा, खासकर सचिन तेंदुलकर स्टैंड से।

## अपने अभियान को पटरी पर लाने की कोशिश करेगा आरसीबी

**बेंगलुरु, एजेंसी**

अभी तक अपने प्रदर्शन में निरंतरता रखने में नाकाम रही रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) की टीम लखनऊ सुपर जॉइंट्स के खिलाफ मंगलवार को यहां होने वाले इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के मैच में बेहतर खेल दिखाकर अपना अभियान पटरी पर लाने की कोशिश करेगी।

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु की टीम अभी तीन मैच में दो अंक लेकर अंक तालिका में आठवें स्थान पर है। पिछले मैच में कोलकाता नाइट राइडर्स के हाथों करारी हार के कारण उसका नेट रन रेट भी गड़बड़ा गया है। फाफ डु प्लेसी की अगुवाई वाली आरसीबी की टीम को कम करके नहीं आंका जा सकता है। उसके पास कई स्टार बल्लेबाज हैं लेकिन विराट कोहली को छोड़कर कोई भी अन्य नहीं चल पा रहा है। आरसीबी को अगर अपना अभियान पटरी पर लाना है तो कोहली के अलावा डु प्लेसी, ग्लेन मैक्सवेल, रजत पाटीदार और कैमरन ग्रीन को भी अच्छा प्रदर्शन करना होगा। शीर्ष और मध्यक्रम के इन बल्लेबाजों की असफलता के कारण आरसीबी को अभी तक निचले मध्यक्रम के बल्लेबाजों दिनेश कार्तिक, अनुज रावत और महिपाल लोमरोर पर निर्भर रहना पड़ा है।

**रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु :** फाफ डु प्लेसी (कप्तान), ग्लेन मैक्सवेल, विराट कोहली, रजत पाटीदार, अनुज रावत, दिनेश कार्तिक, सुयश प्रभुदेसाई, विल जैक्स, महिपाल लोमरोर, कर्ण शर्मा, मनोज भंडागे, मयंक डागर, विजयकुमार विशक, आकाश दीप। मोहम्मद सिराज, रीस टॉपले, हिमांशु शर्मा, राजन कुमार, कैमरून ग्रीन, अल्ज़ारी जोसेफ, यश दयाल, टॉम कुरेन, लॉकी फर्ग्यूसन, स्वप्निल सिंह, सौरव चौहान। **लखनऊ सुपर जाइंट्स :** केएल राहुल (कप्तान), क्विंटन डी कॉक, निकोलस पूरन, आयुष बदोनी, काइल मेयर्स, मार्कस स्टोइनिस, दीपक हुडा, देवदत्त पडिक्कल, रवि बिश्नोई, नवीन-उल-हक, क्रुणाल पंड्या, युद्धवीर सिंह, प्रेरक मांकड़। यश ठाकुर, अमित मिश्रा, शमर जोसेफ, मयंक यादव, मोहसिन खान, के. गौतम, शिवम मावी, अर्शिन कुलकर्णी, एम. सिद्धार्थ, एश्टन टर्नर, मैट हेनरी, मोहम्मद अरशद खान। मैच शाम 7.30 बजे शुरू होगा।

## बीसीसीआई का आईपीएल फ्रेंचाइजी मालिकों को न्योता

**नयी दिल्ली।** बीसीसीआई ने 16 अप्रैल को अहमदाबाद में अनौपचारिक बैठक के लिए 10 आईपीएल टीमों के मालिकों को आमंत्रित किया है। यह बैठक नरेंद्र मोदी स्टेडियम में दिल्ली कैपिटल्स और गुजरात टाइटंस के बीच मैच से इतर होगी।

बीसीसीआई के अधिकारी ने कहा, ''आईपीएल (टीम) मालिकों को अनौपचारिक बैठक के लिए आमंत्रित किया गया है। इस बैठक का कोई निर्धारित एजेंडा नहीं है। आईपीएल अपने दूसरे महीने में होगा, इसलिए यह सभी हितधारकों के लिए एक साथ आने का अच्छा समय होगा।'' इस दौरान इस साल के अंत में होने वाली बड़ी नीलामी को लेकर संभावित चर्चा हो सकती है।

## जरूरत पर ऊपरी क्रम में बल्लेबाजी करेंगे धोनी

**नयी दिल्ली, एजेंसी**

दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ आक्रामक पारी के बाद महेंद्र सिंह धोनी को बल्लेबाजी क्रम में ऊपर भेजने की मांग उठ रही है लेकिन माइकल क्लार्क का मानना है कि चेन्नई सुपर किंग्स का यह पूर्व कप्तान जरूरत पड़ने पर ही ऐसा करेगा।

धोनी ने दिल्ली के खिलाफ आठवें नंबर पर बल्लेबाजी करते हुए 16 गेंद पर नाबाद 37 रन बनाए। इसके बाद धोनी के प्रशंसक उनसे ऊपरी क्रम में बल्लेबाजी के लिए आने की अपील कर रहे हैं। लेकिन ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान क्लार्क का मानना है कि यह दिग्गज भारतीय खिलाड़ी पहले की तरह फिनिशर की भूमिका निभाता रहेगा। उन्होंने कहा, ''मुझे नहीं लगता कि वह ऐसा करेंगे। मेरा मानना है कि वह मौजूदा क्रम में बल्लेबाजी करने के लिए आएंगे। मैं जानता हूं कि महेंद्र सिंह धोनी का प्रत्येक प्रशंसक उन्हें जितना संभव हो उतने ऊपरी क्रम में बल्लेबाजी करते हुए देखना चाहता है। उनके पूरे करियर के दौरान हम सभी कहते रहे हैं कि उन्हें पारी का आगाज करना चाहिए।''

क्लार्क ने कहा, ''वह अभी अपने करियर के जिस दौर में हैं जहां उन्होंने कप्तानी छोड़ दी है, मुझे नहीं लगता कि वह ऊपरी क्रम में बल्लेबाजी के लिए आएंगे। मेरा मानना है कि अगर टीम की जरूरत हो तभी वह ऊपरी क्रम में बल्लेबाजी के लिए उतरेंगे।''




## बाहुबली के डायरेक्टर राजामौली ने स्टेज पर पत्नी के साथ किया डांस



**मुंबई, एजेंसी।** साउथ के फेमस डायरेक्टर एसएस राजामौली का एक वीडियो सामने आया है। इस वीडियो में डायरेक्टर अपनी वाइफ रमा राजामौली के साथ एक फैमिली फंक्शन में स्टेज पर डांस करते नजर आ रहे हैं। बताया जा रहा है कि यह वीडियो साउथ की प्रोडक्शन कंपनी माइथ्री मूवी मेकर्स के सीईओ चैरी की बेटी की संगीत सेरेमनी का है। जहां राजामौली ने वाइफ के साथ रहमान के गाने 'अंदामैना प्रेमारानी' पर परफॉर्म किया। इस वीडियो के वायरल होने के बाद आमतौर पर सीरियस नजर आने वाले राजामौली का फनी साइड देखकर फैंस भी हैरान हैं। इससे पहले राजामौली ने बेटे एसएस कार्तिकेय की शादी पर भी वाइफ के साथ डांस किया था। फिल्म 'आरआरआर' के ऑस्कर अवॉर्ड जीतने के बाद भी डायरेक्टर का एक वीडियो सामने आया था जिसमें वो डायरेक्टर अनिल रविपुदी के साथ 'नाटू-नाटू' स्टेप रीक्रिएट करते नजर आए थे। वर्क फ्रंट पर राजामौली इन दिनों अपनी अपकमिंग फिल्म के प्री-प्रोडक्शन पर जुटे हुए हैं। इस फिल्म का टेंटिटिव टाइटल 'एसएसबीएम 29' रखा गया है। हाल ही में जापान में हुई फिल्म 'आरआरआर' की स्क्रीनिंग पर उन्होंने कहा था कि वो अपनी अगली फिल्म की स्क्रिप्ट तैयार कर चुके हैं। हालांकि, अभी तक इसकी कास्टिंग नहीं हुई है। सिर्फ लीड हीरो महेश बाबू और मेन विलेन को फाइनल किया गया है। उम्मीद है कि यह फिल्म इस साल मई-जून में फ्लोर पर जाएगी। डायरेक्टर जल्द ही एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के जरिए फिल्म से जुड़ी डिटेल्स शेयर करेंगे।



## प्रेग्नेंसी की अफवाहों से तंग परिणीति ने पहने टाइट कपड़े

**मुंबई, एजेंसी।** बॉलीवुड एक्ट्रेस परिणीति चोपड़ा इन दिनों अपनी अपकमिंग फिल्म अमर सिंह चमकीला को लेकर सुर्खियों में बनी हुई हैं। एक्ट्रेस लगातार अपनी इस फिल्म का प्रमोशन कर रही हैं। हाल ही में उन्हें को-एक्टर दिलजीत दोसांझ और निर्देशक इम्तियाज अली के साथ लॉन्च इवेंट में देखा गया। जहां वह ढीले-ढाले कपड़े पहन कर पहुंची थीं। इसके अलावा भी वह जहां जा रही हैं। लूज फिटिंग के कपड़े की पहन रही हैं। जिसके बाद फैंस उनकी प्रेग्नेंसी के कयास लगाने लगे। लोगों का कहना था कि एक्ट्रेस अपने बेबी बंब को छुपाने के लिए ढीले कपड़े पहन रही हैं। इसके तुरंत बाद उन्होंने एक पोस्ट शेयर कहा था कि जब भी ढीले-ढाले कपड़े पहनों इस तरह की बातें होने लगती हैं। वहीं अब इस पूरे मामले पर एक्ट्रेस ने दूसरी बार रिएक्ट किया और वीडियो शेयर कर प्रेग्नेंसी की खबरों पर चुप्पी तोड़ी है। परिणीति चोपड़ा ने हाल ही में अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक वीडियो शेयर किया है, जिसमें वह सफेद रंग के पैंटसूट में नजर आ रही हैं। जिसमें एक ब्लेज़र, पैंट और एक मैचिंग टैंक टॉप है। और वीडियो पर लिखा है कि अब से मैं फिटेड कपड़े पहनूंगी, क्योंकि जब काफ्तान पहनी थी तो लोगों ने...।

## रणदीप हुड्डा बोले- सलमान ने दी थी ज्यादा फिल्में करने की सलाह

**मुंबई, एजेंसी।** रणदीप हुड्डा इन दिनों अपनी फिल्म 'स्वातंत्र्यवीर सावरकर' की सक्सेस का जश्न मना रहे हैं। इसी बीच उन्होंने एक इंटरव्यू में सलमान खान के साथ अपनी दोस्ती के बारे में बात की। उन्होंने कहा- सलमान ने मुझे एक बार बहुत कीमती एडवाइस दी थी। वो हमेशा मुझे ज्यादा पैसा कमाने और ज्यादा काम करने की सलाह देते रहे हैं। सलमान मुझसे कहते थे कि अगर मैंने अभी काम करके पैसे नहीं कमाए, तो मुझे फ्यूचर में परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है। रणदीप बताते हैं कि उन्होंने सभी सलाह में से बहुत कम का ही पालन किया है। रणदीप ने कहा कि सलमान उनसे बहुत दिलचस्पी के साथ दिल की बातें किया करते हैं। रणदीप हुड्डा ने कहा कि स्वात्रंत्य वीर सावरकर की शूटिंग के वक्त उन्हें ऐसा फील होता था कि सावरकर उनके आस-पास हैं। रणदीप ने कहा कि जब वे खुद को शीशे के सामने देखते थे तो लगता था कि सावरकर खुद सामने आ गए हैं। रणदीप ने कहा कि उन्होंने खुद को अंडमान के उस जेल में बंद कराया था, जहां सावरकर बंद थे। रणदीप ने आगे कहा कि उन्हें कुछ देर तो कोई फर्क नहीं पड़ा, लेकिन फिर उनका दम घुटने लगा। वो थोड़े समय बाद ही उस कालकोठरी से बाहर निकल गए। रणदीप हुड्डा इन दिनों अपनी फिल्म स्वात्रंत्य वीर सावरकर की वजह से सुर्खियों में हैं। रणदीप हुड्डा ने रणवीर अल्हाबादिया के साथ इंटरव्यू में कहा- रात में वहां अलग ही टाइप का सन्नाटा होता था। ऐसा लगता था कि वहां कोई है। इस फिल्म के डायरेक्टर, प्रोड्यूसर और राइटर रणदीप हुड्डा ही हैं। यह कहने में कोई गुरेज नहीं है कि अपनी पहली डायरेक्टोरियल फिल्म में उन्होंने कमाल का काम किया है। हालिया इंटरव्यू में उन्होंने खुलासा किया है कि इस फिल्म के लिए उन्हें बहुत सारी फिजिकल और फाइनेंशियल चुनौतियों को पार करना पड़ा था। पैसे की कमी की वजह से फिल्म को बंद करने की नौबत आ गई थी। तब उन्होंने वीर सावरकर की बायोपिक के फंडिंग लिए मुंबई स्थित अपने पिता की प्रॉपर्टीज को दिया था। वहीं, इस फिल्म के लिए उन्होंने बहुत ज्यादा वजन भी कम किया था।



स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शशि भूषण सिंह द्वारा 1224, देवकाली रोड, निकट यश पेट्रोल पंप अयोध्या-224001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 05278-352045 (कार्यालय), ईमेल- amritvicharayodhya@gmail.com आर.एन.आई नं0-UPHIN/2022/84450 (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अयोध्या होगा)।

# 21 हजार करोड़ के पार पहुंचा रक्षा निर्यात : राजनाथ सिंह

नई दिल्ली, एजेंसी

● रक्षा मंत्री बोले- स्वतंत्र भारत के इतिहास में ऐसा पहली बार हुआ



भारत का रक्षा बजट पहली बार 21 हजार करोड़ रुपये के पार पहुंच गया है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने एक्स पर यह जानकारी दी। उन्होंने लिखा कि भारत का रक्षा निर्यात अभूतपूर्व तरीके से बढ़कर 21 हजार करोड़ रुपये के पार पहुंच गया है। स्वतंत्र भारत के इतिहास में ऐसा पहली बार हुआ है। वित्तीय वर्ष 2023-24 में भारत का रक्षा निर्यात पिछले वित्तीय वर्ष की तुलना में 32.5 फीसदी की बढ़ोतरी के साथ 21 हजार करोड़ रुपये के स्तर पर पहुंच गया है।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने लिखा कि 'पीएम मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व और रक्षा मंत्रालय द्वारा किए गए प्रयासों के चलते भारत के रक्षा निर्यात में यह ग्रोथ देखी गई है। जनवरी 2022 में भारत ने फिलीपींस के साथ ब्रह्मोस सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल का सौदा किया था। यह सौदा करीब 37 करोड़ डॉलर का था। कई अन्य देशों के साथ भी भारत की रक्षा निर्यात को लेकर बातचीत चल रही है। निजी क्षेत्र की भागीदारी से भी देश के रक्षा निर्यात में काफी बढ़ोतरी हुई है। भारत का रक्षा निर्यात 85 से अधिक देशों को हो रहा है। देश की 100 से ज्यादा कंपनियां रक्षा उत्पादों को दूसरे देशों को निर्यात कर रही हैं।

# जेएनयू में दो पूर्व छात्र समेत 4 पर लगा यौन उत्पीड़न का आरोप

**नई दिल्ली।** जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय (जेएनयू) की एक छात्रा ने दो पूर्व छात्रों समेत चार लोगों पर यौन उत्पीड़न का आरोप लगाया है, जिसके बाद विश्वविद्यालय प्रशासन ने जांच के आदेश दिए हैं। सोमवार को एक अधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया है कि, वाम नेतृत्व वाले छात्र संघ ने शिकायत की है, जिसमें एबीवीपी पूर्व छात्रों को अरोपी ठहराया है।

हालांकि, एबीवीपी ने इस आरोप से इनकार किया और दावा किया कि उन्हें फंसाया जा रहा है। मुख्य प्रॉक्टर सुधीर कुमार ने बताया है कि 31 मार्च को यौन उत्पीड़न की शिकायत मिली थी। शिकायत में पूर्व छात्र समेत चार लोगों पर यौन उत्पीड़न का अरोप है। मुख्य प्रॉक्टर ने कहा, जांच शुरू कर दी है और प्रॉक्टर कार्यालय आरोपों की जांच कर रहा है।

# जेल में केजरीवाल सहित चारों नेता एक दूसरे से नहीं मिल सकेंगे

*नई दिल्ली, ब्योरा। सन 2012 में दिल्ली की शीला सरकार के विरुद्ध जिन चुनिंदा लोगों ने दिन रात मिलकर आंदोलन किया था, उनमें चार प्रमुख लोग मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल, पूर्व उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया, पूर्व मंत्री सत्येंद्र जैन एवं सांसद संजय सिंह वर्षों बाद फिर एक ही स्थान पर आ गए हैं। लेकिन अब वे एक दूसरे से बात नहीं कर सकेंगे। एशिया की सबसे बड़ी सेंट्रल जेल तिहाड़ में उन्हें अलग-अलग जेलों में रखा गया है। यहां कुल नौ जेलें हैं। इनमें 20 हजार से ज्यादा कैदी हमेशा रहते हैं और उनमें 90 फीसद विचाराधीन कैदी हैं।*

## समर्थकों ने किया प्रदर्शन

अरविंद केजरीवाल को जेल भेजे जाने के आदेश होने के सैकड़ों समर्थकों ने जेल के बाहर प्रदर्शन किया। लोगों के जेल के बाहर पहुंचने की आशंका को देखते हुए पश्चिम जिला पुलिस ने पहले ही जेल के बाहर सुरक्षा बढ़ा दी। समर्थकों बीच-बीच में दिल्ली पुलिस और केंद्र सरकार के विरोध में नारेबाजी करने लगे। नारेबाजी करते हुए समर्थक सड़क पर आ गए। वहां मौजूद पुलिसकर्मियों ने समर्थकों पर हल्का बल प्रयोग कर उन्हें वहां से हटा दिया।



## तिहाड़ जेल में 14 दिन तक भगवत गीता का पाठ करेंगे केजरीवाल

उत्तर प्रदेश या अन्य राज्यों की तरह जिलों में राजनेताओं को मिलने वाली तमाम सुविधाओं से वह यहां वंचित रहेंगे क्योंकि यहां पर कई श्रेणी में सुरक्षा व्यवस्था रहती है और जब से तत्कालीन सांसद फूलन देवी के हत्यारोपी शेर सिंह राणा तिहाड़ जेल से फरार हो गया था तब से इस जेल की सुरक्षा व्यवस्था कई स्तर पर कर दी गई है। यहां सिर्फ अदालत के आदेश पर कैदियों को सुविधा उपलब्ध कराई जाती है। हालांकि तिहाड़ जेल में भी भ्रष्टाचार के मामलों की जानकारी मिलती है। जिसके तहत कैदियों के पास सिम कार्ड, मोबाइल फोन, पेन ड्राइव, नशीले पदार्थ व चाकू ब्लेड बरामद हुए हैं। केजरीवाल के मामले में एक बात और सामने आई है कि उन्हें जेल नंबर दो में रखा गया है जिसमें सजा पाने वाले कैदियों को रखा जाता है। उनकी जेल सबसे सुरक्षित कही जाती हैं और उसमें कई तरह के सीसीटीवी कैमरे भी लगे हैं जिनकी निगरानी जेल प्रशासन के अलावा अन्य बड़ी एजेंसी व विभिन्न अदालतों एवं उच्च न्यायालय से भी जुड़े हुए हैं। जेल सूत्रों के मुताबिक मुख्यमंत्री केजरीवाल अगले 14 दिन तक यहां पर अध्यात्म ज्ञान अर्जित करेंगे और ध्यान मुद्राओं में रहेंगे। मनीष सिसोदिया की तरह उन्हें भी भगवत गीता उपलब्ध करा दी गई है। सूत्रों के मुताबिक उक्त चारों नेताओं का दैनिक चिकित्सा परीक्षण भी होगा और विशेष सुरक्षा भी दी गई है।

## शराब नीति घोटाले में चारों नेता गए जेल

दिल्ली शराब घोटाला के आरोप में उक्त 4 नेताओं के आलावा तेलंगाना के पूर्व मुख्यमंत्री चंद्रशेखर राव की पुत्री कविता को जेल नंबर 6 एवं विजय नायर को जेल नंबर 4 में रखा गया है। खास बात यह है कि तिहाड़ जेल दिल्ली सरकार के अंतर्गत है और उसके मुख्यमंत्री सोमवार को अपनी ही जेल में 15 दिन के लिए न्यायिक रियासत में रहेंगे। माना जा रहा था कि तिहाड़ जेल में आम आदमी पार्टी के उक्त चारों नेता एक स्थान पर बैठकर अपनी अगली राजनीतिक रणनीति पर चिंतन मनन करेंगे। जेल प्रशासन के सूत्रों के मुताबिक उन्हें अलग-अलग बैरकों में ही नहीं बल्कि तिहाड़ जेल की अलग-अलग जेलों में रखने का फैसला लिया गया है। अभी तक राजनेताओं को जेल में एक साथ रहने की सुविधा मिल जाती थी और जेल में रहकर वे भविष्य की योजनाओं को अंजाम देते थे। लेकिन तिहाड़ जेल में यह लोग ऐसा नहीं कर पाएंगे।

## एक नजर

### बीएसएफ ने अमृतसर से एक पाकिस्तानी को किया गिरफ्तार

**जालंधर।** सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) ने अमृतसर जिले में सीमा बाड़ के आगे भारतीय क्षेत्र में अनधिकृत रूप से प्रवेश कर रहे एक पाकिस्तानी नागरिक को गिरफ्तार किया है। बीएसएएफ के प्रवक्ता ने सोमवार को बताया कि रविवार को जवानों ने जिले में सीमा बाड़ के आगे एक संदिग्ध गतिविधि देखी। उन्होंने कहा- सैनिकों ने क्षेत्र की घेराबंदी कर जिले के रोरनवाला गांव के बाहरी इलाके में सीमा बाड़ के पास से सफलतापूर्वक पकड़ लिया। प्रवक्ता ने बताया कि पकड़े गए युवक की पहचान पाकिस्तानी नागरिक के रूप में की गई है। पास से दो मोबाइल, विभिन्न मूल्यवर्ग की पाकिस्तानी मुद्रा में कुल 840 रुपये और एक पाकिस्तानी राष्ट्रीय पहचान पत्र मिला।

### मध्यप्रदेश: सीहोर में रेलवे अंडर ब्रिज से टकराई यात्री बस, 16 लोग घायल

**सीहोर।** मध्यप्रदेश के सीहोर जिले में सोमवार को यात्री बस रेलवे अंडर ब्रिज पार करते समय दीवार से टकरा गई, जिससे बस में सवार 16 यात्री घायल हो गए। यातायात पुलिस सीहोर के प्रभारी ब्रजमोहन धाकड़ ने बताया एक अन्य वाहन को टक्कर लगेन के बाद अंडर ब्रिज की दीवार से टकरा गई। बस का ब्रेक फेल हो गया था और चालक ने गाड़ी पर से संतुलन खो दिया, जिसके कारण हादसा हुआ। हादसे में 16 लोग घायल हो गए। घायलों को प्राथमिक उपचार के लिए सीहोर अस्पताल लाया गया। पुलिस ने कहा-मामले की आगे की कार्रवाई के जांच शुरू की है।

### पाकिस्तान: पांच चीनी श्रमिकों की मौत मामले में 12 लोग गिरफ्तार

**इस्लामाबाद।** पिछले सप्ताह पाकिस्तान के अशांत खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में आत्मघाती बम हमले में पांच चीनी नागरिकों की मौत मामले में 12 संदिग्धों को गिरफ्तार किया गया है जिनमें हमले का मास्टरमाइंड शामिल है। मीडिया के अनुसार खैबर पख्तूनख्वा आतंकवाद निरोधक विभाग (सीटीडी) ने हमले के मामले में जांच शुरू कर दी है और इसके लिए प्रतिबंधित टीटीपी आतंकी समूह को जिम्मेदार ठहराया है। हालांकि किसी संगठन ने अभी तक आतंकवादी हमले की जिम्मेदारी नहीं ली है। हमला उस समय हुआ जब चीनी इंजीनियर इस्लामाबाद से दासू स्थित अपने शिविर लौट रहे थे।

### हिमाचल में हिमपात-बारिश के बीच लाहौल में गिरे दो हिमखंड

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश में पिछले दो दिनों से चोटियों पर हिमपात और निचले क्षेत्रों में बारिश का दौर जारी है। वहीं, लाहौल में रविवार को हिमपात के बाद दो जगह हिमखंड गिरे हैं। अटल टनल रोहतांग के नॉर्थ पोर्टल से आगे कुठ बिहाल के वाम तट पर हिमखंड गिरा, जबकि दूसरा हिमखंड तांदी-केलांग मार्ग पर गिरा है। इससे भागा नदी का प्रवाह कुछ समय के लिए रुक गया। हिमखंड गिरने के कारण किसी तरह से नुकसान की सूचना नहीं है। लाहौल-स्पीति के उपायुक्त राहुल कुमार ने कहा कि लोग बर्फबारी के बीच हिमखंड गिरने वाले क्षेत्रों का रुख न करें।

# कांग्रेस कच्चातिवु पर उदासीन रही भारतीय मछुआरों का अधिकार छीना

## जयशंकर बोले-1974 में एक समुद्री सीमा खींची गई, समझौता कर द्वीप श्रीलंका को दे दिया

नई दिल्ली, एजेंसी

भाजपा नेता और विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने कच्चातिवु द्वीप के मुद्दे पर सोमवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान द्वीप पर भारत का अधिकार छोड़ने को लेकर कांग्रेस और द्रमुक पर निशाना साधा। जयशंकर ने कहा कि 1974 में, भारत और श्रीलंका ने एक समझौते पर हस्ताक्षर किए, जहां उन्होंने एक समुद्री सीमा खींची, और समुद्री सीमा खींचने में कच्चातिवु को सीमा के श्रीलंकाई पक्ष पर रखा गया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस और डीएमके ने इस मामले को इस तरह से लिया है मानो इस पर उनकी कोई जिम्मेदारी नहीं है।

भाजपा नेता ने आगे कहा, हम जानते हैं कि यह किसने किया, यह नहीं पता कि इसे किसने छुपाया। जयशंकर ने कहा- जनता को यह जानने का अधिकार है कि यह स्थिति कैसे उत्पन्न हुई। कच्चातिवु द्वीप मसले के चलते श्रीलंका द्वारा भारतीय मछुआरों के पकड़े जाने की घटना की जानकारी देते हुए जयशंकर ने कहा, पिछले 20 वर्षों में, 6184 भारतीय मछुआरों को श्रीलंका द्वारा हिरासत में लिया गया है और इसी समयकाल में 1175 भारतीय मछली पकड़ने वाली नौकाओं को श्रीलंका द्वारा जब्त किया गया है। पिछले पांच वर्षों में कच्चातिवु मुद्दा और मछुआरे का मुद्दा संसद में विभिन्न दलों द्वारा बार-बार उठाया गया है। यह संसद के सवालों, बहसों और सलाहकार समिति में सामने आया है। तमिलनाडु के तत्कालीन मुख्यमंत्री ने मुझे कई बार पत्र लिखा है और मेरा रिकॉर्ड बताता है कि मौजूदा मुख्यमंत्री को मैं इस मुद्दे पर 21 बार जवाब दे चुका हूं। यह एक जीवंत मुद्दा है जिस पर संसद और तमिलनाडु हलकों में बहुत बहस हुई है। यह केंद्र सरकार और राज्य सरकार के बीच पत्राचार का विषय रहा है।

### श्रीलंका से इस मुद्दे पर बातचीत करेंगे: विदेश मंत्री



विदेश मंत्री ने कहा यह नरेंद्र मोदी सरकार ही है जो यह सुनिश्चित करने पर काम करती रही है कि भारतीय मछुआरों को रिहा किया जाए। उन्होंने कहा, हमें एक समाधान तलाशना होगा। हमें श्रीलंकाई सरकार के साथ बैठना और इस पर बातचीत करना होगा। जयशंकर ने दावा किया कि तमिलनाडु के लोगों को लंबे समय तक इस मुद्दे को लेकर गुमराह किया जाता रहा है और वह जनता को सूचित करने के लिए इस मामले पर बात कर रहे हैं।

### प्रधानमंत्री के कच्चातिवु द्वीप हमले पर चिदंबरम का पलटवार



**शिवगंगा (तमिलनाडु)।** लोकसभा चुनाव से पहले कच्चातिवु को लेकर बवाल मचा हुआ है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इसके लिए कांग्रेस और डीएमके पर हमला बोला है। इस बीच कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पी. चिदंबरम ने सोमवार को पीएम मोदी को सलाह दी कि वह कच्चातिवु मुद्दे के बजाय भारतीय क्षेत्र पर चीनी कब्जे पर बोलें। चिदंबरम को इस बात पर आश्चर्य हो रहा है कि मोदी उस मुद्दे को क्यों उठा रहे हैं जिसे 1974 में ही सुलझा लिया गया था। 1974 में तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा की सरकार ने श्रीलंका के साथ अच्छे संबंध बनाए रखने और वहां के लाखों तमिलों की मदद करने के लिए कच्चातिवु द्वीप श्रीलंका को सौंप दिया और बदले में छह लाख तमिलों को भारत आने की इजाजत दी गई।

# चीन ने अरुणाचल के 30 शहरों के नाम बदले

बीजिंग, एजेंसी

● भारत ने जताई आपत्ति, नाम बदलने से वास्तविकता में कोई बदलाव नहीं होगा

चीन अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रहा है। एक बार फिर चीन ने नापाक हरकत की है। चीन ने अरुणाचल प्रदेश में विभिन्न स्थानों के 30 नए नामों की चौथी लिस्ट जारी की है। इस लिस्ट में चीन ने अरुणचाल प्रदेश की 30 जगहों के नाम बदले हैं।

हालांकि, भारत ने चीन द्वारा अरुणाचल प्रदेश में स्थानों का नाम बदलने की बात को खारिज किया है। भारत ने कहा कि अरुणाचल प्रदेश देश का अभिन्न हिस्सा है और उसका नाम बदल देने से इस वास्तविकता में कोई बदलाव नहीं आएगा।

रिपोर्ट में कहा गया है कि ये आदेश 1 मई से लागू करने के लिए अनुच्छेद 13 में प्रावधान किया गया है। इसमें कहा गया है कि चीन के क्षेत्रीय दावों और संप्रभुता के अधिकारों को नुकसान पहुंचाने वाली विदेशी भाषाओं में नामों को बिना प्राधिकरण सीधे उद्धृत या अनुवाद नहीं किया जाएगा। बता दें कि चीन अरुणाचल प्रदेश पर अपना दावा ठोकता है और उसे जांगनान कहता है। साथ ही वह अरुणाचल प्रदेश को तिब्बती क्षेत्र बताया है। चीनी ने पहली लिस्ट 2017 में जारी की थी। इसके बाद 15 स्थानों की दूसरी लिस्ट 2021 में जारी की गई। हालांकि, तीसरी बार साल 2023 में 11 स्थानों के नामों की लिस्ट जारी की गई थी। अब चीन ने चौथी लिस्ट जारी की है।

### पन्नू मामले से भारत के भी सुरक्षा हित जुड़े: जयशंकर

**नई दिल्ली।** खालिस्तानी आतंकवादी गुरपतवंत सिंह पन्नू मामले पर जयशंकर ने प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि पन्नू की हत्या की साजिश में एक सरकारी अधिकारी की कथित संलिप्तता की जांच में भारत के राष्ट्रीय सुरक्षा हित जुड़े हुए हैं। भारत में अमेरिकी राजदूत एरिक गार्सेटी के बयान पर जयशंकर ने कहा कि हम इसकी जांच कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि अमेरिकी राजदूत वही कहेंगे, जो उन्हें लगता है या उनकी सरकार की सोच है। एरिक गार्सेटी ने कहा था कि किसी दूसरे देश के नागरिक की हत्या के प्रयास में एक सरकारी अधिकारी की संलिप्तता अस्वीकार्य है। जयशंकर ने एरिक गार्सेटी के बयान पर कहा कि मेरी सरकार की स्थिति यह है कि इस मामले में हमें कुछ सूचना मुहैया कराई गई है, जिसकी हम जांच कर रहे हैं।

# भारत में वीजा प्रतीक्षा समय को कम करेगा अमेरिका : एरिक गार्सेटी



**नई दिल्ली।** अक्सर देखा गया है कि भारतीयों को अमेरिका के वीजा के लिए लंबा इंतजार करना पड़ता है। इस मामले में अमेरिका के राष्ट्रपति का नया आदेश राहत देने वाला है। बाइडन ने आदेश दिया है कि अमेरिका भारत में वीजा प्रतीक्षा समय को कम करेगा।

भारत में अमेरिका के राजदूत एरिक गार्सेटी ने कहा- वीजा नियुक्तियों और प्रतीक्षा समय पर राष्ट्रपति जो बाइडन ने उन्हें भारत में वीजा के लिए प्रतीक्षा समय को कम करने का आदेश दिया है। यह पहला उदाहरण है जब अमेरिका द्वारा किसी भी देश में इस बात पर गौर करने के लिए कहा गया है। गार्सेटी ने यह भी कहा कि ग्रीन कार्ड बैकलॉग का मुद्दा भी एक बड़ी समस्या है और जल्द ही इसका भी समाधान हो जाएगा। उन्होंने आगे कहा कि कई वीजा मामलों देखते हुए यह निर्णय लिया गया है, इस आदेश से प्रतीक्षा समय में 75 प्रतिशत की कमी आएगी।

## शिव मंदिर तुंगनाथ...



रुद्रप्रयाग : उत्तराखंड में रुद्रप्रयाग जिले के चोपटा में 12,110 फीट की ऊंचाई पर स्थित शिव मंदिर तुंगनाथ है। मंदिर के कपाट 14 मई तक बंद हैं। रास्ते में बर्फ के पहाड़ हैं। आधा रास्ता बर्फ से ढंका है। फिर भी हर रोज करीब 3000 लोग दर्शन करने पहुंच रहे हैं। तुंगनाथ मंदिर पंच-केदार में से एक है, जिनमें केदारनाथ, मध्य महेश्वर, रुद्रनाथ, कल्पेश्वर और तुंगनाथ शामिल हैं। रास्ता बंद है फिर भी लोग यहां पहुंच रहे हैं। ● एजेंसी

# अमेरिका में भाजपा समर्थकों ने निकाली कार रैली, 20 शहरों से तीन सौ लोगों ने लिया हिस्सा

**वाशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिका में ओवरसीज फ्रेंड्स ऑफ बीजेपी (ओएफबीजेपी-यूएसए) ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के तीसरे कार्यकाल के समर्थन में 20 अलग-अलग शहरों में कार रैलियां निकाली। उन्होंने भारत के लोगों से आगामी चुनाव में भाजपा के नेतृत्व वाली एनडीए को 400 से अधिक सीट दिलाकर भारी बहुमत से विजयी बनाने का आग्रह किया।

ओएफबीजेपी-यूएसए के अध्यक्ष अदापा प्रसाद ने कहा, अमेरिका में भारतीय समुदाय नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली भाजपा और एनडीए को 400 से अधिक सीट पर जीतता देखने के लिए बहुत उत्साहित है। मैंने भारतीय-अमेरिकी प्रवासियों में ऐसा उत्साह इससे पहले कभी नहीं देखा था। ओएफबीजेपी-यूएसए के राष्ट्रीय महासचिव वासुदेव पटेल ने कहा, "ओएफबीजेपी द्वारा पूर्वी तट से पश्चिमी तट और उत्तर से दक्षिण तक लगभग 20 शहरों में आयोजित कार रैलियों में लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया है। अमेरिका की राजधानी और उसके आसपास के इलाकों में सिख समुदाय के लोगों ने भी पीएम मोदी के समर्थन में कार रैली निकाली।

# इमरान और पत्नी बुशरा की 14 साल की सजा निलंबित

इस्लामाबाद, एजेंसी



पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान और उनकी पत्नी बुशरा बीबी को तोशाखाना मामले में बड़ी राहत मिली है। इस्लामाबाद हाईकोर्ट ने सोमवार को मामले में इमरान और बुशरा की 14 साल की जेल की सजा को निलंबित कर दिया है।

हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश आमेर फारूक ने कहा कि सजा के खिलाफ अपील की सुनवाई ईद की छुट्टियों के बाद तय की जाएगी। देश में आम चुनाव से कुछ दिन पहले तोशाखाना से मिले सरकारी उपहारों में कथित भ्रष्टाचार के लिए जवाबदेही अदालत ने 31 जनवरी को दोनों को 14-14 साल जेल की सजा सुनाई थी। दोनों ने सजा को इस्लामाबाद हाईकोर्ट में चुनौती दी थी। मुख्य न्यायाधीश आमिर फारूक के नेतृत्व वाली दो सदस्यीय पीठ ने मामले की सुनवाई की। सुनवाई के बाद सोमवार को कोर्ट ने मामले में दंपती की सजा को निलंबित कर दिया। कोर्ट ने उन्हें जमानत देकर अस्थाई राहत भी दी। हालांकि, कोर्ट ने कहा कि सजा को रद करने और अपराध से बरी करने की अपील पर सुनवाई ईद की छुट्टियों के बाद की जाएगी।

# अफगानिस्तान में बारूदी सुरंग में धमाका नौ बच्चों की मौत

**इस्लामाबाद।** पूर्वी अफगानिस्तान में बच्चों को मिली एक पुरानी बारूदी सुरंग में खलेने के दौरान बड़ा धमाका हुआ, जिसमें नौ बच्चों की जान चली गई। गजनी में तालिबान के सूचना और संस्कृति विभाग के निदेशक हमीदुल्ला निसार ने कहा कि बच्चों को गजनी प्रांत के गेरो जिले में अपने गांव के पास जो खदान मिली, वह दशकों पुरानी थी।

उन्होंने कहा कि रविवार को हुए विस्फोट में पांच लड़कों और चार लड़कियों की मौत हो गई, जिनकी उम्र 5 से 10 साल थी। अफगानिस्तान कई दशकों से युद्ध से पीड़ित चल रहा है और उन बच्चों के लिए बेहद खतरनाक बना हुआ है जो अपने परिवारों के भरण-पोषण करने के लिए स्क्रैप धातु इकट्ठा करते हैं।

# आतंक का गढ़ बना पाक, 3 माह में 245 हमले, 432 की मौत

इस्लामाबाद, एजेंसी

● सीआरएसएस रिपोर्ट में हुआ खुलासा, बलूचिस्तान का बुरा हाल

पाकिस्तान में आतंकवाद लगातार बढ़ता जा रहा है। सेंटर फॉर रिसर्च एंड सिक्योरिटी स्टडीज (सीआरएसएस) की ताजा रिपोर्ट में 2024 की पहली तिमाही में आतंकवादी हमलों और आतंकवाद विरोधी अभियानों की कुल 245 घटनाएं हुई। इन हमलों और अभियानों में 432 लोगों की मौत हुई और 370 लोग घायल हो गए। सिर्फ तीन महीनों के भीतर 432 लोगों की मौत का ये आंकड़ा बताता है कि पाकिस्तान आतंकवाद का गढ़ बन चुका है। खासतौर पर खैबर पख्तूनख्वा और अफगानिस्तान की सीमा से लगे बलूचिस्तान प्रांतों में बुरा हाल है। इन इलाकों में तीन महीनों में 90 प्रतिशत से ज्यादा मौतें हुई और 86 प्रतिशत हमले हुए। रिपोर्ट बताती है कि इन जगहों के मुकाबले पाकिस्तान के बाकी क्षेत्रों में माहौल अपेक्षाकृत शांत रहा।

### सुरक्षा बलों पर फिर हुआ हमला, दो की मौत

पाकिस्तान के अशांत बलूचिस्तान प्रांत में सुरक्षा बलों पर हमला थम नहीं रहा है। बंदरगाह शहर ग्वादर जिले के अंकारा बांध क्षेत्र में रविवार को अज्ञात बंदूकधारियों ने बम निरोधी दस्ते पर अंधाधुंध फायरिंग कर दी, जिसमें दो सैनिकों की मौत हो गई, जबकि अन्य चार घायल हो गए। अभी तक किसी समूह ने जिम्मेदारी नहीं ली है। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, घटना उस समय हुई जब बम निरोधी दस्ता बारूदी सुरंगों को हटाने में लगा था। ग्वादर के एसएसपी मोहसिन जोहैब ने कहा कि घटना ग्वादर शहर से 25 किलोमीटर दूर हुई है। घायल सैनिकों को पास के अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सुरक्षा बलों ने हमलावरों की खोज में अभियान चलाया है।

## विज्ञान

96पी/माचोल्ज रखा नए धूमकेतु का नाम, अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा ने किया खुलासा

# 'सोहो' ने बनाया नया कीर्तिमान, 5 हजार धूमकेतु खोजे

नैनीताल कार्यालय

**अमृत विचार :** अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा की अंतरिक्ष दूरबीन सोहो ने पांच हजार धूमकेतुओं की खोज करने का रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया है। नए धूमकेतु का नाम 96पी/माचोल्ज रखा गया है। धूमकेतु हमारे सौरमण्डल के दूर सदस्यों में स्थान रखते हैं।

नासा के अनुसार धूमकेतुओं की खोज में डॉन माचोल्ज का बड़ा नाम है। जिन्होंने अपने जीवन में दर्जनभर धूमकेतुओं की खोज की थी। जिस कारण नए धूमकेतु का नाम माचोल्ज के नाम पर रखा गया है। 2022 में उनकी मृत्यु हुई थी। धूमकेतुओ की खोज में उनकी दिलचस्पी वैज्ञानिकों को प्रेरणा देती है।




सोहो अंतरिक्ष यान ने 29 मार्च को इसकी खोज की है। सोहो नासा व ईसा का संयुक्त मिशन है। जिसे दिसंबर, 1995 में लॉन्च में लॉन्च किया गया था। यह अंतरिक्ष यान 28 साल व 3 माह का सफर पूरा कर चुका है।

इस यान को सूरज की निगरानी के लिए पृथ्वी से 15 लाख किमी की दूरी पर स्थापित किया गया था। धूमकेतु ग्रहों की तरह सूर्य की परिक्रमा करते हैं। सूर्य के निकटतम बिंदु (पेरीहेलियन) के बेहद करीब से गुजरते हैं, तो कभी-कभी सूर्य की सतह से कुछ हज़ार किलोमीटर के भीतर पहुच जाते हैं।

इनमें कुछ वाष्पीकृत हो जाते हैं। जो सूर्य के नजदीक पहुचने पर आसानी से इनकी पहचान कर लेता है। खोजा गया नया धूमकेतु बर्फ और चट्टान का एक छोटा पिंड है जो हर कुछ वर्षों में सूर्य की परिक्रमा करता है। यह धूमकेतुओं के मार्सडेन समूह से संबंध रखता है।

### भविष्य में विश्व को जानकारी देगा आदित्य-एल 1 मिशन

अमेरिकी व यूरोपियन स्पेस एजेंसी नासा व ईसा का संयुक्त मिशन सोहो का सफर अधिक समय तक रहने वाला नहीं है। इसकी जगह इसरो का आदित्य एल 1 लेगा। आदित्य सोहो की तरह सूर्य की 24 घंटे निगरानी करेगा। फिलहाल उसने सूर्य पर होने वाली गतिविधियों पर नजर रखनी शुरू कर दी है। साथ ही सूर्य के करीब पहुंचने वाले पिंडों को भी देख सकेगा। भविष्य में इस भारतीय मिशन पर दुनिया के सभी देश निर्भर रहेंगे। यह सूर्य की प्रत्येक गतिविधि का आंकड़ा दुनिया को देगा।

# बीच सड़क पर इफ्तार पार्टी से लगा जाम, ईसी ने भेजा नोटिस

मंगलुरु, एजेंसी

● कर्नाटक के मिड-स्ट्रीट इफ्तार पार्टी के आयोजकों पर आचार संहिता उल्लंघन का आरोप



भारत निर्वाचन आयोग ने 'मिड-स्ट्रीट इफ्तार पार्टी' के आयोजकों को नोटिस जारी किया है। दरअसल, 30 मार्च को इफ्तार पार्टी के दौरान राजमार्ग का 200 मीटर से अधिक का हिस्सा दोपहर 2 बजे तक 4 घंटे से अधिक समय तक अवरुद्ध रहा।

इफ्तार पार्टी का आयोजन उल्लाल तालुक में राज्य राजमार्ग पर मुदिपु जंक्शन पर किया गया था। यह दक्षिण कन्नड़ जिले के नए आईटी केंद्र की ओर जाने वाला एक व्यस्त चौराहा है। कार्यक्रम का वीडियो सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर वायरल होने के बाद ईसीआई ने इस पर संज्ञान लिया। ईसीआई ने चुनाव आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन करने के लिए रविवार को एक नोटिस जारी किया है। यह नोटिस 'ऑटो राजाकनमार इफ्तार' कार्यक्रम के मुख्य आयोजक अबुबकर सिद्दीकी को भेजा गया है। इस इफ्तार पार्टी के कारण सड़क के एक तरफ यातायात को प्रतिबंधित कर दिया था, जिससे व्यस्त समय के दौरान मोटर चालकों और पैदल यात्रियों के लिए 4 घंटे से अधिक समय तक चलना मुश्किल हो गया। उल्लाल तालुक के सभी रिक्शा चालकों ने इस इफ्तार सभा का आयोजन किया था जिसमें व्यापारियों और स्थानीय लोगों ने भाग लिया था।